कार्तिक शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:56 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 8 नवंबर 2024

वर्ष 3, अंक 78, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



दूर के क्वासर ने रोका तारों का निर्माण 16

कमल हसन की ठग लाइफ 5 जून को होगी रिलीज 15

## सूर्य की आराधना...



**लखनऊ :** लोक आस्था के महापर्व डाला छठ (सूर्य षष्ठी) पर गुरुवार को 36 घंटे का निर्जला व्रत रख महिलाओं व उनके परिजनों ने अस्ताचलगामी भास्कर की आराधना की। व्रती महिलाओं के साथ उनके परिजनों ने गोमती नदी तट के लक्ष्मण मेला घाट पर सूर्य को दूध-जल का पहला अर्घ्य दिया। शुक्रवार को तड़के उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर व्रती महिलाएं घर लौटेंगी। ● फोटो : प्रमोद शर्मा

# आतंकवाद की आग में फिर देश को झोंकना चाहती है कांग्रेस

## मुख्यमंत्री ने छठ पूजा के दौरान लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान से विपक्ष पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जम्मू-कश्मीर में 370 व 35 ए की पुनर्वापसी प्रस्ताव पर कांग्रेस के मौन समर्थन की निंदा की
- अब्दुल्ला सरकार को चेताया कहा-राष्ट्रीय एकता खंडित करने की कोशिशों से बाज आएं



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पारित धारा 370 और 35 ए की बहाली प्रस्ताव पर अब्दुल्ला सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय एकता खंडित करने की कोशिशों से बाज आएं। कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगी देश और घाटी को फिर से आतंकवाद की आग में झोंकना चाहते हैं। इनकी विघटनकारी नीतियों को देश कभी स्वीकार नहीं करेगा।

मुख्यमंत्री गुरुवार को छठ पर्व के लिए सजे घाट पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद लक्ष्मण मेला मैदान से भारतीय भोजपुरी समाज के कार्यक्रम में जुटी भारी भीड़ को संबोधित कर रहे थे। कहा कि कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस कश्मीर में जैसा दुस्साहस कर रही है, उससे एक बार फिर विघटन की बू आ रही है। देश इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 140 करोड़ भारतवासी मुहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। योगी ने कहा कि कांग्रेस जम्मू कश्मीर विधानसभा में पारित प्रस्ताव के खिलाफ स्वंय बोले, अन्यथा कांग्रेस की वही दशा हो जाएगी जो कश्मीर में धारा 370 और 35 ए की हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 अगस्त 2019 को प्रधानमंत्री मोदी ने कश्मीर से धारा 370 और 35ए समाप्त कर के घाटी से आतंकवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोंकने का काम किया।

हम अपने राष्ट्र के अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए सबकुछ न्यौछावर करने के लिए तैयार हैं। योगी ने कांग्रेस पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बाबा साहब आंबेडकर की आपत्ति के बावजूद कांग्रेस ने कश्मीर के साथ धारा 370 जोड़कर आतंकवाद का गढ़ बनाने की कुचेष्ठा की थी। कश्मीर में हिंसा होती थी, कश्मीरी पंडितों का कत्ल होता था, जो भी भारत के पक्ष में बोलता था उसका सामूहिक नरसंहार होता था। इसी वजह से कश्मीर में आतंकवाद का वेयर हाउस बन गया था। योगी ने भोजपुरी भाषा में सभी को छठ की बधाई देते हुए इसकी मिठास भी गिनाई।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधान परिषद सदस्य व भाजपा महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद, निदेशक सूचना शिशिर सिंह, भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### कुपवाड़ा में मुठभेड़, एक आतंकी को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुधवार को उत्तरी कश्मीर जिले के लोलाब के मार्गी इलाके में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। मुठभेड़ स्थल से एक एके राइफल, दो हथगोले और चार एके राइफल मैगजीन बरामद की गई हैं।

### रिश्वत लेने में उपायुक्त का पीए गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने तरनतारन के जिला उपायुक्त के निजी सहायक हरमनदीप सिंह, क्लर्क हरसिमरनजीत सिंह और ठेके पर नियुक्त डेटा एंट्री ऑपरेटर जगरूप सिंह के खिलाफ 20,000 रुपये रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में रिश्वतखोरी का मामला दर्ज किया है।

### अवैध हथियार बरामद, दो आरोपी किए गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान में अलवर जिले के रामगढ़ के नौगांवा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करके अवैध हथियार बरामद किए हैं। एसपी संजीव नैन ने बताया कि खरखड़ी गांव में में एक मकान से देशी पिस्तौल, एक अवैध बन्दूक और अर्द्धनिर्मित पिस्तौल बरामद किया।

# विशेष दर्जे के प्रस्ताव पर जम्मू कश्मीर विधानसभा में हंगामा

## सत्ता पक्ष और भाजपा के विधायकों के बीच जमकर नारेबाजी

- भाजपा विधायकों की मार्शलों से हाथापाई, निकाले गए बाहर

श्रीनगर, एजेंसी



स्पीकर के निर्देश पर भाजपा विधायकों को सदन से निकालते मार्शल। ● एजेंसी

जम्मू कश्मीर विधानसभा में पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल किए जाने से संबंधित प्रस्ताव को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के विरोध और हंगामे के कारण, विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिन भर के स्थगित कर दी। इस दौरान भाजपा विधायकों की मार्शलों के साथ हाथापाई भी हुई।

विरोध जता रहे भाजपा विधायक आसन के समीप आ गए और अध्यक्ष ने मार्शलों को उन्हें सदन से बाहर निकालने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर के निर्देश पर तीन विधायकों को सदन से बाहर कर दिया गया, लेकिन विपक्षी सदस्यों के विरोध के कारण हंगामा बढ़ता गया। हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी। सुबह जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू हुई, भाजपा सदस्यों ने बुधवार को पारित किए गए प्रस्ताव को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। प्रस्ताव में केंद्र से पूर्ववर्ती राज्य का विशेष दर्जा बहाल करने के लिए संवैधानिक तंत्र तैयार करने का अनुरोध किया गया था। भाजपा विधायक और विपक्ष के नेता सुनील शर्मा जब प्रस्ताव पर बोल रहे थे तो अवामी इत्तेहाद पार्टी के नेता और विधायक लंगेट शेख खुर्शीद एक बैनर दिखाते हुए आसन के समक्ष आ गए, जिस पर लिखा था कि अनुच्छेद 370 और 35 ए को बहाल किया जाए। इस पर भाजपा सदस्यों ने नाराजगी जाहिर की। वे भी आसन के समक्ष आ गए तथा बैनर छीनकर उसे फाड़ दिया।

हंगामे के बीच लगभग सभी विधायक अपनी सीट से उठ गए। भाजपा सदस्यों ने बलिदान हुए जहां (श्यामा प्रसाद) मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है के नारे लगाए, जबकि नेकां विधायकों ने जिस कश्मीर को खून से सींचा, वो कश्मीर हमारा है के नारे लगाए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शलों को आसन के समक्ष आए भाजपा सदस्यों को सदन से बाहर करने का निर्देश दिया जिसके बाद मार्शलों और भाजपा विधायकों के बीच हाथापाई भी हुई। भाजपा के तीन विधायकों को सदन से बाहर निकाल दिया गया। सदन से बाहर निकाले गए भाजपा विधायक ने आरोप लगाया कि उनमें से कुछ घायल हो गए।

### भाजपा ने प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस को घेरा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने संबंधी प्रस्ताव पारित करने को संविधान का गला घोंटने का दुस्साहस करार दिया और गुरुवार को कहा कि विपक्षी इंडिया गठबंधन का भारत को बांटने का प्रयास कभी सफल नहीं होगा। भाजपा मुख्यालय में प्रेस वार्ता में पार्टी की वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने यह सवाल भी किया कि क्या कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन जम्मू-कश्मीर के आर्थिक और संवैधानिक हितों के साथ-साथ उन अधिकारों के खिलाफ है जो अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने के बाद आदिवासियों, दलितों, अन्य पिछड़ा वर्गों, महिलाओं और बच्चों को मिले हैं। उन्होंने कहा कि वे अपने लिए विशेष दर्जा चाहते हैं, जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए नहीं।

# डंपरों की टक्कर में चालक और खलासी जिंदा जले

## फतेहपुर में लखनऊ रोड पर बुधवार रात को हुई दुर्घटना

- हादसे का शिकार हुए चालक खलासी अमेठी के निवासी

संवाददाता, फतेहपुर



फतेहपुर में हादसे के बाद जलते दोनों डंपर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के हुसेनगंज थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात लखनऊ रोड पर दो डंपरों में सीधी टक्कर के बाद आग लग गई। एक डंपर के चालक और खलासी जिंदा जल गए। ये लोग अमेठी के रहने वाले थे। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर राख हो गया।

हुसैनगंज थाना क्षेत्र में लखनऊ रोड पर आरवीएस पब्लिक स्कूल के सामने बुधवार रात करीब 12 बजे तेज रफ्तार दो डंपरों के बीच सीधी टक्कर हो गई। दोनों डंपरों में आग लग गई। एक डंपर के चालक और खलासी कूदकर भाग निकले, जबकि दूसरे डंपर के चालक और खलासी केबिन में फंस गए, जिससे दोनों की जिंदा जलकर मौत हो गई। बाद में दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाई। इसके बाद शवों को निकाला गया। पुलिस के मुताबिक हादसे का शिकार हुए लोग अमेठी के शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के खेरवा गांव निवासी चालक विनय शुक्ला (35) और खलासी रामराज यादव (23) हैं। पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### छप्पर में लगी आग, दो बच्चों की जलकर मौत

**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के बहराई गांव में शॉर्ट सर्किट से घर के छप्पर में आग लग गई। आग की चपेट में आने से दो बच्चों की जलकर मौत हो गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता का भरोसा दिया। बहराई गांव निवासी दयाशंकर के 4 वर्षीय पुत्र कन्हैया और एक वर्षीय पुत्र सूरज गुरुवार दोपहर घर के अंदर खेल रहे थे। माता-पिता खेत पर गए हुए थे। इसी दौरान बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट से घर के छप्पर में आग लग गई। जलता हुआ छप्पर दोनों बच्चों के ऊपर गिर गया, जिससे उनकी जलकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही माधौगढ़ एसडीएम सुरेश पाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामसिंह और रामपुरा थाना प्रभारी संजीव कटियार मौके पर पहुंचे। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे और पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार भी गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद करने का आश्वासन दिया।

# भूमि आवंटन को लेकर संतों में मारपीट

संवाददाता, प्रयागराज



- प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने अखाड़ों की बुलाई थी बैठक

**अमृत विचार :** महाकुंभ-2025 शुरू होने से पहले ही अखाड़ा परिषद की बैठक में साधु-संतों में मारपीट हो गई। गुरुवार को मेला प्राधिकरण ने 13 अखाड़ों को आवंटित की जाने वाली भूमि दिखाने को बैठक बुलाई थी। जिसमें दो अखाड़े के साधु-संत भिड़ गए। कहासुनी मारपीट में तब्दील हो गई। पुलिस ने मामला शांत कराया।

मेला प्राधिकरण के दफ्तर में हुई बैठक में अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी और महामंत्री हरि गिरी के साथ मेला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। पुलिस के अनुसार अखाड़ा परिषद के एक गुट के अध्यक्ष निरंजनी अखाड़े के महंत रविंद्र पुरी और महामंत्री हरि गिरी हैं। जबकि दूसरे गुट के अध्यक्ष महानिर्वाणी अखाड़े के महंत रविंद्र पुरी और महामंत्री राजेंद्र दास हैं। सितंबर 2021 में अखाड़ा परिषद के तत्कालीन अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरी के गोलोकवासी होने के बाद अखाड़ा परिषद दो गुटों में बंटा है। रवींद्र गिरि को अध्यक्ष चुना गया लेकिन, एक धड़ा उन्हें अध्यक्ष मानने को तैयार नहीं है। एक गुट बैठक के बीच हर-हर महादेव के नारे लगाने लगा, जो दूसरे गुट को नागवार गुजरा और मारपीट होने लगी। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि जमीन आवंटन को लेकर विवाद है। वहीं निर्मोही अखाड़े के अध्यक्ष राजेंद्र दास ने कहा कि मेला में अखाड़े के पदाधिकारियों को बुलाया जाता है। लेकिन कुंभ मेले में ये दो तीन बार हुआ है कि पदाधिकारियों की जगह दूसरों को बैठाया गया। जूना अखाड़ा का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। झगड़ा और विवाद करना ही उनका काम है। हमको वहां बैठने को जगह नहीं मिली, तो हमने इसकी शिकायत की। इस पर जूना अखाड़े के प्रेम गिरी ने हमला कर दिया। मारपीट का वीडियो सामने आया है। कुछ संत बीच-बचाव भी करा रहे हैं।

# सलमान खान के बाद अब शाहरुख को मिली धमकी

**मुंबई/रायपुर।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मिली है और उनसे 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। मुंबई पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रंगदारी मांगने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि खान को धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने आज रायपुर में एक वकील फैजान खान से पूछताछ की तथा उसे नोटिस दिया है। अभिनेता को फैजान के नाम पर दर्ज फोन नंबर से धमकी दी गई थी। अधिकारी ने बताया कि वकील ने पुलिस को बताया कि पिछले सप्ताह उसका फोन खो गया था और उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। अभिनेता सलमान खान को दी गई धमकियों के बाद अब शाहरुख को धमकी मिली है।



- रायपुर से कॉल कर मांगी गई 50 लाख रुपये की रंगदारी

# सभी राज्यों से साझा करें एनटीएफ की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्देश
- प. बंगाल में ही होगी आरजी कर मामले की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मुकदमे को पश्चिम बंगाल से बाहर स्थानांतरित करने से गुरुवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि निचली अदालत के न्यायाधीश के पास सबूतों पर गौर करने के बाद जरूरी महसूस होने पर एक और जांच का आदेश देने के लिए पर्याप्त शक्तियां हैं। शीर्ष अदालत ने मामले में सीबीआई द्वारा दाखिल छठी वस्तु स्थिति रिपोर्ट पर भी गौर किया, लेकिन यह कहते हुए कोई टिप्पणी करने से परहेज किया कि जांच जारी है। सुनवाई के दौरान स्वास्थ्य पेशेवरों की सुरक्षा पर प्रोटोकॉल बनाने के लिए गठित राष्ट्रीय कार्यबल (एनटीएफ) ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोर्ट ने रिपोर्ट को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने 15 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल सरकार से राज्य में नागरिक स्वयंसेवकों की भर्ती के बारे में विवरण मांगा था।

# वायु प्रदूषण पर केंद्र सख्त, पराली जलाने पर दोगुना किया जुर्माना

- दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर उठाया कदम



**नई दिल्ली।** वायु प्रदूषण को लेकर उच्चतम न्यायालय के कड़े रुख के बाद अब केंद्र सरकार भी सख्त हो गई है। केंद्र सरकार ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खराब होती वायु गुणवत्ता के मद्देनजर फसल अवशेष जलाने वाले किसानों के लिए जुर्माने की राशि दोगुनी कर दी है। पांच एकड़ से अधिक कृषि भूमि वाले किसानों के लिए पराली जलाने पर अब जुर्माना राशि 30 हजार रुपये तक हो गई है। बुधवार को प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार, दो एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को अब पराली जलाने पर 2,500 रुपये की जगह 5 हजार जुर्माना देना होगा। वहीं दो से पांच एकड़ के बीच भूमि वाले किसानों पर 5 हजार रुपये के बजाय 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। वाहनों से निकलने वाले धुएं, धान की पराली जलाने, पटाखों के चलते सर्दियों में दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता का स्तर खतरनाक हो जाता है।

# जेट एयरवेज की फिर शुरू होने की संभावना खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने दिया सारी संपत्तियां बेचने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने ठप पड़ी एयरलाइन कंपनी जेट एयरवेज के परिसमापन, सफल बोलीदाता जालान कलरॉक गठजोड़ द्वारा डाले गए 200 करोड़ रुपये जब्त करने तथा एसबीआई की अगुवाई वाले ऋणदाताओं को 150 करोड़ रुपये की प्रदर्शन बैंक गारंटी भुनाने की अनुमति देने का गुरुवार को आदेश दिया। संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश को खारिज करते हुए जेट एयरवेज की दिवाला कार्यवाही पर रोक लगा दी। पीठ ने मामले को आंखें खोलने वाला करार दिया और जालान कलरॉक गठजोड़ (जेकेसी) द्वारा पहली किस्त के भुगतान के मद्देनजर प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) के समायोजन की अनुमति देने के लिए एनसीएलएटी की खिंचाई की। एनसीएलएटी ने जेकेसी को अपने भुगतान दायित्वों का पूर्णतः पालन किए बिना ही जेट एयरवेज का अधिग्रहण करने की अनुमति दे दी थी।

नई तकनीक — गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय की एमटेक छात्रा ने चुकंदर के तने से बनाई एंटी ऑक्सीडेंट पैकेजिंग फिल्म

# अब चुकंदर का तना बना पैकिंग का बेहतर माध्यम

मृगांक मौली, पंत नगर

**अमृत विचार :** दुनिया भर में बहुत सारे कृषि-आधारित कचरे का उत्पादन होता है। इस कचरे की स्थिरता और पुनर्चक्रण के लिए गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की एमटेक छात्रा ने चुकंदर के तने से एंटी ऑक्सीडेंट पैकेजिंग फिल्म विकसित की है। जो मृदा के संपर्क में आने के दो से तीन माह में विघटित हो जाती है।



पैकेजिंग फिल्म दिखातीं प्रिंसी कठैत व उनके एडवाइजर डॉ. पीके ओमरे। ● अमृत विचार

पिछले पांच वर्षों में प्रति व्यक्ति प्लास्टिक कचरे का उत्पादन लगभग दोगुना हो गया है। पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन से बनी प्लास्टिक पॉलीथिन, पॉलीप्रोपाइलिन, नायलॉन, पॉलिएस्टर, पॉलीविनाइल क्लोराइड आदि कई दशकों से पारंपरिक पैकेजिंग सामग्री रही है। परंतु इसे आसानी से नष्ट नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निजात पाने के लिए बायोडिग्रेडेबल (जैव विघटित) पैकेजिंग बनाने पर शोध हो रहे हैं, और अब तक कई बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग का उत्पादन भी हो चुका है। पंत विश्वविद्यालय की छात्रा प्रिंसी कठैत ने एडवाइजर पोस्टहार्वेस्ट प्रोसेस एंड फूड इंजीनियरिंग के प्राध्यापक डॉ. पीके ओमरे के मार्गदर्शन में शोध शुरू किया। डॉ. सचिन कुमार व डॉ. मनविका सहगल के सुझाव व समर्थन से दो वर्षों में चुकंदर के तने से बायोडिग्रेडेबल पैकेजिंग फिल्म का निर्माण करने में सफलता पाई। इसमें आईआईटी रुड़की के प्रो. कीर्तिराज के. गायकवाड़ और भरसार विवि के डॉ. सुमन सिंह ने सुविधाएं प्रदान की।

### चुकंदर की यह है विशेषता



चुकंदर में प्रचुर मात्रा में बीटालेन मौजूद होता हैं, जो खून बढ़ाने में सहायक है। इसकी जड़ का इंसान व पत्तियों का मवेशी सेवन करते हैं। जबकि इसके तने को बेकार समझकर फेंक दिया जाता है। चुकंदर के इसी तने में काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट गुण और फेनोलिक यौगिक होते हैं। प्रिंसी ने बताया कि उन्होंने देश में पहली बार एंटीऑक्सिडेंट पैकेजिंग को पॉलिमर मैट्रिक्स के भीतर फिल्म में एंटीऑक्सिडेंट को एकीकृत करके बनाया है। यह फिल्म के अंदर प्रतिक्रियाशील ऑक्सीजन की संख्या को कम कर एंटीऑक्सिडेंट रसायनों को जारी करने सहित खाद्य उत्पादों की सेल्फ लाइफ व गुणवत्ता बढ़ाता है। इससे बनी पैकेजिंग फिल्म प्रकृति में बायोडिग्रेडेबल है। यह फिल्म पॉलीथिन की तुलना में अधिक शक्तिशाली है। वह जल्द ही इसका पेटेंट फाइल करेंगी।

### ऐसे बनाई पैकेजिंग फिल्म

पहले ताजे चुकंदर के तनों का अर्क तैयार किया जाता है, जिसमें पॉलीफेनोल्स के रूप में एंटीऑक्सिडेंट होते हैं। इसको पॉलीविनाइल अल्कोहल, कॉर्न स्टार्च और सोर्बिटोल से पॉलीमराइजेशन किया गया। चुकंदर के तने के अर्क में फिल्म बनाने वाले घोल को मिलाया गया। इसके बाद समरूप फिल्म बनाने वाले घोल के लिए 35 डिग्री सेल्सियस पर 45 मिनट गर्म कर सोल्यूशन मिलाया। फिर घोल को पेट्री डिश में एक समान मोटाई में फैलाकर 24 घंटे के लिए 50 डिग्री सेल्सियस तापमान में सुखाया। इसके बाद फिल्मों को पेट्री डिश से निकाल लिया और इस प्रकार एंटीऑक्सीडेंट सक्रिय पैकेजिंग फिल्म तैयार हो गई।

## एक नजर

### चोरों ने चुराया ट्रांसफार्मर रिपोर्ट हुई दर्ज

**कन्नौज।** क्षेत्र में चोरों का दुस्साहस बढ़ गया है। हाल की घटना में चोरों ने एक गांव में लगा ट्रांसफार्मर चुरा लिया। घटना की जानकारी होने पर संविदा कर्मी ने अधिकारी को सूचना दी तो उन्होंने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटनाक्रम के अनिसार बेहरीन उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता मोहित कुशवाहा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि तीन दिन पहले मतौली उपकेंद्र में तैनात संविदा बिजलीकर्मी श्याम बाबू ने सूचना दी छोछापुर गांव के बाहर लगा 25 केवी का ट्रांसफार्मर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### युवा, जनसंवाद कैंप लगा पार्क का शिलान्यास किया

**कन्नौज।** समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण गुरुवार को जिले में रहे। उन्होंने शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं के साथ युवा संवाद कार्यक्रम किया। अपनी बात रखी तो विद्यार्थियों से भी भविष्य को लेकर पूछा। साथ ही परेशानियां जानी। इसके अलावा जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र के फिरोजपुर तारन में उन्होंने जन संवाद कैंप लगाया। आरआरसी केंद्र का उद्घाटन किया तो पार्क का शिलान्यास भी किया। काली नदी में डूबने से हुई दो किशोरों की मौत को हृदयविदारक घटना बताया। मंत्री कपूरपुर कटरी निवासी शोभित और गुरसहायगंज निवासी करन दोहरे के परिजनों से मिले व शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया मौजूद रहे।

### नए सचिवों को मिलेगा प्रशिक्षण

**कन्नौज।** जनपद में सात नए ग्राम पंचायत अधिकारी मिले हैं। उनको प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसकी प्रक्रिया शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि विकास भवन सभागार में इसी महीने सीडीओ राम कृपाल चौधरी की देखरेख में कई विभागों के अधिकारी ट्रेनिंग देंगे। इसमें सरकारी योजनाओं के बारे में भी बताया जाएगा। साथ ही काम करने का तरीका भी समझाया जाएगा। डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने बताया कि मनरेगा, गोवंश, पंचायती राज एक्ट, वृद्धावस्था, दिव्यांग, निराश्रित महिलाओं की पेंशन आदि कई तरह की जानकारियां दी जाएंगी। डीपीएम शलभ त्रिपाठी का कहना है कि प्रशिक्षण के लिए सीडीओ से अनुमति होगी। उसके तहत पूरा चार्ट तैयार हो रहा है।

### भाइयों ने महिला व उसके मायके वालों को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आपसी विवाद को लेकर पति व जेठ ने महिला से अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए और बीच-बचाव में आये उसके पिता व भाइयों से भी मारपीट की। ग्राम जुनैदपुर निवासिनी मीना देवी पत्नी मनोज कुमार कुशवाहा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 05 अक्टूबर की शाम करीब 08 बजे पति मनोज कुमार व जेठ डा. बृजेश ने गाली गलौज की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव में आए उसके पिता रामनरेश, भाई संदीप, दिलीप को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरों ने नकदी व गहने उड़ाए

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर के साथ ही ग्रामीण अंचलों में चोरी की घटनाऐं बढ़ती जा रही है। बुधवार की रात चोरों ने शहरी इलाके में चोरी की घटना को अंजाम देकर पुलिस की नींद उड़ा दी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ढकुरैया की रहने वाली राधा देवी षुक्ला पत्नी राजेष शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार की रात घर में चोरी हो गई। चोर अलमारी में रखे 35 हजार रूपये सोने की अंगूठी व रंगीन टीवी चुरा ले गये। सुबह घर में सामान बिखरा देख परिवार के होश उड़ गये। घटना के बावत पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों से जानकारी ली।

### युवती से अभद्रता का विरोध करने पर परिजनों को पीटा

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बच्चे के मुंडन में गई युवती के साथ एक रिश्तेदार ने अभद्रता की। इसके साथ ही अश्लीलता का वीडियो बनाने लगा, विरोध करने पर आरोपी ने युवती के साथ ही परिजनों के पीट दिया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को बच्चे का मुंडन संस्कार का आयोजन हुआ। इसमें गांव के साथ ही रिश्तेदारों को बुलाया गया था। मंदिर पर कार्यक्रम के दौरान एक युवती के साथ रिश्तेदारी में आये युवक ने एकांत में बुलाकर अभद्रता कर दी। इसके साथ ही अस्लील वीडियो बनाने लगा। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने युवती को अपहरण करने की धमकी दी। युवती ने घर पहुंच कर घटना की जानकारी परिजनों को दी। इस पर उल्टे उसके परिवार के लोगों को लाठी डंडो से पीटा तथा युवती को सड़क पर पटक दिया। इससे वह घायल हो गई।

# ग्राम प्रधान ने लहराया तमंचा

## मुख्य रास्ते में गड्ढा खोदने को लेकर हुआ विवाद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** रास्ते से निकलने के विवाद में ग्राम प्रधान ने परिजनों के साथ मिल कर मारपीट की। तमंचा भी लहराया। मामले में फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया है। तमंचा लिये ग्राम प्रधान का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसके बाद पुलिस आरोपी की खोज में जुट गई है।



जिला अस्पताल में मौजूद घायल पीड़ित।

- वीडियो वायरल होने के बाद कोतवाली पुलिस ने शुरू की आरोपी की खोज



मारपीट के दौरान मकान की छत पर तमंचा लेकर घूमता ग्राम प्रधान।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव बद्दापुर्वा निवासी लालू पुत्र अमर सिंह व ऋषि पुत्र गंगा प्रसाद का विवाद गांव के ही निवासी ग्राम प्रधान लाखन सिंह, राम भजन, बलराम पुत्रगण नत्थू, रमाकांत पुत्रराम भजन से हो गया। बात बढ़ी तो मारपीट हो गई। इसकी वजह मुख्य रास्ते में गड्ढा खोद दिया जाना रहा। जब पीड़ित अपना ट्रैक्टर निकलने के लिये पहुंचे तो आरोपियों ने निकालने से रोक दिया।

- मारपीट में दो लोग हुए घायल जिला अस्पताल में करवाया गया इलाज

सभी गाली गलौज करने लगे। हाथ में सरिया व तमंचा लेकर आ गये। हमलावर होकर दोनों से मारपीट करने लगे। तमंचा दिखाकर जान से मार देने की धमकी दी। इससे दोनों घायल हो गये। मारपीट के दौरान ग्राम प्रधान लाखन सिंह अपने मकान की छत पर चढ गया, जहां से वह तमंचा लहराने लगा। इसी बीच किसी ने इसका वीडियो बना लिया। इसके बाद उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जानकारी होते ही कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ग्राम प्रधान की खोज में जुट गये हैं। अमृत विचार संबंधित वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि मामले में तहरीर दी गई है। जांच के बाद रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# तिर्वा में 3 पुलिस चौकी व एक यार्ड का प्रस्ताव

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तीन पुलिस चौकी व एक यार्ड के निर्माण को लेकर तिर्वा कोतवाली से जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है। इसके लिए जमीन दिलाए जाने की मांग की गई है। बताया कि जिलाधिकारी की अनुमति मिलने के बाद काम शुरू करवाया जाएगा। पुलिस चौकी बन जाने से क्षेत्र में आने जाने वाले संदिग्धों पर नजर रखने में सहूलियत होगी वहीं परसपुर गांव में पुलिस चौकी बन जाने से फरियादियों को राहत मिलेगी।

तिर्वा पुलिस ने खैरनगर रोड, बेलारोड व परसपुर गांव में चौकियां बनाए जाने को लेकर जमीन के लिए जिलाधिकारी को प्रस्ताव बनाकर भेजा है। कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि खैर नगर रोड व बेला रोड पर पुलिस चौकी बन जाने से क्षेत्र में आने जाने वाले संदिग्धों पर नजर रखी जा सकती है। इसके साथ ही परसपुर गांव में पुलिस चौकी बन जाने से फरियादियों को भी राहत मिलेगी। कहा कि कोतवाली से करीब 20 किलोमीटर की दूरी पर गांव स्थित है। कोई बड़ी घटना घटने पर मौके पर पहुंचने में समय लगता है। इसके साथ ही फरियादियों को आने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जब्त वाहनों के लिए यार्ड बनाए जाने को लेकर भी जमीन की मांग की है । जमीन के लिए डीएम को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। जल्द ही जमीन चिह्नित होने पर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

- जिलाधिकारी को पत्र लिख खैरनगर व बेलारोड, परसपुर गांव में मांगी जगह

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# शराब पीते सचिव के वायरल वीडियो की नहीं हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** सदर ब्लॉक परिसर में कार्यालय समय में दारू पीते हुए ग्राम पंचायत अधिकारी का वीडियो वायरल हुआ था। उस मामले की जांच ठंडे बस्ते में चली गई है। जिन एडीओ पंचायत को जांच रिपोर्ट देनी है वह लापरवाही बरत रहे हैं।

दरअसल, कुछ दिनों पहले ग्राम पंचायत अधिकारी अवनीश चंद्र का वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह कन्नौज विकास खंड के एक कक्ष में शराब से भरी बोतल रखे थे। इतना ही नहीं वीडियो में वह गिलास से शराब पीते हुए भी दिखे। मामला सुर्खियों में आया तो डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश ने इसकी जांच हसेरन एडीओ पंचायत रमेश चंद्र को तीन दिन में करने को कहा।

- ब्लॉक कन्नौज परिसर में बोतल रखकर गिलास से पी रहा था शराब

अब तक उन्होंने जांच रिपोर्ट नहीं दी है। गुरुवार को डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत को फोन कर जांच रिपोर्ट तलब की। जांच अधिकारी ने डीपीआरओ को बताया कि उनको पत्र एक दिन पहले ही मिला है। इस पर डीपीआरओ ने कहा कि व्हाट्सएप से भी पत्र भेजे जाते हैं। दूसरी ओर चर्चा है कि हसेरन एडीओ पंचायत देर से ब्लॉक में पहुंचते हैं। वह जिला मुख्यालय पर ही टहलते रहते हैं। बुधवार को हुए सभी ब्लॉकों के निरीक्षण में रमेश चंद्र गैरहाजिर मिले थे। वायरल वीडियो अब से करीब दो सप्ताह पहले का बताया जा रहा है।

# बिच्छू गैंग ने अधिवक्ता के भाई को पीटा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** गुरसहायगंज के खाड़ेदेवर में बिच्छू गैंग का आतंक बरकरार है। उधार सामान नहीं दिया तो अधिवक्ता के भाई की पिटाई कर दी गई। मामले की शिकायत अधिवक्ताओं ने एसपी से की है।

खाड़ेदेवर गांव निवासी अधिवक्ता साहिबे आलम पुत्र रफीक ने एसपी को दिये शिकायती पत्र में कहा कि छह नवंबर की शाम उनका भाई आकिव घर के बाहर जनरल स्टोर की दुकान पर था। उसी समय क्षेत्र में सक्रिय बिच्छू गैंग के कई सदस्य दुकान पर पहुंचे। यहां सामान की खरीद की। इस के बाद जब आकिव ने रुपये मांगे तो दुकान से खींच कर मारपीट करने लगे। इस पर वह भाग कर घर में घुस गया तो उक्त लोग गालीगलौज करते हुए लाठी, डंडा, तमंचा व



एसपी से बिच्छू गैंग की शिकायत कर निकलते अधिवक्ता। अमृत विचार

अन्य शस्त्र लेकर घर में घुस आये। आकिव को पीटा।

शोर सुन कर उनके भाई नावेद ने भाई को बचाने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने दोनों को पीटकर घायल कर दिया। यह देख लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। इस पर उक्त लोग ईट, पत्थर व फायरिंग करते हुए जान से मार देने की धमकी देते हुए भाग गये। घटना के बाद घायलों को गुरसहायगंज कोतवाली ले जाया गया जहां से उनका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। पर रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई।

चाचा साविर को पुलिस ने थाने में बैठा लिया। पुलिस अधीक्षक ने मामले में जांच के बाद कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।

# कई स्कूली वाहनों में मानक अधूरे कैमरे मिले टूटे, 22 के चालान

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** यातायात प्रभारी ने अपनी टीम के साथ सुबह से शहर के विभिन्न चौराहों, तिराहों पर स्कूली वाहनों एवं अवैध रूप से चलने वाले डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान मानक पूरे न मिलने पर 22 वाहनों के चालान किए।

गुरुवार को यातायात प्रभारी आफाक खां ने कई स्कूली वाहनों को चेक किया। इस दौरान कई स्कूली वाहनों में मानक के अनुरूप सुरक्षा उपकरण नहीं मिले। किसी में आधे, अधूरे उपकरण जैसे फर्स्ट एड बॉक्स जिसमें एक्सपायरी दवाइयां, फायर एक्सटिंग्विशर एक्सपायर डेट वाला मिला। सीसीटीवी कैमरे टूटे हुए मिले। इसी तरह जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस आदि खस्ता हाल में मिले। एक स्कूली वैन में पुराना बैंडेड जंग खाया हुआ ड्राइवर ने दिखाया। उस समय बोर्डिंग ग्राउंड के सामने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द खुद मौजूद थे। उन्होंने ड्राइवर से कहा, क्यों छोटे-छोटे बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़





स्कूली वाहनों को चेक करते यातायात प्रभारी आफाक खां। अमृत विचार

- डग्गामार व स्कूली वाहनों की गई जांच

कर रहे हो। अपने प्रबंधकों से कहो कि वाहनों के मानकों को पूरा करके ही चलवाएं।। वाहनों में क्या-क्या सेफ्टी फीचर्स होने चाहिए इस बारे में प्रभारी यातायात द्वारा बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। स्कूली बसों के अंदर प्रभारी ने बच्चों से सवाल किए । एक बस में बैठी छात्रा साक्षी के सही जवाब देने एसपी की

- यातायात माह पर यातायात प्रभारी ने चलाया अभियान

तरफ से प्रभारी ने उपहार दिया। इसी तरह कई दो पहिया वाहन चालकों में तीन सवारी एवं चार सवारी बैठी पाए जाने पर कार्रवाई की गई। इस मौके पर उप निरीक्षक यातायात अरशद अली, मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, आरक्षी धनीराम, मुख्य आरक्षी नवदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद चेयरमैन व सभासद। अमृत विचार

# अपना वार्ड जिताने को सभासद भी लगाएं जोर

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** नगर पालिका के द्वितीय स्थापना दिवस समारोह के लिए प्रतियोगिताओं की तैयारी जोरों पर है। इसमें सभासद भी जोर आजमाइश करेंगे क्योंकि प्रथम व द्वितीय विजेता वार्डों में अतिरिक्त विकास कार्य कराए जाएंगे।

गुरुवार को वार्डों में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए नगर पालिका कार्यालय में सभासदों की बैठक हुई। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने बताया विद्यालयों की जूनियर व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं अलग से होंगी जबकि वार्डों की सभासदों के नेतृत्व में कराई जाएंगी। कहा, वार्डों में भी प्रतिभाशाली बच्चे होते हैं अतः वार्ड सभासद के माध्यम से उन्हें भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, वार्डों में खो-खो, कबड्डी जैसे टीम वाले खेल नहीं होंगे बल्कि एकल सॉन्ग, डांस व मेहंदी आदि की प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतिभागी 12 नवंबर को शाम 5 बजे तक आवेदन फार्म अपने सभासद के पास जमा कर देंगे। इन फार्मो को सभासद सुशील पांडे, अमित शाक्य व हरीशरण शाक्य के पास एकत्र किया जाएगा जो समस्त प्रतिभागियों की सूची बनाकर आवेदन पत्र नगर पालिका कार्यालय में जमा करेंगे। पालिकाध्यक्ष ने कहा प्रथम आने वाले वार्ड में 11 लाख और द्वितीय आने वाले वार्ड में 5 लाख के अतिरिक्त कार्य होंगे।

**किया जागरूक** तिर्वा कस्बे में 3 कॉलेजों के विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

# बन रहीं हेल्प डेस्क, विद्यालयों में ही बनाए जाएंगे मतदाता

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज से गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में डीएन कॉलेज के अलावा महेंद्र नीलम इंटर कॉलेज, किसान इंटर कॉलेज तिर्वा के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। बच्चों के हाथों में स्लोगन लिखी हुई तख्तियां थीं और साथ में नारे भी लगा रहे थे।

जागरूकता रैली कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई मां दुर्गा मंदिर तक गई। इसमें एनसीसी कैडेट्स अन्य विद्यार्थियों को गाइड कर रहे थे। स्वीप के नोडल अधिकारी व जीआईसी उमर्दा के प्रधानाचार्य



राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज विधईपुर्वा में मौजूद विद्यार्थी। अमृत विचार

नीतू गुप्ता ने बताया कि विधानसभा मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण कार्य शुरू हो चुका है। इसमें 18 या उससे अधिक उम्र के लोग मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सभी विद्यालयों में हेल्प डेस्क बनाई जा रहीं हैं। विद्यार्थी ऑनलाइन एप के माध्यम से भी मतदाता बन सकते हैं। इस मौके पर एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश, डीएन कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेंद्र तोमर, डीसी माध्यमिक अजय यादव व महेंद्र नीलम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मदन मोहन मौजूद रहे।

### इंजीनियरिंग कॉलेज में खुलेगी हेल्प डेस्क

- राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज विधईपुर्वा तिर्वा में बैठक हुई। बताया गया कि एक जनवरी 2025 को अगर कोई छात्र 18 वर्ष या उससे अधिक का हो रहा है तो तत्काल अपना पंजीकरण मतदाता सूची में कराएं। इसके लिए कॉलेज में हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। छात्रों के वोट के महत्व पर भी चर्चा की गई और लोकतंत्र में हिस्सेदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## सार-संक्षेप



स्थापना दिवस पर भारत स्काउट के लोग व अन्य। अमृत विचार

### स्काउट गाइड का युवाओं के विकास में अहम योगदान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पश्चिमी बाईपास मोहल्ला सुभाष नगर बंबा रोड वासुदेव नगर स्थित स्काउट भवन में भारत स्काउट गाइड एसोसिएशन के तत्वावधान में भारत स्काउट गाइड का 75 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान रंगारंग कार्यक्रम ने मौजूद लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पूरन सिंह ने कहा, भारत स्काउट गाइड ने सामुदायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण और युवा विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जनपद में स्काउटिंग के विकास में सराहनीय योगदान देने वालों को माल्यार्पण के साथ शाल भेंट करके सम्मानित किया गया। इससे पहले ध्वज शिष्टाचार, हर्षनाद, सामूहिक प्रार्थना, दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, स्वागत भाषण व पारस्परिक परिचय के कार्यक्रम हुए। राजकीय रमाबाई इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने देश गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। जिला कोषाध्यक्ष हरिओम त्रिपाठी के संचालन में हुए कार्यक्रम में जिला सचिव लज्जाराम वर्मा, जिला कमिश्नर राम प्रकाश कटियार, सचिव शरद दीक्षित, गंगाविष्णु पाठक, कैलाश चंद्र गंगवार, ज्योति स्वरूप अग्निहोत्री, राम भरोसे, छोटे सिंह बैस, मुनीश्वर सिंह चौहान, श्रीमती मिथिलेश फर्रुखाबाद, अनूप मिश्रा, महेंद्र सिंह, विकास तिवारी, विनोद कुमार राठौर, गौतम सिंह, परशुराम पाल, सत्यपाल सिंह, अनुज दुबे, मयंक सिंह व हितेंद्र अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।



व्यापारियों को प्रमाण पत्र देते अधिकारी। अमृत विचार

### व्यापारियों व श्रमिकों ने कराया पेंशन योजना में नामांकन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्रम एवं सेवायोजन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित श्रम योगी मानधन पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत नगर पालिका परिषद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के तत्वावधान में कैंप का आयोजन किया गया एवं श्रमिकों और व्यापारियों को योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया। श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष के ऐसे श्रमिक जो आयकर दाता न हो यह एक अंशदायी योजना है जिसके अंतर्गत 55 से लेकर 200 तक का अंशदान दिया जाता है। इसी प्रकार व्यापारियों के लिए संचालित राष्ट्रीय पेंशन स्कीम ऐसे व्यापारियों के लिए है जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष तक है तथा उनका वार्षिक टर्नओवर डेढ़ करोड़ रुपए से कम हो दोनों योजनाओं के अंतर्गत 60 वर्ष पश्चात प्रतिमाह न्यूनतम 3000 की पेंशन की गारंटी है। नगर पालिका परिषद में दिनांक 07 नवंबर 2024 तक राष्ट्रीय पेंशन स्कीम के अंतर्गत 20 व्यापारियों को एवं श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के अंतर्गत 17 श्रमिकों को आच्छादित किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने व्यापारियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### 30 घंटे बाद काली नदी से दूसरे किशोर का शव बरामद

**कन्नौज।** काली नदी में डूबे दूसरे किशोर का शव दूसरे दिन कानपुर से आई एनडीआरएफ की टीम खोज निकाला। जानकारी पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। सदर कोतवाली क्षेत्र के कपूरपुर कटरी के पास काली नदी में डूबे सोभित, करन व शिवा में शिवा तो किसी तरह बच कर निकल गया पर सोभित व करन गहरे पानी में गुम हो गये थे। गोताखोरों ने प्रयास के बाद करन के शव को बुधवार को बरामद कर लिया था पर सोभित का कोई पता नहीं चला। इस पर स्थानीय पुलिस ने कानपुर से एनडीआरएफ टीम को बुलाया। गुरुवार की दोपहर पहुंची टीम ने काली नदी के गहरे पानी में शोभित को तलाश किया। लगातार चल प्रयास के बाद शाम पांच बजे किशोर का शव मिल गया। जानकारी पर सदर विधायक समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण काली नदी पर पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों को सात्वना दी। कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि शोभित का शव टीम ने बरामद कर लिया है। उसे पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।



काली नदीं में किशोर की खोज करती एनडीआरएफ टीम।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा पुत्र विवेक कुमार व पुत्रवधू रजनी मेरे परिवार से अलग निवास करते हैं। इनका कार्य व्यवहार ठीक नही है। यह दोनो अपने कार्यो के स्वयं जिम्मेदार है। साथ ही चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। **रामशंकर पुत्र स्व0 सुक्खा, ग्राम- ढाकनपुरवा मजरा व पो0- बाघपुर तहसील मैथा, कानपुर देहात**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट क्रमांक M-9572255 में मेरा नाम Shahnaz Bano के स्थान पर Shahanaj Bano दर्ज है भविष्य में मुझे Shahnaz Bano (शहनाज़ बानो) पत्नी मोहम्मद अयूब पता:-476/119, बी-1 पुरानी बांसमंडी टी.जी.हॉस्टल रोड, निराला नगर लखनऊ से जाना पहचाना जाये।

**सूचना**

पहले मेरा नाम AMIT KUMAR MISHRA था अब मैंने बदलकर अपना नाम AMIT MISHRA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये S/O: UMESH CHANDRA MISHRA R/O-124/665, B-BLOCK GOVIND NAGAR KANPUR NAGAR 208006

**सूचना**

हम अपने पुत्र सौरभ कुमार वर्मा को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्यों से हमारा कोई सरोकार नहीं होगा। **अशोक कुमार वर्मा एवं रजनी वर्मा, निवासीगण - एस-1/328, बसन्तकुंज योजना, दुबग्गा, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **अवधेश कुमार शर्मा पुत्र स्व0 कन्हैया लाल शर्मा व बीना शर्मा पत्नी अवधेश कुमार शर्मा, निवासीगण 4/318 आवास विकास कालोनी शहर थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी,** मेरा छोटा पुत्र ऋषी शर्मा जो कि शराब आदि का सेवन करता है और प्रत्येक दिन मुझसे व परिवार के सदस्यों से अभद्रता व गंदी गंदी गालिया देकर शराब पीने के लिए पैसो की मांग किया करता है न देने पर मारता पीटता व जान से मारने जैसी धमकी दिया करता है इस कारण मैं अपने छोटे पुत्र ऋषि शर्मा के इन कृत्यों से तंग आकर अपनी कुल चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। अब मेरे पुत्र द्वारा किये गये किसी कृत्य से मेरा कोई वास्ता व सराकार नहीं रहा है

**सूचना**

सूचित हो कि प्रखर सिंह वर्मा पत्नी पियूष कुमार वर्मा, निवासिनी-मकान नं0-23 खं0- 457 फ्रेंडस कालोनी शहीद पथ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226002, यह कि मेरा नाम प्रखर श्रीवास्तव पुत्री एसएन श्रीवास्तव जोकि विवाह से पूर्व का नाम है जबकि मेरा विवाह के उपरांत नाम प्रखर सिंह वर्मा है। प्रखर सिंह वर्मा एवं प्रखर श्रीवास्तव दोनो नाम मेरे एक ही है। भविष्य में मुझे प्रखर सिंह वर्मा के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अंसल मे एक प्लॉट बुक कराया था जिसकी संख्या G/6/122 है उसका अलाटमेंट लेटर, पैमेंट रशीद तथा एग्रीमेंट लेटर (बुकलेट) की मूल प्रति वास्तव में कहीं खो गई है। इसका अन्यत्र प्रयोग अवैधानिक होगा। **सोनिया सेठ पत्नी अमित सेठ पुत्र नरेश कुमार निवासी 14/392 वी आई पी रोड़, ओबरा, सोनभद्र।**

**आज का मौसम**

शुक्रवार को धूप रहने का अनुमान है।

| 30.0° | 19.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 20 | सूर्यास्त 05 : 23 |

# जिले में 30-31 मीट्रिक टन धान व बाजरा की खरीद

## खरीद केंद्रों पर मक्का की नहीं हुई बोहनी, धान से लक्ष्य पाने की उमीद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



मंडी समिति केंद्र पर बाजरा की खरीद के बाद बोरी तैयार करते कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सरकारी धान व बाजरा खरीद केंद्रों पर बोहनी हो गई है। दो दिन में धान की सरकारी खरीद 30 मीट्रिक टन तो बाजरा की 31.35 मीट्रिक टन की गई। इससे विभाग को उम्मीद जगी है कि मक्का की बोहनी नहीं हुई पर बाजरा ने जिले की लाज रख ली है। अब विभाग धान की खरीद में जुट गया है। विभाग को उम्मीद है कि जिले में धान का दिया गया लक्ष्य हर हाल में पूरा कर लिया जायेगा। क्योंकि किसान सरकारी खरीद केंद्रों पर पहुंचने लगे हैं।

जिले में मक्का की खरीद सरकारी केंद्रों पर न हुई हो पर बाजारा व धान की बोहनी हो गई है। दो दिन की बात करें तो किसान बाजरा व धान लेकर सरकारी केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। इसी लिये अब तक धान की खरीद 30 मीट्रिक टन व बाजरा की खरीद 31.35 मीट्रिक टन की जा चुकी है। मंडी के केंद्र पर करीव 75 क्विंटल बाजरा की खरीद गुरुवार को की गई। इसी तरह मंडी केंद्र पर धान की भी खरीद की गई। इससे जिला मुख्यालय पर भी सरकारी केंद्र पर अनाज ने की बोहनी हो गई है। मक्का का बाजार भाव अधिक होने से कोई किसान सरकारी क्रय केंद्र पर मक्का लेकर नहीं पहुंचा जब बाजार में मक्का की खरीद होती है।

- जिले में सरकारी क्रय केंद्रों पर हुई बोहनी

जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अब किसान धान को पूरी तरह से तैयार कर चुका है। आलू की फल बुआई के चलते अभी कम किसान ही धान लेकर क्रय केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। 10 से 15 दिन बाद क्रय केंद्रों पर किसान धान लेकर अधिक संख्या में पहुंचेंगे।

# धान खरीद में न बरतें लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



कलक्ट्रेट में धान खरीद के संबंध में बैठक लेते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला।

**अमृत विचार।** कलक्ट्रेट सभागार में धान खरीद के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। इस मौके पर खरीद की स्थिति के संबंध में जिलाधिकारी ने जानकारी ली। साथ ही पांच केंद्र और खोलने के निर्देश दिये।

कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ला ने कहा कि जिले में लगभग धान की कटाई हो चुकी है। निर्धारित तिथि 01 अक्टूबर 2024 से 29 फरवरी 2025 तक सभी धान केन्द्रों में धान खरीद अवश्य की जाए। किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। वर्तमान धान क्रय सत्र में धान कॉमन का मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल तथा धान ग्रेड ए का मूल्य 2320 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। डीएम ने प्रत्येक क्रय केन्द्र पर उपकरणों (इलेक्ट्रॉनिक काँटा, नमी मापक यंत्र व विनोईंग फैन एवं ई-पॉस मशीन) की उपलब्ध रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान क्रय योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुये कृषकों का पंजीकरण अधिक से अधिक कराया जाये।

क्रय केन्द्रों पर कृषकों के सुख-सुविधा की व्यवस्था, बोरा एवं कृषकों के भुगतान के लिये धनराशि की उपलब्धता रखी जाये। धान क्रय के लिये 18 से बढ़ाकर 23 केन्द्र बनाएं जाएं, जो समय से चालू कर दिये जायें। मंडी में क्रय केंद्र अवश्य खोले जाएं। उन्होंने कहा कि खाद पर्याप्त है। ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे किसानों तक समय से पहुंच जाए।

लापरवाही करने वाली सोसायटी पर कार्रवाई की जाएगी। पीसीएफ को निर्देश दिए कि ट्रांसपोर्ट की गति बढ़ाकर खाद को समय से पहुंचाया जाए। डीएपी की डिमांड के अनुसार उपलब्ध कराई जाए। नैनो डीएपी को प्रमोट कर उसके प्रयोग और फायदों के विषय में लोगों को जानकारी भी दी जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह सहित संबधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेड़ से लटका मिला मायके आई महिला का शव

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ससुराल से भाग कर मायके आई महिला का शव गांव स्थित बाग में पेड़ से लटका मिला। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई जबकि परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतका की मां ने दो लोगों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम नौरंगपुर निवासी मृतका की मां सफरोज पत्नी रियाज ने बताया कि उसने अपनी पुत्री काजल (18) की शादी नवीगंज निवासी इम्तियाज से इसी वर्ष की थी। 26 जून को उनके पारिवारिक जेठ का पुत्र साजिद उसको शादी का झांसा देकर ससुराल से बहला फुसला कर भगा लाया। इसके बाद पुत्री मायके में रहने लगी। इसके बाद साजिद व उसके भाई जायद ने 06 नवंबर की रात उसे डराया धमकाया। साजिद ने शादी करने से मना कर दिया। 07 नवंबर की सुबह लगभग 05 बजे काजल शौच की बात कहकर घर से चली गई। शव गांव के बाग में पेड़ से दुपट्टे के फंदे से लटका मिला।

## एक नजर

### किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नल पर पानी भरने गयी इंटर की छात्रा कहीं चली गई। ग्राम निवासी युवक ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गुरुवार की सुबह करीब 06 बजे उसकी पुत्री नल पर पानी भरने गयी थी और बापस नहीं लौटी। पीड़ित पिता ने गांव के ध्रुव बाथम पर पुत्री को ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 26 लोहे के पाइप चोरी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सरकारी नलकूप के पास चल रहे बोरिंग कार्य के दौरान मशीन के जीआई 26 पाइप चोरी हो गए। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी अजीत तिवारी पुत्र रामेन्द्र तिवारी ने दी गई तहरीर में कहा है कि वह नंगापुर्वा रोड स्थित सरकारी नलकूप के पास बोरिंग करा रहा था। बोरिंग का कार्य पूरा होने के बाद उसने बोरिंग मशीन व 26 पाइप वही रख दिए थे जिसे चोर ले गए। लोहे के पाइप की कीमत लगभग दो लाख रूपये है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### वृद्ध को किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** घर के बाहर बैठे वृद्ध से मोहल्ले के लोगों ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लोहे की रॉड से सिर पर हमला दिया। इससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम तेराजाकेट निवासी सूर्यकांत द्विवेदी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 02 अक्टूबर की शाम करीब 6.40 बजे उसके पिता अनिल कांत द्विवेदी घर के बाहर बैठे थे। तभी मोहल्ले के सचिन उर्फ अंचित तिवारी आये और रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। जब उसके पिता जान बचाने के लिए घर के अंदर आये तो पीछे से आरोपी ने घर में घुसकर लोहे की रॉड से उनके सिर पर हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पायल और अंकित से फोन पर रामू की हुई बात

फालोअप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



पुलिस गिरफ्त में हत्या के आरोपी। अमृत विचार

- साजिशन हत्या कर शव नहर में फेंकने में प्रेमिका समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार।** इंदरगढ़ थाना क्षेत्र में युवक की हत्या कर नहर में फेंकने के मामले में पुलिस ने प्रेमिका समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे एक मोटरसाइकिल और हत्या में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। मोबाइल की सीडीआर में पाया गया कि वारदात से पहले युवक की उसके दोस्त व प्रेमिका से लगातार बात होती रही। बाद में तीनों आरोपियों ने मिलकर उसकी हत्या कर शव नहर में फेंक दिया।

घटनाक्रम के अनुसार चार नवंबर को तारा देवी पत्नी रमेशचन्द्र नि. ग्राम जगतापुर थाना इंदरगढ़, जिला कन्नौज ने प्रार्थना पत्र दिया था कि तीन नवंबर को पुत्र रामू (18) घर से कहीं चला गया जो अब तक नहीं लौटा है। इस पर थाना इंदरगढ़ पर गुमशुदगी दर्ज की गयी थी। खोजबीन के दौरान पुलिस ने 06 नवंबर को निचली गंगनहर से रामू का शव बरामद किया। इसके बाद मृतक के पिता रमेश चन्द्र गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 03 नवंबर को उसका दोस्त अंकित वर्मा पुत्र परसुराम वर्मा निवासी ग्राम जगतापुर पुत्र रामू को घर से अपने साथ मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया था। इसके बाद अंकित, अमित उर्फ सुन्दर पुत्र लाखन सिंह निवासी इन्दरगढ़ गढ़ी व सूजल पुत्र राजेश दिवाकर ने पायल पुत्री सुरेन्द्र सिंह निवासिनी ग्राम सियरमऊ थाना गुरसहायगंज की साजिश के तहत रामू की हत्या कर शव को नहर में फेंक दिया। पुलिस ने के रिपोर्ट दर्ज कर ली। मोबाइल सीडीआर खंगालने पर पाया कि घटना से पूर्व अंकित वर्मा और पायल लगातार रामू से और आपस में फोन से बात कर रहे थे। घटना से पूर्व अंकित और अमित की लोकेशन नहर के पास निकली। रामू की भी लोकेशन घटनास्थल के पास पाई। पुलिस की जांच में अंकित वर्मा, अमित उर्फ सुंदर व पायल द्वारा मिलकर रामू की हत्या किए जाने की बात सामने आई। इस पर पुलिस ने अंकित, अमित व पायल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने बताया कि 3 नवंबर को आरोपी रामू को बाइक से नहर किनारे ले गए थे। यहां पर शराब पिलाने के बाद आरोपी अंकित ने उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी।

# विधानसभा उपचुनाव के कारण बदली निपुण असेसमेंट की तारीख, अब 25 से 30 तक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** निपुण असेसमेंट टेस्ट (नेट) की तारीख बदल गई है। पहले 18 से 23 नवंबर को परीक्षा होनी थी उसकी बजाय अब 25 से 30 तारीख तक इम्तिहान होगा। प्रदेश में 9 सीटों पर होने वाले विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव को लेकर यह निर्णय शासन ने लिया है। जनपद के 1459 परिषदीय स्कूलों में कुल एक लाख 54 हजार 641 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

निपुण भारत मिशन व गुणवत्ता शिक्षा संवर्द्धन के तहत परख एप के जरिए निपुण लक्ष्य/ लर्निंग आउटकम आधारित आकलन कराए जाने का निर्णय लिया गया है। परिषदीय स्कूलों के कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों का संशोधित निपुण असेसमेंट टेस्ट कार्यक्रम जारी हो गया है। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि पहले दिन 25 नवंबर को सुबह साढ़े नौ बजे से परीक्षा शुरू होगी। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन 26 नवंबर को सुबह साढ़े नौ से साढ़े 11 बजे तक कक्षा चार से पांच तक के विद्यार्थी हिंदी, गणित, अंग्रेजी व पर्यावरण अध्ययन का इम्तिहान देंगे। 6 से 8 तक के छात्र-छात्राएं हिंदी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान की परीक्षा देंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने नए आदेश का पत्र डायट के प्राचार्य को भेजा है। कहा कानपुर मंडल के तहत आने वाले कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, औरैया, इटावा व फर्रुखाबाद जनपदों की परीक्षा 25 व 26 नवंबर को होगी।

**कक्षावार परीक्षार्थियों का ब्योरा**

| कक्षा | परीक्षार्थी |
|---|---|
| 1 | 22,306 |
| 2 | 24,128 |
| 3 | 22,633 |
| 4 | 25,778 |
| 5 | 24,035 |
| 6 | 13,297 |
| 7 | 12,637 |
| 8 | 9,828 |

- जनपद में कक्षा 1 से 3 तक के परीक्षार्थी 25 नवंबर को बुलाए गए
- कक्षा 4 से 8 तक के विद्यार्थी 26 नवंबर को देंगे इम्तिहान
- दो दिन होने वाली परीक्षा में कुल 1, 54,641 परीक्षार्थी होंगे शामिल

# ई-रिक्शा व बाइक की भिड़ंत युवक की मौत 3 लोग घायल

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज



मृतक के रोते बिलखते परिजन।



आसिफ।

**अमृत विचार।** धान लदे ई रिक्शा व बाइक की आमने-सामने टक्कर से एक युवक की मौत हो गई जबकि ई-रिक्शा सवार समेत तीन लोग घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने सभी घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार को विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के हरिहरपुर निवासी गौरव दीक्षित पुत्र ब्रज मोहन (35) गांव के ही मोनू पुत्र मैकू (32) के ई-रिक्शा से धान लादकर छिबरामऊ आ रहे थे। विशुनगढ़ क्षेत्र के अहिरूआ राजाराम पुर निवासी आसिफ पुत्र जाहिद अली (24) दिल्ली से आए अपने भांजे समीर पुत्र आबिद अली (15) को छिबरामऊ से बाइक से लेकर वापस गांव लौट रहे थे। छिबरामऊ कैरदा रोड पर रंधीरपुर के पास एक फिलिंग स्टेशन के सामने ई रिक्शा से आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में ई-रिक्शा समेत बाइक सवार सभी लोग घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराकर घटना की सूचना परिजनों को दी। अस्पताल में डाक्टर ने आसिफ को मृत घोषित कर दिया। मौत से परिवार में चीखपुकार मच गई।

## आलू की सिंचाई के बाद करें यूरिया की टॉप ड्रेसिंग

**कन्नौज।** किसान आलू फसल की सिंचाई करने से पूर्व ही यूरिया की टॉप ड्रेसिंग कर देते हैं जो कि उचित नहीं है। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अमर सिंह ने कहा है कि फसलों में यह प्रक्रिया सिंचाई के बाद ही करनी चाहिए। इसके साथ ही आलू बीज उत्पादन तकनीकी एवं हरी मटर की खेती के बारे में भी बताया।

वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविंद सिंह ने कहा है कि किसान फसलों में अंधाधुंध उर्वरकों का प्रयोग न करें। मिट्टी की जांच कराने के बाद ही जरूरत के मुताबिक संतुलित उर्वरक डालें। गेहूं की खेती नवीनतम तकनीकी से करें। इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक मानवेंद्र सिंह ने किसानों को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया की प्रयोग विधि के बारे में बताया। कहा धान की पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि है जो दंडनीय अपराध है। इसे खेतों में सड़ाएं।

# शौच को गई किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास

संवाददाता सौरिख, कन्नौज



पुलिस की गिरफ्त में छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास के आरोपी अनुभव व अनुराग। अमृत विचार

- चीखपुकार सुन पहुंचे ग्रामीणों ने बचाया, आरोपी को किया पुलिस के हवाले
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की
- मानसिक रूप से विक्षिप्त बताई जा रही है किशोरी

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी मंगलवार देर शाम को गांव के बाहर खेतों में शौच के लिए गई थी। तभी पड़ोसी गांव निवासी युवक ने दबोच लिया और दुष्कर्म के लिए झाड़ियों में खींच कर ले जाने लगा। किशोरी के चिल्लाने पर ग्रामीण पहुंच गए और आरोपी को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी जो मानसिक रूप से बीमार है मंगलवार देर शाम गांव के बाहर शौच के लिए गई हुई थी। तभी पहले से घात लगाए बैठे पड़ोसी गांव अलीपुर गांव निवासी अनुराग यादव ने किशोरी को दबोच लिया और बम्बा के किनारे स्थित झाड़ियों में खींच कर लिए जा रहा था। तभी किशोरी ने चिल्लाना शुरू कर दिया। चीख पुकार सुन परिजन समेत कई ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और दौड़ाकर आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया है। किशोरी को खींचते समय उसके शरीर में चोटें आई है। पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।

### छेड़छाड़ में रेस्टोरेंट संचालक गिरफ्तार

खड़िनी कस्बा में इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के रामपुर मझिला गांव निवासी अनुभव द्विवेदी रेस्टोरेंट का संचालन करता है। शनिवार को कस्बा निवासी 12 वर्षीय किशोरी रेस्टोरेंट से चाऊमीन लेने गई थी। तभी उसने बंधक बनाकर किशोरी से छेड़छाड़ की थी। देर होने पर पहुंचे परिजनों ने संचालक को पकड़कर पुलिस के हवाले करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। गुरुवार को पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया।

## सार-संक्षेप



पीड़ित परिवार से मुलाकात करते आजाद समाज के पदाधिकारी। अमृत विचार

### लाइनमैन के परिवार की मदद करेगी आजाद समाज पार्टी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उपकेन्द्र गुगरापुर में संविदा लाइनमैन की मौत के मामले में आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों से मुलाकात की। कहा कि पार्टी परिवार की हर संभव मदद करेगी। ब्लाक गुगरापुर के ग्राम मरहरिया निवासी संविदा लाइनमैन धर्मवीर उर्फ पिंटू की बीते मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मामले में आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी पदाधिकारियों ने परिजनों से मुलाकात की। जिला प्रभारी पवन गौतम ने बताया कि परिजनों से जानकारी प्राप्त हुई है कि विभागीय कर्मी लाइनमैन को कई महीनों से प्रताड़ित कर रहे थे और छह लाख कंज्यूमर का पैसा हड़प गये। जब लाइनमैन धर्मवीर उर्फ पिंटू पैसा मांगता था। तो उसको जातिसूचक गाली गलौज कर शोषण व धमकी दी जाती थी। इसकी पुष्टि सुसाइड नोट भी कर रहा है। वीडियो भी प्रचलित है। मौत में कहीं न कही साजिश नजर आती है। पार्टी पीड़ित परिवार के साथ है और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेगी। इस मौके पर जिला सह संयोजक पातीराम बौद्ध, जिला प्रभारी शकील अहमद, विधानसभा संयोजक शनी गौतम आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते मंडल उपाध्यक्ष छविराम यादव। अमृत विचार

### भाजपा सरकार में जंगलराज कायम : प्रभात गौतम

**सौरिख, कन्नौज।** आजाद समाज पार्टी, भीम आर्मी के तत्वावधान में जाति तोड़ो समाज जोड़ो सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने सरकार पर हमला बोला। कहा कि भाजपा सरकार में प्रदेश में जंगलराज कायम है। भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के निर्देश पर गुरुवार को सकरावा थाना क्षेत्र के परौर गांव में सभा का आयोजन किया गया। सभा में मुख्य अतिथि मंडल उपाध्यक्ष छविराम जाटव व आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने सभा को संबोधित करते हुए डबल इंजन की सरकार पर जमकर हमला बोला। कहा कि लगातार हत्या, लूट बलात्कार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। पत्रकार और पुलिस दोनों सुरक्षित नहीं है। बीजेपी ने देश को हिंदू मुस्लिम में बांट दिया है। जनता से 2027 में सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। इस दौरान जिला महासचिव अखिलेश कबीर, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश गिहार, विधानसभा अध्यक्ष शिवकुमार कठेरिया, रवि गौतम, मनोज, समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

**निर्देश** सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ हुई बैठक, बीएलओ के पास नई मतदाता सूची व पर्याप्त फार्म होने चाहिए

# वोटर फार्म सही तरह से भराए जाएं : जिलाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह।

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने विधानसभा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। कहा, फार्म छह व सात को सही तरीके से भराएं। इसमें गलती नहीं होनी चाहिए।

निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य 29 अक्टूबर को प्रकाशित हो चुका है। 28 नवंबर तक दावे व आपत्तियां लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 9 व 10 नवंबर, 23 व 24 नवंबर को जिलेभर के सभी बूथों पर बीएलओ वोटरलिस्ट व वोट के आवेदन के साथ मौजूद रहेंगें। दावा/ आपत्तियों का निस्तारण 24 दिसंबर तक किया जाएगा। सूची का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को होगा। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान दिवसों में सेक्टर ऑफिसर आवंटित मतदेय स्थलों पर भ्रमण करेंगे। वहां बूथ लेविल ऑफिसर नई वोटर लिस्ट व पर्याप्त फार्म के साथ उपस्थित हैं या नहीं, यह भी जांचेंगे। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह, बृजेश यादव और संजीव विसारिया मौजूद रहे।

**इनको भी जांच लें बीएलओ:** वोट बनाने वाले आवेदन के साथ आयु, निवास प्रमाण पत्र व फोटो जरूरी है। बीएलओ 24 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से फार्म छह लेते समय यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदक का नाम पहले से किसी अन्य मतदाता सूची में शामिल नहीं है। अगर है तो फार्म आठ का उपयोग करने का साक्ष्य देना होगा।

### जेंडर रेशियो सुधारें

- पुनरीक्षण अवधि में किसी भी दिन सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी (एसीईओ) सुनीता सिंह का भ्रमण लग सकता है, इसलिए सभी लोग ड्यूटी समय से करें और सभी प्रपत्र साथ में रखें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जनगणना-2011 के अनुसार जनपद का जेंडर रेशियो 879 है। इसलिए समीक्षा कर लें कि आवंटित मतदेय स्थलों पर जेंडर रेशियो मानक से कम तो नहीं है। कम होने पर संबंधित बीएलओ महिलाओं का पंजीकरण कर जेंडर रेशियो में सुधार लाएं। आयोग ने युवा मतदाताओं के नाम सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण किए जाने के निर्देश दिए हैं।

## 10 लोगों खिलाफ फसल नष्ट करने की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने दो बीघा आलू की फसल को नष्ट कर दिया। विरोध करने पर गाली गलौज कर धमकी दी। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ग्राम तेराजाकेट निवासी राज किशोर पुत्र पंचम लाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि बीते दिनों उसने अपने खेत में आलू की फसल बोई थी। जिस फसल को गांव के ही मनीराम, धीरज, जयराम, मनीराम, रेवती व उसके पति, धीरज की पत्नी, जयराम की पत्नी, धीरज व जयराम के दो पुत्रों ने मिलकर उसके दो बीघा आलू की फसल को नष्ट कर दिया। जब पीड़ित घटना की वीडियो बनाने लगा। तो आरोपियों ने गाली गलौज की और मारपीट पर आमादा होते हुए धमकी दी।

## कार्यालय नगर पंचायत लखना, इटावा

पत्रांक :–189/न0प0लखना/2024–25 दिनांक:– 25/10/24

### अधिसूचना

कार्यालय **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 एवं उसमें दी गई उपधाराओं तथा शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों में दिए गये दिशा निर्देशों के क्रम में ऑनसाइट स्वच्छता व्यवस्था के अन्तर्गत घर / भवन / प्रतिष्ठान में ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (सेप्टिक टैंक / पिट / सोख्ता) के संग्रहण, दुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिए निम्नलिखित उपविधियां बनाई गई है। इस अधिसूचना से यदि किसी भी व्यक्ति / सामाजिक संस्थान को कोई आपत्ति / सुझाव है, तो विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 15 दिवस के अन्दर **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** में लिखित रूप में अपने सुझाव / आपत्ति दे सकते है।

प्राधिका: ये उपविधि निम्नलिखित प्रावधानों को लागू करने वाला सक्षम ढांचा है:
(क) उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज प्रबंधन नीति, 2019
(ख) फीकल स्लज एवं सेंप्टेज प्रबंधन की राष्ट्रीय नीति, 2017
(ग) सीपीएचईईओ मैनुअल आन सीवरेज और फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन 2013
(घ) माडल निर्माण उपविधि 2016 तथा अन्य लागू भवन उपविधि
(ङ) प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉय मेटऐज़् मैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन ऐक्ट – 2013
(च) आईएसकोड 2470 भाग 1 और II, 1985 (1996 रीअफर्म्ड) – सेप्टिक टैंक संस्थापित करने के लिए कार्य व्यवहार संहिता
(छ) केंद्रीय कानून, नियम और विनियमन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(ज) जल (प्रदूषण पर रोक और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
(झ) उत्तर प्रदेश के राजकीय कानून जैसे जल और स्वच्छता संबंधी, जैसे कि यू.पी. जलआपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम, 1975, उत्तर प्रदेश जल संस्थान जला पूर्ति एवं सीवरेज उपविधि 2008 तथा अन्य कोई प्रासंगिक राजकीय कानून!

**क्षेत्र (स्कोप)**

ये उपविधि **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** की प्रशासनिक सीमा के भीतर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन में संलग्न सभी हित धारकों पर लागू होते हैं, जिसमे सेप्टिक टैंक वाले घरों के मालिक एवं उपयोगकर्ता, सेप्टिक टैंक सफाई आपरेटर तथा निकाय के उपचार और निस्तारण में संलग्न जवाब देह एजेंसियां शामिल हैं। यह उपविधि सभी सार्वजनिक, निजी, आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, प्रस्तावित, नियोजित या निकाय इटावा भवनों पर लागू होगा।

**अध्याय–1 (प्रारंभिक)**

1. संक्षेप – शीर्षक, विस्तार और आरंभ
(i). इन उपविधियों को **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** फोकल स्लज एवं सेटेज प्रबंधन (FSSM) उपविधि, 2023 कहा जा सकता है।
(ii) ये उपविधि उत्तर प्रदेश राज–पत्र (गजट) में प्रकाशित होने की तारीख से **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** क्रियान्वित होंगे और निकाय की प्रशासकीय परी सीमा के अंदर लागू होगी।

**2. परिभाषा**

(i). फीकल स्लज या सेप्टेज का को ट्रीटमेंट उस प्रक्रिया को कहते हैं जिसमें सीवेज उपचार सुविधा (एसटीपी) में, शहरों के सीवर के जरिए से ले जाने वाले घरेलू सीवेज के उपचार के अलावा, विभिन्न ऑन–साइट स्वच्छता प्रणालियों के फीकल स्लज औ रसेप्टेज (एफएसएस) का भी उपचार किया जाता है।
(ii). ''को–ट्रीटमेंट फैसिलिटी'' का तात्पर्य है ऐसा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जिसमें फिकल स्लज के उपचार के लिए पर्याप्त प्रावधान उपलब्ध हो।
(iii) विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार (DWWT) '' प्रणाली' का तात्पर्य है ऐसी पद्धति से है जिसमें निजी आवासों, आवासीय संकुलों, एकल समुदायों, उद्योगों, संस्थानों या उत्पादन स्थल के निकट अपशिष्ट जल का संग्रहण, उपचार किया जाता है और निस्तारण/दुबारा इस्तेमाल योग्य बनाया जाता है। ये प्रणाली अपशिष्ट जल के तरल और ठोस दोनों घटकों के लिए प्रयुक्त होते हैं
(iv) 'डिस्लजिंग' का तात्पर्य है लाइसेंस धारी आपरेटर अथवा निकाय के प्रशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा सेप्टिक टैंक/पिट से फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की प्रक्रिया।
(अ) निस्तारण का तात्पर्य है फीकल स्लज एवं सेप्टेज का अधिसूचित स्थान तक परिवहन एवं निर्वहन
(vi). फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (FSTP) का तात्पर्य है सुरक्षित निस्तारण और दुबारा इस्तेमाल के निर्धारित मानदंड के अनुसार ठोस और तरल घटकों को हटाने वाला स्वतंत्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार:
(vii) ''ऑन साइट सेनिटेशन सिस्टम (ओएसएस)'' ऐसी स्वच्छता प्रणाली हैं जो पूरी तरह से निजी/ व्यावसायिक/सरकारी आवास और उसके आस–पास के भूखंड परस्थित होता है। आमतौर पर, भूखंड पर स्वच्छता 'घरेलू शौचालय के समान है, लेकिन इसमें एक ही भूखंड पर एक साथ रहने वाले कई परिवारों द्वारा साझा की जाने वाली सुविधाएं हो सकती है।
(viii). आपरेटर का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने और उसके परिवहन के व्यवसाय में संलग्न है।
(ix) 'सैनिटरी लेट्रिन्स का अर्थ होगा सेप्टिक टैंक अथवा कोई ओएसएस अथवा भूमिगत सीवरेज प्रणाली से जुड़े शौचालय और मूत्रालय के प्रकार और बनावट जो गल 'अपचित मल मूत्र) के सुरक्षित परिरोधन और निस्तारण को सुनिश्चित करता हो, जिनमें से प्रत्येक का निर्माण निकाय द्वारा जारी किए गए डिजाइन विनिर्देश और दिशा निर्देश के अनुरूप नियमानुसार किया गया हो
(xi) सेप्टिकटैंक भूमिगत निर्मित टैंक हे जो आंशिक रूप से ठोस जमाव और अवायवीय पाचन के संयोजन द्वारा आंशिक रूप से फोकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार करता है, जिसका निर्माण आईएस कोड 2470 के डिजाइन विनिर्देश या निकाय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार किया गया है!
(xii) शेड्यूल्ड डीस्लजिंग का अर्थ है केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) की अनुशंसाओं के आधार पर 2–3 वर्षो के अंतराल पर ओएसएस को नियमित रूप से खाली कराने की प्रक्रिया!
(xiii) सेप्टेज का अर्थ है अच्छी तरह डिजायन किए हुए सेप्टिक टैंक से निकलने वाला फीकल स्लज।
(xiv) सीवेज उपचार संयंत्र का अर्थ उस स्थान से है जहां सुरक्षित निस्तारण और दुबारा उपयोग के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार मल जल का उपचार किया जाता है।

अध्याय– II

**अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण**

**3. परिसर में अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण**

निकाय में प्रत्येक संपत्ति के मालिक / अधिग्राही (जिसमें मौजूद या प्रस्तावित, आवासीय और व्यावसायिक और अन्य शामिल हैं तथा इसी तक सीमित नहीं हैं) यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि उनके परिसर से अपशिष्ट जल को निम्नलिखित तरीके से किसी भी या किसी के संयोजन के माध्यम से उपचार या निस्तारण किया जाता है, अर्थात्
(i) यदि घर की सीमा से 30 मीटर की दूरी या उतनी दूरी जितनी दूर से सीवर कनेक्शन घर तक आ सकता हो, या घर का मालिक कनेक्शन लेने के लिए कोई शुल्क अथवा कोई और जरूरत के अनुसार प्रक्रिया पूर्ण कराकर करे।
(ii) अपशिष्ट जल को एक निकाय अनुमोदित समुदाय या स्थानीय क्षेत्र उपचार सुविधा तक पहुंचाया जाता है!
(iii) यदि संपत्ति के 30 मीटर में कोई सीवर नहीं है, तो मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपशिष्ट जल को साइट की उपचार प्रणाली में ले जाया जाए, जिसमें सेप्टिक टैंक या ट्विन–पिट या सोक–पिट या साइट पर स्थित आईएसकोड 2470 भाग 1 और 2 के अनुसार निर्मित अन्य प्रणाली शामिल हो सकती हैं।
(iv) वे परिपत्तियाँ जो प्रतिदिन अपशिष्ट जल उत्पन्न करती हैं और उनके परिसर के 2000 वर्ग मीटर से अधिक खुला क्षेत्र है, तो उसमें एक विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली स्थापित की जाए ताकि संपत्ति में एकत्र अपशिष्ट जल का उपचार किया जा सके। संपत्ति के मालिक द्वारा बागवानी / फ्लशिंग के लिए उपचारित अपशिष्ट जल का पुनरू उपयोग किया जाए ताकि ताजे पानी पर निर्भरता कम हो!

अध्याय – III

ऑन साइट स्वच्छता प्रणालियाँ

4. मालिक या अभिग्राही के कर्तव्य और अनुपालन निकाय के दायरे में स्थित किसी भवन या उसके हिस्से का मालिक या अभिग्राही, जैसा भी मामला हो, इन उपविधियों के लागू होने की तारीख से निम्नलिखित दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होंगे:
1. उपविधियों के अनुसार प्राधिकार द्वारा जारी सूचना में निर्दिष्ट समय के भीतर वह ऐसे भवन में इंसेनिटरी लेट्रिन्स उपयोग को बंद कर देंगे और निकटवर्ती सामान्य नालियों या खुले भूखंड या जल निकायों के सभी निर्गम को भी बंद कर देंगे तथा अपने स्वामित्व वाले या अपने उपयोग किए जाने. वाले भवनों में केवल सेनिटरी लेटिन्स का निर्माण, संचालन और उनका रख रखाव करेंगे।

**5. ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और रख रखाव**

(i). ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और उनकी स्थापना आईएसकोड 2470 भाग 1 और 2' के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा, या इसके समय समय पर किए गए संशोधित प्रावधान अथवा **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** या राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा जारी किसी अन्य स्वीकृत उपयुक्त अभियांत्रिकी कार्य संहिता द्वारा संशोधित किया गया हो।
(ii). ओएसएस से जुड़ी संपत्ति के मालिक /निवासी ऐसे ओएसएस से निकलने वाले फीकल स्लज के अनुरक्षण, रखरखाव और सुरक्षित निस्तारण के लिए जिम्मेदार होंगे।
(iii) परिसर का मालिक **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा निर्धारित लागत के भुगतान पर नियमित आधार पर (प्रत्येक 2–3 वर्ष में) फीकल स्लज साफ करने का काम करेगा। (अथवा जैसा कि परिशिष्ट 2 में सुझाया गया है।)
(vi). परिसर का मालिक सुनिश्चित करेगा कि कंटेनमेंट संयंत्र के खराब या दोषपूर्ण निर्माण के कारण फीकल स्लज के खुली जगहों में या नाली में गिरने से पर्यावरण प्रदूषित नहीं हो।
(v). परिसर के मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेप्टिक टैंक को लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ यांत्रिक रूप से साफ किया जाता है और हाथ से सफाई ना हो।
(vi) नियमों के पालन के लिए **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ही परिसर का निरीक्षण करने का अधिकार है। **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** समय–सीमा के भीतर अपने खर्चे पर अपशिष्ट जल प्रबंधन और निस्तारण से संबंधित नियम उल्लंघन की स्थिति में सुधार / संशोधन के लिए परिसर के मालिक के लिए चेतावनी जारी कर सकता है।
(vii) **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** अपने विवेक पर गैर–अनुपालन प्रणालियों के रेट्रोफिटिंग / सुधार के लिए संपत्ति मालिकों को प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है और वैकल्पिक प्रणालियों का सुझाव देने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल कर सकता है।

अध्याय IV

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण और ढुलाई के लिए लाइसेंस और पंजीकरण**

**6. निकाय द्वारा जारी किया जाने वाला लाइसेंस**

(i). **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** वर्तमान में अपनी प्रशासनिक सीमाओं में फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की सेवाएँ प्रदान करने वाले निजी आपरेटरों के स्वामित्व वाले या किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकरों को पंजीकृत करेगा।
ii). **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** अपने कर्मियों सहित ओपेरटरों के लिए आईईसी और क्षमता निर्माण गति विधियाँ करेगा, जहां उन्हें फीकल स्लज एवं सेटेज को सुरक्षित तरीके से खाली करने और ढुलाई के लिए उपयुक्त तरीके से इस्तेमाल करने के लिए जागरुक और प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पंजीकरण की तिथि के 1 महीने के भीतर किया जाएगा।
iii. जब आपरेटर को लगे कि वह लाइसेंसिंग के मानदंडों के अनुपालन में सफल है, तो वह इन उपविधियों के फार्म 1 (परिशिष्ट–4) की मदद से इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसे प्रशिक्षण के पूरा होने के 2 महीने से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।
ivन**नगर पंचायत लखना, (इटावा)** आपरेटर द्वारा अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज निकालने और फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई के लिए लाइसेंस जारी करेगा।
v. इन विनियमों के फार्म 2 (परिशिष्ट – 5) में निर्धारित प्रारूप के अनुसार लाइसेंस जारी किया जाएगा, और यदि इसे पहले रद्दन हीं किया जाता है तो जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा, और अवधि समाप्त होने पर निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर लाइसेंस धारी आपरेटर द्वारा नियमों और शर्तो की पूर्ति के अधीन नवीकरणीय होगा।

**7. लाइसेंस जारी करने की शर्तें**

1. लाइसेंस हासिल करने के पात्र आवेदक का अर्थ इन उपविधियों के खंड 2 (xxi) में परिभाषित 'व्यक्ति' से होगा!
ii. आवेदक को उचित सक्शन/वैक्यूम और डिस्चार्जिग व्यवस्था के साथ रिसाव मुक्त, गंध और छिलका व रहित परिवहन वाहन का मालिक होना चाहिए या ऐसा वाहन उसे किराए पर लेना चाहिए।
III. इटावा में परिचालन के लिए वाहन का परिवहन विभाग द्वारा जारी वैध पर मिट या पंजीकरण प्रमाण पत्र होगा।
iv. आवेदक अपने वैक्यूम टैंकर को **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** के साथ पंजीकृत करेगा।
v. आवेदक का यह उत्तर दायित्व होगा कि उसके स्वामित्व वाले/किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकर इन विनियमों के खंड 16 में दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं।
vi. आवेदक का यह भी उत्तर दायित्व होगा कि **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** या उसके द्वारा किराए पर ली गई एजेंसी द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त कर्मी पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित हैं।
. आवेदक द्वारा कर्मियों को सुरक्षा उपस्कर और अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों से लैस रखा जाएगा, जो कि सुरक्षित रूप से फीकल स्लज निकालने, उसकी ढुलाई करने और अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करने के लिए आवश्यक हैं। जरूरी पीपीई इस उपनविधि केप रिशिष्ट– 3 में दी गई सूची के अनुसार होगा।

**8. लाइसेंस के लिए आवेदन**

फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने, परिवहन और निपटान हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन एफएसएस का निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जो इन उपविधियों के फार्म 1 के रूप में संलग्न है, जिसमें नियमों और शर्तो सहित ऐसे दस्तावेजों के साथ जैसा कि निकाय के नामित अधिकारी (परिशिष्ट–4 देखें) द्वारा निर्धारित किया गया हो। **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा सत्यापन एवं प्रशिक्षण के बाद ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का संग्रहण, परिवहन एवं निपटन का लाइसेंस आपरेटर को दिया जायेगा (फार्म–2, परिशिष्ट – 5)।

**9. लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रण–** लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु इटावा द्वारा संभावित आवेदकों को आमंत्रित करते हुए समय–समय पर अपनी वेबसाइट पर और प्रमुख समाचार पत्रों तथा अन्य प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

**10. लाइसेंस के लिए पंजीकरण शुल्क** नए निजी आपरेटरों (फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाला) के लिए लाइसेंस प्रदान करने हेतु पंजीकरण पूरा करने के लिए समय–समय पर **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क (**10.1 देखें**) लिया जा सकता है। यह शुल्क लौटाया नहीं जाएगा और इसका भुगतान इलेक्ट्रानिक या नगद स्वरूप में किया जा सकता है।

10.1 पंजीकरण के शुल्क और वैधता

i). आपरेटर के रूप में नए निजी आपरेटरों को पंजीकृत कराने हेतु पंजीकरण शुल्क रु. 2000
ii) .पंजीकरण की वैधता: पंजीकृत निजी आपरेटर, लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क जमा करके अधिकतम 2 वर्षो तक शहर को अपनी सेवा दे सकता है। यदि निजी आपरेटर लाइसेंस नवीनीकरण करने में विफल रहता है तो उसका पंजीकरण स्वत: रद्द हो जाएगा और यदि वह शहर की सीमाओं में फीकल स्लज हटाने वाली सेवाओं को फिर से शुरू करना चाहता है तो उसे पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
iii- लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क: रु.1000

**11. लाइसेन्स धारी आपरेटर का विज्ञापन**

**नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा समय समय पर अपनी वेबसाइट के साथ–साथ प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से लाइसेस शुदा आपरेटर का व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

**12. जागरुकता अभियान**

इन उपविधियों के बारे में जागरूक करने के साथ–साथ फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सफाई, दुलाई और निस्तारण हेतु **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा लोगों को केवल लाइसेस धारी आपरेटर को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक बनाने का अभियान चलाए जाएगा।

अध्याय V

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निष्कासन / संग्रहण (डीस्लजिंग) और परिवहन (ढुलाई)**

**13. संपत्ति के मालिक या अभिग्राही द्वारा केवल लाइंसेस धारी आपरेटर को काम पर रखा जाएगा**

i. भवन के प्रत्येक मालिक/अभिग्राही का यह दायित्व होगा कि वह फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई के लिए **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** के लाइसेंस धारी आपरेटर अथवा प्रशिक्षित सफाई कर्मियों की ही सेवाएं लें।
ii. मालिक /अधिभोगी डीस्लजिंग सेवा से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी आपरेटर को प्रदान करेगा। (परिशिष्ट–6 देखें)।

**14. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी/ढुलाई का शुल्क**

1. समय– समय पर अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेटेज निकासी और ढुलाई का शुल्क निकाय के नामित अधिकारी द्वारा अधिसूचित किया जाएगा (परिशिष्ट 2 देखें)।
ii. शहर में जब कभी **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा शेड्यूल्ड 'डीस्लजिंग' पालन करने का फैसला किया जाता है, तो फीकल स्लज निकासी शुल्क को 'सफाई शुल्क' से बदल दिया जाएगा या इसे संपत्ति / जलकर में शामिल किया जा सकता है, जिसे **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाएगा।
iii. 1. लाइसेंस धारी आपरेटर सम्पत्ति के मालिक/अभिग्राही से निकाय द्वारा समय–समय पर अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि नहीं वसूलेगा।
iv. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी और ढुलाई कार्य के लिए अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि मांगने पर लाइसेंस धारी आपरेटर का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा और इन उपविधियों के। उल्लंघन के लिए निर्धारित जुर्माना लगाया जाएगा।

**15. फीकल स्लज एवं सेप्टेज कीढुलाई के वाहन**

i) फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई कार्य केवल लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** के प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा।
ii) आवश्यक शर्तो के पूरा नहीं होने पर भी वैक्यूम टेंकर को 2 वर्ष की अवधि के लिए पंजीकृत कराया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, संबंधित आपरेटर को निश्चित समय सीमा के भीतर वैक्यूम टैंकर को समुन्नत अपग्रेड करना चाहिए!
iii) डीस्लजिंग वाहनों का परिचालन फीकल स्लज एवं सेंटेज की सुरक्षित औरकुशल ढुलाई के लिए समय–समय पर **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा चिह्नित निर्दिष्ट मार्गो पर ही किया जाएगा।
iv) आपरेटर को जारी लाइसेंस की एक प्रति और **नगर पंचायत लखना, इटावा** वाहन का पंजीकरण नंबर फिकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई हेतु प्रयुक्त वाहन पर स्पष्टता से प्रदर्शित किया जाएगा!
v) वाहन/टैंकर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में (सावधानी के लिए) "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और 'मलकुंड अपशिष्ट' (हिंदी में) लिखा होगा।
vi) फीकल स्लज एवं सेप्टेज की दुलाई में प्रयुक्त प्रत्येक वाहन में जीपीएस उपकरण निकाय द्वारा प्रदत्त: लगाया जाएगा और इसका एक्सेस अधिकार अधिशासी अधिकारी और ऐसे वाहनों की ट्रैकिंग के लिए निकाय द्वारा अधिसूचित एजेंसी के पास होगा।

**16. ढुलाई के दौरान सावधानी**

लाइसेंस धारी आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि निस्तारण के लिए डीस्लजिंग स्थल से अधिसूचित स्थान तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज से कोई रिसाव या छलकाव न हो।

**17. दुर्घटना की स्थिति में बचावकारी उपाय** फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।

**18. दुर्घटना की स्थिति में लाइसेंसधारी आपरेटर की जिम्मेदारी** किसी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में लाइसेंस धारी आपरेटर किसी भी व्यक्ति, वाहन, संपत्ति या पर्यावरण को होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए पूर्ण जिम्मेदार होगा और ऐसे में यदि किसी प्राधिकारी अथवा न्यायालय द्वारा पीड़ितों / उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को किसी प्रकार के क्षति शुल्क या मुआवजा प्रदान किए जाने का निर्णय दिया जाता है तो उसका भुगतान उसे ही करना होगा।

**19. नियुक्त कर्मियों के लिए सुरक्षा उपाय** हाथ में रखकर इस्तेमाल होने वाले गैस डिटेक्टर, गैस मास्क, सुरक्षा उपकरण, आक्सीजन सिलेंडर के साथ आक्सीजन मास्क और प्राथमिक चिकित्सा बाक्स आदि के प्रावधान सहित सभी सुरक्षा उपाय तथा प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लायमेंट एजमैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 में निर्दिष्ट ऐसे अन्य उपाय उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंसधारी आपरेटर जिम्मेदार होगा।

**20. फीकल स्लज एवं सेप्ऐज का निस्तारण**

i). लाइसेंस धारी आपरेटर **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा समय–समय पर अधिसूचित स्थानों पर ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करेगा।
ii) लाइसेंस धारी आपरेटर इन उपविधि के फार्म 3 में निर्धारित विधिवत हस्ताक्षरित फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और निस्तारण फार्म, जो विधिवत रूप से भरा गया और हस्ताक्षरित हो, अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए नामित निकाय के अधिकारी के पास जमा करेगा (परिशिष्ट– 6 देखें)।
iii) होस्ट यूएलबी ये सुनिश्चित करेगा की उपचार सुविधा पर यूएलबी क्लस्टर या ग्राम पंचायत का पंजीकृत आपरेटर ही फीकल स्लज एवं सेटेज का निस्तारण करे।

21. निकास (उपचार सुविधा वाले के अधिकार))

i) निकाय किसी पास के निकाय या ग्राम पंचायतों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) (परिशिष्ट 7, फार्म–4) पर हस्ताक्षर करेगा और इसके तहत केंद्र पर उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देने के लिए होस्ट यूएलबी बन जाएगा।
ii) **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** होस्ट यूएलबी से जुड़े यूएलबी क्लस्टर की सीमा के अंदर काम करने वाले (निजी/सरकारी) आपरेटर को उपचार सुविधा के परिचालन अवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क और निर्दिष्ट अवधि के दौरान प्रतिबंधित किए गए वितरण मार्गो के बारे में सूचित करेगा।
iii) **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** वैक्यूम टैंकर की गुणवत्ता और रख रखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।
iv) संग्रहीत किए जाने वाले और उपचार सुविधा पर ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा किया जाएगा।
v) होस्ट यूएलबी अन्य क्लस्टर यूएलबी या ग्राम पंचायत को फीकल स्लज एवं रोप्टेज की उस स्वीकार्य मात्रा के बारे में जानकारी देगा जिसे 'उपचार सुविधा' में निस्तारित किया जा सकता है।
vi) एमओयू अवधि के किसी भी समय, यदि 'होस्टयूएलबी' को लगे कि क्लस्टर यूएलबी / ग्राम पंचायत से आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज को निस्तारित नहीं किया जा सकता है, तो ऐसी स्थिति आने से पहले होस्ट यूएलबी कम से कम 15 दिन पहले इसकी सूचना देगा!

**22. निकाय (बिना उपचार सुविधा वाला)** के कर्त्तव्य निकाय या ग्राम पंचायत जिनके पास उपचार सुविधा नहीं है उस निकाय का नामा होस्ट यूएलबी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा और होस्ट यूएल बी के पास उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण के लिए क्लस्टर यूएलबी का सदस्य बनेगा।
i) निकाय या ग्राम पंचायत (जिनके पास उपचार संयंत्र नहीं है) अपने प्रशासनिक क्षेत्र में काम करने वाले (निजी/सरकारी, ऑपरेटरों को उपचार सुविधा की कार्यअवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क (यदि कोई हो) निकाय द्वारा निर्धारित निर्दिष्ट घंटों के दौरान विशिष्ट आपूर्ति मार्ग के जानकारी देंगे।
ii) यदि निकाय होस्ट यूएलबी के क्लस्टर यूएलबी की स्पष्ट सीमा में नहीं है, तो निकाय उपचार के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य के पास पहुंच सकता है और फीकल स्लज एवं सेप्टेज के लिए एक अंतरिम निस्तारण स्थल विकसित कर सकता है।
iii) **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** विनिर्दिष्ट वाहनों की गुणवत्ता और रखरखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।
iv) होस्ट यूएलबी संग्रहीत किए जाने और निर्दिष्ट निस्तारण स्थल तक ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण करेगा।
v) यदि 'होस्टयूएलबी' की क्षमता क्लस्टर यूएलबी के फीकल स्लज एवं सेटेज को निबटाने के लिए कम पड़ जाता है, तो **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** को एक नए 'होस्टयूएलबी' की खोज करनी चाहिए या नए 'उपचार सुविधा' के निर्माण के लिए केंद्र के पास अनुरोध भेजना चाहिए।

**23. कर्मियों का प्रशिक्षण** लाइसेंस प्राप्त आपरेटर फीकल स्लज एवं सेटेज की फीकल स्लज निकासी, ढुलाई और निस्तारण में तैनात कर्मचारियों के सावधिक प्रशिक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।

**24. कर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच:–** यह सुनिश्चित करने का दायित्व लाइसेंसधारी आपरेटर का होगा कि प्रत्येक नियुक्त कर्मी का साल में कम से कम एक बार स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए और उसका रिकार्ड निकाय को दिया जना चाहिए, जिसमें विफल रहने पर लाइसें सुधारी आपरेटर को समय–समय पर अधिसूचित दंड का भुगतान करना पड़ सकता है।

**25. बीमा** लाइसेंस धारी आपरेटर द्वारा काम पर रखे गए कर्मियों का प्रोहिबिशन आफ एम्प्लायमेंट एजमैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहेबिलिटेशन एक्ट, 2013 और 2003 की रिट याचिका संख्या 583 (सफाई कर्मचारी आंदोलन तथा अन्य बनाम भारत संघ तथा अन्य) में फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी, ढुलाई और निस्तारण की प्रक्रिया के दौरान दुर्घटना की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 27–03– 2014 के आदेश के तहत पीड़ितों अथवा उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को दिए जाने वाले मुआवजे को कवर करने के लिए बीमा किया जाएगा!

**26. लाइसेंस रद्द किया जाना** इन उप विधि सहित हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोजगार निषेध और उनका पुनर्वास एक्ट, 2013 के किसी भी प्रवधान के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंसधारी आपरेटर समय–समय पर अधिसूचित दंड के भुगतान करने का भागी होगा, जिसमें लाइसेंस रद्द किया जाना और निष्पादन गारंटी का अपहार शामिल है जो शहरी स्वच्छता समिति (CSC) अथवा विनिर्दिष्ट अधिकारी (अधिकारियों) की सिफारिश के मुताबिक होगा।

**अध्याय VI**

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार और पुन: उपयोग/निस्तारण**

**27. उपचार / निस्तारण स्थल की पहचान**

i) **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** उस स्थल (स्थलों) की पहचान करेगा और सूचित करेगा जहां लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या नगर पालिका परिषद, इटावा के प्रशिक्षित सफाई कर्मी द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार / निस्तारण किया जाएगा।
ii) उपचार सुविधा के अभाव में **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** आस पास के होस्ट यूएलबी जिसमे सुचारू उपचार सुविधा हो, उनके साथ समझौता ज्ञापन करके उसके सुविधा का इस्तेमाल करेगा (फार्म 4 परिशिष्ट 7)
iii) फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण हेतु निकायकानामा के आस पास के क्षेत्र में 'क्लस्ट रयूएलबी' की अनुपस्थिति की स्थिति में, उपचार के बुनियादी ढांचे (खंड 28) के निर्माण तक एक अंतरिम निस्तारण योजना का विकल्प चुना जा सकता है।

**28. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए अवसंरचना का निर्माण नगर पंचायत लखना, (इटावा)** जरूरी आधार भूत ढांचा तैयार करेगा (यदि) (यदि अनुप्रयोज्य हो तो आदर्श उपचार संयंत्र की व्यवस्था होने तक अंतरिम उपचार बुनियादी ढांचा भी) और पंजीकृत वाहनों द्वारा लाए गए फीकल स्लज एवं सेप्टेज के उपचार / निस्तारण की सुविधा के लिए अधिसूचित स्थल यास्थलों पर आवश्यक उपकरण प्रदान करेगा।

**29. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति**

i). फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे संबंधित उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने के लिए नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों (लिंग तटस्थ) को नियुक्त किया जाएगा। यदि निकाय के पास उपचार सुविधा है यानी होस्ट यूएलबी
ii) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे अंतरिम उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने या इसे 'होस्ट यूएलबी' के उपचार सुविधा में भेजने के लिए निकाय प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त कर्मचारी (किसी भी लिंग का हो सकता है) नियुक्त करेगा। यदि निकाय के पास उपचार सुविधान हीं है यानी आप क्लस्टर यूएलबी का हिस्सा है।

**30. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने का समय** (निकाय (या फिर यदि लागू हो तो होस्ट यूएलबी), द्वारा नियुक्त कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर समय–समय पर निकाय (या होस्ट्यूएलबी लागू हो) द्वारा अधिसूचित अवधि के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त किया जाएगा।

**31. औद्योगिक अपशिष्ट जिनकी अनुमति नहीं है** अधिसूचित स्थल पर औद्योगिक अपशिष्ट वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**32. फीकल स्लज एवं सेप्टेज पर प्रशिक्षण नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को अधिसूचित स्थल पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और उपचार / निस्तारण करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

**33. उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज का दुबारा इस्तेमाल** निकाय किसानों को अनुपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज के कृषि अनुप्रयोग के स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा और उन्हें उपचार सुविधा से उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करेगा।

**अध्याय vii**

**प्रशासन और प्रवर्तन**

**34. प्रशासन और प्रवर्तन**

i) इन नियमों की प्रशासनिक और प्रवर्तक शक्तियाँ अधिशासी अधिकारी विधिवत अधिकृत निकाय के अभिहित अधिकारी के पास रहेंगी।
ii) **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** फीकल स्लज की निकासी, ढुलाई या उपचार की सेवाएं प्रदान करने के लिए समय–समय पर निर्धारित और अधिसूचित उपयोगकर्ता शुल्क (यूज़रफ़ीस) लगा सकता है। लागत वसूली सुनिश्चित करने के लिए उपयोगकर्ताओं को इन सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा। **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** शहरी स्वच्छता समिति (CSC) का गठन करेगा जो निकाय प्रशासनिक क्षेत्र में समग्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज का पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित करेगा।
iV) **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी ढुलाई के लिए सुरक्षित तरीके सुनिश्चित करने के लिए एक इमर्जन्सी रिस्पोंस सेनिटेशन यूनिट (ईआरएसयू) नियुक्त करेगा।

**35. जांच के लिए विशेष शक्ति** इन उप विधियों के प्रभावी तरीके से लागू करनेऔर प्रवर्तन के उद्देश्य से, **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** के पास किसी भी समय किसी भी परिसर में, परिवहन वाहनों और फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार सुविधा के निरीक्षण की शक्ति होगी।

**36. नियम उल्लंघन और जुर्माना**

i) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने पर व्यक्ति को नियम अनुपालन के लिए नोटिस भेजा जाएगा।
ii) किसी भी व्यक्ति पर इन नियमों के तहत दंडात्मक प्रावधान लागू होंगे, यदि ऐसा व्यक्ति – (क) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करता है या उसका पालन करने में विफल रहता है (ख) इन विनियमों के तहत किसी भी शक्ति के प्रयोग या किसी कर्त्तव्य निष्पादन में निकाय के एक अधिकृत अधिकारी या अन्य अधिकारी के काम में बाधा डालता है, या हस्तक्षेप करता है (ग) किसी भी ओएसएस / सीवर की हाथ से फीकल स्लज निकासी की प्रक्रिया संचालित कराता है।
iii) इन उपविधियों के प्रावधानों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को परिशिष्ट–8 में उल्लेखित राशि की सीमा तक दंडित किया जाएगा और उचित कानून के तहत मुकदमा चलाया जाएगा और जैसा भी मामला हो, दोषी पाए जाने की स्तिथि में एफएसएस निकासी/ ढ़ोने के वाहन भी ज़ब्त हो सकता है।
iv) जो कोई भी, किसी भी मामले में, जिसमें दंड परिशिष्ट 3 में स्पष्ट रूप से प्रदान नहीं किया गया है, दोषी पाया जाता है, समय–समय पर **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** द्वारा तय किए जाने वाले जुर्माने के साथ दंडनीय होगा।
v) संदेह दूर करने के लिए, यह घोषित किया जाता है कि इन उपविधियों की कोई भी बात किसी भी व्यक्ति को उस समय लागू किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम या इन उपविधियों के तहत दंडनीय कोई कार्य के लिए या चूक के लिए उसके तहत मुकदमा चलाने, दंडित करने से नहीं रोकेगा।

37. **अपील**– निकाय के अधिकृत अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति इन उपविधियों के तहत अधिशासी अधिकारी के पास इस तरह के निर्णय के विरुद्ध अपील (इन उपविधियों के फार्म 5 में संलग्न प्रारूप में)
कर सकता है (परिशिष्ट–9 देखें)

**38. विवाद समाधान उपविधि–** इन उप विधियों के क्रियान्वयन के संदर्भ में उत्पन्न किसी भी विवाद का समाधान केवल शहर **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** के अधिकार क्षेत्र वाले सक्षम न्यायालय द्वारा भारतीय कानूनों के तहत किया जाएगा।

**39. फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपविधियों में संशोधन**–मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यकता पड़ने पर निकाय के पास फीकल स्लज एवं सेटेज उपविधियों में संशोधन करने का अधिकार होगा।

**परिशिष्ट–1**

(खंड 2 (xxiii), 3 iii) और 5 (i) देखें)

**सेप्टिक टैंक का डिजाइन**

सेप्टिक टैंक स्थापित करने के लिए बी आईएस कार्य संहिता प्रदान करता है (आईएस 2470 (भाग 1, 1985)। सेप्टिक टैंक के निर्माण के लिए यह कुछ मान्यताओं के आधार पर डिजाइन मानदंड प्रदर्शित करता है। छोटे और बड़े क्षेत्रों के लिए यह आबादी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन इंस्टालेशन का विवरण प्रदान करता है। केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी संगठन, एमओएचयूए के अनुसंधान प्रभाग द्वारा प्रकाशित सीवरेज और मल जल उपचार पर मैनुअल के भाग ए में ओएसएस पर व्यापक डिजाइन मानक दिए गए हैं। प्रचलित और सुरक्षित साइट स्वच्छता के लिए इस खंड में तकनीकों के मानक डिजाइन बताए गए हैं। साथ ही, भारत में सेप्टिक टैंक को आम तौर पर काले पानी के लिए ही हाइ लाइट किया जाता है।

**सेटिक टैंक के विनिर्देशन**

**अयाताकार: ला0 और चौडाई का अनुपात 2 से 4**

- गहराई: 1.0 से 2.5 मी. के बीच
- दो कक्ष: पहला कक्ष कुल लंबाई का 2/3
- तीन कक्ष: पहला कक्ष कुल लंबाई का आधा
- मशीन छेद (मैनहोल) प्रत्येक कक्ष के ऊपर
- निर्विवाद, टिकाऊ और स्थिर टैंक

**सेप्टिक टैंक का अनुशंसित आकार**

| उपयोग कर्ता की संख्या | लंबाई (मी.) | चौड़ाई (मी.) | द्रव की गहराई (सफाई अंतराल) (मी.) |
|---|---|---|---|
| | | | दो वर्ष |
| 5 | 1.5 | 0.75 | 1.05 |
| 10 | 2 | 0.90 | 1.40 |
| 15 | 2 | 0.90 | 2.00 |
| 20 | 2.3 | 1.10 | 1.80 |

नोट :1– सेप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरल प्रवाह) पर आधारित होता है, सेप्टिक टैंक के आकार का चयन करते समय सटीक गणना की जानी चाहिए। इस बारे में जानकारी के लिए, कृपया बीआईएस 2470 (भाग 1), 1985 देखें!
नोट 2– फ्री बोर्ड के लिए 300 मिमी का प्रावधान रखना चाहिए।
स्रोत: सीवरेज और मल जल उपचार पर मैनुअल – भा गए: इंजीनियरिंग। सीपीएचईईओ, 2012

**परिशिष्ट–2**

**(खंड 14 (i) और 5 (iii) देखें)**

**नगर पंचायत बकेवर, इटावा में फीकल स्लज निकासी और सेप्टेज की ढुलाई सेवा के लिए उपयोगकर्ता शुल्क यूज़र फ़ीस की सूची अनुमानित**

| क्र.सं. | श्रेणी | रु. में शुल्क की सीमा (प्रतिट्रिप 3000 लीटर तक) |
|---|---|---|
| 1 | कच्चाघर /झोंपड़ी | 350–450 |
| 2. | टिन शेड प्रकार का घर | 750–850 |
| 3. | सभी अन्य घर (पक्का घर) | 1200–1700 |
| 4. | दुकान | 1500–1800 |
| 5. | सभी सरकारी/निजी कार्यालय | 1800–2200 |
| 6. | बैंक | 2000–2500 |
| 7 | सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय | 800–1200 |
| 8. | रेस्टोरेंट | 2000–2500 |
| 9. | होटल/गेस्टहाउस (01 से 10 कमरे) | 2000–2500 |
| 10. | होटल/गेस्टहाउस (11 से 20 कमरे | 2500–2800 |
| 11. | होटल/गेस्टहाउस (20 से अधिक कमरे) | 3000–3200 |
| 12. | धर्मशाला (1 से 25– कमरे) | 1200–1600 |
| 13. | धर्मशाला (25 से अधिक कमरे) | 1800–2200 |
| 14 | 3– स्टारहोटल | 2800–3000 |
| 15. | 5– स्टारहोटल | 3500–4000 |
| 16. | सरकारी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 1000–1200 |
| 17. | सरकारी स्कूल/कालेज (1000 से अधिक छात्र) | 1200–1500 |
| 18 | निजी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 1800–2000 |
| 19 | निजी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 2500–3000 |
| 20. | 2 व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 1800–2000 |
| 21. | 2– व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 2800–3000 |
| 22. | 4– व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 2500–3000 |
| 23 | 4– व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 3500–4000 |
| 24. | मल्टीप्लेक्स | 2000–2500 |
| 25. | छात्रावास (01 से 10 कमरे) | 1800–2200 |
| 26. | छात्रावास (11 से 20 कमरे ) | 2200–2500 |
| 27. | छात्रावास (21 से 50 कमरे ) | 2500–2800 |
| 28. | छात्रावास (50 से अधिक कमरे) | 3000–3200 |
| 29 | विवाह हाल / बैंकेट हाल | 2500–3500 |
| 30. | बार | 2500–3000 |
| 31. | सरकारी अस्पताल (20 बेड तक) | 1800–2500 |
| 32. | सरकारी अस्पताल (20 से अधिक बेड) | 2800–3000 |
| 33 | नर्सिंग होम / क्लीनिक (20 बेड तक) | 1800–2000 |
| 34. | नर्सिंग होम/ क्लीनिक (20 से अधिक बेड) | 2200–2500 |
| 35. | पैथलाजिकल लैब | 1500–2000 |
| 36. | निजी अस्पताल (20 बिस्तर तक) | 2500–2800 |
| 37. | निजी अस्पताल (21–50 बिस्तर तक) | 2500–3000 |
| 38. | निजी अस्पताल (50 बिस्तर तक) | 3500–4000 |
| 39. | राइसमिल / अन्य मिल | 2000–2500 |
| 40 | क्षेत्र में कोई भी उद्योग | 3000–4000 |
| 41 | क्षेत्र से बाहर कोई भी उद्योग | 2000– 2500 |

**नोट: 1–** उपयोगकर्ता शुल्क (यूज़रफ़ीस) की इन सीमाओं में निकाय द्वारा समय–समय पर संशोधन किया जा सकता है।

**परिशिष्ट– 3** (खंड: 7 (vii) देखें)

## एक नजर

### झूलेलाल मंदिर में 8 दिन चलेगा गुरु पाठ

**इटावा।** श्रीगुरुनानक जयंती के उपलक्ष में 9 नवंबर को श्री झूलेलाल मंदिर में प्रात: 9 बजे गुरु के पाठ की गद्दी होगी। पूरे दिन गुरु के पाठ का सिमरन होगा। यह स्मरण 15 नवंबर गुरुनानक जयंती लगातार आठ दिनों तक चलता रहेगा। 15 नवंबर श्री गुरुनानक जयंती पर दोपहर 12 बजे गुरु पाठ की समाप्ति होगी। इसके बाद प्रसाद का भोग पड़ेगा। श्री झूलेलाल सिंधी पंचायत के अध्यक्ष लाली भाई बुलानी ने बताया कि प्रात: 9 बजे सबद-कीर्तन, आरती और सायं 7 बजे सबद-कीर्तन आरती होगी। उन्होंने सभी धर्म प्रेमियों से निवेदन किया कि गुरु के पाठ का प्रतिदिन श्रवण करें और मत्था टेकें।

### स्वायत्त कर्मचारी परिषद का अधिवेशन अगले माह

**इटावा।** राज्य स्वायत्त शासन कर्मचारी परिषद उत्तर प्रदेश का द्विवार्षिक 25 वा प्रांतीय अधिवेशन छह दिसंबर को नगर पंचायत गोसाईगंज जनपद अयोध्या में परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष कुशल पाल सिंह की अध्यक्षता में होगा, जिसमें प्रदेश की निकायों से भारी संख्या में कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। प्रांतीय महामंत्री राजीव यादव ने बताया कि अधिवेशन कार्यक्रम में प्रदेश के निकाय कर्मचारियों की 15 सूत्रीय मांग पत्र पर चर्चा होगी। उन्होंने प्रदेश की निकायों के कर्मचारियों से अधिवेशन कार्यक्रम में समय से पहुंचने की अपील की है।

### लखना में फुटपाथ पर लग रहीं सब्जी की आढ़तें

**बकेवर।** लखना में सब्जी आढतों के लिए जगह आवंटित होने के बावजूद बाईपास तिराहे के पास सड़क के दोनों ओर फुटपाथ पर लगने वाली सब्जी आढ़तों पर ई रिक्शा खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रहती है। स्कूल जाने वाले छात्र छात्राओं को भारी परेशानी होती है। सब्जी मंडी में सब्जी आढतों को किराये पर मंहगे दामों में उठाकर अनाधिकृत रुप से बाईपास तिराहे के पास मुख्य सड़क पर सुबह के समय आढ़तें लगाते हैं। वहां पर ई रिक्शा, लोडर वाहनों के खड़े होने से जाम की स्थिति बनती है। स्कूल जाने वाले छोटे छोटे छात्राओं को पैदल निकलने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। यहां पर स्थानीय पुलिस चौकी के द्वारा इन वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है।

### लाइनपार रात में 3 घंटे गुल रही बिजली

**इटावा।** शहर के लाइनपार क्षेत्र में फ्रेंड्स कालोनी, अशोक नगर, रामनगर फीडर की बिजली सप्लाई रात में तीन घंटे बंद रहने के कारण लोग खासे परेशान रहे। रात में करीब सवा 12 बजे लाइनपार क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। शुरू में यह लगा कि कुछ देर में बिजली आ जाएगी, लेकिन जब नहीं आई तो लोग परेशान हुए। बिजली गुल होने की सूचना पर बिजली विभाग सक्रिय हो गया और रात में ही बिजली व्यवस्था बहाल किए जाने की कवायद शुरू हो गई। काफी मशक्कत के बाद रात तीन बजकर 20 मिनट पर बिजली सप्लाई बहाल कर दी गई। तब लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान किसी तरह इनवर्टर से काम चलाया।

### 116 बकाएदारों के काटे गए बिजली के कनेक्शन

**इटावा।** बिजली विभाग की ओर से बकाया बिलों की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बकाया बिल जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं। गुरुवार को अधिशाषी अभियंता हनुमान प्रसाद मिश्रा के निर्देशन में उपखंड अधिकारियों गगन अग्निहोत्री, पीयूष मौर्या व आनंद पाल सिंह के नेतृत्व में तीन टीमों ने यह अभियान चलाया। इसके तहत शहर के अलग अलग हिस्सों में कुल 116 उपभोक्ताओ ने अपना बिजली का बकाया बिल जमा नहीं किया तो उन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए। इनके कनेक्शन अब तभी जोड़े जाएंगे जब बकाया बिल जमा हो जाएगा। इसके साथ ही अभियान के दौरान कुछ उपभोक्ताओ ने अपने बिल इन टीमों को जमा किए। इसके चलते गुरुवार को तीनो टीमों ने 9 लाख 23 हजार रुपये के बिजली बिल जमा कराए।

### ट्रक से लोहे की चादर गिरने से किशोर गंभीर घायल

**इकदिल।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर इकदिल थाना क्षेत्र में मानिकपुर मोड़ बंबा के पास चाय की गुमटी के पास ट्रक से लोहे के चादर की कॉइल गिरने से चाय पी रहा किशोर घायल हो गया। हमीरपुर जिले के चिकासी थाना क्षेत्र में परौली खरला गांव का रहने वाला भागीरथ अपने परिवार के साथ ईंट भट्ठे पर पथाई का काम करता है। उसका का 16 साल का बेटा विजय गुरुवार सुबह चाय पीने के लिए गुमटी गया था, तभी कानपुर के तरफ से आए लोहे की चादर कॉइल से लोड ट्रक अनियंत्रित हो गया और उसमें लदी लोहे की कॉइल गुमटी के पास गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक ड्राइवर कासिम खान ने बताया कि वह कानपुर से फरीदाबाद लोहे के चादर की कॉइल लेकर जा रहा था।

# किशोरी से छेड़छाड़ में दो को 3 साल का कारावास

## शहर कोतवाली क्षेत्र में 24 अक्टूबर 2020 को हुई थी घटना

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- मंदिर के गेट पर दो युवकों ने की थी छेड़छाड़
- विरोध पर की थी मारपीट, भीड़ ने दोनों को दबोचा था



**अमृत विचार।** शहर के काली बांह मंदिर में पिता और छोटी बहन के साथ दर्शन करने गई किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले दो दोषियों को अदालत ने तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

यह घटना चार साल पहले शहर कोतवाली क्षेत्र में हुई थी। शहर के एक मोहल्ले रहने वाली 17 और 16 साल की बहनें अपने पिता के साथ 24 अक्टूबर 2020 को काली बांह मंदिर में दर्शन करने के लिए गई थीं। मंदिर में दर्शन करने के बाद शाम करीब साढ़े चार बजे दोनों बहनें अपने पिता के साथ शहर आने के लिए मंदिर के गेट पर खड़े होकर टेंपो का इंतजार कर रहीं थीं। इसी बीच दो लड़के वहां आ धमके और बड़ी बहन के साथ छेड़छाड़ और अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर दोनों ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

पिता ने साहस दिखाते हुए उनको पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन दोनों भागने लगे। इसी बीच आसपास मौजूद लोगों के सहयोग से दोनों युवकों को पकड़ लिया गया और पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने अपने नाम शेरब उर्फ लक्की और उस्मान निवासी विशुनबाग बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था।

इस मामले की सुनवाई पॉक्सो एक्ट कोर्ट में हुई। पीड़ित पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक दशरथ सिंह चौहान ने पैरवी की। अभियोजन की ओर से पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर न्यायाधीश यज्ञेशचंद्र पांडेय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दोनों युवकों को दोषी ठहराया और दोनों अभियुक्तों को तीन- तीन साल की सजा और एक-एक हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

# सफारी में अठखेली करते दिखेंगे लेपर्ड

कार्यालय संवाददाता, इटावा



सफारी में मौजूद लेपर्ड। अमृत विचार

- पर्यटकों को लुभाने के लिए फिलहाल दो लेपर्ड को कराया जा रहा रिहर्सल

**अमृत विचार।** इटावा सफारी पार्क में पर्यटकों को खुले में उछल कूद करते हुए लेपर्ड दिखाए जाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए लेपर्ड को रिहर्सल कराया जा रहा है। पहले चरण में दो लेपर्ड के दीदार कराई जाएंगे। अभी लेपर्ड सफारी में लेपर्ड के दीदार तो कराई जा रहे हैं लेकिन वह खुले में नहीं है। अब लेपर्ड खुले में उछल कूद करते हुए दिखाए जाने की तैयारी है।

इटावा सफारी पार्क में सर्वाधिक आकर्षण शेरों का है और शेरों की खुले में दीदार कराई जाने लगे हैं। अब शहर खुले में विचरण करते हैं और पर्यटक बंद बसों में उनका दीदार करते हैं। अब इसी तरह से लेपर्ड के दीदार भी कराए जाएंगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। ऐसी संभावना है कि इस महीने के अंत तक यह नई व्यवस्था लागू कर दी जाएगी।

जल्द ही पर्यटकों को सफारी में खुले में उछल-कूद करते हुए लेपर्ड के दीदार होंगे। सफारी प्रशासन उसके लिए पूरी तैयारी कर रहा है। शुरुआती दौर में दो लेपर्ड को छोड़े जाने की व्यवस्था की गई है। उसके बाद दो अन्य लेपर्ड को भी छोड़ा जाएगा। इन्हें खुले में छोड़े जाने से पहले रिहर्सल कराया जा रहा है। सफारी के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर विनय सिंह ने बताया कि सफारी प्रशासन पूरी तैयारी कर रहा है और जिन लेपर्ड को खुले में रखा जाएगा, उनको रिहर्सल कराया जा रहा है।

## सार-संक्षेप

### सिद्धचक्र महामंडल विधान की आमंत्रण पत्रिका भेंट की



अपर मुरव्य अधिकारी को आमंत्रित पत्रिका देते विमल और अभिनंदन।

**इटावा।** शहर से 12 किलोमीटर दूर श्री अजितनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बल्लभपुर बरही में अष्टान्हिका महापर्व के उपलक्ष्य में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ रथ यात्रा महोत्सव 8 नवंबर से 16 नवंबर तक होगा। क्षुल्लिका श्री 105 सुअथेष्ट माता जी का सानिध्य विधानचार्य पं मुकेश कुमार जैन शास्त्री, संगीतकार धीरज एंड पार्टी व शास्त्र प्रवचन अनिल जैन करेंगे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश जैन करेंगे। प्रात :काल श्रीजी अभिषेक व शांतिधारा पीले वस्त्र धारण कर मुकुट माला पहनकर इंद्र बनकर की जाएगी। आयोजन के संबंध में समाचार पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष एवं पत्रकार विमल जैन, मीडिया प्रभारी अभिनंदन जैन नंदू ने सिद्धचक्र महामंडल विधान कमेटी की तरफ से जिला पंचायत की अपर मुख्य अधिकारी स्वाति जैन को आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रित किया। इस आयोजन में पूर्व अध्यक्ष प्रभुदयाल जैन, महावीर प्रसाद जैन, नरेश जैन, महेश चंद्र जैन, अंकित जैन और सकल दिगंबर जैन समाज की मौजूदगी रहेगी।

### गेहूं के बीज पर मिल रही 50 प्रतिशत नकद छूट

**जसवंतनगर।** सरकार ने पहली बार गेहूं के बीज पर पचास फीसदी नकद छूट की योजना चलाई है। किसानों को इस योजना का भरपूर लाभ उठाना चाहिए। गेंहू के चुनिंदा किस्मों के बीज य ब्लॉक परिसर स्थित राजकीय बीज भंडार पर उपलब्ध हैं। सहायक विकास अधिकारी कृषि बलवीर सिंह ने बताया कि राजकीय बीज भंडार पर प्रमाणित एवं आधारीय दोनों तरह के बीज उपलब्ध हैं। गेंहू की प्रजाति डी बी डबल्यू 303 एवं डी बी डबल्यू 222 का स्टाक उपलब्ध है। ब्लाक जसवंतनगर को 580 क्विंटल प्रमाणित बीज तथा 60 क्विंटल आधारीय बीज का लक्ष्य प्राप्त है। उन्होंने बताया कि प्रमाणित बीज का मूल्य 4395 रुपये और आधारीय बीज का मूल्य 4595 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है। किसानों को यह बीज आधे दामों पर उपलब्ध होगा। इसमें प्रदेश सरकार की ओर से गेंहू के इन बीजों पर 50 प्रतिशत का नकद अनुदान दिया जा रहा है। इच्छुक किसान शीघ्र योजना का लाभ उठाते हुए बीज क्रय करें।

### गायन में सुनैना, अमन और नितिन बने विजेता

**बकेवर।** जनता कालेज बकेवर के एक्टिविटी और कल्चरल क्लब के तत्वावधान में सांस्कृतिक सप्ताह के प्रथम दिवस पर एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आर्यन गोयल, मोहिनी, तृप्ति, दीपाली मिश्रा, मनीषा, प्रज्ञा ओझा, निखिल, सुनैना, सौरभ गुप्ता, नितिन शुक्ल, अमन, दीपेंद्र आदि छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल में प्राध्यापक डॉ. इंदु बाला मिश्रा, डॉ. ज्योति भदौरिया, डॉ. एसकेएस चंदेल, डॉ. आनंद कुमार सिंह आदि के निर्णय से सुनैना बीएससी तृतीय सेमेस्टर ने प्रथम, अमन कुमार बीएससी कृषि तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय और नितिन शुक्ला बीएससी प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य प्रो. आरके त्रिपाठी ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षणेत्तर गतिविधियों में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने पर बल दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. डीजे मिश्र के निर्देशन में प्रभारी डॉ. अभिषेक प्रताप सिंह के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद शर्मा, डॉ. सत्यार्थ प्रकाश मौर्य, डॉ. दिव्यांशु पांडेय, इंजी. अजीत प्रताप अग्निहोत्री, डॉ. शैली यादव, इरम सलीम आदि प्राध्यापकों की उपस्थिति एवं सहयोग रहा। संचालन मुख्य संयोजक डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र ने किया।

### समस्याओं को सुनकर दिया निस्तारण का भरोसा

**जसवंतनगर।** शासन के आदेशानुसार बीडीओ श्वेता गर्ग ने मनरेगा में होने वाली समस्याओ के निस्तारण के लिए महिला मेटों के साथ बैठक की। शासन की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी दी। उनकी समस्याओं को सुनकर जल्द से जल्द निस्तारण का भरोसा दिया। बैठक में उपस्थित अलग अलग ग्राम पंचायत की महिला मेटों ने बताया कि मनरेगा के श्रमिकों का पैसा आधार कार्ड लिंक होने के बाद भी अभी तक नहीं आया है। जिससे हम लोगों को परेशानियां हो रही हैं। हाजिरी लग जाने के बाद भी खातों में पैसा नहीं आ रहा है। त्यौहार भी निकल गया मानदेय नहीं मिला है। इसलिए हम लोगों को परेशानियां हो रही है। इस बैठक में महिला मेट कंचन, सावित्री, मीना देवी, शीतल देवी, विनीता, गीता देवी, सुनीता देवी, शशि, रूबी आदि दर्जन भर महिला मेट मौजूद रही।

### प्रदर्शनी, मॉडल प्रतियोगिता के साथ होगा शैक्षिक भ्रमण

**इटावा।** माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालय की कक्षा दसवीं से कक्षा 12वीं तक के छात्रों को वैज्ञानिक रूप से जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत प्रदर्शनी लगवाई जाएगी। मॉडल प्रतियोगिता होगी और छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण भी कराया जाएगा। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार की ओर से संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए निर्देश जारी कर दिए गए हैं। विज्ञान क्लब इटावा के जिला समन्वयक डॉ. मुकेश यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम 13 नवंबर से शुरू होकर माह के अंत तक किए जाएंगे। कार्यक्रमों की आयोजन की पूरी रूपरेखा तय कर ली गई है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन का कार्यक्रम 13 नवंबर को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सैफई में होगा। 16 नवंबर को अंधविश्वास के प्रति वैज्ञानिक आख्या व्याख्या संबंधी कार्यक्रम राजकीय बालिका इंटर कॉलेज जसवंत नगर में तथा विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता 20 नवंबर को इस्लामिया इंटर कॉलेज इटावा में कराई जाएगी। वैज्ञानिक जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों के क्रम में 26 नवंबर को नव प्रवर्तन प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी जीआईसी में लगेगी। नवंबर के अंतिम सप्ताह में छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा।

# खाद की किल्लत सरकार की विफलता: मुकुट सिंह

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** रबी सीजन के लिए पर्याप्त स्टाक नहीं रखने के कारण किसान खाद की कमी से जूझ रहे हैं। उत्पादन पर विपरीत प्रभाव से आशंकित है। तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा कालाबाजारी और नकली खाद बिक्री पर कड़ाई से रोक लगाई जाए।

अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त सचिव एवं किसान सभा के महामंत्री मुकुट सिंह ने कहा कि सरकार खाद की आपूर्ति के लिए उपाय करने के बजाय नैनो डीएपी के प्रचार पर लगी हुई है। इन खादों का प्रभाव संदिग्ध है। उन्होंने सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि रबी सीजन के लिए पर्याप्त स्टाक रखने की योजना न बनाये जाने के कारण हालात बेकाबू है। वर्ष 2023 में अप्रैल से सितम्बर के दौरान 34.5 लाख टन के विपरीत इस वर्ष इसी अवधि में केवल 19.7 लाख टन आयात किया गया है। उन्होंने कहा कि घरेलू उत्पादन में भी गिरावट आई है। एक अक्टूबर 2024 को अनुशंसित 27.30 लाख टन के मुकाबले केवल 16.16 लाख टन स्टाक में थी। दिसम्बर तक अनुमानित मांग 60 लाख टन है।

# हादसे में सिक्योरिटी गार्ड की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर सुबह हुआ हादसा



रामशरण।

**अमृत विचार।** साइकिल सवार सिक्योरिटी गार्ड को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार से पहले ही उसकी मौत हो गई। मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

शहर के थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र की शांति कॉलोनी में रहने वाले 55 वर्षीय रामशरण इसी हाईवे पर स्थित एक पब्लिक स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहे थे। रोजाना की तरह गुरुवार की सुबह छह बजे वह साइकिल से अपनी ड्यूटी के लिए जा रहे थे। हाईवे पर आईटीआई कट के पास पहुंचे ही थे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उनकी साइकिल को रौंद दिया। इससे साइकिल के परखच्चे उड़ गये और उनको गंभीर चोटें आयीं। राहगीरों ने घटना देखी तो तत्काल एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में एंबुलेंस की सहायता से पुलिस ने घायल रामशरण को जिला अस्पताल पहुंचाया। डाक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। शिनाख्त कर पुलिस ने परिजनों को जानकारी देकर बुलाया। परिवार के लोग रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंचे। बेटे आदर्श ने बताया कि वह घर में इकलौता भाई और दो बहने हैं। दोनों बहनों की शादी हो चुकी है। परिवार में पिता अकेले ही कमाने वाले थे। उधर हादसे के चलते हाईवे पर एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने जैसे तैसे रास्ता साफ कराया। सिविल लाइन थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि हादसे में अधेड़ की मौत होयी है। हादसे को अंजाम देने वाला ड्राइवर वाहन लेकर भाग निकला था। सीसीटीवी कैमरों की मदद से तलाश की जा रही है।

# बागपत को हरा दतिया ने जीती ट्रॉफी

संवाददाता, बकेवर

- बकेवर महोत्सव में कबड्डी का फाइनल मुकाबला

**अमृत विचार।** सत्या देवी बिट्टा कुंवर संस्थान के तत्वावधान में आयोजित बकेवर महोत्सव में अखिल भारतीय कबड्डी का फाइनल मैच दतिया क्लब और अभिनव क्लब बागपत के बीच खेला गया। दतिया क्लब ने 36-15 के अंतर से जीत दर्ज कर ट्राफी हासिल की। बेस्ट रेडर मंजीत सिंह गुर्जर व बेस्ट कैचर विक्की को चुना गया।

फाइनल मैच का उद्घाटन पूर्व सांसद प्रेमदास और मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक चौबे ने दोनों टीमों के कप्तानों का हाथ मिलवाकर कराया। फाइनल में दोनों टीमों के बीच काफी रोमांचक मुकाबला हुआ। इससे पूर्व पहले सेमी फाइनल मैच में अभिनव क्लब बागपत एवं बजरंग क्लब अहेरीपुर और दूसरा सेमी फाइनल मैच शातिर क्लब औरैया एवं दतिया क्लब के बीच हुआ, जिसमें दतिया और बागपत की टीमों ने अपने-अपने प्रतिद्वंद्वी को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मुकाबले में बाहुबली क्लब दतिया ने अभिनव क्लब बागपत को करारी शिकस्त दी। विजेता टीम के कप्तान मनदीप गुर्जर को पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया ने ट्राफी भेंट की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेला कमेटी की ओर से विजेता टीम को 11,000 रुपये और उप विजेत टीम को 51,00 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।



विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी देते पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया और अशोक चौबे।



सम्मानित हुए मेधावी बच्चों के साथ कुर्मी महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

# कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने मनाई पटेल जयंती

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की ओर से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 149वीं जयंती मनाई गई। समारोह में महासभा के वरिष्ठ सदस्य मोहनलाल वर्मा, संस्थापक अध्यक्ष अखिल भारतीय महिला शक्ति एसोसिएशन कानपुर हेमा पटेल उपस्थित हुईं। दोनों अतिथियों ने कर्म क्षेत्र डिग्री कालेज में अशोक के पौधे रोपे।

पक्का तालाब चौराहे पर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में डा ज्योति वर्मा ने आध्यात्मिक शैली में काव्य पाठ किया। बच्चों ने नृत्य गायन एवं वादन प्रस्तुत किए। श्रीकृष्ण वर्मा ने कंस की भूमिका में मुरली मनोहर नाटक की झांकी प्रस्तुत कर मन मोह लिया। आबकारी निरीक्षक प्रेमनारायण निरंजन मौजूद रहे। 9 लोगों ने आजीवन सदस्यता ली, जिन्हें अरुण वर्मा दायित्व सौंपा। डा स्नेहलता उमराव, देवराज पटेल, सनद कुमार पटेल, अजय कुमार पटेल, रमेश कुमार चौधरी, विजय कुमार सिंह, बबिता सिंह, शिल्पा सिंह, सुभाष चन्द्र सिंह, रेखा देवराज पटेल, प्रीति पटेल उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज मोतीझील की बच्चियों ने कार्यक्रम में जोश भरा। पत्रकार नीलकमल वर्मा एवं अभिषेक कुमार को सम्मानित किया गया। अमृषा पटेल ने चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया।

डा अंकित सचान एसोसिएट प्रोफेसर मेडीकल यूनिवर्सिटी सैफई, इंस्पेक्टर कृष्णलाल पटेल विशेष आमंत्रित रहे। स्वागत अरुण वर्मा अध्यक्ष, डा श्रीकांत वर्मा, डा ज्योति वर्मा, मनोरमा वर्मा, गीतांजलि वर्मा, कविता वर्मा, प्रीति वर्मा, डा हरीशंकर पटेल, राजेश कुमार वर्मा, स्वदेश डिस्कोटा, श्रीनिवास वर्मा, अजय वर्मा ने किया। बच्चों को प्रति दिन दो घंटे का नृत्य प्रशिक्षण देने के लिए प्रीति वर्मा को सम्मानित किया गया। अनिल पटेल ने अपनी फिल्म क्रियेटिव संस्था में पुरबिया टोला के बच्चों को निशुल्क प्रवेश की घोषणा की।

**बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण** कार्य स्थल पर बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण यथा फेरा मास्क, टार्च, सुरक्षा वस्त्र, दस्ताने, हेलमेट, आखों हेतु सेष्टी ग्लास, ग्राइड पाइप सेट, ऐयर कम्प्रेसर, आपकी मेडिकल आक्सीजन किट, रेनकोट आदि उपलब्ध होने चाहिए:-

परिशिष्ट-4

**नियम और शर्तें**

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज को केवल एक यूएलबी द्वारा जारी लाइसेंस प्राप्त आपरेटर द्वारा ही संग्रहीत किया जाएगा और ढुलाई की जाएगी।
2. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह और ढुलाई के लिए शुल्क यूएलबी द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा। कोई भी अनुज्ञप्ति धारी आपरेटर घर/संपत्ति के मालिक से निर्धारित शुल्क से अधिक कोई राशि नहीं वसूलेगा।
3. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई यूएलबी द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित वाहनों द्वारा ही किया जाएगा।
4. लाइसेंस धारी आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि संग्रह स्थल से निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज का कोई रिसावन हो।
5. फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।
6. अनुज्ञप्ति धारी केवल निर्दिष्ट शोधन संयंत्र में ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निपटान करेगा।
7. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन पर लाइसेंस की एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।
8. वाहन/टैंकर कर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में सावधानी के साथ "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और मलकुंड अपशिष्ट (हिंदी में) लिखा होगा।
10. प्रभावी सफाई सेवाएं प्रदान करने और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण के लिए लाइसेंस धारी जिम्मेदार होगा।
11. उपरोक्त बिंदुओं में से किसी के उल्लंघन के मामले में लाइसेंस रद्द करने के लिए उत्तरदायी होगा, लाइसेंस धारक की सुरक्षा जब्त कर ली जाएगी और वह इन विनियमों के उल्लंघन के लिए निर्धारित दंड का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

परिशिष्ट – 7

(खंड 21 (i) और 27 (ii) देखें)

**होस्ट यूएलबी तथा बिना उपचार संयंत्र वाले निकाय के बीच समझौता ज्ञापन प्रारूप**

**फार्म 4 :** 'होस्ट यूए लबी' पर उपलब्ध "उपचार संयंत्र' ' में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति के लिए समझौता ज्ञापन !

होस्ट निकाय के उपचार संयंत्र पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति हेतु निकाय**नगर पंचायत लखना, (इटावा)** और होस्ट निकाय (होस्ट निकाय का नाम) के बीच समझौता ज्ञापन के लिए फार्म फीकल स्लज एवं सेप्टेज एवं सेप्टेज प्रबंधन के तहत, एक्स वाई जेड निकाय (संपर्क करने वाले निकाय का नाम) की प्रशासनिक सीमाओं के भीतर घरों, सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों के नियंत्रण से आने वाले फीकल स्लज एवं सेटेज और सेप्टेज (फीकल स्लज एवं सेप्टेज) के सुरक्षित निस्तारण हेतु जरूरी शर्तें पूरा करने के लिए, 'होस्टयूएलबी' **नगर पंचायत लखना, (इटावा)** के प्रशासन के तहत 'उपचार संयंत्र' पर, समझौता !

**उपबंध :-**

**उपबंध' :**

1. यह कि 'प्रथम पक्ष' दिनांक दिन/महीना/वर्ष (प्रारंभ तारीख) से दिन/महीना / वर्ष (प्रारंभ तारीख) तक ''द्वितीय पक्ष'' की प्रशासनिक सीमाओं से उनके उपचार संयंत्र'' पर आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देगा। / वर्ष (अंतिम तिथि)
2. 'प्रथम पक्ष' अपने प्रशासनिक क्षेत्र से आने वाले भार से समझौता करने से बचने के लिए अपने :उपचार संयंत्र' पर फीकल स्लज एवं सेटेज की दैनिक अनुमत मात्रा की जानकारी देगा।
3. यह कि 'द्वितीय पक्ष' समझ के अनुसार 'प्रथम पक्ष' को फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण के प्रति खेप टिपिंग शुल्क के रूप में रु. देने के लिए सहमत है।
4. यह कि 'प्रथम पक्ष' उपचार सुविधा के संचालन का समय, अनुमत पहुंच मार्ग, फीकल स्लज एवं सेप्टेज की अनुमत मात्रा, उपचार सुविधा का रखरखाव बंद आदि आवश्यक विवरण समय-समय पर साझा करेगा।
5. कि उपरोक्त कार्यो को करते समय बीच में जाने वाली किसी भी कठिनाई को दोनों पक्ष मिलकर सौहार्द पूर्ण ढंग से सुलझाएं।
6. कि 'द्वितीय पक्ष' केवल लाइसेंस धारी फीकल स्लज निकासी आपरेटर को प्रथम पक्ष की उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेऐज के निस्तारण की अनुमति देगा।
7. प्रथम पक्ष उपचार सुविधा में उनके लाइसेंस पर द्वितीय पक्ष की मुहर के साथ लाइसेंस धारी आपरेटर का प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

परिशिष्ट-8

| क्रम संख्या | विवरण | खंड संख्या | सांकेतिक फाइन सीमा (रू0 में | जुर्माना (रू0 या किसी अन्य पीनल एक्शन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1.1 | नाला / सड़क / खुले क्षेत्र में अपशिष्ट जल का सीधा / असुरक्षित प्रवाह | 3 | 50-100 | |
| 1.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 3 | 50-100 | |
| 1.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 3 | 10-15 प्रतिदिन | संपत्ति की जब्ती |
| 2.1 | ओएसएस का अवैज्ञानिक डिजायन और निर्माण | 5 | 100-150 | |
| 2.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 5 | 100-150 | |
| 2.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 5 | 10-15 प्रतिदिन | संपत्ति की जब्ती |
| 3.1 | बिना निकाय पंजीकरण के वैक्यूम टैकर परिचालित करना | 6 | 50-100 | |
| 3.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 6 | 50 -100 | |
| 3.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 6 | 150-200 प्रतिदिन | वाहन की जब्ती |
| 4.1 | आकस्मिक बिखराव में भाग लेने के लिए गैर अनुपालन | 16,17 | 1000-1500 | |
| 4.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 16,17 | 1000-1500 | |
| 4.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 16,17 | 300 प्रतिदिन | वाहन की जब्ती |
| 5.1 | एसटीपी से अनुपचारित FSS प्रवाहित करना | 27,28,33 | 5000-10000 | |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत लखना, (इटावा)**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत लखना, (इटावा)**

**कार्यालय नगर पंचायत**
**इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

**अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अनार देवी पत्नी सत्य प्रकाश, निवासीगण कोटी चाँदनपुर तहसील इटावा, जनपद-इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने........ **पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण ....** है। जिसकी सीमा **पूर्व में प्लाट रामनाथ पश्चिम में प्लाट गोविन्द** उत्तर में **रास्ता 15 फीट चौडा दक्षिण में आराजी विकेता..... मोहल्ला श्रीमती बिटोली देवी, पुत्र श्री जगत नारायण** निवासी मोहल्ला-**कुशगवा बादशाहपुर इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल**
**इटावा**

**कार्यालय नगर पंचायत**
**इकदिल (इटावा)**

**नोटिस**

**अन्तर्गत धारा 146 (2) नगर पालिका अधिनियम 1916 के अन्तर्गत द्वारा अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल (इटावा)**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है कि **श्रीमती अर्चना कुमारी, निवासीगण- वालमपुर सराय इकदिल तह0 भर्थना जनपद इटावा** ने एक प्रार्थना पत्र के साथ बैनामा की छाया प्रति/नकल / हलफनामा वसीयत/वारिसान प्रस्तुत की है। उन्होने........ **पूर्व पश्चिम .... उत्तर दक्षिण ....** है। जिसकी सीमा **पूर्व में रास्ता 15 फीट चौडा पश्चिम में नाला गंदा** उत्तर में **प्लाट सावित्री देवी दक्षिण में प्लाट विकेता..... मोहल्ला श्री बाल कृष्ण पुत्र श्री लालमन** निवासी मोहल्ला-**मो0 कछियॉत इकदिल** से क्रय किया गया है। और प्रार्थना है कि उनका नाम मालिक की हैसियत से दर्ज किया जाय। अगर उपरोक्त सम्बन्ध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस नोटिस पत्रासन के तीस (30) दिन के अन्दर अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा वाद-विवाद नोटिस नगर पंचायत किसी आपत्ति पर विचार न कर सकेगी और वांछित नाम अंकित कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल**
**इटावा**

## एक नजर

### मधुमक्खियों के हमले से ग्रामीण घायल

**कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ममापुर निवासी करू 30 वर्षीय अपने खेत में आज सुबह लहसुन बोने गया था। अचानक आए मधुमक्खियों के झुंड को देख कर भागा । तभी मधुमक्खियों ने किसान पर हमला कर दिया । वह गंभीर रूप से घायल हो गया । उसके चिल्लाने पर पहुंचे परिजनों ने किसी प्रकार उसे बचाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### दो ने पीया जहर एक की हालत गंभीर

**कायमगंज।** अलग अलग स्थानों पर नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी आशीष (18) व नरसिंहपुर निवासी दिलीप कुमार (22) ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। उल्टियां होने पर दोनों के परिजनों को जानकारी हुई। दोनों के परिजन सरकारी अस्पताल लाये । जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने दिलीप को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

### मार्ग दुर्घटना में 3 जख्मी

**कायमगंज।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में जनपद कासगंज के थाना सिकंदरपुर वैश्य के गांव वहोरा निवासी अशोक (30) कम्पिल क्षेत्र के गांव पुरौरी निवासी सचिन (20) व मोहित (20) घायल हो गये ।

# 458 करोड़ से प्लास्टिक पुर्नचक्रण इकाई

## प्रति वर्ष वर्ष 18 लाख प्लास्टिक की बोतलों से तैयार होंगी फ्लेक्स और पेट बोतलें

**कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद**



- रिसाइक्लिंग कंपनी को 20 एकड़ भूमि हुई आवंटित अगले साल से होगा उत्पादन

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद में प्लास्टिक बोतल की रिसाइक्लिंग इकाई लगेगी। निष्प्रयोज्य प्लास्टिक बोतलों के पुर्नचक्रण से फ्लेक्स और पेट बोतलें तैयार की जाएंगी। 458 करोड़ रुपये की यह परियोजना यूपीसीडा के औद्योगिक क्षेत्र खेमसेपुर में स्थापित की जाएगी। इसके लिए यूपीसीडा ने कंपनी को 20 एकड़ औद्योगिक भूमि आवंटित करके रजिस्ट्री के बाद भूमि पर कब्जा दे दिया है। अगले माह से कंपनी इकाई का निर्माण कार्य शुरू कर देगी और अगले वर्ष उत्पादन शुरू करने की योजना है।

देश की बहुराष्ट्रीय कंपनी वरूण बेवरेजेज लिमिटेड अमेरिका के बाहर दुनिया में पेप्सिको के पेय पदार्थों की सबसे बड़ी बोतलबंद कंपनी है। यह कंपनी पेय पदार्थ बनाती और बोतल बंद करने के बाद वितरित करती है। थाईलैण्ड की कंपनी इण्डोरामा वेन्चर्स द्वारा वरूण बेवरेजेज द्वारा साफ्ट ड्रिंक्स और पेयजल के लिए प्रयोग की गई बोतलों को रिसाइकिल करके नई बोतलें बनाने के लिए ज्वाइंट वेंचर कंपनी आईडीवीबी रिसाइक्लिंग आपरेशन्स प्रा.लि. के नाम से 458 करोड़ की परियोजना फर्रुखाबाद के खेमसेपुर में स्थापित की जा रही है।

इस इकाई में प्रत्येक वर्ष 18 लाख बोतलों को एकत्र करके 34 हजार मीट्रिक टन रिसाईकिल्ड फ्लेक्स और 48 हजार मीट्रिक टन रिसाइकिल्ड पेट बॉटल्स का उत्पादन किया जाएगा। इस काम से इकाई में 600 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। आईडीवीबी रिसाइक्लिंग आपरेशन्स ने यूपीसीडा से भूमि मिलने के साथ ही इकाई की निर्माण योजना को अंतिम रूप दे दिया है। अगले माह से निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही मशीनरी और उपकरणों के लिए भी आर्डर दिया जा चुका है। कंपनी की योजना एक वर्ष के भीतर उत्पादन शुरू करने की है।

### एक माह में भूमि आवंटन रजिस्ट्री और कब्जा दिया

फर्रुखाबाद में प्लास्टिक बोतल की रिसाइक्लिंग इकाई लगाने के लिए आईडीवीबी रिसाइक्लिंग आपरेशन्स ने तीव्र गति से 20 एकड़ भूमि के आवंटन, रजिस्ट्री और कब्जा दिलाने के लिए यूपीसीडा का आभार जताया है। यूपीसीडा प्रदेश के पिछड़े जिलों में औद्योगिक निवेश स्थापित कराकर स्थानीय रोजगार मुहैया कराने की दिशा में तेजी से जुटा है। इसके लिए जिलों में भूमि बैंक तैयार किया जा रहा है, ताकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था के संकल्प को हासिल किया जा सके। यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी की पहल पर फर्रुखाबाद में 458 करोड़ की परियोजना के लिए कंपनी से प्राप्त आवेदन पर त्वरित निर्णय लेते हुए 1 माह में 20 एकड़ औद्योगिक भूमि का आवंटन और रजिस्ट्री निष्पादित कर भूमि का कब्जा दिया जाना उल्लेखनीय है।

### खेमसेपुर में 1 हजार करोड़ का निवेश धरातल पर उतरा

फर्रुखाबाद के खेमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में यूपीसीडा 65 एकड़ से अधिक भूमि विभिन्न निवेशकों को आवंटित कर चुका है। इससे 1 हजार करोड़ का निवेश आकर्षित हुआ है और संबंधित यूनिटें निर्माणाधीन हैं।

### औद्योगिक क्षेत्र में बेहतर आधारभूत ढांचा तैयार

खेमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में 30 मीटर चौड़ी सड़कें, नालियां, 132केवी सबस्टेशन, सीईटीपी प्लांट, एलईडी स्ट्रीट लाइट्स एवं स्वागत द्वार निर्मित कर यूपीसीडा द्वारा उद्यमियों को बेहतर आधारभूत ढांचा मुहैया कराया जा रहा है।

# कन्हैयालाल पांडे की पुण्य तिथि पर हुई काव्य गोष्ठी

**फर्रुखाबाद।** साहित्यिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था वाणी विनायक की ओर से संस्थापक पंडित कन्हैयालाल पांडेय की चतुर्थ पुण्य तिथि पर काव्यात्मक कार्यक्रम हुआ। नितगंजा स्थित धर्मशाला में आयोजित साहित्यिक अनुष्ठान में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामशंकर अवस्थी अबोध ने की व संचालन वैभव सोमवंशी सुभग ने किया।

काव्य गोष्ठी में गजलकार नलिन श्रीवास्तव, रामोतार शर्मा इंदू, रामशंकर अवस्थी अबोध, महेषपाल सिंह उपकारी, दिनेश अवस्थी, वैभव सोमवंशी, प्रीती तिवारी, उपकार मणि, शुभाशीष पाल आदि ने काव्य पाठ किया। विभिन्न क्षेत्र से विभिन्न उपलब्धियों के चलते विकास पांडेय राजनीति, सुरेंद्र पांडेय को सामाजिक, डॉ. प्रशान्त श्रीवास्तव को चिकित्सा व मोहन अग्रवाल को व्यवसाई व पुरूषोत्तम शुक्ला को श्रुति श्रोता के रूप में सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा मुख्य अतिथि एवं सभी कवियों को भी सम्मानित किया गया।



बाहिदपुर में टोल प्लाजा को लेकर प्रेस वार्ता करते भाकियू टिकैत गुट के पदाधिकारी।

# अब 200 मीटर आगे बनेगी टोल प्लाजा की बिल्डिंग

- यह किसान यूनियन की बड़ी जीत है : प्रभाकांत मिश्रा

**फर्रुखाबाद।** बाहिदपुर में टोल प्लाजा को लेकर प्रशासन व भाकियू टिकैत के बीच सकारात्मक बातचीत हुई।

प्रेसवार्ता में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा ने कहा कि कहा कि फर्रुखाबाद जनपद के ग्राम बाहिदपुर में इटावा बरेली हाईवे पर बन रहे टोल प्लाजा की बिल्डिंग को आबादी क्षेत्र से हटा दिया गया है, जो करीब 200 मीटर आगे बनेगी। साथ ही टोल के बूथ भी करीब 50 मीटर हटा दिए गए हैं। किसान यूनियन की मांगों को लेकर प्रशासन भी राजी हो गया है। उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन अपने निर्णय से पलटता है तो किसान यूनियन फिर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिला विधिक सलाहकार अजय कटियार ने कहा कि अफवाह उड़ाई जा रही थी कि प्रशासन की तरफ से किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं के ऊपर बड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके संबंध में बीते दिनों हमारे प्रदेश प्रमुख महासचिव बृजेंद्र सिंह यादव आए थे और उन्होंने एडीएम से इस संबंध में मुलाकात की थी। जिसके संबंध में एडीएम की तरफ से लिखित रूप से आश्वासन दिया गया है कि किसान यूनियन के किसी भी नेता और कार्यकर्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।



हिंदू रक्षा मंच के नए पदाधिकारी व ईश्वरदास ब्रह्मचारी। अमृत विचार

# अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के नए पदाधिकारी घोषित

**फर्रुखाबाद।** बढ़पुर स्थित जीवीए ग्रुप के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच की बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता संगठन के संरक्षक और दुर्वासा ऋषि आश्रम के महंत श्री ईश्वरदास ब्रह्मचारी जी ने की।

बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि सभी संतो के सहयोग से एक सनातन सेना का गठन किया जाएगा। यह संगठन हिंदूवादी संगठनों को जोड़कर श्री ब्रह्मचारी जी के मार्गदर्शन में कार्य करेगा। महंत श्री ब्रह्मचारी जी ने कहा कि हमारे धार्मिक कार्यों और यात्राओं के दौरान विभिन्न समुदायों द्वारा उत्पन्न व्यवधानों का मुकाबला करने के लिए सनातन सेना सक्रिय रूप से कार्य करेगी और विरोधियों का जवाब देगी। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू रक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष और संस्थापक आचार्य विवेकानंद ने भी इस पहल पर सहमति व्यक्त की। इसके अलावा मंच के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की गई। डॉ. मनोज चतुर्वेदी को जिला प्रवक्ता और महेशबाबू अग्निहोत्री को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। जिला उपाध्यक्ष के रूप में मधुसूदन दवे और जिला मंत्री के रूप में विवेक मिश्रा को नियुक्त किया गया।

# बाइक की टक्कर से बालक की मौत

**फर्रुखाबाद।** स्कूल के बाहर सड़क किनारे खेल रहे बालक को तेज रफ्तार बाइक सवार जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अनन-फानन में लोहिया अस्पताल में लाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पड़ोसी जनपद शाहजहांपुर निवासी बुधवा अपनी पत्नी अमीशन व 6 वर्षीय पुत्र ताजमोहम्मद के साथ थाना मऊदरवाजा के रोशनाबाद मार्ग पर स्थित गायत्री इंटर नेशनल स्कूल में बेलदारी का कार्य करने आया था। गुरुवार को बालक ताज मोहम्मद स्कूल के बाहर खेल रहा था। उसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। परिजन उसे लेकर लोहिया अस्पताल पंहुचे, जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद बालक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 15 नवंबर तक नए वोट बनवाने पर दिया गया जोर

**सपा की मासिक बैठक**

**कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद**



सपा की मासिक बैठक में मौजूद जिला संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

- करहल विधानसभा उपचुनाव में जिला संगठन को सेक्टर नंबर 31 की दी गई जिम्मेदारी

**अमृत विचार।** आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला संगठन के तमाम पदाधिकारियों के साथ पूर्व जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने आये हुए पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि 15 नवंबर तक नए वोट बनवाने पर विचार किया गया है। 20 नवंबर को करहल विधानसभा उपचुनाव में जिला संगठन को सेक्टर नंबर 31 की जिम्मेदारी दी गई है। धान खरीद व खाद उर्वरक की कमी के संबंध में जो सरकार की नाकामयाबी है उस पर भी चर्चा की गई । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी हर स्तर पर फेल हो चुकी है यहां तक की किसानों को धान एवं खाद तक नहीं दी जा रही है। जिससे किसान परेशान है परंतु बीजेपी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा 15 नवंबर तक अपने-अपने बूथ पर वोट को बढ़ाने का काम हर हाल में कर लें, जिससे कि किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से छूट न जाए। पूर्व विधायक प्रताप सिंह यादव ने कहा कि वह चाहते हैं कि समाजवादी पार्टी का हर कार्यकर्ता एकजुट होकर के कार्य करे एकजुटता ही हमारी ताकत और शक्ति है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, जिला उपाध्यक्ष सौरभ कटियार, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य समीर यादव,जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल,फ्रंटल संगठन के जिला अध्यक्ष व्यापार सभा ,भोजपुर के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह यादव, जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड मोहम्मद इजहार खान, सिराजुल अफाक मुन्ना जिला उपाध्यक्ष, मोहम्मद चांद खान।

इस मौके पर मनोज यादव नगर अध्यक्ष मोहम्मदाबाद, रूक्मांगल सिंह, नीलम सिंह चौहान, प्रदेश सचिव युवजन सभा, जितेंद्र यादव, राजन यादव , देवेंद्र सिंह रहे।



बैठक में नए प्रभारी मनोनीत करते जिलाध्यक्ष। अमृत विचार

# सपा जिला अध्यक्ष ने मनोनीत किए नए प्रभारी

**कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने संजीव मिश्रा कल्लू को जिला सचिव मनोनीत किया। उसके साथ संजीव मिश्रा को फर्रुखाबाद नगर क्षेत्र का प्रभारी भी बनाया है।

इनके साथ शिव शंकर शर्मा को सदर विधानसभा का प्रभारी बनाया गया वह भी विधान सभा अध्यक्ष का सहयोग करेंगे।

किसानों को धान खरीद एवं खाद न मिलने पर चिंता जताते हुए जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य समीर यादव एवं जिला उपाध्यक्ष सिराजुल अफाक मुन्ना को जिलाधिकारी को ज्ञापन देने हेतु प्रभारी नियुक्त किया है। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक सिंह यादव ने दी।

# 15 को आएंगे स्वामी प्रसाद मौर्य

**कौमुदी बौद्ध महोत्सव**

**कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद**

- 14 नवंबर को विधायक सुशील शाक्य करेंगे उद्घाटन

**अमृत विचार।** संकिसा के कौमुदी महोत्सव में सूबे के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। संकिसा स्थित भदंत विजय सोम इंटर कॉलेज में 14 व 15 नवम्बर को कौमुदी महोत्सव बुद्ध के 57वें स्वर्गावतरण समारोह का आयोजन किया गया है। क्षेत्रीय भाजपा विधायक सुशील शाक्य 14 नवंबर को दिन के 2 बजे महोत्सव का उद्घाटन करेंगे।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के पूर्व काबीना मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि कैलाश यादव (पूर्व सांसद) मुख्य वक्ता डॉ. जी. एस. शाक्य (प्रयागराज) एम.डी. बौद्ध कम्यून इंटरनेशनल / सम्राट हर्षवर्धन बुद्ध विहार होंगे। सांसद देवेश शाक्य, विधायक विपिन वर्मा डेविड, ममतेश शाक्य, डॉ. नवल किशोर शाक्य, सुरेश चन्द्र बौद्ध, सत्यभान सिंह शाक्य, महाराज सिंह शाक्य (प्रदेश सचिव) विशिष्ट अतिथि हैं। महिला सम्मेलन में पूर्व सांसद डा. संघमित्रा मौर्य एवं धम्मचारिणी श्रद्धावन्जरी शामिल होंगे। पूज्य भन्ते एस. नन्दा, भन्ते डा. धम्मपाल, भन्ते सरह पादीप महाथेरा, भन्ते चेतसिक बोधि, भन्ते नागसेन, भन्ते उपनन्द, भन्ते धम्म कीर्ति एवं संकिसा भिक्षुसंघ को आमंत्रित किया गया है। दोनों दिवस रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम बौद्ध गीत, जादूगर एवं नाटक मंचन देर रात्रि तक होंगे। आयोजन समिति महोत्सव के प्रमुख सुनील दत्त शाक्य ने यह जानकारी दी।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**फर्रुखाबाद।** थाना मिर्जापुर क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का जिला अस्पताल लोहिया में उपचार जारी है। जनपद शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के ग्राम बान गांव निवासी दीपक और शोभित बाइक से ढाई घाट जा रहे थे। बुधवार देर रात गुलरिया के एक पास तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

# सीपी मेमोरियल वॉलीबाल 3 दिवसीय प्रतियोगिता 12 से

**कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद**

- दर्शकों को देखने को मिलेंगे रोमांचक मुकाबले

**अमृत विचार।** सीपी इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित होने जा रही 'चन्द्र प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल वॉलीबाल चैंपियनशिप 2024-25' में क्षेत्र के प्रमुख विद्यालयों के बीच मुकाबले देखने को मिलेंगे।

यह अंतरविद्यालयी वॉलीबाल प्रतियोगिता 12 से 14 नवंबर तक आयोजित की जाएगी प्रतियोगिता में निम्नलिखित विद्यालयों की टीमें भाग लेंगी। , आर्मी पब्लिक स्कूल,सी. पी.वी.एन. हिंदी माध्यम, सेंट एंथनी स्कूल, गायत्री इंटरनेशनल स्कूल, गुरुकुल वर्ल्ड अकादमी, श्री राम अग्रवाल स्कूल, जेएसएम फतेहगढ़, श्रीमती सत्यवती पब्लिक स्कूल, जेएसएम कमालगंज स्कूल,ए.पी. पब्लिक स्कूल, एसडीईएम. स्कूल, सेंट पॉल्स पब्लिक स्कूल,सीपीवीएन अंग्रेजी माध्यम, सीपी इंटरनेशनल स्कूल की टीमें भाग लेंगी।

## सार-संक्षेप



बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवाशीष उपाध्याय लोहिया अस्पताल में बच्चों को देखते हुए।

### बढ़ती सर्दी से बच्चों में बढ़ी खांसी, जुखाम, बुखार की समस्या

**फर्रुखाबाद।** नवंबर माह शुरू होते ही सर्दी बढ़ने लगी है। इसका असर भी देखने को मिल रहा है। खासकर 1 साल से कम उम्र के बच्चों में खांसी, जुखाम व बुखार की समस्या काफी अधिक देखने को सामने आ रही है। जिला अस्पताल लोहिया पुरुष व महिला में बाल रोग विशेषज्ञों के पास प्रतिदिन एक सैकड़ा के करीब बीमार बच्चे पहुंच रहे हैं। बाल विशेषज्ञ का कहना है कि छोटे बच्चों की देखभाल ही बीमारियों से उनको बचाने का सबसे उचित तरीका है। गुरुवार को जिला अस्पताल लोहिया पुरुष में लगभग 1 सैकड़ा बीमार बच्चों को बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरेंद्र चौहान ने देखा वहीं महिला अस्पताल में भी आधा सैकड़ा के करीब बीमार बच्चे पहुंचे। महिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवाशीष उपाध्याय ने बताया कि 1 साल से कम उम्र के बच्चों में सर्दी का प्रकोप अधिक देखने को मिल रहा है। सर्दी के समय बच्चों का विशेष ख्याल रखने की अभिभावकों को जरूरत है। सबसे जरूरी है कि बच्चों को अच्छे गर्म कपड़े पहनाये जाएं। बच्चों को आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक सॉफ्ट ड्रिंक ना दी जाए। साथ ही सबसे आवश्यक है कि बच्चों को किसी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तत्काल बाल रोग विशेषज्ञ के पास लाना चाहिए।

### राम कथा सनने से सारी बाधायें दूर हो जाती हैं : प्रीति रामायणी

**फर्रुखाबाद।** मानव सम्मेलन में श्री राम कथा की अमृतमयी वर्षा में सुश्री प्रीति रामायणी ने कहा कि वर्तमान समय में श्री राम कथा जीवन का आधार है। इसके श्रवण करने से जीवन की बाधायें दूर हो जाती हैं। कष्ट मय जीवन में सुख शांति प्राप्त हो जाती है। भारतीय नारी का सदैव से सम्मान होता रहा है । नारी की उपेक्षा पश्चिमी देशों में हो रही है। उन्हें नारी सशक्तिकरण की आवश्यकता पड़ी। उन्होंने शंकर पार्वती का विवाह एवं श्री राम विवाह का अंतर बताया। उन्होंने कहा कि भोलेनाथ की बारात में देवताओं के साथ उपेक्षित वर्ग भूत प्रेत नाग बिच्छू जीव जंतुओं को अपनाया और सम्मिलित किया। बाराती बनाया, शंकर पार्वती के विवाह में लोकगीत मंगल गीत सनातन रीति रिवाज को लोक संगीत के साथ सभी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कुमारी साधना शर्मा ने पहले श्री राम कथा और सती की कथा सुनाई। पंडित सर्वेश कुमार शुक्ल रामायणी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास के रामचरितमानस जीवन में विपत्ति को दूर करती है। अरिमर्दन शास्त्री मानस भूषण हमीरपुर से पधारे विद्वान ने गोस्वामी तुलसीदास के मानस में जयंत की कथा के द्वारा जीवन के मार्ग चित्रण का वर्णन किया। श्री राम कथा के विराम के समय शकुंतला कनौजिया, सुश्री शारदा सिंह ग्वालियर, मधु गुप्ता, निर्मल सिंह, कुसुम, मीरा गुप्ता ने आरती उतारी। श्री मानस सम्मेलन के आयोजक भारत सिंह ने सभी का स्वागत किया। राजेश निराला, राहुल कनौजिया, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता,अमित गुप्ता, मुकेश सिंह गुड्डू ,गगन, अभिनव, राम जी, युवराज, अंजुम दुबे, बलराम, बी डी शर्मा नेश्रोताओं भक्तों का स्वागत किया।



श्री राम कथा सुनातीं सुश्री प्रीति रामायणी।

**हमहू देबई अरघिया हे छठी मइया...** अपराकाशी में बिखरी छठ की अलौकिक छटा, छठ पर्व के तीसरे दिन शाम को घाटों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# डूबते हुए सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य देकर मांगी सुख और समृद्धि

**कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद**



छठ पूजा करते क्षेत्राधिकारी रविन्द्रनाथ राय साथ में उनकी पत्नी। अमृत विचार



अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देते हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

- पांचाल घाट पर रहा मेले जैसा माहौल

**अमृत विचार।** अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए शाम चार बजे से ही श्रद्धालु पांचाल घाट पर पहुंचना शुरू हो गए। छठ पर्व के तीसरे दिन शाम को अस्ताचल सूर्य को व्रतियों द्वारा अर्घ्य दिया गया इसे संध्या अर्घ्य भी कहा जाता है। उगते सूर्य को अर्घ्य देने की रीति कई व्रत व त्योहारों में है। लेकिन डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा केवल छठ में ही है। शहर के पांचाल घाट पर मेले जैसा माहौल देखने को मिला। प्रशासन ने वहां पर सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम कर रखे हैं। नमामि गंगे घाट के किनारे हजारों की संख्या में छठ पूजा के व्रती नजर आये साथ ही अन्य लोगों की भीड़ भी घाट पर मौजूद रही।

अर्घ्य देने से पहले बास की टोकरी को फलों, ठकुआ,चावल के लड्डू और पूजा के सामान में केला, सेब, नींबू आदि मौसमी फलों से सजाया जाता है। पूजा के कुछ समय पहले सूर्य देव की पूजा होती है। उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर पांच बार परिक्रमा की जाती है। पौराणिक काल से ही सूर्यदेव को आरोग्य का देवता माना सूर्य की वंदना का उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है। इस पर्व को विहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीशगढ़ और नेपाल की तराई में मनाया जाता है। पूर्वांचल विकास समिति द्वारा आयोजित छठ पूजा में निम्नलिखित व्रतियों द्वारा पूजा की गई। महिलाओं ने चौकी को गन्ने और केले के पत्तों से सजाया। दोउरा, पूजन सामग्री और फल की टोकरी को रखकर घाट पर पहुंची और अस्तांचलगामी सूर्य की आराधना की। जल में खड़े होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया और परिवार की सुख समृद्धि, पुत्रों की खुशहाली व परिवार की मंगलकामनाएं करते हुए सभी की खुशहाली की कामना की। वहीं महिलाओं ने लोकगीत गाकर माहौल को और भक्तिमय कर दिया। वहीं महिलाओं ने पूजन के दौरान सेल्फी भी ली। छठ पर्व में तीसरे दिन अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं आज सुबह सुबह उगते हुए सूर्य की पूजा की जायेगी।

### घाटों पर होती रही तैयारी

सूर्य की आराधना के लिए घाटों पर पूर्वांचल सेवा समिति के पदाधिकारी दिनभर तैयारियों में लगे रहे। पांचाल घाट पर साफ-सफाई कराई गई।

### शुक्रवार सुबह से रहेगी भीड़

शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा व्रत का परायण किया जाएगा। इसके लिए सुबह 3 .30 बजे से ही श्रद्धालु घाट पर पहुंचाना शुरू हो जाएंगे और गंगा जल में खड़े होकर छठ मइया और सूर्य देव से सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे। गुरुवार को छठ पूजा में पूर्वांचल सेवा समिति के संरक्षक जितेन्द्र सिंह यादव, डॉ. अनीता रंजन ,अध्यक्ष केदार शाह, शमीम अहमद, बीबी सिंह रहे।

# खाद और बीज की किल्लत से मचा हंगामा

## 300 बोरी खाद आई और 700 किसान पहुंचे, नहीं हुआ वितरण

संवाददाता अछल्दा, औरैया



खाद नहीं मिलने से हंगामा करते किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में डीएपी खाद और बीज की कमी से चारों ओर हंगामा मचा हुआ है। किसानों ने आलू बुवाई के लिए तो किसी तरह से डीएपी जुटा ली, लेकिन अब गेहूं के लिए जदोजहद जारी है। गांव नौनिकपुर बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति में बुधवार को 300 बोरी खाद आई और इसको लेने के लिए 700 किसान पहुंच गए। ये देख सचिव ने अफसरों से बात कर वितरण नहीं किया। अधिक भीड़ होने से संघ को बंद कर दिया। संघ पर पहुंचे परेशान किसानों ने यहां हंगामा किया।

किसान गेहूं बोने की तैयारी कर रहे हैं और डीएपी लेने के लिए इधर से उधर चक्कर लगा रहे हैं। गुरुवार की सुबह सहकारी संघ पर डीएपी का वितरण होना था। सुबह

- नौनिकपुर प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति का मामला

6 बजे से ही किसानों का पहुंचना शुरू हो गया।

किसानों ने दोपहर 12 बजे तक संघ को खुलने का इंतजार किया। लेकिन अधिक भीड़ होने की वजह से सचिव ने संघ को नहीं खोला और खाद नहीं बांटी गई। किसान सतीश कुमार , पुष्पेंद्र कुमार, नरेंद्र पाल, ने कहा सुबह से खाद मिलने का इंतजार कर रहे लेकिन बिना खाद मिले घर वापस जाना पड़ रहा है।

नौनिकपुर सचिव निगम चन्द्र ने बताया 300 बोरी खाद आई और भीड़ अधिक होने की वजह से खाद का वितरण नहीं किया गया। इस लिए संघ को बंद रखा है। थाने से फोर्स मिलेगा शुक्रवार को सुबह से खाद वितरण किया जाएगा।

## गेहूं का बीज लेने के लिए भटक रहे किसान

**अछल्दा, औरैया।** क्षेत्र के राजकीय बीज भंडार वैशोली केंद्र पर किसान गेहूं का बीज पाने के लिए दो दिनों से चक्कर काट रहे। गुरुवार सुबह किसान पहुंच गए। लेकिन केंद्र 12 बजे तक न खुलने पर हंगामा किया। इस समय किसान गेहूं बीज और खाद के लिए भटक रहा है। सुबह से ही समितियों पर भीड़ एकत्रित हो रही है। केंद्र पर मौजूद गांव पल्हरी के सुभाष, राम प्रकाश वंशी, जिलेदार सलेमपुर, विनोद कुमार, ज्ञान सिंह, सजीव कुंवर, राम, सिंह, कमलेश कुमार ,सुभाष चन्द्र आदि ने बताया कि बुधवार को केंद्र पर गेहूं का बीज लेने आए थे उस समय केंद्र प्रभारी ने कहा था मुख्यालय पर बैठक में जा रहा हूं गुरुवार सुबह आ जाना बीज मिलेगा। इस बात पर किसान सुबह आठ बजे से केंद्र पर पहुंचना शुरू गए। प्रभारी के न आने पर किसानों ने हंगामा किया। जागूपुर गांव के घनश्याम, सुरेश सिंह, पुर्वा भवानी के राघवेंद्र सिंह, दौलतराम, विद्याराम, मोनू आदि ने बताया कि 16 किलोमीटर दूर से आया हूं बीज लेने केंद्र बंद है जब केंद्र बंद रखना था तो केंद्र प्रभारी ने बुलाया क्यों? राजकीय बीज भंडार प्रभारी आंनन्द कुमार ने बताया कि बुधवार को सुबह कुछ किसानों को बीज देने के बाद मुख्यालय बैठक में गया था। गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी ने बैठक हेतु बुलाया मुख्यालय पर आया हूं। शुक्रवार को केंद्र पर विधिवत तरह गेहूं का बीज किसानों को वितरण किया जाएगा।



बीज भंडार केंद्र पर हंगामा करते किसान। अमृत विचार

# टीएसपी से दूर होगी डीएपी की किल्लत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- जिले में टीएसपी खाद आई किसानों को जागरूक करना शुरू किया

**अमृत विचार।** जनपद में गेहूं की बुवाई के दौरान डीएपी खाद की मारामारी अक्सर रहती है। इस समस्या से निपटने के लिए कृषि विभाग ने टीएसपी खाद (ट्रिपल सुपर फास्फेट) की पहली बार रेक मंगवाई है। टीएसपी खाद की एक बोरी में 20 किलो यूरिया का मिश्रण, एक बोरी डीएपी के बराबर फसल का पोषण होता है। इस खाद को लेकर कृषि विभाग ने किसानों को जागरूक करना भी शुरू कर दिया है।

जिले में गेहूं का रकबा अच्छा खासा है। एक साथ गेहूं की बुवाई होने पर किसान डीएपी खाद के लिए जमकर खरीदारी करते हैं। ऐसे में साधन सहकारी समिति से लेकर प्राइवेट दुकानों पर हर साल डीएपी की कमी हो जाती है। इस समस्या से निपटने के लिए पिछले साल जहां नैनो डीएपी का प्रचलन शुरू कराया गया। वहीं इस बार टीएसपी खाद को कृषि विभाग की संस्तुति के बाद जिले में खपाया जाना शुरू किया गया है। जिले में टीएसपी की 250 एमटी की खेप आई है। जिसे खाद बीज भंडार की दुकानों पर पहुंचाया गया है। किसानों को इसके प्रयोग की बारीकी भी समझाई जा रही हैं। एक बोरी डीएपी के बराबर फसल को पोषण देने के लिए टीएसपी की एक बोरी के साथ किसानों को 20 किलो यूरिया का प्रयोग करना होगा। लागत भी डीएपी के मुकाबले कम है। जिला कृषि अधिकारी शैलेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता है। मांग के अनुसार रैकें भी आ रही हैं। डीएपी की अचानक मांग बढ़ने पर मारामारी से निजात पाने के लिए टीएसपी के प्रचलन को बढ़ावा दिया जा रहा है। एक बोरी टीएसपी के साथ 20 किलो यूरिया का मिश्रण एक बोरी डीएपी के बराबर होता है।

### अगले सप्ताह तक मिलेगी आधी रैक डीएपी खाद

**औरैया।** दीपावली के बाद रबी फसलों की बुवाई में तेजी आ रही है और अब डीएपी खाद की मांग में भी तेजी आ रही है। वहीं शासन स्तर पर एक रैक खाद की मंजूरी मिल चुकी है। जिसमें आधी रैक सप्ताह के अंत तक आ जाएगी। जिससे करीब 1400 मीट्रिक टन डीएपी खाद होगी। इस के बाद कुछ समय बाद फिर से बाकी बची आधी रैक खाद आ जाएगी। जिससे किसानों की समस्याएं और दूर हो जाएंगी। कुल 72 समितियों में खाद का वितरण किया जा रहा है। लेकिन पिछले दिन को 48 समितियों में खाद वितरित की गई। जिन समितियों में खाद नहीं थी उन किसानों को बिना खाद लिए वापस लौटना पड़ा। हालांकि प्रशासन के लिए राहत की खबर रही, क्योंकि शासन स्तर से एक रैक डीएपी की मंजूरी मिली है। जिसमें आधी रैक जल्द ही आने वाली है। जिससे किसानों को डीएपी खाद के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। जिलाधिकारी इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही आधा रैक खाद मिलने वाली है।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में 5 घायल

**अजीतमल, औरैया।** बाबरपुर-फफूंद मार्ग पर जुआ मोड़ के पास दो बाइक आमने सामने भिड़ गई। दिबियापुर थाना क्षेत्र के मुडैना रामदत्त की मडैया गांव निवासी तेज सिंह अपनी पत्नी विमला देवी के साथ ब्योरा गांव स्थित रिश्तेदारी से वापस घर जा रहे थे। इटावा जिला के हवेली लखना गांव निवासी अखिलेश अपने भाई अक्षय और रसूलाबाद के रतनपुर गांव निवासी सतीश के साथ बाइक से सामने से आ रहे थे। आमने सामने भिड़ंत हो गई। पांचों घायलों को सीएचसी अजीतमल लाया गया। प्राथमिक उपचार देकर तेजसिंह, विमला, अखिलेश व सतीश को रेफर कर दिया गया।

### विद्यालय गई छात्रा लापता

**अजीतमल।** कोतवाली क्षेत्र की अनंतराम चौकी अंतर्गत एक गांव निवासी 16 वर्षीय छात्रा, बीते 06 नवंबर को अजीतमल कस्बा स्थित एक विद्यालय में गई थी। वापिस न लौटने पर खोजबीन की। आरोप है कि गांव का ही एक नामजद बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है

### मारपीट से युवती घायल

**कंचौसी औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के ग्राम मडनई में जगह को लेकर हुए विवाद में एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गयी। पीड़िता ने घटना की लिखित तहरीर थाने में दी है। थाना पुलिस ने घटना की जांच कर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम मडनई निवासी शैलेन्द्र सिंह पुत्र स्व सरजू सिंह ने आरोप लगाया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री लक्ष्मी घर के बाहर जानवर बांध रही थी। तभी गांव के ही कुछ लोगों ने ईंट से लक्ष्मी के सिर पर वार कर दिया।

### कीटनाशक पीने से युवक की हालत गंभीर

**अछल्दा।** कस्बा के स्टेशन बाजार में गुरुवार को एक युवक ने कीटनाशक दवा पीने से अचेत हो गया। परिजन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया प्राथमिक उपचार बाद मिनी पीजीआई सैफई रेफर किया गया। स्टेशन बाजार निवासी इकरार मंसूरी का 24 वर्षीय पुत्र इरशाद मंसूरी ने गुरुवार को सुबह 10 बजे के करीब किन्हीं कारणों के चलते घर में रखे कीटनाशक दवाई सेवन कर कमरा में अचेत होकर गिर पड़ा। परिजनों ने तुरंत आनन फानन प्राइवेट वाहन से सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पीजीआई सैफई रेफर कर दिया।

# रोड पर पड़ा मिला मरा हुआ भेड़िया, विभाग को दी सूचना

संवाददाता फफूंद, औरैया



सड़क पर पड़ा मृत भेड़िया।

**अमृत विचार।** फफूंद औरैया रोड पर नदी के पुल के करीब एक मृत भेड़िया रोड के किनारे पड़ा मिला। जंगली जानवर को मरा हुआ देख ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। गुरुवार की सुबह औरैया फफूंद रोड पर सेंगर नदी के पुल से कुछ पहले फफूंद की ओर ग्रामीणों ने रोड पर एक मरा हुआ भेड़िया पड़ा देखा, ग्रामीणों ने उसको सड़क के किनारे कर वन विभाग कर्मियों को सूचना दी। ग्राम पंचायत शेरपुरसरैया के पूर्व प्रधान शिव दत्त यादव ने बतया कि हो सकता है रात के समय किसी वाहन से वन्यजीव का एक्सीडेंट हो गया हो। उन्होंने यह भी बताया कि गांव के कुछ लोगों ने बताया कि यह भेड़िया यहां अक्सर नजर आता था। क्षेत्र में लोग इस जानवर को जरखा के नाम से जानते है, कभी कभी इस स्थान में वाहनों से जंगली जानवर मर जाते है। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के कर्मी जानवर को उठाकर ले गए है। अजीतमल रेंज के रेंजर आरके सिंह ने बताया कि एक भेड़िया के मरे पड़े होने की सूचना मिली थी, वन कर्मियों को मौके पर भेजा गया है, पोष्टमार्टम होने के बाद मृत्यु का सही कारण पता चलेगा।

# घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- थाना एरवाकटरा क्षेत्र का साढ़े 6 वर्ष पुराना मामला
- 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

**अमृत विचार।** घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने दोषी को 10 वर्ष कारवास की सजा सुनाई है। उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। फैसला विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने सुनाया है।

अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी व विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि थाना एरवाकटरा में पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई। वादी ने लिखा कि वह पंजाब में मजदूरी करता है। उसकी पत्नी व बच्चे गांव में रहते हैं। पांच जून 2018 की रात्रि में उसकी 17 वर्षीय पुत्री बरामदे में सोई हुई थी। तभी रात्रि करीब 12 बजे उसके गांव का विजय कुमार जाटव आया तथा उसकी पुत्री के साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। उसकी पुत्री के चिल्लाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। घटना की जानकारी पत्नी ने फोन पर वादी को दी थी। तब वह पीडि़ता को लेकर थाने पहुंचा। वादी की तहरीर पर थाने में पॉक्सो व दुष्कर्म का मामला पंजीकृत हुआ तथा पुलिस ने विवेचना कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। यह मुकदमा विशेष न्यायालय (पॉक्सो अधिनियम) में चला। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो अधिनियम) ने इस अपराध के दोषी को कठोर दंड देने की बहस की। वहीं बचाव पक्ष ने उसे निर्दोष बताया। दोनों पक्षकारों को सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश मनराज सिंह ने गुरुवार को निर्णय सुनाते हुए दोषी विजय कुमार निवासी भैदपुर एरवाकटरा को 10 वर्ष के कठोर करावास की सजा दी। उस पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। कोर्ट ने प्रस्तुत मामले में जमा कराई गई अर्थदंड की धनराशि में से आधी धनराशि पीडि़ता को अदा करने का भी आदेश दिया। सजा पाए विजय कुमार को जिला कारागार इटावा भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप



किसानों को जानकारी देते कंपनी के अधिकारी। अमृत विचार

### फसल कटाई दिवस मनाया

**कंचौसी, औरैया।** ग्राम पंचायत कंचौसी के मजरा बिहारीपुर में गुरुवार को पायोनियर कम्पनी द्वारा किसान गोष्ठी कर धान, बाजरा, फसल की सुचारु रूप से कटाई के सम्बन्ध में किसानों को जागरूक करने के लिए फसल कटाई दिवस का आयोजन किया गया। पायोनियर कम्पनी के मार्केटिंग अधिकारी के रूप में हरिओम राठौर ने किसानों को फसल की बुआई व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किस तरह किया जाना चाहिए। इस विषय में किसानों के साथ विस्तार पूर्वक जानकारी साझा की। पायोनियर कम्पनी के एमडीआर विनीत यादव ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि धान का गेरुआ रोग, कण्डवा रोग से फसल को बचाने हेतु किसानों को उपाय करने चाहिए व अपने खेतों को कीड़ों को मारने हेतु कीटनाशक दवाओं का सुरक्षा पूर्वक स्प्रे करते बचाव करना चाहिए। इसके उपरांत कम्पनी के मार्केटिंग अधिकारी हरिओम राठौर ने सभी किसानों को फसल काटने में उपयोग की जाने वाली दरांती का वितरण भी किया जिससे सभी किसानों के चेहरे खिलखिला उठे इस दौरान गॉव के किसानों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

### बैंक में कैश न मिलने से खाताधारक परेशान

**औरैया।** दिबियापुर नगर के बेला मार्ग स्थित सेण्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया नौंगवां शाखा में इन दिनों कैश की मारामारी है। शाखा में आये दिन कैश न होने पर मुख्य द्वार पर कैश नहीं है का बोर्ड लटका देखकर खातेदार बगैर निकासी किये लौटने को मजबूर हो रहे हैं। मंगलवार से लगातार तीन दिनों तक यहां कैश नहीं होने पर खाताधारकों को मजबूरन इसी बैंक के बीसी काउटरों से अंगूठा लगाकर रुपया निकालना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सेण्ट्रल बैंक द्वारा कमीशन के लालच में आस पास ही बैंक मित्रों द्वारा संचालित बीसी पटल पर नकदी मुहैया करायी जाती है जहां मात्र बीस हजार रुपये की निकासी ही हो पाती है। गुरुवार को बैंक में रुपये निकालने पहुंचे अनुपम सिंह एवं रमेशचन्द्र ने बताया कि घर में शादी है जिसके लिये खरीददारी करने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने बताया कि दो दिन से लगातार बैंक के चक्कर लगा रहे हैं जबकि उनके खाते से निकासी नहीं हो सकी है। इस सम्बध में शाखा प्रबंधक राजेश कुमार ने बताया कि कैश नहीं था शाम को आएगा।




सेंट्रल बैंक की नौगवां शाखा पर कैश नहीं है का टंगा बोर्ड।

### बैंकों में कोतवाली पुलिस ने चलाया सघन चेंकिग अभियान

**अजीतमल।** कस्बा स्थित बैंकों में गुरुवार को कोतवाली पुलिस ने सघन चेंकिग अभियान चलाया। बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की हकीकत देखी। वहीं बैंकों में मौजूद ग्राहकों को सुरक्षा के टिप्स दिए। गुरुवार को प्रभारी कोतवाली निरीक्षक क्राइम रूद्र त्रिपाठी महिला उपनिरीक्षक एवं अपने हमराहियों के साथ अजीतमल कस्बे में स्थित पंजाब नेशनल बैंक, सेन्ट्रलबैंक की दोनो शाखाओं, यूनीयन बैंक, वही बाबरपुर स्थिति स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया सहित पूर्वांचल बैक का निरीक्षण किया। बैंको में लगे सीसीटीवी कैमरो की हकीकत को परखा एवं बैंक प्रबन्धको से सीसीटीवी कैमरे दुरस्त रखने के लिये कहा गया। वही बैंको में उपस्थिति ग्राहको को कोतवाली प्रभारी ने समझाते हुये बताया कि अपना खाता संख्या किसी को भी न बताया और न ही अपना वेड्रोल किसी अजनबी से भरवाये, ज्यादा निकासी करने पर अपने साथ घर के लोगो को लेकर आये अकेले न आये सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे कोई भी संदिग्ध व्यक्ति एवं महिला दिखने पर पुलिस को सूचित करें। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर घवड़ाये नही पुलिस की सहायता ले कोतवाली प्रभारी ने इस प्रकार के कई सुरक्षा के टिप्स ग्राहको को देते हुये उन्हे सुरक्षित और सावधान रहने के लिये आगाह किया। वही बड़ी संख्या में पुलिस बल देख बैंक में मौजूद ग्राहकों में खलबली मच गई। साथ ही संदिग्ध लोगों की तलाशी ली गयी। और उनसे पूछताछ भी की गई। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक क्राईम रूद्र त्रिपाठी ने बताया कि बैंको की रूटीन चेंकिग की गयी।

## छात्रवृत्ति के लिए परीक्षा 10 नवंबर को

**ककोर, औरैया।** जिले में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा रविवार को कराई जाएगी। इसमें कक्षा 8 तक के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा 10 नवंबर को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक परीक्षा केंद्र पर संपन्न कराने के आदेश जारी हो गए हैं। इसमें केंद्र व्यवस्थापक कक्ष निरीक्षक को ड्यूटी के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित किया गया है। प्रतियोगी परीक्षा के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक ने चार परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इसमें चौधरी विशंभर सिंह भारतीय विद्यालय, नगर पालिका इंटर कॉलेज, तिलक इंटर कॉलेज और जनता इंटर कॉलेज ककोर को नामित किया गया है। सभी आवेदन करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र पहुंचा दिए गए हैं। यदि किसी छात्र का प्रवेश पत्र न मिला हो तो वह नेट द्वारा निकलवा सकता है। समस्त अभ्यर्थी अपने परीक्षा केंद्र पर समय से आधा घंटे पहले पहुंचकर परीक्षा में सम्मिलित हों।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिजीत।

# समाधान किए गए मामलों में दोनों पक्षों के हस्ताक्षर कराएं

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने मिशन समाधान के तहत निरीक्षण कर मातहतों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान किए गए मामलों में दोनों पक्षों की सहमति के हस्ताक्षर कराएं। अधिकारियों ने ब्लॉक सहार के ग्राम पुर्वा दानशाह एवं याकूबपुर में पहुंचकर निरीक्षण किया। कहा कि शिकायतों के निस्तारण के संबंध में की जाने वाली कार्रवाई की फोटो/ वीडियोग्राफी भी कराएं और यदि निस्तारण के उपरांत किसी के द्वारा कोई विवाद पैदा किया जाता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार व लेखपाल को निर्देशित किया कि मिशन समाधान के अंतर्गत सतत प्रक्रिया संचालित रखते हुए सरकारी भूमि, चकरोड, तालाब, नाली, कृषि भूमि एवं ग्राम पंचायत की भूमि आदि के अवैध कब्जों के साथ-साथ आम जन के आपसी भूमि विवादों को भी नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थाई समाधान करना सुनिश्चित करें।

# डायट प्रशिक्षुओं ने कॉशन मनी न देने का लगाया आरोप

संवाददाता अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित डायट संस्थान पहुंचे दो प्रशिक्षुओं ने कॉशन मनी न दिये जाने का आरोप लगाया है। वहीं प्राचार्य ने प्रशिक्षुओं के खातों में कॉशन मनी भेज दिये जाने की बात बताई। सत्र 2019 - 21 बैच के प्रशिक्षुओं ने 2021 में डीएलएड परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। प्रवेश के समय कॉशन मनी का दो हजार से पांच सौ रुपये और शैक्षिक भ्रमण का पैसा भी जमा कराया गया था। जो परीक्षा उत्तीर्ण के बाद वापस कर दी जाती है। डाइट परिसर पहुंचे प्रशिक्षुओं का आरोप है कि सन् 2021 से अभी तक कॉशन मनी वापस नहीं की गई। साथ ही शैक्षिक भ्रमण भी नहीं कराया गया। मुरादगंज निवासी प्रशिक्षु आशीष ने दोनों पैसे वापस दिलाने के लिए सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी प्रयागराज और मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी । आरोप है कि पत्र जारी कर उसे डाइट मे बुलाकर उसकी मारपीट की गई। इस मामले मे डाइट प्राचार्य गंगाराम ने बताया कि जिन प्रशिक्षुओं के खाता नम्बर उपलब्ध थे उनके खातो मे कॉशन मनी भेजी जा चुकी है। प्राशिक्षु ग्रुप के माध्यम से अन्य प्रशिक्षुओं को खाता नम्बर उपलब्ध कराने के लिए कहा जा चुका है। उस समय कोरोना के चलते भ्रमण नही हुआ था। ग्रूप के माध्यम से प्रशिक्षुओं को अपने गार्जीयन से लिखित अनुमति लाकर जमा करने के लिए कहा गया है। ताकि उनका शैक्षिक भ्रमण कराया जा सके। दो प्रशिक्षुओ द्वारा अनर्गल आरोप लगाए गए है। उनके द्वारा अभी तक खाता नम्बर उपलब्ध नही कराया गया है।

### वाटर कूलर खराब, परेशान हो रहे राहगीर

**फफूंद, औरैया।** भाग्य नगर ब्लॉक के अंदर लगा हुआ वाटर कूलर लम्बे समय से खराब है। इससे यहां से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी होती है। विकासखंड भाग्यनगर में वाटर कूलर खराब पड़ा हुआ है। जबकि यहां से रोजाना नेता एवं अधिकारी आते-जाते हैं। यह ब्लॉक प्रमुख रेशमा दोहरे के द्वारा लगाया गया था।

## धार्मिक आयोजन

छठ पूजा पर नगर पंचायत ने सूखी नहर में बनाया कृत्रिम तालाब

# छठ माता के पूजन के लिए उमड़ी आस्था, सूर्य को दिया अर्घ्य

संवाददाता, दिबियापुर/औरैया

**अमृत विचार।** लगातार चार दिन तक चलने वाला छठ पूजा सूर्य उपासना का महापर्व है। कार्तिक शुक्ल चतुर्थी को नहाय खाय के साथ शुरू होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान में व्रती महिलाएं सूर्य को साक्षी रखकर घुटने भर जल में सूर्य को अर्घ्य देती हैं। गुरुवार को व्रती महिलाओं ने श्रद्धा के साथ व्रत रखकर सुबह और शाम को सूर्य को अर्घ्य दिया।

गुरुवार को व्रती महिलायें अपने सूप में सूखे मेवे, लौंग, इलायची, नारियल, सुपारी, कच्ची हल्दी, मौसमी फल एवं सब्जियां आदि रखकर आस्था के साथ छठ पूजा करने घाट पहुंचीं और श्रद्धा से पूजन किया। वहीं शुक्रवार सुबह सूर्योदय काल में सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिनों से चलने वाला धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होगा। बता दें कि यह व्रत पंचमी को खरना होता है जबकि षष्ठी तिथि को छठ पूजा पर व्रती महिलाएं व्रत रखती हैं जो शाम को सूर्यास्त के समय भी अर्घ्य देती हैं तथा अगले दिन सप्तमी को सूर्योदय काल में अर्घ्य देकर व्रत का पारण करती हैं। गुरुवार देर शाम विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल, सभासद कृष्ण कुमार कश्यप, सभासद अभय प्रजापति, राजीव शर्मा आदि मौजूद रहे।



महायज्ञ में आहुतियां देते भक्त।

### 108 कुंडीय मृत्युंजय महायज्ञ में भक्तों ने दी आहुतियां

**औरैया।** नगर के प्रसिद्ध वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रहे 108 कुंडीय मृत्युंजय मां पीतांबरा महायज्ञ के चौथे दिन मां राजराजेश्वरी के हजारों भक्तों ने आहुतियां दी। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने श्रीमद् भागवत पंडाल में श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया। नगर में चल रहे मां पीतांबरा महायज्ञ में लगातार आयोजित हो रहे कार्यक्रमों के तहत राजराजेश्वरी महामहोत्सव हुआ।

### साफ-सफाई के साथ रोशनी का रहा इंतजाम

**औरैया।** दिबियापुर नगर में सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा पर नगर पंचायत ने व्रती महिलाओं को सहूलियत देने के लिये सूखी नहर में कृत्रिम तालाब बनाकर पानी भरवाया है। इसके साथ ही पूजा स्थल पर विशेष साफ-सफाई करवाते हुए मार्ग में प्रकाश की भी व्यवस्था की गयी है। माहौल को भक्तिमय बनाते हुये नगर पंचायत द्वारा पूजा स्थल पर साउण्ड लगवाकर छठी माई के भक्तगीत सुनाये जा रहे हैं। ज्ञात रहे कि स्थानीय निचली गंग नहर पुल के उत्तरी ओर बने घाट पर प्रतिवर्ष व्रती महिलाएं पूजा अर्चना करती रहीं हैं लेकिन कुछ माह से नये पुल के निर्माण के चलते बहाव रोक दिया।

# आरटीई के आवेदन 1 नवंबर से

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- 435 विद्यालयों में 4000 से अधिक है सीटें

**अमृत विचार।** राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत 1 दिसंबर से आवेदन शुरू हो रहे हैं। इच्छुक और पत्र उम्मीदवार आनलाइन आवेदन कर सकते है। जिसके बाद आवेदन पत्रों का सत्यापन होगा और फिर लाटरी के जरिए विद्यालय अलाट होंगे। 27 दिसंबर को विद्यालय आवंटन की सूची जारी होगी। इससे पहले आरटीई के तहत जनवरी के अंत तक या फरवरी में आवेदन होते थे। जिससे विद्यार्थी देर में प्रवेश विद्यालयों में ले पाते थे। लेकिन इस बार दिसंबर से ही आवेदन शुरू हो रहे है। इससे विद्यार्थी समय से प्रवेश ले सकेंगे। सरकार की तरफ से गरीब परिवार के विद्यार्थियों को निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत दाखिला दिया जाता है। इस बार आरटीई के तहत एक दिसंबर महीने में ही आवेदन शुरू हो जाएंगे। कुल 435 विद्यालयों में करीब 4000 - आरटीई के तहत सीटें आवंटित है। जिन पर एक दिसंबर से आवेदन शुरू हो जाएंगे। उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए https:// rte25.upsdc.gov.in पर जानकारी ले सकता है। शिक्षा विभाग की तरफ से जारी पत्र में पहले चरण में आवेदन एक दिसंबर से लेकर 19 तक होगा। आवेदन पत्रों का सत्यापन 20 दिसंबर से लेकर 23 दिसंबर तक होगा, लाटरी 24 दिसंबर को निकलेगी और 27 दिसंबर को विद्यालय आवंटन की सूची जारी होगी। इसी तरह दूसरे चरण के लिए एक जनवरी से लेकर 19 जनवरी तक आवेदन होंगे। आवेदन पत्रों का सत्यापन 20 जनवरी से लेकर 23 जनवरी तक होगा और लाटरी 24 जनवरी को निकलेगी। जिसके बाद 27 जनवरी को आवंटित विद्यालयों की सूची जारी होगी। तीसरे चरण के लिए एक फरवरी से आवेदन शुरू हो जाएंगे और 19 फरवरी तक होंगे। 20 फरवरी से 23 फरवरी तक आवेदन पत्रों का सत्यापन और 24 फरवरी को लाटरी निकाली जाएगी और 27 फरवरी को विद्यालयों की सूची जारी होगी। एक चौथे चरण यानी अंतिम चरण में मार्च से लेकर 19 मार्च तक आवेदन होंगे, 20 मार्च से 23 मार्च तक आवेदन पत्रों का सत्यापन होगा। 24 मार्च को लाटरी निकली जाएगी व 27 मार्च को आवंटित विद्यालयों की सूची जारी होगी। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि एक दिसंबर से आरटीई के तहत आवेदन शुरू हो जाएंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अप्युन्मत्तात् प्रलपतो बालाच्च परिजल्पत:।
सर्वत: सारमादद्यात् अश्मभ्य इव काञ्चनम्॥

व्यर्थ बोलने वाले ,मंदबुद्धि तथा बे सिर-पैर की बोलने वाले बच्चों से भी सारभूत बातों को ग्रहण कर लेना चाहिए जैसे पत्थरों में से सोने को ग्रहण कर लिया जाता है।

### संपादकीय

## भारत में जारी बदलाव

विकास के पथ पर अग्रसर भारत दुनिया के साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों से हुई मुलाकात में भारत में डिजिटल, बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और कौशल में बदलाव को रेखांकित किया। हालांकि भारत को वैश्विक प्रौद्योगिकीय दौड़ में चुनौतियों और अवसरों दोनों का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी देश की अर्थव्यवस्था मजबूत विकास और व्यापार के समग्र दृष्टिकोण में सुधार और निवेश के संकेत के साथ आशावादी रूप से बढ़ रही है। भारत का दूरसंचार उद्योग विश्व का दूसरा सबसे बड़ा दूरसंचार उद्योग है। भारत विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टार्टअप परितंत्र के रूप में भी उभरा है। महत्वपूर्ण है कि दुनिया के देशों में भारत के साथ काम करने की इच्छा और भावना है। वास्तव में पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम एक परिवर्तनकारी शक्ति बन गया है, जिसने भारत की विकास कहानी की गति को बदल दिया है और देश को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था में बदल दिया है। इस दृष्टिकोण को तीन प्रमुख स्तंभों के माध्यम से साकार किया जा रहा है: मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा, सुलभ सरकारी सेवाएं और सशक्त नागरिक। उभरती हुई प्रौद्योगिकियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत, डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है। भारत के डिजिटल परिवर्तन की नींव जीवन को आसान बनाने के लिए एक सर्वव्यापी डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में निहित है। यानी नागरिकों को सशक्त बनाना डिजिटल इंडिया का मूल है। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत मेक इन इंडिया पहल के ज़रिए इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा रहा है। डिजिटल अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए कई अन्य पहलों के साथ-साथ देश में सितंबर 2014 में एक प्रमुख परियोजना 'मेक इन इंडिया' की शुरुआत की।

गौरतलब है कि डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया की परिकल्पना भारतीय नवप्रवर्तकों और व्यापारिक नेताओं के लिए कार्रवाई के आह्वान के रूप में की गई थी। 'मेक इन इंडिया' मुख्यतः निर्माण क्षेत्र पर केंद्रित है लेकिन इसका उद्देश्य देश में उद्यमशीलता को बढ़ावा देना भी है। इसका दृष्टिकोण निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाना, आधुनिक और कुशल बुनियादी संरचना और सरकार एवं उद्योग के बीच एक साझेदारी का निर्माण करना है। कहा जा सकता है कि ये दोनों पहल भारत को वैश्विक तकनीकी महाशक्ति बनाने में प्रमुख भूमिका निभाएंगी।

# ट्रंप की जीत और भारत के लिए संकेत



गोलेश स्वामी
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीय इतने मजबूत हैं कि कोई भी अमेरिकन राष्ट्रपति भारत को नजरंदाज नहीं कर सकता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति की कुर्सी पर कौन बैठा है और उसका व्यक्तित्व कैसा है, इस पर भी काफी कुछ निर्भर होता है।



पिछली बार हारने के बाद कई मुकदमों से जूझने वाले कमजोर माने जा रहे ट्रंप को दोबारा से इस हमले ने उनके समर्थकों में एक नया जोश भर दिया। हालांकि उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस एक महिला होने के नाते कई मामलों में उनसे आगे थीं, लेकिन कहते हैं कि अंतत: जीत, जीत ही होती है और जीत की यह बाजी ट्रंप के हाथ लगी। उनकी जीत से जहां दुनिया के आतंकवादी गिरोहों में खौफ पैदा होगा, वहीं भारत के लिए वे आतंकवाद के अलावा कई मामलों में बड़े संबल साबित होंगे। नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही आतंकवाद के धुर विरोधी हैं। वे सख्त फैसले करने के लिए जाने जाते हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध विराम की संभावना बढ़ गई है। भारत को सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य की सीट मिल सकती है।

दुनिया के सुपर पावर अमेरिका में राष्ट्रपति पद पर डोनाल्ड ट्रंप की भारी जीत अपने देश भारत और भारतवासियों के लिए एक अच्छा संकेत है। ट्रंप की जीत से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा खिल गया है और उनके अंदर एक नई शक्ति का संचार होता नजर आ रहा है। मोदी ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने से कितने खुश हैं यह बात उनके द्वारा डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल की फोटोज पोस्ट कर दिए गए बधाई संदेश से साबित होती है। यूं तो भारत अब ऐसी शक्ति बन चुका है कि दुनिया के देशों के लिए उसको नजरअंदाज करना मुश्किल है।

पिछले दिनों भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के प्रधानमंत्री शी चिनपिंग के बीच पांच साल बाद शिखर वार्ता और वर्षों से विवादित लद्दाख सीमा पर चीन का झुकना इसकी एक झलक मात्र है। रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ भारत के दोस्ताना संबंध किसी से छुपे नही हैं। ऐसे में भारत के प्रधानमंत्री मोदी के परम मित्र डोनाल्ड ट्रंप का जीतना भारत को वाकई में नई शक्ति प्रदान करेगा। ट्रंप की जीत की सबसे खास बात यह है कि वे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परम मित्र होने के साथ-साथ हिन्दुत्व के बहुत बड़े समर्थक और इस्लामिक आतंकवाद के धुर विरोधी हैं। पिछली बार जब वे राष्ट्रपति थे तो उन्होंने कई बार खुलकर सार्वजनिक मंचों पर मोदी से दोस्ती का इजहार किया। हिंदुत्व और यहां की सनातन संस्कृति व लोकतंत्र की प्रशंसा की। साथ ही इस्लामिक आतंकवाद की कड़ी आलोचना करते हुए हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ साथ खड़े रहने का ऐलान किया था, लेकिन पिछली बार ट्रंप की हार के बाद बाइडन के राष्ट्रपति बनने से भारत और अमेरिका के रिश्तों में पहले जैसी गर्मजोशी और विश्वास कायम नहीं रह सका था।

हालांकि अमेरिका में रह रहे प्रवासी भारतीय इतने मजबूत हैं कि कोई भी अमेरिकन राष्ट्रपति भारत को नजरंदाज नहीं कर सकता, लेकिन वहां के राष्ट्रपति की कुर्सी पर कौन बैठा है और उसका व्यक्तित्व कैसा है, इस पर भी काफी कुछ निर्भर होता है। इसीलिए माना जा रहा है कि यूं तो ट्रंप की प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस भारतवंशी हैं, वे जीतती तो भारतवंशियों के लिए खुशी की बात होती, लेकिन यहां सवाल नीतियों का भी है। इसीलिए कमला के बजाए ट्रंप भारत के लिए ज्यादा मुफीद हैं। यह बीत दीगर है कि कमला हैरिस को एक अच्छी राजनेता होते हुए भी बाइडन के लचर शासन का खामियाजा उठाना पड़ा। शासन के अंतिम दिनों में तो बाइडन बातें भूलने लगे थे और स्वास्थ्य भी उनका कुछ ठीक नहीं था, जिससे उनकी शासन-प्रशासन पर पकड़ ढीली हो गई थी। यूक्रेन, इजरायल और बांग्लादेश जैसे अहम वैश्विक मामले में भी उनका ढीला रवैया कमला हैरिस पर भारी पड़ा, जबकि आक्रामक रीति-नीति के समर्थक राजनेता ट्रंप बाजी मार ले गए।

बाइडन की लचर विदेश नीति का ही परिणाम था कि मजबूरन भारत को अपनी विदेश नीति में हल्का परिवर्तन करना पड़ा और रूस के राष्ट्रपति पुतिन से गहरे रिश्ते बनाने पड़े, जबकि भारत जानता है कि चीन और रूस के बीच गहरे रिश्ते हैं, लेकिन विदेश नीति के जानकारों का मानना है कि ट्रंप राष्ट्रपति होते तो शायद यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध न होता। आतंकी गुट इजरायल पर भी हमला करने की हिमाकत नहीं कर पाते। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन न होता और होता भी तो हिंदुओं पर इस तरह का अत्याचार नहीं होता। चीन अपनी हद में रहता और पाकिस्तान भी डरा रहता। ट्रंप ने इस चुनाव में अमेरिका में गैरकानूनी घुसपैठ को बड़ा मुद्दा बनाया और इसे लोगों ने खुलकर समर्थन दिया। अपने प्रचार की शुरुआत में ट्रंप पर किया गया हमला भी एक साजिश का अंग था। यानी कुछ विदेशी शक्तियां नहीं चाहती थीं कि ट्रंप चुनाव जीतें। यह बात दीगर है कि वे इस हमले में बाल-बाल बच गए, लेकिन इसी दिन से ट्रंप के प्रति सहानुभूति की लहर चल पड़ी।

पिछली बार हारने के बाद कई मुकदमों से जूझने वाले कमजोर माने जा रहे ट्रंप को दोबारा से इस हमले ने उनके समर्थकों में एक नया जोश भर दिया। हालांकि उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस एक महिला होने के नाते कई मामलों में उनसे आगे थीं, लेकिन कहते हैं कि अंततः जीत, जीत ही होती है और जीत की यह बाजी ट्रंप के हाथ लगी। उनकी जीत से जहां दुनिया के आतंकवादी गिरोहों में खौफ पैदा होगा, वहीं भारत के लिए वे आतंकवाद के अलावा कई मामलों में बड़े संबल साबित होंगे। नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप दोनों ही आतंकवाद के धुर विरोधी हैं। वे सख्त फैसले करने के लिए जाने जाते हैं। ट्रंप के राष्ट्रपति बनने से यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध विराम की संभावना बढ़ गई है। भारत को सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य की सीट मिल सकती है। इजरायल पर हमलावर हो रहे आतंकवादी गुट शांत हो सकते हैं। कनाडा अपनी हद में लौट सकता है। भारत और अमेरिका के बीच उद्योग-व्यापार, निर्यात, तकनीकी के आदान-प्रदान, परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग और आतंकवाद के खिलाफ परस्पर सैनिक सहयोग सहित कई मामलों में और ज्यादा प्रगति हो सकती है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि ट्रंप की जीत भारत, भारतवासी और मोदी सभी के लिए एक नई अनेक संभावनाओं के द्वार खोलती है। साथ ही चीन सहित अनेक विदेशी ताकतों के लिए बेचैनी पैदा करने वाली है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में स्वयं को एक मजबूत राष्ट्रपति साबित किया था, लेकिन वर्तमान में दुनिया की स्थितियां ज्यादा विषम हैं। ग्लोबल वार्मिंग, अर्थव्यवस्था, आतंकवाद, सीमाओं की सुरक्षा और युद्ध सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार में यह ऐलान किया था कि कमला हैरिस जीती तो तीसरा वर्ल्ड वार करा देंगी। उनके (ट्रंप के) रहते तीसरा वर्ल्ड वार नहीं हो पाएगा। लोगों ने उनकी बातों पर विश्वास कर उन्हें बहुमत से ज्यादा वोट देकर जिताया। अब उनकी बारी है यानी ट्रंप को दुनिया के सामने अपनी शख्सियत को साबित करना होगा।

### प्रसंगवश

## दलित पुजारी और मंदिर में मजार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

विगत कुछ काल से भले ही हिंदू और मुस्लिम धार्मिक स्थापत्यों को लेकर समाज विद्वेषमय और उद्वेलित रहा हो और जहां ये दोनों एक जगह हों वहां हटाने के अभियान चले हों, पर उदाहरण ऐसे भी हैं, जहां हिंदू राजाओं ने उभय संप्रदायों के उपासना स्थल एक साथ एक जगह निर्मित कराए।

उदाहरण उत्तर प्रदेश का ही है, जहां अयोध्या को लेकर लंबा विवाद चला और मथुरा-काशी का चल रहा है तथा वातावरण विषाक्त है। बात करते हैं इटावा जिले के लखना कस्बे की, जो पहले राजा की रियासत हुआ करती थी। यहां लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराना कालिका देवी का मंदिर है, जिसके प्रांगण में ही सैयद बाबा की मजार है।

मंदिर का निर्माण और प्रतिष्ठा कोई डेढ़ सौ साल पहले राजा जसवंतराय ने कराया था। वे पहले दूर यमुना पार कंधेसीपार नामक गांव में देवी दर्शन के लिए जाया करते थे, जिसमें बरसात के दिनों में बढ़ी हुई यमुना की वजह से कठिनाई होती थी। कहते हैं कि उन्हें देवी मां ने स्वप्न दिया कि 'मेरी स्थापना यहीं लखना में की जाए। पश्चात वहां खड़े एक पीपल के पेड़ में आग लग गई और देवी का प्राकट्य हो गया। राजा द्वारा वहां मंदिर बनवा दिया गया और पूजा होने लगी। परिसर में ही सैयद बाबा की एक मजार है, जिसे उसी समय से स्थापित बताया जाता है। उसका सेवादार मुसलमान होता है। मंदिर दर्शन पूजन के साथ ही मजार पर भी अर्चना, श्रद्धा समर्पण की परंपरा है।

मान्यतानुसार दोनों की अर्चना करने से ही फल प्राप्त होता है। सांप्रायिक समरसता के प्रतीक इस मंदिर में हर धर्म के लोग दूर-दूर से आकर दर्शन पूजन करते हैं। इस मंदिर की एक विशेषता यह भी है कि यहां दलित वर्ग के दोहरे परिवार का ही पुजारी होता है और पौरोहित्य कार्य पर ब्राह्मण वर्ग के एकाधिकार की बात को झुठलाता है। संप्रति दोहरे परिवार की छठी पीढ़ी यहां की पुजारी है।

कहा जाता है कि इस स्थान का जुड़ाव राणायण काल से भी है। लक्ष्मण के छोटे भाई शत्रुघ्न जब मधुरापुरी (मथुरा) के राजा लवणासुर का वध करने जा रहे थे तो लखना में यहीं पर नौ देवियों की स्थापना कर पूजा-अर्चना करके शक्ति संचय किया था और उन्हें लवणासुर पर विजय पाने में सफलता मिली थी।

# ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन की स्थिति चिंताजनक



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

डब्ल्यूएमओ के वार्षिक ग्रीन हाउस बुलेटिन के अनुसार वर्ष 2023 के दौरान ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि के कुछ प्रमुख कारण हैं।

हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन के द्वारा एक रिपोर्ट जारी की गई है। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन ने एक नया रिकॉर्ड कायम कर लिया है। रिपोर्ट बताती है कि विगत दो दशकों में ग्रीन हाउस गैसों के वैश्विक उत्सर्जन में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। यह रिपोर्ट निश्चित तौर पर एक गंभीर चिंता का विषय है।

रिपोर्ट के माध्यम से एक स्पष्ट संकेत यह मिल रहा है कि पर्यावरण की शुद्धता में सतत ह्रास होता जा रहा है। पर्यावरण का इस दर से अशुद्ध व असंतुलित होते जाना हमारे भविष्य के लिए खतरनाक स्थिति है। मात्र बीस वर्षों के दौरान ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन दस फीसदी बढ़ जाना न केवल एक आश्चर्यजनक तथ्य है अपितु यह एक गंभीर चिंता का विषय भी है। आखिर क्या वजह है कि कार्बन डाइऑक्साइड एवं अन्य ग्रीन हाउस गैसें एक अनियंत्रित दर से पर्यावरण में घुलती जा रही हैं। पर्यावरण को दिन-प्रतिदिन अपने आगोश में जकड़ती इस विषाक्तता के पीछे केवल और केवल अनियंत्रित मानवीय गतिविधियां ही जिम्मेदार हैं।

डब्ल्यूएमओ के वार्षिक ग्रीन हाउस बुलेटिन के अनुसार वर्ष 2023 के दौरान ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में वृद्धि के कुछ प्रमुख कारण हैं। पहला कारण यह है कि 2023 में वनों एवं वनस्पतियों का एक बहुत बड़ा हिस्सा आग की भेंट चढ़ गया। वनाग्नि की घटनाओं का एक अच्छा खासा प्रतिशत वर्ष 2023 में देखने को मिला। बड़े पैमाने पर वनस्पतियों के जलने से कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी असीमित मात्रा में हुआ। यह कार्बन डाइऑक्साइड वातावरण में सम्मिलित होकर उसकी शुद्धता के क्षय का कारण बनती है। इसके अतिरिक्त जो दूसरा प्रमुख कारण है, वो यह कि मानवीय एवं औद्योगिक गतिविधियों के ग्राफ में भी एक अप्रत्याशित उछाल दृष्टिगोचर हो रहा है। ये गतिविधियां भी ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन के लिए एक बड़ी हद तक जिम्मेदार हैं। तीसरा एक अन्य महत्वपूर्ण कारक जो कि ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बढ़ाने में योगदान करता है, वह है जीवाश्म ईंधनों का अधिकाधिक प्रयोग।

रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2023 में कार्बन डाइऑक्साइड की वैश्विक औसत सांद्रता 420 पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन), मीथेन की सांद्रता 1934 पीपीबी (पार्ट्स पर बिलियन) एवं नाइट्रस ऑक्साइड की सांद्रता 336.9 पीपीबी के स्तर तक पहुंच गई है। ये आंकड़े पूर्व औद्योगिक (1750 से पहले) के स्तरों की अपेक्षा क्रमशः 151 फीसदी, 265 फीसदी तथा 125 फीसदी हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि तीनों ही ग्रीन हाउस गैसों का पर्यावरण में स्तर एक अच्छी खासी मात्रा में बढ़ गया है। इतना निश्चित है कि यदि इसी दर से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन जारी रहा तो हमारा भविष्य प्रदूषित पर्यावरण के साथ एक गहरा संबंध रखने को विवश हो जाएगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन लगातार जारी रहने से वायुमंडल में ये गैसें जमा होती रहेंगी। नतीजा यह होगा कि वैश्विक तापन में तीव्र दर से वृद्धि होगी, जो संपूर्ण पृथ्वी एवं इस पर रहने वाले समस्त जीवधारियों के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रों की मौजूदा राष्ट्रीय जलवायु योजनाएं वर्ष 2030 तक वैश्विक उत्सर्जन को संचयी रूप से केवल 2.6 प्रतिशत ही कम कर पाएंगी। परिणाम यह होगा कि जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक तापन के दुष्प्रभावों से निपटने का लक्ष्य हासिल कर पाने में हमें एक सीमा से अधिक समय लग जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटर गवर्नमेंटल पैनलऑन क्लाइमेट चेंज जोकि जलवायु विज्ञान का मूल्यांकन करने वाली एक महत्वपूर्ण संस्था है, के अनुसार वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने के लिए वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को 2030 तक 43 फीसदी दिए एवं 2035 तक 60 फीसदी तक कम करने की आवश्यकता है। वर्ष 2023 अभी तक का सबसे गर्म वर्ष रहा है। इसका कारण केवल और केवल वैश्विक तापन को बढ़ाने वाले कारकों एवं गतिविधियों का नियंत्रण से बाहर होना है। इसका व्यापक दुष्प्रभाव पूरी दुनिया के जनजीवन, अर्थव्यवस्था एवं अन्य सभी गतिविधियों पर पड़ेगा।

कुल मिलाकर निष्कर्ष यह है कि पर्यावरण के संबंध में वैश्विक रिपोर्टें एवं स्थितियां बेहद चिंताजनक हैं। यदि इनके सुधार हेतु छोटे से लेकर बड़े स्तर तक योजनाबद्ध तरीके से प्रयास न किया गया तो भविष्य में ये स्थितियां बेहद गंभीर रूप धारण करके हमारे समक्ष उपस्थित होंगी एवं उस दशा में इनसे पार पाना एक बेहद दुस्साध्य कार्य हो जाएगा। यदि हमें अपने भविष्य को सुरक्षित एवं उज्ज्वल देखना है तो हमारी पहली प्राथमिकता पर्यावरण संरक्षण होना चाहिए।

### सोशल फोरम

## शारदा सिन्हा को समझे बिना



राजीव नयन बहुगुणा
पर्यावरणविद, देहरादून

लिखतु यदि गृहित्वा शारदा सर्व / काले तदपि तव गुणानाम देवि पारम न याती।

कोई आठ सौ साल पहले, जब ध्वन्यांकन के कोई साधन न थे, तब भी अमीर खुसरो की सुर लिपियां आज तक कहीं नहीं गईं, फिर शारदा सिन्हा की आवाज कहां और कैसे हेरा जाएगी।

मेरे लगभग पांच साल तक, तब के अराजक, दुर्गम और बीहड़ बिहार प्रवास को सरस, स्वाभाविक बनाने में शारदा सिन्हा का भी योगदान था। कोई अड़तीस साल पुरानी बात होगी, जब एक नए रंग रूट पत्रकार के नाते मैं नौकरी करने बिहार की राजधानी पहुंचा। मुझे कोई संगीत श्रेष्ठ मित्र उनके पास ले गए। शारदा सिन्हा तब पैंतीस के हेर-फेर में रही होंगी। उनकी भरपूर देहयष्टि, चिट गोरा रंग, अभिजात्य भारतीय परिधान योजना और पहली ही नजर में मेरे मन में उनके प्रति श्रद्धा उपज गई, जो सदैव रही। वह मुझे एक कुलीन मारवाड़ी सेठानी जैसी लगीं। अतः मैं उन्हें हमेशा संगीत की सेठानी कहता रहा। बात करते वक्त भी उनकी आवाज में खरे कलदार की खनक थी। हमें चाय परोसते वक्त भी उनका एक हाथ पल्लू संभालने वास्ते रिजर्व रहता था। उनकी आंखों और केश राजि में स्वयं सांध्य देवी ने अपनी कूची से काजल भरा था। उनकी ग्रीवा को नियंता ने इसीलिए स्थूल बनाया था कि पैने और हीरे जैसे घातक कटाव दार सुरों के आवेग से कभी गला न छिल जाए। बिहार का दर्द, मस्ती, आक्रोश और तितीक्षा, सब कुछ उनके सुरों में वर्तमान था।

आप आधुनिक बिहार से संबंधित कोई भी किताब पढ़ लीजिए। पूरा बिहार घूम आइए, शारदा सिन्हा को सुने समझे बगैर आप बिहार से अपरिचित हैं। कालिदास के प्रसंग में सरस्वती ने कहा था, कवि तो दंडी ही है। तब कुपित कालिदास ने पूछा, फिर मैं कौन हूं? तब सरस्वती ने समाधान किया, तुम कवि कब से हो गए? तुम तो स्वयं मेरे पुत्र हो। शारदा सिन्हा के बारे में कहा - तुम तो मेरा ही अवतार हो। प्रणाम शारदा माता। आप अदृश्य सरस्वती नदी की तरह मेरे भीतर और बाहर बहती रहोगी।

-फेसबुक वॉल से

# मीरा के विद्रोही व्यक्तित्व को समझना होगा



रवि नंदन सिंह
प्रयागराज

मीरा पर लिखी सबसे प्रामाणिक किताब जयपुर के डॉ. ब्रजेंद्र कुमार सिंघल ने लिखी है, शीर्षक है – 'मीराबाई : प्रामाणिक जीवनी और मूल पदावली'। यह किताब अत्यंत खोजपूर्ण सामग्री से भरी हुई है। उन्होंने भी कंवल भारती के उक्त मंतव्य को मनगढ़ंत बताया।

### विमर्श में कंवल भारती का व्याख्यान

कंवल भारती भक्ति साहित्य का पुनर्पाठ करते-करते मीराबाई के बारे में मनगढ़ंत टिप्पणी करते हैं, जिसका कोई प्रामाणिक आधार उनके पास नहीं है। पहले उनकी टिप्पणी देखिए-"इसलिए उन्होंने विधवा मीराबाई की गोद में कृष्ण की मूर्ति बैठा कर चैन की सांस ली और इस तथ्य को नजरअंदाज कर दिया कि मीरा गिरधर नागर नाम के एक हाड़मांस के जोगी से प्यार करती थी, न कि मुरलीधर कृष्ण से। वह उस जोगी के साथ वैवाहिक जीवन जीना चाहती थी, पर एक विधवा स्त्री पुनर्विवाह कैसे कर सकती है? इसलिए उसे कृष्ण-दीवानी बना दिया गया।" अब यह इलहाम कंवल जी को कैसे हो गया वही जाने? वह भी बिना किसी आधार या पुष्ट प्रमाण के।

मीरा पर लिखी अब तक की सबसे प्रामाणिक किताब जयपुर के डॉ. ब्रजेंद्र कुमार सिंघल ने लिखी है, शीर्षक है - 'मीराबाईः प्रामाणिक जीवनी और मूल पदावली'। यह किताब अत्यंत खोजपूर्ण सामग्री से भरी हुई है। मेरी इस संबंध में सिंघल से भी बात हुई, किंतु उन्होंने भी कंवल भारती के उक्त मंतव्य को मनगढ़ंत बताया। किसी स्त्री का अपने ईष्ट के प्रति समर्पण को समझने में इतना संशय क्यों? आश्चर्य क्यों है? पूरे विश्व साहित्य से ऐसी भक्त स्त्रियां मिल जाएंगी। 8 वीं शताब्दी की सूफी कवयित्री राबिया और 14 वीं शताब्दी की अंग्रेजी कवयित्री जूलियन ऑफ नॉर्विज ऐसी ही स्त्रियां हैं। जूलियन की किताब 'रिवीलेशन ऑफ डिवाइन लव' में उनके ईसा के प्रति प्रेम और समर्पण के गीत हैं। वो तो ईसा के प्रेम में पागल थीं, बिल्कुल मीराबाई की तरह। उसकी कविता की तरफ सबसे पहले ध्यान गया टीएस इलियट का, जिसने अपनी रचना "लिटिल गिडिंग" में नॉर्विज की कुछ पंक्तियों को उद्धृत भी किया है। मीरा की हर जीवनी यही कहती है कि मीरा सात साल की उम्र से श्रीकृष्ण के प्रति आकर्षित हो गई थीं। उनके पदों में गिरधर नागर का उल्लेख प्रभु के रूप में आता है। इसके लिए मीरा के विद्रोही व्यक्तित्व को समझना होगा।

मीरा का राणा सांगा के बड़े पुत्र भोजराज के साथ वैवाहिक जीवन अत्यंत सुखमय था। भोजराज की 1526 ई. के एक युद्ध में मृत्यु हो जाती है। पति की मृत्यु के बाद मीरा पर सती होने का दबाव डाला जाता है। मीरा सती होने से इंकार कर देती हैं और अपने जीवन का प्रथम विद्रोह करतीं हैं। इतिहास में सती प्रथा के विरूद्ध आवाज उठाने वाला यह पहला प्रामाणिक साक्ष्य है। इस नाते मीरा सती प्रथा के खिलाफ सामाजिक प्रतिरोध की प्रथम आवाज हैं। वह खुद तो जागरूक हैं ही, समाज को भी जागरूक करती हैं। मीरा के जीवन पर उनकी कविता के अंतः साक्ष्य और बहिसाक्ष्य चीख-चीखकर कहते हैं कि गिरधर नागर प्रभु कृष्ण ही हैं कोई हाड़ मांस का व्यक्ति नहीं।

## ट्रंप और मोदी में कुछ बातें समान



राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

अमेरिका ने अमेरिका के लिए अपना फैसला दे दिया है। अब विश्व प्रतीक्षा कर रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता के शीर्ष पर पहुंचने से अमेरिका को, विश्व को क्या फायदा पहुंचता है? विश्व के सर्वाधिक विकसित राष्ट्र की कुर्सी पर आसीन व्यक्ति की सोच से संसार में बहुत कुछ निर्धारित होता है। इस बात से कोई मुंह चुराए तो वह सच्चाई से ही मुंह चुरा रहा है। कुछ बातें दो मित्रों ट्रंप और मोदी में सामान नजर आईं।

दोनों राष्ट्र प्रथम की बात करते हैं। दोनों विश्व से आतंकवाद समाप्त करने की बात कर रहे हैं। जो बाइडेन के शासन काल में भारत की समर्थक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपदस्थ किया गया। घटनाक्रम के बाद जो जेहादी मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश में शासन कर रहे हैं, उन्होंने बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार किए हैं। बाइडेन प्रशासन ने मोहम्मद यूनुस को चालीस बिलियन डॉलर की मदद भी दी। देखना होगा ट्रंप बांग्लादेशी जेहादियों और सरकार से कैसा बर्ताव करते हैं? दूसरी और लंगड़ाते पाकिस्तान के साथ कैसा व्यवहार करते हैं, जो भूखा मरने के बाद भी भारत में आतंकवादी निर्यात से बाज नहीं आ रहा। चीन जो हर वक्त भारत को धोखा देने की तलाश में लगा रहता है, उससे कैसा व्यवहार करता है? ट्रंप के अपने देश में भी दुश्मन कम नहीं हैं, इस बार तो हद ही हो गई जब वहां के अधिकांश मीडिया ने खुले आम डेमोक्रेट कमला हेरिस का खुलकर समर्थन किया। फिल्म स्टार, पॉप गायक सभी कमला के लिए, लेकिन विश्व का सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क तन, मन, धन से ट्रंप के साथ लगा रहा। ट्रंप भी अपनी राष्ट्र प्रथम के भाव पर अडिग रहे, उन्होंने कहा कि अपने बॉर्डर सुरक्षित करूंगा, अवैध घुसपैठियों को रोकूंगा, महंगाई कम करूंगा, बेरोजगारी कम करूंगा, टैक्स कम करूंगा, इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करूंगा, विश्व में शांति स्थापित करूंगा, अमेरिका को पुनः विकास मार्ग पर लाऊंगा, रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने का प्रयास करूंगा, मिडल ईस्ट में शांति का प्रयास करूंगा।

## छठ पर्व का वैज्ञानिक आधार और स्वरूप



प्रो . विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

छठ पर्व को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो षष्ठी तिथि (छठ) को एक विशेष खगोलीय परिवर्तन होता है, इस समय सूर्य की पराबैंगनी किरणें पृथ्वी की सतह पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्र हो जाती हैं। इस कारण इसके संभावित कुप्रभावों से मानव की यथासंभव रक्षा करने का सामर्थ्य प्राप्त होता है।

छठ जैसी खगोलीय स्थिति (चंद्रमा और पृथ्वी के भ्रमण तलों की सम रेखा के दोनों छोरों पर) सूर्य की पराबैंगनी किरणें कुछ चंद्र सतह से परावर्तित तथा कुछ गोलीय अपवर्तित होती हुई, पृथ्वी पर पुनः सामान्य से अधिक मात्रा में पहुंच जाती हैं। वायुमंडल के स्तरों से आवर्तित होती हुई, सूर्यास्त तथा सूर्योदय को यह और भी सघन हो जाती हैं। ज्योतिषीय गणना के अनुसार यह घटना कार्तिक तथा चैत्र मास की अमावस्या के छह दिन उपरांत आती है। ज्योतिषीय गणना पर आधारित होने के कारण इसका नाम छठ पर्व रखा गया है। प्रकृति के संरक्षण के साथ-साथ यह पर्व आंवला, मकोई, मूंगफली जैसे फलों का महत्व बताते हुए इनके संरक्षण का संदेश देता है। छठ पर्व में होने वाला 36 घंटे का निर्जला उपवास शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे शरीर शुद्ध होता है। यह पर्व स्वच्छता के साथ प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देता है। गांव के पोखर, तालाब एवं अन्य जलाशयों के साथ गांव की भी सफाई होती है, इस तरह यह पर्व स्वच्छता का भी संदेश देता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कमर तक पानी में डूबकर सूर्य की ओर देखना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इससे टॉक्सिफिकेशन की प्रक्रिया होती है। इस समय सूर्य की किरणों में 16 कलाएं होती है। जैसे रिपलेक्शन रिक्शन डेविस्मन, स्केटरिंग डिस्पर्शन, वाइब्रेशन इत्यादि। लोटे से आड़े तिरछे जल की धारा से सूर्य की किरण परावर्तित होकर जितनी बार आंखों तक पहुंचती है, उससे स्नायुतंत्र जो शरीर को कंट्रोल करता है, सक्रिय हो जाता है। दिमाग की कार्य क्षमता बढ़ जाती है। इस पूजा के प्रभाव से सभी प्रकार के चर्मरोग ठीक हो जाते हैं। भविष्य एवं मार्कण्डेय पुराण में भी ऐसा वर्णन है।

## एक नजर

### रक्षा मंत्री शनिवार को आएंगे लखनऊ



**अमृत विचार, लखनऊ :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को लखनऊ पहुंचेंगे और पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. आशुतोष टंडन 'गोपाल जी' की पुण्य तिथि पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह 9 नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं। शनिवार की शाम 4 :40 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर रक्षामंत्री का आगमन होगा। एयरपोर्ट से वह कालिदास मार्ग आवास जाएंगे। इसके बाद शाम 6 :20 पर आवास से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लिए रवाना होंगे। आशुतोष टंडन की प्रथम पुण्यतिथि पर लालजी टंडन फाउंडेशन की ओर से 'राजनीति में शालीनता सुचिता और सेवा विषय' पर यहां परिचर्चा होगी।

### दिव्यांग व कुष्ठावस्था पेंशन का नहीं हो सका भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** दीपावली का पर्व बीत चुका है, मगर दिव्यांग और कुष्ठावस्था पेंशन का भुगतान पात्रों को नहीं हो सका है। पात्रों को त्योहार पर भी पेंशन के लिए टेंशन रही। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से दिव्यांगों और कुष्ठजनों को पेंशन दी जाती है। दिव्यांगों को 15 सौ रुपये प्रतिमाह और कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांग हुए लोगों को 3 हजार रुपये दिए जाते हैं। वित्तीय वर्ष 2024-2025 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) प्रदेश में 11 लाख 4 हजार 703 को पेंशन दी गई थी। जबकि 12 हजार 400 को कुष्ठजनों को पेंशन दी गई थी। दिव्यांग पेंशन पर 3,314,082,000 और कुष्ठावस्था पर 111,600,000 रुपये खर्च हुए थे। पेंशन की राशि तिमाही पूरी होने के बाद खातों में हस्तांतरित की जाती है। जुलाई से सितंबर के बीच दूसरी तिमाही पूरी हो चुकी है मगर अभी तक पात्रों के खाते में पेंशन की धनराशि नहीं पहुंची है। पेंशन न आने के कारण पात्रों के परिजन विभाग के चक्कर काट रहे हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आधार लिंक करने का काम चल रहा है इसलिए विलंब हुआ है।

# बिलिंग एजेंसियां ले सकेंगी आंशिक भुगतान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अब नहीं लेनी होगी अधिकारियों से अनुमति
- उप्र. पावर कॉरपोरेशन ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** अब बिलिंग एजेंसियां बिजली उपभोक्ताओं से अपने स्तर से आंशिक भुगतान ले सकेंगी। इसके लिए अधिकारियों के स्तर से अनुमति की जरूरत नहीं होगी। उप्र. पावर कॉरपोरेशन की ओर से इस सिलसिले में आदेश जारी किया गया है।

कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि विभागीय कैश काउंटर, ऑनलाइन माध्यम व अन्य बिल कनेक्शन एजेंसियों को बिजली बिलों के आंशिक भुगतान की सुविधा के लिए किसी प्रकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। लाइफलाइन की श्रेणी में आने वाले आर्थिक रूप से कमजोर उपभोक्ताओं को बकाया धनराशि का 10 प्रतिशत या 250 रुपये जो भी अधिक होगा, की न्यूनतम सीमा के साथ आंशिक भुगतान लिया जाएगा, जबकि अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए बकाया धनराशि का 25 प्रतिशत धनराशि या एक हजार जो भी अधिक हो, की न्यूनतम सीमा के साथ आंशिक भुगतान की सुविधा उपलब्ध होगी।

इसी तरह, अस्थायी तौर पर काटे गए कनेक्शन के लिए आंशिक भुगतान की सुविधा न्यूनतम कुल बकाया का 25 प्रतिशत सीमा के साथ उपलब्ध कराई जाएगी। आंशिक भुगतान की स्थिति में उपभोक्ताओं को एक माह में एक से अधिक बार आंशिक भुगतान करने की सुविधा उपलब्ध होगी। बकाया बिल होने की स्थिति में कनेक्शन काटने का अधिकार वितरण निगमों में पास सुरक्षित रहेगा। इस आशय की जानकारी भुगतान की रसीद पर अंकित की जाएगी।

# जीनस कंपनी भी जांच के दायरे में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्मार्ट प्रीपेड मीटर गड़बड़ी प्रकरण में काली सूची में डाली जा सकती हैं तीन कंपनियां

**अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर में गड़बड़ी प्रकरण में मीटर लगाने वाली सभी कंपनियां जांच के दायरे में हैं, जबकि गड़बड़ पाई गईं तीन कंपनियों को काली सूची में डालने की कवायद शुरू हो गई है।

प्रदेश में उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में चार कंपनियां लगी हैं। इन कंपनियों को वितरण निगमों के स्तर से टेंडर के जरिये जिम्मेदारी दी गई है। फिलहाल में जांच में दोषी पाई गईं तीन निजी कंपनियों पोलरिस, इन टेलीस्मार्ट व जीएमआर को नोटिस दी गई है। ये तीनों कंपनियां दिल्ली की एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स में निर्मित मीटर लगाने का कार्य कर रही हैं। इसी तरह, चौथी कंपनी जीनस भी प्रदेश के सभी निगम क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगा रही है। यह कंपनी स्वयं मीटर निर्माता कंपनी भी है। कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, सभी कंपनियों को जांच के दायरे में रखा गया है। सभी मीटरों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। गड़बड़ पाई गई तीन कंपनियों को नोटिस के बाद कॉरपोरेशन को उनके जवाब का इंतजार है। जवाब के बाद आगे कार्रवाई शुरू होगी। मालूम हो कि प्रदेश में अभी तक 2,75,000 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हैं, इसमें लगभग डेढ़ लाख मीटर एलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स के हैं।

### गड़बड़ मीटर वाली कंपनियों के भुगतान पर लगे रोक : परिषद

उप्र. राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कॉरपोरेशन से मीटर में गड़बड़ी प्रकरण में संबंधित कंपनियों के भुगतान पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को अवगत कराया गया कि बिहार में 18 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर 'रिचार्ज' नहीं हो पा रहे हैं। सर्वर ठप होने के कारण वहां यह समस्या बनी हुई है। ऐसे में प्रदेश में लग रहे मीटर प्रकरण पर सतर्कता की जरूरत है। परिषद के अध्यक्ष ने बताया कि कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# लखनऊ समेत 10 जिलों में बनेंगे बाल संरक्षण गृह

## मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना से खर्च किए जाएंगे 100 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आधुनिक सुविधाओं समेत 100 बच्चों की क्षमता वाले होंगे संरक्षण गृह



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना से लखनऊ, अयोध्या और कानपुर समेत 10 जिलों में नये बाल संरक्षण गृहों का निर्माण व संचालन किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार 100 करोड़ रुपये खर्च करेगी। प्रत्येक की क्षमता 100 बच्चों की होगी और आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग ने बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के लिए यह महत्वपूर्ण पहल की है। प्रस्तावित योजना के अनुसार प्रथम चरण में वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, अयोध्या, अमेठी, मथुरा, फिरोजाबाद, बस्ती, झांसी एवं कानपुर देहात में इन संरक्षण गृहों का निर्माण होगा। इनमें एक राजकीय बाल गृह (बालिका), एक राजकीय बाल गृह (बालक), सात राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर), किशोर न्याय बोर्ड सहित एक प्लेस ऑफ सेफ्टी गृह शामिल है। इन संरक्षण गृहों में बच्चों को न केवल रहने की सुविधा दी जाएगी, बल्कि उनके शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक विकास का भी ध्यान रखा जाएगा।

सभी गृहों का निर्माण प्रदेश सरकार अपने बजट से करेगी। जबकि संचालन में केंद्र सरकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों के तहत केंद्रांश 60 प्रतिशत और राज्यांश 40 प्रतिशत के अनुसार प्रदेश सरकार पर 7.96 करोड़ रुपये का व्यय भार आएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री बाल आश्रय योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 100 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

# आईपीएस जसबीर सिंह सेवा मुक्त, राष्ट्रपति के यहां दाखिल की अपील

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईपीएस अधिकारी जसबीर सिंह को सेवा मुक्त कर दिया गया है। 1992 बैच के यूपी कॉडर के आईपीएस अधिकारी जसबीर पिछले पांच साल से निलंबित चल रहे थे। उन पर बयानबाजी और अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए निलंबित किया गया था। उन्होंने इसे लेकर राष्ट्रपति के यहां अपील दायर की है।

आईपीएस जसबीर सिंह ने फरवरी 2019 में एक वेबसाइट से बातचीत के दौरान शासन की नीतियों और कार्यप्रणाली पर बयान दिए थे। इसमें पूर्व में तैनाती के दौरान जुड़े मुद्दों, एनकाउंटर नीति, अधिकारियों के तबादले और तैनाती पर सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। कहा कि सरकार उनको बिना काम का वेतन दे रही है। रूल्स एंड मैनुअल्स में कोई काम नहीं है, इसके बावजूद वहां स्टाफ को बैठाकर वेतन दिया जा रहा है। आरोप है कि शासन की नोटिस मिलने पर वह छुट्टी पर चले गए। इसके लिए वरिष्ठ अधिकारी से अनुमति भी नहीं ली और न ही जवाब दिया। इसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था।

**राजा भैया पर शिकंजा कस सुर्खियों में आए थे :** आईपीएस जसबीर सिंह एसपी प्रतापगढ़ और फूड सेल में तैनात थे। इस दौरान उन्होंने रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया पर शिकंजा कसा था। इसके बाद वह चर्चा में आ गए।

# पीपीएस से आईपीएस बने 22 अफसरों को मिली तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पदोन्नत होने के बाद जहां थे वहीं मिली तैनाती, पिपिंग सेरेमनी में कंधे पर सजे सितारे

**अमृत विचार :** अक्टूबर माह में पीपीएस से आईपीएस बने 22 अफसरों की तैनाती का आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया है। ये सभी अधिकारी अभी पुराने तैनाती स्थल पर ही पदोन्नत होकर कार्य देखेंगे। आदेश जारी होने के बाद सभी अधिकारियों की पिपिंग सेरेमनी हुई, जिसमें उनके कंधे पर अशोक स्तंभ के साथ सितारा लगाया गया।

डीजीपी मुख्यालय से बुधवार शाम को नियुक्ति का आदेश जारी हुआ। इसके बाद सभी अधिकारियों के कंधे पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने अशोक स्तंभ के साथ सितारा लगाया। लखनऊ में तैनात एडीसीपी पश्चिमी विश्वजीत श्रीवास्तव के कंधे पर पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर और डीसीपी पश्चिमी ओमवीर सिंह ने सितारा लगाया। बुधवार को जारी आदेश के अनुसार, पीपीएस से आईपीएस बने बजरंग बली अपर पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) मथुरा, दिनेश यादव उप सेनानायक 41वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद, समीर सौरभ सेक्टर ऑफिसर सीबीसीआईडी प्रयागराज, मो. इरफान अंसारी, अपर पुलिस अधीक्षक उप्र. पुलिस मुख्यालय प्रयागराज, अजय प्रताप उप सेनानायक 25वीं वाहिनी पीएसी रायबरेली, नैपाल सिंह अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) पश्चिमी खीरी, कमलेश बहादुर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि. आगरा, राकेश कुमार सिंह पीटीसी जालौन, रश्मि रानी अपर पुलिस अभिसूचना मुख्यालय, लाल भरत कुमार पाल अपर पुलिस अधीक्षक, एएनटीएफ मुख्यालय, अनिल कुमार यादव, अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) चंदौली, लक्ष्मी निवास मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक एसीओ मुख्यालय, राजेश कुमार श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, चिरंजीव नाथ सिन्हा अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी बाराबंकी, विश्वजीत श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक सेक्टर सुरक्षा लखनऊ, मनोज अवस्थी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शाहजहांपुर, अमृता मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना मुख्यालय, रोहित मिश्रा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बुलंदशहर, शिवराम यादव अपर पुलिस अधीक्षक पीटीएस मेरठ, अशोक कुमार अपर पुलिस आयुक्त नोएडा, दीपेंद्र नाथ चौधरी अपर पुलिस अधीक्षक उत्तर देवरिया और मायाराम को अपर पुलिस अधीक्षक पीटीएस सुल्तानपुर में तैनाती दी गई है।

# भाजपा नेताओं को सौंपी गई 98 जिला व महानगरों में चुनाव की कमान

## प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी ने जारी की सूची, 6 क्षेत्रों में प्रदेश के सहायक चुनाव अधिकारी रखेंगे चुनाव पर नजर

## 15 से 30 नवंबर तक होगा बूथ चुनाव, फिर मंडल जिला-महानगर और क्षेत्र के बाद प्रदेश कमेटी का चुनाव



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा के प्रदेश के संगठन चुनाव अधिकारी व पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने संगठन चुनावों के लिए नियुक्त किए गए 98 जिला व महानगर चुनाव अधिकारियों के नामों की घोषणा की है। इसमें सांसद-विधायक, पूर्व मंत्री जैसे पदों पर रहे नेताओं के नाम भी हैं। इन चुनावों पर नजर रखने का दायित्व 6 क्षेत्रों के लिए बनाए गए सहायक चुनाव अधिकारियों का होगा।

सक्रिय सदस्यता अभियान के बाद बूथ, मंडल, जिला-महानगर, क्षेत्र के बाद प्रदेश कमेटी का चुनाव होना है। राज्य के चुनाव अधिकारी डॉ महेंद्र नाथ पांडेय ने बताया कि 9 नवंबर को जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं। संगठन चुनाव की दृष्टि से बूथ समिति के चुनाव 15 से शुरू होकर 30 नवंबर के बीच होंगे। बूथ समिति चुनाव के बाद मंडल और जिला संगठन के चुनाव होंगे।

बताया कि संगठन चुनाव के सहायक चुनाव अधिकारी मुकुट बिहारी वर्मा को कानपुर क्षेत्र, रंजना उपाध्याय को अवध क्षेत्र, राजेंद्र तिवारी को काशी क्षेत्र, अनिल चौधरी को पश्चिम क्षेत्र, कमलेश कुमार को गोरखपुर क्षेत्र और हरीश कुमार सिंह को ब्रज क्षेत्र के संगठन चुनाव का कार्य देखेंगे। जबकि प्रदेश मंत्री शिव भूषण सिंह और अरूणकांत त्रिपाठी प्रदेश चुनाव अधिकारी के साथ समन्वय का कार्य करेंगे।

### अवध क्षेत्र : 15 जिला व महानगर चुनाव अधिकारी नियुक्त

भाजपा ने अवध क्षेत्र के 15 जिला व महानगर में चुनाव कराने के लिए 15 नेताओं को कमान सौंपी है। इसमें राज्यसभा सांसद नवीन जैन को लखनऊ महानगर, एमएलसी व बृज क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष रजनीकांत माहेश्वरी, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा को रायबरेली, जालौन के पूर्व जिलाध्यक्ष नागेंद्र गुप्ता को सीतापुर, विधायक व पूर्व मंत्री श्रीराम चौहान को लखीमपुर, पूर्व महापौर संजीव वालिया को हरदोई, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव को अंबेडकर नगर, जिला प्रभारी रमेश सिंह को बाराबंकी, क्षेत्र महामंत्री सुशील त्रिपाठी को बलरामपुर, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह को बहराइच, अशोक सिंह को गोंडा, प्रेमचंद्र मिश्रा को श्रावस्ती, विधायक नीलिमा कटियार को अयोध्या महानगर, रणजीत सिंह कुशवाहा को अयोध्या जिला और डॉ. रामबाबू हरित को उन्नाव जिले की कमान सौंपी गई है।

### पश्चिम क्षेत्र : बनाए गए 19 जिला व महानगर चुनाव अधिकारी

भाजपा ने प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र के 19 जिला व महानगर में संगठन पर्व चुनाव के लिए जिला चुनाव अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसमें विधायक व प्रदेश मंत्री अंजुला माहौर को रामपुर, पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता को मुरादाबाद महानगर, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश कोरी को मुरादाबाद जिला, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह को शामली, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य को अमरोहा, एमएलसी अरूण पाठक को बिजनौर, विधायक रामनरेश अग्निहोत्री को सहारनपुर महानगर, राज्य सभा सांसद बाबू राम निषाद को सहारनपुर जिला, पूर्व जिला प्रभारी पूरनलाल लोधी को मुजफ्फरनगर, एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल विश्नोई को मेरठ महानगर, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी को मेरठ जिला, पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह को गाजियाबाद महानगर, विधायक अनुपमा जायसवाल को गाजियाबाद, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा को हापुड़, पूर्व सांसद विनोद कुमार सोनकर को नोएडा महानगर और एसएलसी व प्रदेश मंत्री विजय शिवहरे को गौतमबुद्धनगर, एमएलसी संतोष सिंह को बागपत, कार्यसमिति सदस्य डॉ. पुष्कर मिश्रा को संभल और विधायक महेश गुप्ता को बुलंदशहर जिले में चुनाव कराने की बागडोर सौंपी गई है।

### कानपुर क्षेत्र : संगम, कांता, सतीश व जय को चुनाव की कमान

कानपुर क्षेत्र में भाजपा की ओर से 17 जिला व महानगरों में संगठन चुनाव के लिए अधिकिरयों की नियुक्ति की गई है। इसमें पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता को कानपुर महानगर उत्तर, पूर्व सांसद कांता कर्दम को कानपुर महानगर दक्षिणी, पूर्व मंत्री संतीश चंद द्विवेदी को कानपुर देहात, जय प्रकाश निषाद को कानपुर ग्रामीण, वीरेंद्र तिवारी को इटावा, कामेश्वर सिंह को कन्नौज, सुमन चतुर्वेदी को फर्रूखाबाद, विधायक रितेश गुप्ता को फतेहपुर, सुधीर हलवासिया को औरैया, विद्यासागर सोनकर को झांसी महानगर, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह को झांसी जिला, वाल्मीकी त्रिपाठी को बांदा, लखनऊ के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामनिवास यादव को महोबा, पूर्व महापौर कौशलेंद्र पटेल को चित्रकूट, विधायक पीएन पाठक को हमीरपुर, विधायक सुभाष त्रिपाठी को जालौन और रामचंद्र मिश्रा को ललितपुर जिले की कमान दी गई है।

### ब्रज क्षेत्र : वाईपी सिंह और ज्ञान तिवारी कराएंगे बरेली में चुनाव

भाजपा की ओर से ब्रज क्षेत्र के 19 जिलों और महानगरों के लिए चुनाव अधिकारियों की नियुक्त हुई है। बरेली महानगर में यूपी सिडको के अध्यक्ष वाईपी सिंह और जिले में विधायक ज्ञान तिवारी चुनाव कराएंगे। इसी तरह एमएलसी मोहित बेनीवाल को आगरा महानगर, ओमप्रकाश श्रीवास्तव को आगरा जिला, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर को मथुरा जिला, विमल वर्मा को मथुरा महानगर, एमएलसी प्रांशुदत्त द्विवेदी को फिरोजाबाद महानगर, विधायक आशीष सिंह आशु को फिरोजाबाद जिला, जमुना कुशवाहा को एटा, सत्यपाल सैनी को अलीगढ़ जिला, विधायक राजीव गुंबर को अलीगढ़ महानगर, पूर्व एमएलसी सतीश शर्मा को हाथरस, एमएलसी श्रीचंद शर्मा को मैनपुरी, देवेंद्र सिंह चौधरी को कासगंज, विधायक राम रतन कुशवाहा को आंवला, प्रदेश मंत्री चंद्रमोहन सिंह को शाहजहांपुर जिला एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक को शाहजहांपुर महानगर, एमएलसी गोपाल अंजान को पीलीभीत और पूर्व मंत्री सुरेश राणा को बदायूं जिले की बागडोर सौंपी गई है।

## वर्ग पहेली-245

**बाएं से दाएं**

4.1. नीली कुईं, कोका, इंदीवर 2. पृथ्वी, भूमंडल।

5.1. घुल-मिल जाना 2. पूर्ण होना 3. मिलना।

7.1. व्यक्ति

**ऊपर से नीचे**

1. शौच कराना, किसी अन्य को मल त्याग कराना।

2.1. तुलना के योग्य 2. जिससे तुलना की जा सकती हो।

3.1. देखने में सुंदर और भला लगने वाला 2. सुंदर, ख़ूबसूरत 3. मनोरम 4. प्रियदर्शन।

4.1. किसी विश्वविद्यालय का प्रधान अधिकारी, (वाइस चांसलर) 2. पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंतर्गत किसी कुल या परिवार का स्वामी, मुखिया 3. प्राचीन काल में गुरुकुल का प्रधान अधिकारी जो छात्रों की शिक्षा और भोजन आदि की व्यवस्था करता था।

6. जानवरों को होने वाला एक रोग।



### वर्ग पहेली -244 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 कि | | | | | |
| र | | 2 छि | 3 गु | नी | |
| कि | | | ज | | |
| री | | 4 अ | रा | ड़ | |
| | 5 जं | भि | त | | 6 म |
| 7 यू | | ग | | | ह |
| रो | | 8 म | ज़ | कू | री |

## सुडोकू -158

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 6 | | 2 | |
| 9 | 4 | 3 | | 5 | | 6 | | 8 |
| | 7 | | 8 | | | 9 | | |
| 7 | | | 3 | | | 1 | | |
| 8 | | | | | | | | 7 |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | | 7 | | | 2 | | 6 | |
| 5 | | 9 | | 8 | | 7 | 4 | 1 |
| | 6 | | 1 | | | 3 | | |

### सुडोकू - 157 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 4 | 5 | 7 | 9 | 1 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 6 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 4 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 6 | 8 | 7 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 7 | 4 | 1 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 6 | 8 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 नवंबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 23 .56 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-हेमंत।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- उत्तराषाढ़ा 12 .03 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष** : आज व्यापार में आपको बहुत अच्छे परिणाम मिलेंगे। पैतृक व्यवसाय में आपको धन लाभ होगा। दूसरों पर ज्यादा ध्यान न दें। घर का वातावरण बहुत अच्छा रहेगा। आप जिस काम को हाथ में लेंगे उसे पूरा अवश्य कर लेंगे।

**वृष** : आज जीवनसाथी के साथ मतभेद सुलझ सकते हैं। पार्टनरशिप में आप व्यवसाय शुरू करने का विचार बनाएंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिलने के योग बन रहे हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद प्राप्त होगा।

**मिथुन** : आज मनोबल में कमी महसूस होगी। तनाव की वजह से अपच की समस्या होने की संभावना है। महिलाएं जीवनसाथी के साथ शॉपिंग के लिए जाएंगी। आपकी कमजोरियों का लोग लाभ उठाने का प्रयास करें। व्यापार में हानि हो सकती है।

**कर्क** : आज बुरी नीयत के लोगों से दूरी बनाकर रखें। कार्यक्षेत्र में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर मित्रों से चर्चा करेंगे। जीवनसाथी से उपहार मिल सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। नए व्यवसाय की शुरुआत कर सकते हैं।

**सिंह** : आज जॉब को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे। यात्रा के दौरान आपको परेशानी का अनुभव होगा। रक्तचाप की समस्या हो सकती है। अपनी सेहत का ध्यान रखें। घर के कार्यों में आप काफी व्यस्त रहेंगे। कोई सरकारी मामला अटक सकता है।

**कन्या** : आज आपके मन में विचारों का आधिक्य रहेगा। प्रेम संबंधों में अनबन हो सकती है। सिरदर्द और तनाव की समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। अपने आत्मविश्वास में कमी न आने दें।

**तुला** : आज मानसिक रूप से अशांति का अनुभव करेंगे। दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें। आय के अन्य विकल्पों पर ध्यान दें। धर्म-कर्म को लेकर आपको रुचि लेनी पड़ेगी। पड़ोसियों के साथ झगड़ा हो सकता है। बुजुर्ग लोग आपसे नाराज हो सकते हैं।

**वृश्चिक** : आज विदेश में कारोबार का विस्तार कर सकते हैं। विद्यार्थियों को जॉब के अवसर प्राप्त होंगे। जरूरतमंदों की मदद अवश्य करें। धार्मिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आप अपनी कार्यशैली में बदलाव लाने का प्रयास करेंगे।

**धनु** : आज अधिकारियों का भरसक सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में लोग आपके काम पर नजर बनाए रखेंगे। फैशन और इंजीनियरिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी। अपने बौद्धिक कौशल का परिचय देंगे।

**मकर** : आज बड़े भाई-बहन से झगड़ा हो सकता है। मानसिक रूप से तनाव का शिकार हो सकते हैं। अपनी कमियों पर ज्यादा ध्यान न दें। मानसिक तनाव होने की संभावना बन रही है। अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करें।

**कुंभ** : आज व्यापार में उन्नति होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। भोग-विलास के साधनों का आनंद उठाएंगे। आपकी वाणी में मिठास रहेगी, जिससे लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। धन से जुड़े मामलों के लिए दिन बहुत शुभ है।

**मीन** : आज घरेलू कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। स्वयं को सिद्ध करने के कई मौके आपको मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ आपके संबंध अच्छे रहेंगे। योग, ध्यान और व्यायाम को काफी महत्व देंगे। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
आसमान से ऊंचा — दोपहर : 12.00
परिवार — शाम : 06.00

**&pictures**
वलाटी — सुबह : 11.35
उरी — रात : 07.30

**Sony Pix**
पैसिफिक रिम — सुबह : 11.02
एंजल हेज फॉलेन — रात : 09.00

**Zee Cinema**
द पुलिस पावर — सुबह : 08.42
रुद्रांगी — रात : 08.00

**Zee Action**
रन — सुबह : 11.13
फूल बने अंगारे — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक औरत ने ट्रैफिक सिग्नल तोड़ दिया।
पुलिसवाला- रुको
औरत- मुझे जाने दो, मैं एक टीचर हूं
पुलिस वाला- अहा! इस दिन के इंतजार में तो मैं कई सालों से था लो अब 100 बार लिखो कि मैं कभी ट्रैफिक सिग्नल नहीं तोड़ूंगी।

एक दिन हाथी की बाइक खराब हो गई, एक चींटी ने उसे अपनी स्कूटी पर लिफ्ट दे दी।
रास्ते में चींटी हाथी से बोली- ओए, थोड़ा झुककर बैठ पापा ने देख लिया तो बवाल हो जाएगा।

## एक नजर

### शिव शंकर बने कौशांबी के संगठन चुनाव अधिकारी

**हमीरपुर।** भाजपा संगठन प्रदेश चुनाव अधिकारी महेंद्र नाथ पांडेय ने हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के खन्ना निवासी पार्टी के किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह को कौशांबी जनपद का जिला संगठन चुनाव अधिकारी नामित किया है। प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी ने काशी क्षेत्र के जिलों के चुनाव अधिकारियों की सूची जारी है। जिसमें किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवशंकर सिंह निवासी खन्ना को कौशांबी जिले का चुनाव अधिकारी बनाया गया है। यह जानकारी उनके मीडिया प्रभारी बृजेश शर्मा द्वारा दी गई।



### महिला को बाइक सवार ने मारी टक्कर, पैर टूटा

**राठ(हमीरपुर)।** जरिया थाने के पवई गांव निवासी चंद्रप्रकाश उर्फ कल्लू की पत्नी श्रीदेवी (38) बुधवार की शाम खेत से घर लौट रही थी। गांव के पास पहुंचते ही गांव के एक बाइक सवार युवक ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला का एक पैर टूट गया। घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी राठ ले जाया गया। जहां से मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। वहीं वीरा गांव निवासी केशव (65) पुत्र बद्री प्रसाद गांव में हो रही रामायण में बैठने के लिए जा रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार बाइक की टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

### मेले में 55 युवाओं को मिला रोजगार

**हमीरपुर।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उप्र लखनऊ के निर्देशानुसार पूर्व निर्धारित सूचना एवं विज्ञप्ति के अनुसार गुरुवार को जिला सेवायोजन कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कॉसमॉस प्रालि. गुजरात, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, कानपुर, एलआईसी हमीरपुर, शिवशक्ति एग्रोटेक लि.लखनऊ, एसबीआई हमीरपुर द्वारा प्रतिभाग किया गया। आयोजित मेले में कुल 83 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए, जिसमें से कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए कुल 55 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद चयन किया गया। प्रतिभागी कंपनी कॉसमॉस प्रा. लि. गुजरात ने 24, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कानपुर द्वारा 12, एलआईसी हमीरपुर द्वारा 06, शिव शक्ति एग्रोटेक लि.लखनऊ द्वारा 05, एसबीआई हमीरपुर द्वारा 08 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों पर चयन किया गया।

### मकान बंटवारे को लेकर मारपीट, दो घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पचखुरा महान निवासी मोहन एवं रामनारायण के मध्य रिहायशी मकान के आधे हिस्से के बंटवारे को लेकर विवाद है। गुरुवार को सुबह दोनों इसी हिस्से को लेकर झगड़ा कर बैठे। झगड़ा बढ़ने पर दोनों ने लाठियों से मारपीट करके एक दूसरे का सिर फोड दिया। पुलिस ने दोनों की तहरीर पर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### नाराज दबंगों ने पीटा

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के ब्रम्हनपुर गांव राजू सिंह ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजी शिकायती पत्र में बताया कि गांव के कुछ लोगों पर लूटपाट व गले में फंदा लगाकर जान से मारने का प्रयास किया था। जिस पर राजू सिंह ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। राजू ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत इसकी की थी। जिससे बौखलाए आरोपियों ने राजू व उसके पुत्रों पर लाठी डंडों से प्रहार कर दिया।

### सिलेंडर में रिसाव से आग

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बे के उदयभान नगर मोहाल में मोनू तिवारी के गैस सिलेंडर में खाना बनाते समय आग पकड़ ली। आग की चपेट में आए मोनू के हाथ पैर झुलस गए। बताया कि बुधवार को नया सिलेंडर लिया था। सुबह खाना बनाने के लिए जैसे ही सिलेंडर खोला तो गैस के रिसाव से तेज लपेटे उठने लगी। तब सिलेंडर को घर के बाहर नाले में डुबोने पर आग शांत हुई। इस दौरान उसके हाथ पैर झुलस गए। उसने निजी चिकित्सालय में अपना उपचार कराया है।

### कब्जा करने की तहरीर दी

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा के वार्ड नंबर 4 की निवासी ने दबंगों द्वारा जबरन भय दिखा कर जान से मारने व झूठे मुकदमे में फसाने का भय दिखाकर जबरन प्लाट में कब्जा करने पर थाने में दबंगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा के वार्ड नंबर 4 की निवासी आशा देवी पत्नी स्व.सिद्ध गोपाल ने दि तहरीर में बताया कि मेरा प्लाट बतौर नगर पंचायत में दर्ज है। जिसका टैक्स भी नियमित अदा कर रही हूं और 15 साल से उस पर कब्जा है। पहले भी कई बार हमला कर चुके हैं। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

# 16 तक चलेगा विशेष पोलियो टीकाकरण अभियान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● डीएम ने जिला महिला अस्पताल में विशेष टीकाकरण अभियान का किया शुभारंभ

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने विशेष टीकाकरण अभियान की शुरुआत जिला महिला चिकित्सालय में बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाकर किया। इस विशेष टीकाकरण अभियान का प्रथम चरण 07 से 16 तक आयोजित किया जाना है। इस पखवाड़े के दौरान छूटे हुए 0-5 वर्ष के बच्चों को 11 जानलेवा बीमारियों से बचाव एवं गर्भवती को टिटनेस से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाएगा।



जिला महिला अस्पताल में बच्चे को पोलियो ड्रॉप पिलाते जिलाधिकारी। अमृत विचार

इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि किन्हीं कारणों से टीकाकरण से छूटे हुए बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए। कोई भी पात्र व्यक्ति टीकाकरण से वंचित नहीं होना चाहिए।

इसके लिए माइक्रो प्लान बनाकर उसे धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि टीकाकरण के लिए अपने निकटतम टीकाकरण केंद्र पर पहुंचकर बच्चों एवं माताओं को टीकाकरण से आच्छादित कर स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जाए ताकि वह विभिन्न बीमारियों से सुरक्षित रहें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीतम सिंह ने जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों एवं धर्मगुरुओं से अपील की है कि टीकाकरण से इनकार करने वाले परिवारों को टीकाकरण के महत्व को समझाते हुए उन्हें जागरूक करें। इस अवसर पर सीएमएस जिला पुरूष व महिला अस्पताल, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला कुष्ठ अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी एवं अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# रोडवेज बस बैक करते समय दुकानदार को लगी टक्कर

**हमीरपुर।** मुख्यालय के बेतवा घाट निवासी जगरूप पुत्र छंगा ठिलिया लगाकर बस स्टैंड में सिंघाड़ा बेचता है। गुरुवार की सुबह लगभग 10 बजे रोडवेज बस बैक करते समय ठिलिया दुकानदार जगरूप दो बसों के बीच में फंस गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में रोडवेज बस के चालक परिचालक ने जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर रेफर कर दिया है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना करने वाले वाहन को कब्जे में ले लिया है अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**मौदहा(हमीरपुर)।** महोबा के ग्योड़ी गांव निवासी अरविंद सिंह (28) पुत्र राजेंद्र सिंह अपने गांव से कस्बे की ओर आते समय गांव के निकट ही बाइक का संतुलन बिगड़ जाने पर सड़क पर गिर घायल हो गया। परिजनों ने लहूलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# समितियों से डीएपी गायब होने से किसान परेशान

## खुले बाजार में 1700 से 1800 रुपये में बिक रही है डीएपी

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** सोमवार को सहकारी समितियों में आई डीएपी खाद ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई। हजारों की तादाद में किसान अभी भी डीएपी खाद पाने से वंचित है और मजबूर होकर खुले बाजार से महंगे दामों में खरीद कर फसल बो रहे हैं।

एक पखवाड़े बाद सोमवार को ब्लॉक की नौ सहकारी समितियां में 6100 बोरी डीएपी वितरण के लिए आई थी। मंगलवार को सभी समितियों में डीएपी को वितरण किया गया था और उसी दिन सभी समितियों में डीएपी खत्म हो गई थी। दो दिन से किसान समितियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन डीएपी नहीं मिल रही है। किसान मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों में खरीद कर फसलें बो हो रहे है। किसान परशुराम यादव, उदयभान, मानसिंह भदौरिया, अमित कुमार, संतराम श्रीवास, भूपेंद्र यादव आदि ने बताया कि बाजार में डीएपी 1350 रुपये प्रति बोरी की जगह 1700 से लेकर 1800 रुपये में मिल रही है। साथ ही कोई रसीद नहीं दी जा रही है। एडीसीओ सहकारिता सुरेश चंद्र ने बताया कि जिलाधिकारी के स्तर से एक रैक डीएपी की डिमांड लग गई है। यह अगले सप्ताह सभी समितियों में उपलब्ध हो सकेगी। बाजार में महंगे दामों में बिकने की उन्हें जानकारी नहीं है।

### चारागाह की जमीन पर की जुताई

**मौदहा(हमीरपुर)।** नगर पालिका की गौशाला के पशुओं के लिए सुरक्षित जमीन जिसमें नगर पालिका द्वारा हरे चारे की बुआई किया जाना था। लेखपाल तथा अन्य कर्मचारियों द्वारा जमीन के चिन्हांकन के साथ ही कलई डाल दी गई थी। लेकिन कुछ लोगों ने उस जमीन पर जुताई बुआई कर दी है। जिसके चलते नगर पालिका की ओर से उनको नोटिस जारी की गई है और कोतवाली प्रभारी को पत्र लिखकर कार्यवाही करने की मांग की गई है। अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर ने कोतवाली पुलिस को लिखे पत्र में बताया कि गौशाला के निकट हरे चारे के लिए चिन्हित जमीन पर रागौल निवासी इस्माइल, मसूद, महमूद, रजा, शहीद, रोशन पुत्रगण दोस्त मोहम्मद ने जुताई बुआई कर ली है। जिनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

## आज विरोध करेगा अधिवक्ता संघ

**हमीरपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने बार भवन में बैठक कर गाजियाबाद के अधिवक्ताओं के साथ घटी घटना पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को काली पट्टी बांधकर विरोध करने की अपील की। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवान दास दीक्षित व महामंत्री शैलेन्द्र सचान के नेतृत्व में संपन्न हुई बैठक में सामान्य सभा गाजियाबाद मे जारी अधिवक्ताओं के अनिश्चितकालीन धरने को मजबूती देने के लिये प्रदेश के समस्त अधिवक्ता संघों से पूर्ण सहयोग देने की

अपील की अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहने का अनुरोध किया। इस दौरान कमलेश कुमार धुरिया, अमरजीत शुक्ला, ओम प्रकाश द्विवेदी, कृपा शंकर सिंह, देवीचरण मिश्रा, राघवेंद्र शरण त्रिपाठी, मथुरा प्रसाद द्विवेदी, अनिल कुमार शुक्ला, सूर्यकिशोर तिवारी, प्रशान्त सिंह चन्देल, नीरज शर्मा रहे।

# शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग, सब जल गया

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

● कमरे में सो रही वृद्धा गंभीर रूप से झुलसी, सीएचसी में मौत

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के सिवनी गांव में शार्ट सर्किट से टीन वाले घर में आग लग गई। जिसमें 65 वर्षीय वृद्ध महिला बुरी तरह से झुलस गई। जिसे परिजन स्थानीय सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्र के सिवनी गांव निवासी शिव प्यारी (75) पत्नी बैजनाथ बुधवार की रात अपने टीन वाले घर में सो रही थी। तभी रात करीब 1 बजे शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई और धीरे-धीरे आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। वही कमरे के अंदर बुजुर्ग महिला जो चलने में असमर्थ थी वह भी आग की लपटों से बुरी तरह झुलस गई। आग की बड़ी बड़ी लपटों को ज़ब ग्रामीणों ने देखा तो आनन फानन दौड़ पड़े। वही फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। साथ ही बुजुर्ग महिला के परिजन आनन फानन उसे स्थानीय सीएचसी लेकर गए। जहां ड्यूटी में तैनात चिकित्सक डॉक्टर शरद विश्वकर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के दो पुत्र दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करते हैं। हरौलीपुर चौकी इंचार्ज राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि बुजुर्ग महिला चलने में असमर्थ थी और मीटर के पास से शार्ट सर्किट होने से मकान में आग लग गई। जिससे बुजुर्ग महिला झुलस गई थी और उसकी मौत हो गई।



आग से जला सामान। अमृत विचार

## कम क्षमता की मोटर डालने से जलापूर्ति प्रभावित

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के वार्ड संख्या 4 के पंप संख्या 10 से कम क्षमता की मोटर डाल देने से चार हजार की आबादी बूंद- बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

विगत दिनों वार्ड संख्या चार में लगे पंप संख्या 10 की मोटर फुंक गई थी। जल संस्थान ने इसमें दुबारा कम क्षमता की मोटर डलवाकर आपूर्ति शुरू कराई थी। कम क्षमता की मोटर होने से पूरे वार्ड में सप्लाई नहीं पहुंच रही है। इससे वार्ड के लोग परेशान हैं। वार्ड के निवासी सामरा खान, अंकित गुप्ता, गुड्डू खान, रामलखन, गंगा कुशवाहा, सुनील प्रजापति आदि ने बताया कि पिछले चार दिन से पानी के लिए परेशान हैं । प्राथमिक विद्यालय चांद के प्रधानाध्यापक रविपाल सिंह ने बताया कि मोटर बदलने के बाद से आपूर्ति ठप है। स्कूल के बच्चे लोगों के घरों से पानी मांग कर पीने अथवा सड़क मार्ग किनारे लगे हैंडपंप में जाकर प्यास बुझाने को मजबूर हैं।



गायत्री गंगा घाट में पूजा अर्चना करती महिलाएं। अमृत विचार

# महिलाओं ने डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

छठ पर्व

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के श्री गायत्री तपोभूमि प्रांगण में बने गायत्री गंगा घाट पर छठ पर्व पर व्रती महिलाओं ने गुरुवार को डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। अखंड सौभाग्य का व्रत मांगा। शुक्रवार को सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे के निर्जला व्रत का पारण किया जाएगा।

प्रतिवर्ष की भांति इस साल भी गुरुवार की शाम कस्बे में रहने वाले पूर्वांचल एवं बिहार प्रांत के परिवार तपोभूमि प्रांगण के गायत्री गंगा घाट पर एकत्र हुए और कमर तक पानी में खड़े होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया। छठ मइया की महिमा के गीत गए। शुक्रवार को तड़के व्रती इसी घाट पर पुनः एकत्र होकर उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर 36 घंटे तक चले निर्जला व्रत का पारण करेंगे।

इस मौके पर श्री गायत्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.अरुण कुमार मिश्रा, राजन चौबे, कृष्णकांत सिंह, दीपक सिंह, संतोष कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। चेयरमैन धीरेंद्र शिवहरे ने घाट में साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश आदि की पुख्ता इंतजाम कराए है। इस व्यवस्था से व्रती संतुष्ट नजर आए।

## रिटायर्ड कर्मी को तमंचा सटाकर लूटा

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के गल्ला मंडी रोड पोस्टमार्टम हाउस के पास दो बदमाशों ने दिनदहाड़े रोडवेज के रिटायर्ड कर्मी को तमंचा लगाकर मारापीटा और पर्स में रखे रुपये और मोबाइल लूट लिया। रिटायर्ड रोडवेज कर्मी बाइक में पेट्रोल भरवाकर लौट रहा था। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी मोहम्मद रशीद पुत्र नूर खान ने तहरीर देकर बताया कि वह रोडवेज का रिटायर्ड कर्मचारी है। बताया कि गुरुवार दोपहर करीब 1 बजे वह है गल्ला मंडी के पास स्थित पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल डलवा कर वह वापस घर लौट रहा था। राठ-महोबा मार्ग पर पोस्टमार्टम हाउस के पास दो बदमाशों ने आवाज देकर उसे रोक लिया। बदमाशों ने उसे पीछे से अवैध तमंचा लगाकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसके पर्स में पड़े ढाई सौ रुपये के अलावा उसका मोबाइल छीनकर उसे धक्का मार कर बाइक से गिरा दिया। बदमाशों के द्वारा की गई मारपीट और धक्का मार कर गिराने से उसे चोटें आई हैं। कोतवाल उमेश कुमार ने बताया कि दरोगा को भेजकर घटना की जांच कराई जा रही है।

# कलश यात्रा में भजनों पर झूमे भक्त, पुष्प वर्षा



कलश यात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

● बाल कलाकारों ने दिवारी नृत्य कर मचा दी धूम

**अमृत विचार।** कस्बे के रेलवे क्रासिंग निवासी रामबहोरी शिवहरे व श्रीमती बिन्दो शिवहरे ने शिव मैरिज लान में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन कराया है। गुरुवार को कथा शुभारंभ के पहले बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। भव्य कलश यात्रा में मनमोहक झांकियों ने हर किसी का मन मोह लिया। सिमनौड़ी के बाल कलाकारों ने बुंदेलखंड के प्रमुख नृत्य दिवारी का प्रदर्शन कर धूम मचा दी। यात्रा आयोजक के आवास से शुरू होने के बाद कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरकर तपोभूमि पहुंची। कथा व्यास वेदांत शास्त्री श्रीधाम वृंदावन ने कलश स्थापना कर भागवत पुराण का पूजन कर कथा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि जीवन में पुण्य लाभ प्राप्त करने के लिए श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर रामविलास शिवहरे, रामप्रकाश शिवहरे, रामबालक शिवहरे, मनोज शिवहरे, प्रदीप शिवहरे, हर्ष शिवहरे, संतोष, रेखा, मोनिका, माया, प्रीति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### अतिक्रमण हटाने के लिए लोगों को थमाई नोटिस

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर के मुख्य बाजार मार्ग की चौड़ीकरण कार्य का प्रारंभ होने जा रहा है। जिससे मलीकुआं चौराहा से इलाही तालाब डा.लक्ष्मीनारायण यादव के भवन तक सड़क की नालियों के अंदर की पटरियों पर किए सभी प्रकार के अतिक्रमण हटाने के लिए अधिशासी अधिकारी ने विधिवत नोटिस के माध्यम से तथा मुनादी करा अतिक्रमण तीन दिन के अंदर हटाने को कहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अतिक्रमण स्वेच्छा से नहीं हटाया गया तो पालिका बलपूर्वक हटा देगा। पालिका अध्यक्ष रजा मुहम्मद श्रीनाथ ने बताया की नगर के बाजार मार्ग के चौड़ीकरण व सुंदरीकरण का कार्य डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि की लागत से होना है।

### आश्रम में अज्ञात युवती को ठहराने पर हुआ विवाद

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के छानी खुर्द गांव निवासी भाकियू युवा जिलाध्यक्ष पवन कुमार शिवहरे हर दिन सुबह गांव स्थित पिपरिया दाई आश्रम में पूजा अर्चना करता है। गुरुवार को नहाने के बाद पूजा करने आश्रम गया। वहां एक अज्ञात युवती को देख उसने छानी बुजुर्ग गांव के पवन कुमार प्रजापति से उसके ठहराने से रोका। इससे नाराज पवन प्रजापति अभद्रता करने लगा। विवाद बढ़ने पर पवन प्रजापति ने पवन शिवहरे पर लाठी से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे वह अचेत हो गया। वहीं आश्रम में मौजूद रामदत्त विश्वकर्मा, वीरपाल श्रीवास ने बीच बचाव कर उसके परिजनों को फोन से जानकारी दी। परिजन उसे अचेत अवस्था में थाने ले गए। घायल के भाई वीरेंद्र ने हमलावर के खिलाफ तहरीर दी है।

### जयंती पर याद किए गए क्रांतिकारी विपिनचंद्र पाल

**हमीरपुर।** राष्ट्रवादी देशभक्तों की भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अंतर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत एक उग्रवादी देशभक्त की जयंती पर संस्था प्रमुख डॉ.भवानीदीन ने सुमनांजली अर्पित करते हुए कहा कि विपिनचंद्र पाल सही अर्थों में क्रांतिकारी विचारों के जनक थे। सुमेरपुर कस्बे में आयोजित कार्यक्रम में डॉ.भवानीदीन ने कहा विपिनचंद्र पाल की राष्ट्रवादी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। वह वास्तव में उग्र विचारों के राही थे, उनका जन्म सात नवंबर 1858 को हबीबगंज में रामचंद्र पाल और नारायणी देवी के घर हुआ था। यह भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में चर्चित तिकड़ी लाल बाल पाल में से एक थे। वह भारत की आजादी के लिए सदैव अग्रसर रहे। जन जागरण भी किया, देश के लिए जिए। कालांतर में 20 मई 1932 को ये नहीं रहे। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, प्रेम, संतोष, महावीर प्रजापति, आशुतोष, राहुल, सज्जन, रिचा, पंकज सिंह, भोलू सिह, दस्सी और अजय आदि शामिल रहे।

### कम्हरिया मेले की तैयारियों का एसडीएम ने लिया जायजा

**मौदहा(हमीरपुर)।** प्रसिद्ध सूफी संत हजरत बाबा निजामी कम्हरिया का चार दिवसीय उर्स व छह दिवसीय कम्हरिया का मेला आगामी नौ नवंबर से प्रारम्भ हो रहा है। बुंदेलखंड स्तरीय इस बड़े मेले की व्यवस्थाओं की स्थलीय पड़ताल करने गुरुवार को प्रभारी एसडीएम राजेश चंद्र व सीओ विनीता पुलिस बल के साथ पहुंचे। उन्होंने मेले में वाहन व्यवस्था, यात्री ठहराव, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश तथा सफाई व्यवस्था के साथ ही दुकानों, बाजारों तथा तालाब के घाटों की सुरक्षा जिसमें नहाते समय पानी में डूबने की घटना से बचाव सहित सभी पहलुओं पर प्रधान तथा कमेटी के लोगों से वार्ता की। उप जिलाधिकारी ने बताया पानी की व्यवस्था के साथ मुख्य मार्ग को साफ किया जाएगा।

### मृतक के आश्रित को दी नौकरी, सौंपा नियुक्ति पत्र

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मृतक आश्रित कोटे के अंतर्गत ममता देवी पत्नी स्व.धर्मेंद्र सिंह को कलेक्ट्रेट में नियुक्ति पत्र दिया। ममता देवी को कलेक्ट्रेट में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त किया गया है। ज्ञात हो कि उनके पति स्व. धर्मेंद्र सिंह हमीरपुर सदर तहसील में नजारत चपरासी के पद पर कार्य करते थे। जिनकी बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी। जिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए योग्यता के आधार पर मृतक की पत्नी ममता देवी को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति प्रदान करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि अपने कार्यों दायित्वों को अच्छे ढंग से संपादित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देश दिए कि मृतक कर्मचारी के परिवार को सेवा संबंधी समस्त लाभ यथा पेंशन ग्रेज्युटी आदि जैसे भुगतान समयबद्ध ढंग से दिए जाएं।

### बूथ स्तर पर पीडीए का सपा करेगी गठन

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बूथ स्तर पर पीडीए गठन के निर्देश पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को दिए गए। साथ ही जिला पंचायत चुनाव के संभावित उम्मीदवार अपनी अपनी सीटों में जातिवार गणना करके कार्यालय में उपलब्ध कराएंगे। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार पार्टी पदाधिकारियों, सेक्टर प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वह बूथवार पीडीए का गठन करें। साथ ही आगामी जिला पंचायत चुनाव के संभावित उम्मीदवार अपनी अपनी सीटों की जातिवार गणना करके पार्टी कार्यालय को उपलब्ध करायें।

मुसीबत

पलेवा के लिए पानी दे पाने में दोनों विभाग लापरवाह, बिजली नहीं मिलने से सहुरापुर कैनाल बंद पड़ी

# बिजली व लघु डाल नहर विभाग के भंवर में फंसी दो लिफ्ट कैनाल

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बेतवा नदी से चलने वाली सहुरापुर व सहजना पंप कैनाल अभी भी बंद पड़ी हैं। कैनाल को चालू करने में लघु डाल नहर विभाग तेजी नहीं दिखा रहा है। खेतों में पलेवा को लेकर किसान अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगा रहा है। इधर पौथिया गांव निवासी सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति एवं जिलाधिकारी घनश्याम मीणा किसानों की समस्या को लेकर संजीदा दिख रहे हैं। लघु डाल नहर विभाग के साथ पावर कारपोरेशन से रोजाना प्रगति रिपोर्ट मांगी जा रही है। इसके बावजूद अभी तक कैनालों की मोटर पंपों के साथ पाइप बिखरे देखे जा सकते हैं।



सहुरापुर पंप कैनाल के खुले पड़े पाइप। अमृत विचार

मौके की स्थिति देखने पर पाया कि सहुरापुर पंप कैनाल में दो मोटर चालू स्थिति में हैं, लेकिन यहां बिजली नहीं पहुंची। वहीं सहजना कैनाल की स्थिति कुछ ज्यादा ही डांवाडोल है। यहां पाइप-लाइन बिखरी पड़ी है। मौके पर जेसीबी मशीन से नहर की खुदाई होती नजर आई।

सदर विधायक व जिलाधिकारी की कड़ी फटकार पर दोनों विभागों के अधिकारी कैनालों पर हाजिरी लगाने पहुंचे रहे हैं। किसान राम सजीवन, धीरेंद्र कुमार, जगमोहन, सूरज पाल, विनोद आदि ने बताया खेतों में पलेवा का समय लेट हो गया है। बिजली विभाग अगर पहले चेत हो गया होता तो अभी तक कैनाल चालू हो चुकी होती, वहीं लघु डाल नहर की एसडीओ हरिश्चंद्र का कहना है कि बाईपास के जरिए नहरों को बिजली दी जा रही है। सहजना पंप कैनाल की सप्लाई चालू कर दी गई है। बिजली के पोलों के इंसुलेटर बदले जा रहे हैं। शीघ्र ही सहुरापुर कैनाल की सप्लाई चालू कर दी जाएगी।



नहर की सफाई करती जेसीबी मशीन। अमृत विचार

# समय से अस्पताल पहुंचें स्टाफ नर्स

## पहाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

संवाददाता, पहाड़ी (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वार्डों में जाकर व्यवस्थाएं देखीं। हिदायत दी कि सभी स्वास्थ्यकर्मी, नर्स समय से अस्पताल आएं। मरीजों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्साधिकारी से स्टाफ नर्स की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। कहा कि स्टाफ नर्सों की समय से ड्यूटी सुनिश्चित कराएं। प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रतिमाह होने वाली डिलीवरी की संख्या पूछी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. उदय प्रताप सिंह ने बताया कि लगभग ढाई सौ के आसपास डिलीवरी हो जातीं हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी डिलीवरी केस रेफर न करें। जिलाधिकारी ने ईसीआरपी 20 शैया कक्ष में चल रहे प्रशिक्षण को भी देखा। निर्देशित किया कि 25 नवंबर से 6 दिसंबर तक छूटे बच्चों का टीकाकरण कराएं और क्षेत्रवार मोबाइल नंबर भी नोट करें।



पहाड़ी सीएचसी का मुआयना करते जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन। अमृत विचार

### गुणवत्तापूर्ण हो निर्माण

जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बन रहे एनबीएसयू वार्ड का भी निरीक्षण किया। निर्देशित किया कि मानक के अनुसार निर्माण करें और कमरे को वातानुकूलित करें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एक ओर की टूटी चाहरदीवारी को भी अनुरक्षण मद से ठीक कराएं। कैंपस में ही बन रहे बीपीएचयू सेंटर को भी मानक के अनुसार बनाने के निर्देश दिए।

### चकबंदी कार्यालय भी पहुंचे

जिलाधिकारी सहायक चकबंदी अधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां किसानों से समस्याएं पूछीं। सहायक चकबंदी अधिकारी सुभाष चंद्र श्रीवास्तव को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

# 'कैसे मान लूं, सिर्फ 1 आरोपी ने किया मेरे साथ गलत काम'

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● पुलिस के खुलासे पर रेप पीड़िता ने उठाए गंभीर सवाल

**अमृत विचार।** पुलिस के खुलासे से अभी तक पीड़िता संतुष्ट नहीं है। उसका कहना है कि पुलिस ने सिर्फ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जबकि वह जानती है कि उसके साथ दो-तीन और लोगों ने गलत काम किया है।

26 अक्टूबर को बरगढ़ थानांतर्गत एक युवती, जो निजी अस्पताल में काम करती है, से दुराचार की घटना सामने आई थी। इस संबंध में युवती के पिता ने चार अज्ञात लोगों पर बेटी से दुराचार करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार को पुलिस ने इस चर्चित वारदात का खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इस संबंध में बताया कि आरोपी ग्राम बिहरिया थाना शंकरगढ़ (प्रयागराज) निवासी शुभम मिश्रा उर्फ सुग्गा पुत्र कमलेश कुमार उर्फ मुन्ना है। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को पकड़ जाने के पीछे कई ठोस सबूत और पुख्ता बातें भी बताईं। साथ ही यह भी दावा किया कि युवती से गैंगरेप नहीं बल्कि रेप हुआ था और सिर्फ शुभम ही पूरी वारदात का सूत्रधार है। पीड़िता ने पुलिस के खुलासे को अधूरा बताया है। उसने इस बात को तो माना है कि शुभम उसका गुनहगार है पर वह यह मानने को तैयार नहीं कि सिर्फ उसने ही उसकी जिंदगी बर्बाद की है। उसका कहना है कि वह इस बात को कैसे मान ले कि सिर्फ इसी ने उसके साथ गलत काम किया। उसने कहा कि वह इस बात को तो जान ही सकती है कि उससे कितने लोगों ने गलत काम किया। सवाल किया कि पता नहीं पुलिस क्यों और लोगों को पकड़ना नहीं चाहती। उसने यह भी कहा कि पुलिस ने उसको अभी तक उसकी मेडिकल रिपोर्ट नहीं दिखाई। पीड़िता ने कहा कि अगर पकड़े गए युवक से कड़ाई से पूछतांछ की जाए तो और लोग भी सामने आएंगे। युवती ने यह बताया कि शुभम ने ही उसका पीछा किया था और उसने ही उसे साइकिल से गिराया था। पर इसके बाद और लोग भी आए थे। पीड़िता की आंखों में दर्द साफ नजर आ रहा था। ऐसा लगता था कि दरिंदगी के चिह्न उसके दिल-दिमाग पर चस्पा हो गए हैं।

## सार-संक्षेप



धान की क्राप कटिंग के दौरान मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

### धान की क्राप कटिंग कराई

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को ग्राम पंचायत बनकट में धान की क्राप कटिंग कराई। केशव प्रसाद के खेत में धान की त्रिभुजाकार कटिंग कराई गई। इसमें 17 किलो तीन सौ ग्राम धान निकला। जिले में प्रति हेक्टेयर 39 .94 क्विंटल उत्पादन आंका गया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान सोना देवी से पिछले सालों के धान उत्पादन के बारे में जानकारी ली। प्रधान ने बताया कि लगभग यही उत्पादन का अनुपात रहता है। इस मौके पर एडीएम उमेश चंद्र निगम, तहसीलदार वाचस्पति सिंह आदि मौजूद रहे।

### दिशा की बैठक 13 नवंबर को

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 13 नवंबर को होगी। इसकी अध्यक्षता सांसद कृष्णा देवी शिवशंकर पटेल करेंगी। बैठक मध्याह्न 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को योजनाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के साथ स्वयं प्रतिभाग करने के निर्देश दिए हैं।

### श्री रामकथा ज्ञान महायज्ञ 9 से

**चित्रकूट।** श्री यतींद्र वेदांत देशिक सत्संग सेवा संस्थान के तत्वावधान में शनिवार से एक गार्डेन में श्री रामकथा ज्ञान महायज्ञ का आयोजन होगा। यह जानकारी संस्थान के लोगों ने दी। उन्होंने बताया कि कथा अपराह्न तीन बजे से होगी। कथावाचिका प्रयागराज की माधवी हैं। लोगों से कथा में आने का अनुरोध किया गया है। यह 13 नवंबर तक होगी।



कथा वाचिका माधवी।

### जनसुनवाई में चित्रकूट जिला अव्वल

**चित्रकूट।** अक्टूबर में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों एवं उनके निस्तारण की समीक्षा में जनपद चित्रकूट पुलिस को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने इसके लिए अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। बताया कि आईजीआरएस शाखा में नियुक्त आरक्षी मानवेंद्र सिंह, अनीशा बानो, मीरा तथा थानों/क्षेत्राधिकारी कार्यालयों में पोर्टल का काम देख रहे पुलिसकर्मियों ने कड़ी मेहनत कर संदर्भों के निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे जनपद को जनसुनवाई के मामलों में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। बताया कि सभी संदर्भों की आनलाईन फीडिंग एवं प्राप्त संदर्भों के निस्तारण में जिले के सभी 12 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

### दहेज के लिए पति ने की आग लगाने की कोशिश

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** थानांतर्गत ऊंचाडीह निवासी एक विवाहिता ने अपने पति पर दहेज के लिए उसकी हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उसने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्याय की गुहार की है। गांव निवासी रेखा पुत्री रजोला ने बताया कि उसकी शादी 2021 में हुई थी। कुछ दिन बाद ही पति दहेज में बाइक की मांग कर मारपीट करने लगा। बताया कि कई बार उसने उसके कपड़ों में रात में आग लगाकर मारने की कोशिश की। जब उसने इसकी जानकारी सास गीता और ससुर बड़कू को दी तो उन लोगों ने भी पति का पक्ष लिया और कहा कि पिता से कहो कि बाइक दे तो मारपीट बंद कर देंगे। बताया कि पिता ने गरीबी की वजह से असमर्थता जताई तो एक नवंबर को इन लोगों ने उसे आग लगाकर मारने की कोशिश की। बेरहमी से मारापीटा। दांत भी टूट गया। उसने बताया कि तीन माह की गर्भवती है। उसने आशंका जताई कि उसके साथ कभी भी कोई घटना हो सकती है।

### गालीगलौज से मना करने पर चले लाठी-डंडे

**राजापुर (चित्रकूट)।** मामूली विवाद में लाठी-डंडे चल गए। दोनों पक्षों ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला सरधुआ थानांतर्गत दरसेड़ा गांव का है। गांव निवासी बिट्टू देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया है कि पांच नवंबर की शाम जब वह अपने बेटे राजाबाबू के साथ बैठी थी, ब्रजभूषण अपनी पत्नी मीरा और पुत्र मुन्ना के साथ वहां आया और गालीगलौज करने लगा। आरोप लगाया कि जब उसने मना किया तो लाठी-डंडों से मारापीटा। इससे उसकी आंख में चोट आई और पुत्र का सिर फट गया। शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए चले गए। उधर, गांव निवासी मीरा देवी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बीती शाम मेड़ पर चारा काट रही थी कि इसी दौरान राजा भइया, राजा, राहुल, सचिन वहां पहुंचे और गालीगलौज करते हुए लाठी और कुल्हाड़ी से मारा। पति और पुत्र बचाने पहुंचे तो उनको भी मारापीटा। पास पड़ोस के लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जन समस्याओं के निस्तारण में प्रदेश में मिला पांचवां स्थान

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के मार्गदर्शन व निर्देशन में जनपद को आईजीआरएस में जन समस्याओं के प्रभावी निस्तारण में माह अक्टूबर की रैंकिंग में प्रदेश में पंचम स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर पर जारी माह अक्टूबर की रैंकिंग में जनपद को 94 .62 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर कुमार चक्रेश त्रिवेदी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में आईजीआरएस सन्दर्भों सहित संपूर्ण समाधान दिवस संदर्भ, ऑनलाइन संदर्भ तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन संदर्भ की शिकायतों के निस्तारण में शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को यथावश्यक पुलिस बल सहित मौके पर जाकर शिकायतकर्ता एवं संबंधित स्थानीय लोगों के साथ समस्या का स्थलीय निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

### लैंगिक हिंसा की रोकथाम के उपाय बताए

**हमीरपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं और बच्चों पर होने वाली लैंगिक हिंसा, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर क्राइम और पॉक्सो एक्ट के संबंध में जागरूकता फैलाना और इन मुद्दों पर प्रभावी समाधान व रोकथाम के उपायों पर चर्चा की गई। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने इन गंभीर मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी।

## एक नजर

### पुत्र को टक्कर मारने का आरोप

**राजापुर (चित्रकूट)।** सरधुआ थानांतर्गत पनौटी गांव निवासी शिवदास ने अज्ञात बाइकचालक पर उसके बेटे को टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिवदास ने बताया कि बीते माह उसका 14 वर्षीय बेटा राज वर्मा अपने रिश्तेदार के साथ सड़क किनारे से जा रहा था। इसी दौरान एक बाइकचालक ने दोनों को टक्कर मार दी। इससे राज को गंभीर चोटें आईं। उसे सीएचसी के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### बाइक चालक पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** सिकरिया गांव निवासी रामप्रसाद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पांच नवंबर को वह भतीजी ईशा देवी को साइकिल पर बैठाकर गांव जा रहा था। इस दौरान बाइकसवार ज्ञानेंद्र ने टक्कर मार दी। इससे ईशा गंभीर रूप से घायल हो गई।

### गुमशुदगी दर्ज कराई

**मानिकपुर (चित्रकूट)।** सरहट निवासी छोटू कोल ने अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि पुत्री बिना बताए कहीं चली गई है। आसपास और रिश्तेदारियों में भी पता नहीं चला।

# तुलसीतीर्थ के विकास में हर स्तर पर हो रही उपेक्षा

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● व्यापारी नेता शिवपूजन ने जताया रोष

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ में मूलभूत सुविधाओं की कमी से लोगों में आक्रोश है। पिछले दिनों आए संत मोरारी बापू भी महाकवि तुलसी की जन्मस्थली के विकास को लेकर चिंता जता चुके हैं। उद्योग व्यापार मंडल ने भी कई बार शासन प्रशासन को पत्र भेजे पर कुछ नहीं हुआ।



शिवपूजन गुप्ता।

14 अगस्त 1860 को आगरा के साथ राजापुर को टाउन एरिया का दर्जा प्राप्त हुआ था। आजादी के बाद हुए 1951 में रामप्रसाद रूपौलिहा पहले अध्यक्ष चुने गए थे। उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष शिवपूजन गुप्ता ने बताया कि वह रेलवे लाइन, ब्लाक का दर्जा, क्षेत्रीय स्तर का परिवहन बस अड्डा की मांग करते रहे हैं। तुलसी दास द्वारा स्थापित हनुमान मंदिर व तुलसी उपवन वाटिका को संरक्षित व बाढ़ के कटान से रोकने के लिए पिचिंग के साथ अप्रोच रोड की मांग बहुत दिनों से करते चले आ रहे हैं। यदि ध्यान नहीं दिया गया तो ये यमुना की गोद में विलय हो जाएंगे। शिवपूजन ने बताया कि अभी कुछ दिन पहले आए संत मोरारी बापू ने भी राजापुर के विकास के लिए चिंता जताई थी और प्रदेश सरकार को विकास पत्र लिखने की बात कही थी।

गुप्ता ने बताया कि यदि भरवारी या सिराथू से रेलवे स्टेशन चित्रकूट धाम से जोड़ दिया जाए तो राजापुर का विकास संभव हो सकता है। अयोध्या, प्रयागराज, बनारस को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से जोड़ दिया जाए तो तीर्थ स्थलों में यात्रियों को आने जाने की सुविधा प्राप्त होगी। व्यापारी नेता ने तुलसीतीर्थ को विश्व मानचित्र पटल पर अंकित कराने की भी मांग की।



बैठक में खाद बिक्री को लेकर निर्देश देतीं सीडीओ अमृत पाल कौर। अमृत विचार

# अधिक मूल्य पर खाद बेचने पर कार्रवाई होना तय : सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी अमृत पाल कौर ने गुरुवार को जिले के उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने दुकानदारों को आगाह किया कि निर्धारित मूल्य पर ही खाद बेचें। शिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने नकली और अमानक खाद बिक्री की बातों पर भी सख्ती दिखाई। कहा कि किसी प्रकार की अमानक उर्वरक पाए जाने पर संबंधित दुकानदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बिक्री केंद्र से बाहर जाकर उर्वरक वितरण करने वाले विक्रेता भी कार्रवाई के पात्र होंगे अतः अपनी चौहद्दी में ही वितरण और भंडारण करें। गौरतलब है कि वर्तमान में रबी की बुआई चल रही है, जिसके लिए किसान फास्फोरसयुक्त उर्वरक डीएपी, एनपीके, सुपर फास्फेट आदि खरीद रहे हैं।

### खाद के विकल्प भी उपलब्ध

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान डीएपी उर्वरक के अलावा बाजार में उपलब्ध एनपीके अथवा टीएसपी उर्वरक का प्रयोग करके बुआई कर सकते हैं। बताया कि दलहनी व तिलहनी फसलों में एनपीके 20 :20 :0 :13 का प्रयोग करने पर फसल की गुणवत्ता व मात्रा दोनों अच्छी होती है। सहकारी केंद्रों के अलावा निजी बिक्री केंद्रों में भी फास्फोरसयुक्त उर्वरक उपलब्ध हैं। उन्होंने सलाह दी कि किसान जरूरत के मुताबिक ही खाद लें, भंडारण न करें। बताया कि डीएपी रैक नौ नवंबर तक प्राप्त होने की संभावना है। इसे सीधे समितियों पर भेजा जाएगा।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया स्टेशनों का मुआयना, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● महाकुंभ के मद्देनजर जानीं यात्री सुविधाओं की स्थिति

**अमृत विचार।** मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार सिन्हा ने गुरुवार को वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से मानिकपुर तक रेलखंड का निरीक्षण किया। डीआरएम ने स्टेशनों में महाकुंभ के मद्देनजर यात्री सुविधाओं का भी जायजा लिया।

चित्रकूट रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने पश्चिमी सर्कुलेटिंग एरिया, यात्री आरक्षण प्रणाली प्रवेश और निकास बिंदुओं तथा मेला शेड आदि को देखा। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्टेशन की सभी व्यवस्थाओं को उच्च स्तर पर बनाए रखें और यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सतत प्रयास करें। उन्होंने नए पीआरएस भवन के संचालन को सुचारु बनाने पर भी जोर दिया।

डीआरएम ने झांसी मानिकपुर खंड के विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के दौरान मार्ग में आने वाले रेल पथों प्लेटफॉर्म पर सफाई देखी। दोहरीकरण काम को मानकों का पालन करते हुए शीघ्रता से पूरा करने के लिए निर्देशित किया। मंडल रेल प्रबंधक ने भरतकूप एवं शिवरामपुर रेलवे स्टेशनों में अधिकारियों से यात्री सुविधाओं, प्रवेश और निकास व्यवस्था के संबंध में पूछा। निर्देश दिए कि स्टेशन पर सुविधाएं मानकों के अनुरूप हों। मार्गों की स्थिति की समीक्षा की, जिससे भीड़ प्रबंधन किया जा सके। कर्वी में मुआयने के दौरान स्टेशन प्रबंधक सुरेश कुमार, उप स्टेशन प्रबंधक रोहित कुमार मौर्य, सीसीआई गिरीश पांडेय, जेई इलेक्ट्रिकल चंद्रभान, प्वाइंट्समैन जगत बहादुर और मिथिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।



निर्माणाधीन स्टेशन परिसर का मुआयना करते डीआरएम झांसी दीपक सिन्हा और मौजूद स्टाफ। अमृत विचार

# गौशालाओं का भुगतान कराएं

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजकर ग्राम प्रधानों को गौशालाओं के वर्तमान सत्र का भुगतान कराने का अनुरोध किया है। सीडीओ को भेजे पत्र में सपा विधायक ने कहा है कि उनके संज्ञान में आया है कि जिले की ग्राम पंचायतों में अभी तक इस सत्र का भुगतान नहीं किया गया है। इससे ग्राम प्रधान परेशान हैं और गौशालाओं में समस्या हो रही है। बताया कि पिछले सालों में भी कई महीनों का भुगतान नहीं किया गया था, जिसे उन्होंने विधानसभा में उठाया था।

# 20 लाख की लागत से बनेंगी 18 पुलियां

**हमीरपुर।** लोनिवि खंड दो ने क्षतिग्रस्त हो चुकीं 18 पुलिय का निर्माण कराने की कवायद तेज कर दी है। 20 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित इस कार्य के लिए विभाग की ओर से टेंडर मांग लिए गए हैं। इनके निर्माण से लोगों को आवागमन करने में सहूलियत मिलेगी।

राठ क्षेत्र में करीब सात मार्गों पर वर्षों से 18 पुलिया क्षतिग्रस्त पड़ी हुई हैं। इस वजह से वहां आए दिन हादसा भी होता है। जिनकी मरम्मत व निर्माण कार्य कराए जाने के लिए लोनिवि सीडी-2 ने पिछले दिनों टेंडर निकाले थे। इनमें राठ से औड़ेरा संपर्क मार्ग पर तीन व चार किमी के पास क्षतिग्रस्त दो पुलियों का निर्माण कराया जाएगा। जिनपर 2.97 लाख खर्च होंगे। इसी प्रकार टीकुर संपर्क मार्ग पर 2.05 लाख की लागत से एक पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। जराखर-खराखर मार्ग पर दो व राठ से जराखर सैना मार्ग पर चार पुलिया का निर्माण कार्य 4.51 लाख की लागत से होना है। जबकि मौदहा-बिवांर व जलालपुर से कुपरा मार्ग पर छह पुलिया व जलालपुर से देवखुरी मार्ग पर कुल पांच पुलिया का 6.19 लाख की लागत से निर्माण कार्य कराया जाना स्वीकृत है।

> करीब 20 लाख की लागत से 18 क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कराए जाने के लिए टेंडर निकाले जा चुके हैं। जल्द ही इनपर काम शुरू कराया जाएगा। जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और दुर्घटनाएं कम होगी।
>
> -दृगपाल वर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि निर्माण खंड दो

कार्यक्रम | गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ आयोजन

# दीपावली मेले में सेवाकार्य करने वाले रोवर-रेंजर सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

● मनाया गया भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस

**अमृत विचार।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को भारत स्काउट गाइड का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस मौके पर दीपावली मेले में सेवाकार्य करने वाले रोवर-रेंजरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्काउट गाइड ध्वज फहराकर की गई, इसके बाद महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना सभा की गई। यातायात निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को यातायात के नियम बताए और सभी ने संकल्प लिया कि यातायात के नियमों का स्वयं पालन करेंगे व दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। छात्रों को बताया गया कि सात नवंबर सन् 1950 को भारत में स्काउट गाइड संस्था की स्थापना हुई। विश्व स्तर पर स्काउट गाइड की स्थापना लॉर्ड बेडेन पावेल ने की थी। भारत में इस संस्था की स्थापना का श्रेय पं. मदन मोहन मालवीय, डा. हृदयनाथ कुंजूरू, एनी बेसेंट, श्रीराम बाजपेई आदि को है। इस मौके पर प्राचार्य डा. विनय कुमार चौधरी, डा. वंश गोपाल, डा. सनत कुमार द्विवेदी, कैलाश चंद्र शुक्ला, सुरेश प्रसाद, मइयादीन पटेल, मोहनलाल दीन, आराधना सिंह, प्रेमचंद, शहनाज बानो, अनिल कुमार सिंह, श्याम बिहारी, रामदयाल, ललित कुमार, बिंतू देवी, आशीष साहू एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।




महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी और शिक्षक। अमृत विचार



छात्रों की वर्दी में बैज लगाते सीआईसी प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान।

### सीआईसी में भी हुआ कार्यक्रम

चित्रकूट इंटर कालेज में हुए कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि स्काउट से सेवा भाव की भावना आती है। विश्व स्तर पर स्काउट गाइड संस्था की स्थापना सात नवंबर 1907 को बेडेन पावेल ने की थी, जो आज विश्व के 216 राष्ट्रों में संचालित है और लगभग चार करोड़ सदस्य भारत की स्काउट गाइड संस्था में सहभागिता कर रहे हैं। कार्यक्रम में फूलचंद चंद्रवंशी, रमेश राय, पुष्पेंद्र सिंह, शंकर प्रसाद यादव, विजय कुमार पांडेय, डा. आलोक शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।

# कांच ही बांस कै बहंगिया बहंगी...

## छठ मइया के पूजन के लिए घाटों पर उमड़ीं श्रद्धालु महिलाएं, सूर्य को दिया अर्घ्य

कार्यालय संवाददाता महोबा


सरोवर में छठ पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

- महिलाओं ने सरोवरों और नदियों में स्नान कर गाए गीत

**अमृत विचार।** ' कांच ही बांस कै बहंगिया बहंगी लटकत जाय...' गीत गाकर सूर्य भगवान को पुकार रहीं थीं तो कोई 'कहवां भइल एतनी देर हो माई..' गीत गुनगुना रही थीं। आदि लोक गीत यहां के नदी और तालाबों के घाटों पर गूंज रहे थे। मौका था छठ मइया के पूजन का। व्रती महिलाएं कहीं ' छठ मइया के आके सजा देबू का हो..', ' केलवा जो फरेला गवध से ऊपर सुगा मंडराय..', 'केलवा के पात पर उगले सूरज देव झांके झुकी करलु छठी बरतिया हो.. ' आदि गीत गाकर छठ मइया से अखंड सौभाग्य की कामना कर रहीं थीं को कोई भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर उनके मंत्रों के जाप के जरिए सुख समृद्धि की कामना करतीं नजर आईं।

सुबह व्रती महिलाओं ने नदियों और तालाब पहुंचकर पहले स्नान किया। वेदी पूजन किया और फिर संध्या काल में घाट पहुंचीं। वहां वेदी पूजन के साथ ही छठ मइया और भगवान सूर्य को निमंत्रण दिया। इसके बाद शुरू हुआ लोक गीतों का दौर जो देर तक चला। जल में खड़ी होकर महिलाओं और पुरुषों ने डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान दीपदान भी किया। लहरों पर टिमटिमाते दीपों को देखकर ऐसा लग रहा था मानों असंख्य तारे टूटकर जमीं पर उतर आए हों। सुहागिनों ने ऊं आदित्याय नमः, ऊं सूर्याय नमः आदि मंत्रों का जाप भी किया। नौ दुर्गा के स्वरूप छठी मइया के पूजन अर्चन को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। बड़ों के साथ बच्चे भी नंगे पांव घाटों पर पहुंचे और छठ मइया का पूजन किया। तमाम महिलाएं नंगे पांव ही घाट पर पहुंचीं। सिर पर डलिया और हाथ में दीप लिए, गीत गाते हुए घाटों पर आईं महिलाओं ने एक दूसरे की मांग में सिंदूर भरा और अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद भी दिया। कालेजों स्कूलों में भी अब छठ पूजा की छुट्टी होने से घरेलू महिलाओ के अलावा नौकरी पेशा महिलाएं भी छठ पूजा मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने लगी हैं। प्रति मदन सागर कीरत सागर, बेलासागर आदि जगहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

### आज उगते सूर्य को अर्घ्य देंगी महिलाएं

- शुक्रवार को नदियों और सरोवरों पर बने घाटों पर सुबह पूजन अर्चन के बाद सुहागिनें भगवान सूर्य को अर्घ्य देंगी। उदय होते सूर्य की उपासना के बाद व्रत का पारण करेंगी। भोर में ही महिलाएं घाटों पर पहुंचेंगी।

# संतान न होने से परेशान दुकानदार ने लगाई फांसी

**महोबा।** शहर की मोहल्ला काजीपुरा में बच्चे न होने से परेशान महोबा विकास मंच के संयोजक और महोबा शूज स्टोर के मालिक ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी।

शहर की मोहल्ला काजीपुरा निवासी मोहम्मद इरफान महोबा विकास मंच के संयोजक रहकर शहर के विकास के लिए काम करते थे साथ ही मुख्य बाजार में जूते की दुकान थी। शादी के 30 साल गुजर जाने के बाद भी उनके कोई संतान नहीं हुई। जिससे वह काफी अकेलापन महसूस करते थे, साथ ही परेशान भी रहते थे बुधवार की रात को विकास मंच के संयोजक ने घर पर फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शव को फांसी पर लटका देख परिवार के लोग चीखने चिल्लाने लगे। व्यापारी को नीचे उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां पर डॉक्टर ने उसे उसे मृत घोषित कर दिया।

# पारिवारिक कलह से परेशान पति- पत्नी ने खाया जहर, मौत

कार्यालय संवाददाता महोबा

- पति की जुआ और शराब की लत के कारण अक्सर होता था विवाद
- पति ने घर पर ही दम तोड़ा पत्नी की अस्पताल में हुई मौत

**अमृत विचार।** जुआ और शराब की लत को लेकर आए दिन होने वाले विवाद से नाराज दंपति ने जहर खा लिया। पति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया वहां उसकी मौत हो गई।

कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र के ग्राम कमालपुरा निवासी रामलाल (40) पुत्र रामऔतार अपनी ससुराल ग्राम मिढका में पत्नी घस्सी (33) के साथ रहता था। रामलाल जुआ और शराब का आदी था और मजदूरी करने के बाद जो पैसा मिलता थ उसे जुए और शराब में उड़ा देता था। इस बात को लेकर आए दिन पति- पत्नी के बीच विवाद होता था।


रामलाल और घस्सी।

घस्सी, पति के जुए और शराब से खासी परेशान रहती थी और समझाने के बाद भी वह जुआ खेलने के बाद शराब पीकर घर आता और विवाद उत्पन्न हो जाता। रामलाल को परिजनों और ग्रामीण वालों में भी काफी समझाया लेकिन उसने किसी की नहीं मानी और आए दिन शराब के नशे में धुत होकर आता और हंगामा काटने लगता था।

बुधवार की देर शाम को रामलाल शराब पीने के बाद जुआ में सारे पैसे हार गया और घर आया पति- पत्नी के बीच इसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों ने पहले एक दूसरे को जहर खाकर जान देने की धमकी दी और फिर खा लिया। विवाद के दौरान ही दोनों अचेत होकर जमीन पर गिर गए।

जहरीले पदार्थ का सेवन करने की खबर मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया और जब तक दोनों को जिला अस्पताल उपचार के लिए ले जाते तब तक पति ने दम तोड़ दिया और पत्नी को जिला अस्पताल ले गए, जहां पर डाक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया, लेकिन घस्सी की रास्ते में ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो शवों का पंचनामा भर जांच शुरू कर दी है। लोगों को कहना है कि पति पत्नी आए दिन विवाद करते थे लोग उन्हें शांत कराते थे।

# पत्रकार के परिजनों को मुआवजा दें

कार्यालय संवाददाता, महोबा


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते पत्रकार। अमृत विचार

- राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा

**अमृत विचार।** फतेहपुर में पत्रकार की निर्मम हत्या एवं हमीरपुर जिले के सरीला में दो पत्रकारों के साथ मारपीट से पत्रकार नाराज हैं। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा के निर्देश पर पत्रकारों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। हमीरपुर में पत्रकारों के खिलाफ दर्ज फर्जी मुकदमे को वापस लेने के अलावा फतेहपुर बिसौली निवासी मृतक पत्रकार के परिजनों को 50 लाख रुपये और एक सदस्य को नौकरी दिलाए जाने की मांग की ।

जिला फतेहपुर के बिसौली निवासी पत्रकार दिलीप सैनी की निर्मम हत्या और हमीरपुर जिले के सरीला नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा अपने गुर्गों के साथ मिलकर दो क्षेत्रीय पत्रकारों अमित द्विवेदी एवं शैलेन्द्र मिश्रा को बंधक बनाकर बेरहमी से मारपीट करने एवं अमानवीय कृत्य करने का गंभीर आरोप लगने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा स्थानीय पुलिस से सांठगांठ कर पत्रकारों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया।

राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद नेइस घटना की घोर निन्दा करता है। सरकार से मांग करता है कि फतेहपुर बिसौली निवासी मृतक पत्रकार दिलीप सैनी के परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता एवं परिजन को सरकारी नौकरी प्रदान करें जिससे मृतक पत्रकार के परिवार का भरण पोषण हो सके जिसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहते हैं वही आज खतरे से खाली नहीं है। पत्रकारों के ऊपर आए दिन हमले होते रहते हैं वजह मात्र यह है की पत्रकार द्वारा निरंतर समाज की समस्याओं को विभाग व सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाता है पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से सच्चाई को लिखता है। पत्रकारों के हितों को ध्यान में रखते हुए पत्रकार सुरक्षा बिल लागू किया जाए। इस मौके पर आनन्द तिवारी, नरेंद्र कुमार नायक, जुगुल किशोर द्विवेदी, आलोक शर्मा, रविन्द्र मिश्रा, अनुज तिवारी, पप्पू यादव, आशीष अवस्थी, डालचंद्र कुशवाहा, रोहित चौबे, उमाशंकर कुशवाहा रहे।

# शिविर में मरीजों को बीमारी से बचाव के तरीके बताए गए

**कुलपहाड़ महोबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशाराम एवं नोडल अधिकारी डॉ. वीके चौहान के निर्देशन मे विश्व स्ट्रेस अवरनेस दिवस पर वृहद मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गोष्ठी एवं उपचार शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि चैयरमेन वैभव अरजरिया एवं अधीक्षक डॉ महेश सिंह ने किया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ महेश सिंह, डॉ शुभम, डॉ सुमित, प्रेम दास मनोचिकित्सक सामाजिक कार्यकर्ता, अंकिता गुप्ता (नैदानिक मनोवैज्ञानिक आदि द्वारा विभिन्न प्रकार के मानसिक रोग के बारे में विस्तार से बताया गया। मानसिक तनाव, याददाश्त की कमी, दिनचर्या को भूल जाना, याददाश्त जाना, भाषा का इस्तेमाल करने में दिक्कत पर चिकित्सक को दिखाने की सलाह दी।

# 23 को बेटियों के हाथ पीले कराएगी सरकार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिले के चार ब्लाकों में होगा विवाह सम्मेलन

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की एक बार फिर से शुरूआत हो रही है। शासन के निर्देश पर 23 नवम्बर को जिले के कबरई, चरखारी, जैतपुर, पनवाड़ी सहित चारो ब्लाकों में संपन्न कराए जाएंगे। विवाह सम्मेलन संपन्न कराने की जिम्मेदारी नगर पालिकाओं को सौंपी गई है, जिसके मद्देनजर नगर पालिकाओं ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां जोर शोर से शुरू कर दी हैं।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 12 नवम्बर को होने वाले सामूहिक विवाह की तिथि बढ़ाकर 23 नवम्बर कर दी गई है। विवाह के लिए वर वधू का पंजीयन युद्ध स्तर पर शुरू हो गया है। वर- वधु के रजिस्ट्रेशन के लिए पालिका प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय है और तेजी से पंजीकरण कार्य कराया जा रहा है, जिससे निर्धारित तिथि पर गरीब कन्याओं का विवाह संपन्न कराया जा सके। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत वर वधू को दान स्वरूप उपहार भी दिया जाएगा। वर और वधू पक्ष के लोगों के खानपान की भी व्यवस्था की गई है।

शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शुरू किए जाने से पैसे के अभाव में समय से कन्याओं का विवाह नहीं हो पाता था, लेकिन अब इस योजना के तहत गरीब बेटिया भी समय से दुल्हन बनकर अपने अपने ससुराल हंसी खुशी पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री इस पुनीत कार्य से गरीब वर्ग के लोगों में एक बार फिर खुशियां दिखाई देने लगी हैं। पालिका प्रशासन ने अपने अपने क्षेत्र के ब्लाकों में सामूहिक विवाह संपन्न कराने की तैयारियां शुरू कर दी है। इस कार्य में नगर पालिका के कर्मचारियों को भी लगाया गया है। ताकि किसी तरह की परेशानी न हो।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1619/1 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 06/11/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती अर्चना पत्नी राजेश कुमार | श्रीमती अखिलेश उर्फ जयन्ती पत्नी रामसिंह | सिकन्दरपुरा –3 | 05 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद– राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1625/1/ न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 06/11/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सरोज पत्नी प्रदीप कुमार | श्री प्रदीप कुमार पुत्र कालूराम अनुरागी | सिकन्दरपुरा –1 | 01 | 426 | पंजीकृत दन पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

# बीज नहीं मिलने पर किसानों का हंगामा

संवाददाता जैतपुर

- खंड विकास अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर किसानों शांत कराया

**अमृत विचार।** प्रदर्शनी के लिए निःशुल्क वितरण करने के लिए आई बीज की मिनी किट का वितरण न हो पाने से किसानों ने जमकर हंगामा किया। इससे बीज गोदाम में अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। खंड विकास अधिकारी जैतपुर ने किसानों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

विकासखंड जैतपुर परिसर में राज्यकीय कृषि बीज भडार और गोदाम संचालित है। शासन द्वारा किसान को बुवाई के लिए प्रदर्शनी का मिनी किट बीज वितरण करने के निर्देश दिए गए। मिनी किट में चना, मटर, लाही, मसूर, अलसी का बीज है। बीज की मिनी किट वितरित होने की खबर फैलते ही क्षेत्र के किसानो की भारी भीड़ जमा हो गई। पांच सैकड़ा से अधिक किसान ब्लाक परिसर में बीज की मिनी किट लेने के लिए लाइन पर खड़े हो गए, लेकिन बीज किट वितरण दौरान किसानों ने ठीक तरह से वितरण न किए जाने पर हगामा शुरू कर दिया। हंगामा देख बीज गोदाम प्रभारी बीज मिनी किट का वितरण बंद दिया। इसके बाद बीडीओ जैतपुर संतराम ने बीज गोदाम प्रभारी सहित किसानों को बुलाकर शांतिपूर्ण तरीके से मिनी किट लेने का अनुरोध किया।

# सिर्फ दो बोरी डीएपी मिलने से नाराजगी

**महोबा।** डीएपी खाद अब किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। स्थिति यह है कि दिन दिन भर लाइन पर लगे रहने के बाद भी किसानों को दो से चार बोरियां डीएपी खाद दी जा रही है जो ऊंट के मुह में जीरा साबित हो रही है। बड़े काश्तकारों को चार बोरी और छोटे किसानों को एक से दो बोरी ही खाद समितियों से वितरित किए जाने से किसानों में आक्रोश पनप रहा है। चालीस से अस्सी बीघा के काश्तकारों को मात्र चार बोरी खाद मिल रही है। उधर पंद्रह से बीस बीघा के किसानों को दो बोरी खाद देकर खानापूरी की जा रही है। प्रति एकड़ भूमि के हिसाब से काश्तकार को डीएपी खाद की बोरी दी जानी है। एकड़ पर एक बोरी खाद का मानक तय किया गया है जो गले की फांस बन गया है।

# ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करें

कार्यालय संवाददाता महोबा


बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विद्यालयों में यातायात जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय

**अमृत विचार।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि ओवरलोडिंग के विरुद्ध अभियान चलाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बहुल स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरूकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके और बच्चों के अभिभावको को सूचित करें कि 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे यदि गाड़ी चलाते पाये जाते हैं, तो उनके अभिभावक पर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूली वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूली वाहनों की शत प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बैठाने से रोका जाये और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियंता एनएच झांसी को निर्देशित किया कि पहरा रोड पर जो गड्ढे हो गए हैं उनका पैचवर्क करें। बरा नाला के पास स्पीड ब्रेकर, साईन बोर्ड लगाएं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1622/1 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 06/11/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती संगीता पत्नी कौशल किशोर | श्री आमिर अंसारी पुत्र साविर अंसारी | सिकन्दरपुरा –1 | 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

**कार्यालय नगर पालिका परिषद राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1621/1 / न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0 /2024–25/ दिनांक 06/11/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती मंजू पत्नी जयप्रकाश | श्री आमिर अंसारी पुत्र साविर अंसारी | सिकन्दरपुरा –1 | 01 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर

समीक्षा | कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने दिए दिशा–निर्देश

# महिला से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लें

कार्यालय संवाददाता महोबा


समीक्षा बैठक में मौजूद जिलाधिकारी मृदुल चौधरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार कानून व्यवस्था एवं अभियोजन की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों, थाना, शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा करते हुए महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृताओं की बरामदगी जल्द करने के लिए निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्रवाई की भी समीक्षा की।

उन्होंने जन शिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने, अवैध शराब, जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए। कहा कि लापरवाही न करें।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश, उपजिलाधिकारी चरखारी प्रदीप कुमार, उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, क्षेत्राधिकारी सदर दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# कर्ज से परेशान किसान की सदमा से गई जान

- गृहस्वामी किसान की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**महोबा।** खरीफ फसल की पैदावार न होने और साहूकारों के कर्ज से परेशान किसान की सदमे से मौत हो गई। पुलिस ने किसान के शव का पंचनामा कराकर जांच पड़ताला शुरू कर दी है। गृहस्वामी की मौत से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

जनपद हमीरपुर के थाना जरिया खेत्र के ग्राम जमुडीडांडा निवासी नारायण निषाद (35) पुत्र प्रकाश निषाद के पास करीब तीन बीघा कृषि भूमि है, जिस पर वह कृषि कार्य करके परिवार का भरण पोषण कर रहा था। इस साल उसने अपनी जमीन पर मूंगफली फसल बोई थी, लेकिन तीन बीघा में मात्र तीन क्विटल मूंगफली की फसल पैदा होने से वह साहूकारों के कर्ज की आदयेगी को लेकर परेशान रहने लगा। मृतक की पत्नी ने बताया कि फसल की अच्छी से चिंतित रहते थे।

गुरुवार को किसान कृषि उत्पादन मंडी समिति महोबा में मूंगफली बेचने आया था, तभी उसे घबराहट हुई और वह हैंडपंप में पानी पीने के लिए गया और उसी समय गश खाकर गिर गया। जब तक लोग उन्हें अस्पताल ले जाते मौत हो गई।

### दो भाइयों को पीटा

- **महोबा।** शहर के मोहल्ला समदनगर मे एक युवक को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित के भाई ने शिकायत की तो उसे भी जमकर पीटा। पीड़ित ने भटीपुरा चौकी में तहरीर दी। समदनगर निवासी प्रमोद ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह कार बुकिंग कार्य को कराने के बाद वह घर जा रहा था, तभी सूचना मिली की लवकुश तिराहा के समीप कुछ दबंगों ने उसके भाई सत्यप्रकाश की पिटाई की और मौके से फरार हो गए। दबंगों के घर उलाहना देने के लिए समदनगर गया, जहां पर दबंगों ने उसे पकड़ लिया और बंधक बनाकर पीटा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद– राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 1620/1/ न0 पा0 प0– राठ / म्यु0सू0/2024–25/ दिनांक 06/11/2024

सूचना प्रकाशन

(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक/आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण/नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्य नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता/भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री दिलीप कुमार व बृजेश कुमार व अखिलेश कुमार पुत्रगण आशाराम | श्रीमती ज्ञान देवी पत्नी आशाराम तिवारी | सिकन्दरपुरा –1 | 01 | 444 | पंजीकृत दन पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
राठ– हमीरपुर



पूजन के बाद सेल्फी लेतीं महिलाएं व युवतियां। अमृत विचार

# डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर मांगी परिवार की खुशहाली

- आज उगते सूर्य की होगी पूजा, घाटों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब
- घाटों पर दिखा मेले व महोत्सव जैसा माहौल

कार्यालय संवाददात उरई

**अमृत विचार**। सुख- समृद्धि, पुत्र प्राप्ति, सौभाग्य की मंगलकामना करते हुए छठ पर्व पर गुरुवार की शाम को डूबते हए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। शुक्रवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व का समापन होगा।

छठ पर्व को लेकर शहर में विभिन्न स्थानों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। शाम होने से पहले ही व्रती तालाबों पर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के लिए पहुंचने लगे। शहर में रह रहे पूर्वांचल समुदाय के लोगों ने रामकुंड में बने अस्थायी घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया व छठ मैया की पूजा की। जिला प्रशासन और नगर पालिका ने शहर में लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अस्थायी घाट बनाए, जहां पर श्रद्धालु पूरे परिवार के साथ पहुंचे और व्रती महिलाओं ने डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर अपनी परंपराओं के अनुसार पूजा पाठ किया।



शहर के राम कुंड तालाब पर छठ पूजा करते लोग । अमृत विचार

### पानी में खड़े होकर सूर्य देव को दिया अर्घ्य

बड़ी संख्या में छठ व्रती अपने पूरे परिवार एवं गाजे-बाजे के साथ छठ घाट पर पहुंचे। घाट पर शाम को पूरे विधि-विधान से छठ व्रतियों ने डूबते हुए सूर्य व छठ माता की आराधना की। बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य लोग भी व्रतियों को पर्व की शुभकामनाएं देने छठ घाटों पर पहुंचे। दिन में छठी व्रतियों ने गेहूं, घी व शक्कर का ठेकुआ, चावल, घी और शक्कर का लड्डू प्रसाद के लिए बनाया। बांस के बने सूप डाला, दौरा, टोकरी में प्रसाद कोग रखा गया। इसके साथ ही प्रसाद के रूप में सेब, केला, अमरूद, नींबू सहित अन्य फल प्रसाद के रूप में रखे गए।

### अपने गांव जाने के बजाय शहर में ही मनाया पर्व

- बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश के साथ-साथ देश व दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी छठ पर्व मनाया जाने लगा है। जिले में बिहार के लोग बड़ी तादाद में रहते हैं। छठ घाटों पर जनसैलाब को देखकर यह अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता था कि छठ पर अपने घर जाने के बजाय अब अपने शहर में छठ मनाना ज्यादा पसंद करने लगे हैं।

### गूंजते रहे छठी मैया के गीत

- घरों से लेकर घाटों तक भक्तिपूर्ण माहौल बना रहा। छठ महापर्व की तैयारियां घरों में कई दिनों से चल रही थी। घरों से लेकर घाटों तक भक्ति के गीत गूंजते रहे। शहर में छठ महापर्व पर भव्य कार्यक्रम हो रहा है। पर्व पर सार्वजनिक अवकाश घोषित होने के बाद लोगों में खूब उत्साह देखा गया।

### सुबह से घाटों पर पहुंचने लगेंगे श्रद्धालु

- आज तड़के उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के लिए छठ व्रती सूर्य उदय से पहले ही घाट पहुंचने लगेंगे। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद 36 घंटे का कठिन व्रत का पारण होगा।

## एक नजर

### मारपीट करने पर एफआईआर दर्ज

**कालपी** । स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम में प्रभावशाली व्यक्ति के द्वारा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर मारपीट करने की घटना को लेकर पीड़ित युवक के द्वारा दलित उत्पीड़न अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त घटना के पीड़ित दलित युवक रामपाल निवासी ग्राम बरही थाना कालपी ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि 2 नबंर को सुबह 8 बजे वह अपने घर से दुकान में सब्जी खरीदने के लिए जा रहा था। तभी रास्ते में आरोपी रामू पुत्र श्रीपाल ने जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए कहा कि हमारे लिए गुटखा लेते आना मेरे द्वारा इनकार करने पर मारपीट करने लगा। इस घटना में प्रार्थी को चोटें आई है। इस मामले कि सूचना प्रार्थी के द्वारा डायल 112 को दी गई, तो 112 की गाड़ी ने प्रार्थी को अस्पताल में पहुंचा। पुलिस ने संबंधित धाराओं के अलावा दलित उत्पीड़न एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर में घुसकर महिलाओं को पीटा, मुकदमा दर्ज

**कालपी**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कथित उत्पाती लोगों के द्वारा घर के अंदर घुसकर महिला के साथ मारपीट करने की घटना को लेकर पीड़ित पक्ष के द्वारा चार व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त घटना की पीड़ित महिला रामकली ने कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि 2 नवंबर को शाम बजे उसके घर के बाहर आरोपी दीनानाथ तथा रामप्रकाश शराब पीने के लिए गिलास मांगने लगे। उसके द्वारा इनकार करने पर आरोपियों ने घर के अंदर घुसकर हमला बोल दिया। इस घटना में उसे गंभीर चोटें आई हैं। तथा अस्पताल में इलाज कराया गया। इतना ही नहीं जब वह इलाज कराने के लिए जा रही थी। तबभी रास्ते में आरोपियों भूरा तथा नरेंद्र ने रोक कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

**कोंच**। सीएचसी कोंच में महिला के प्रसव के बाद नवजात शिशु मौत का मामला सामने आया है। महिला के परिजनों ने लेबर रूम स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया है। महिला के पति ने एसडीएम व कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर लापरवाह स्टाफ पर कार्रवाई की मांग की है। बुधवार की देर रात तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोदा कला निवासी जीतू अपनी पत्नी खुशबू को प्रसव पीड़ा होने पर उसे कोंच के सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां पर सुबह तक सब कुछ ठीक ढाक रहा लेकिन दोपहर में प्रसव के दौरान नवनात शिशु की मौत हो गई। बच्चे की मौत की जानकारी मिलने पर परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा काटाते हुए अस्पताल के स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।

### रोडवेज बस की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर** । शहर क्षेत्र के ज्वालागंज बस स्टाप पर गुरूवार की सुबह रोडवेज बस की चपेट में आ जाने से 40 वर्षीय युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से भाग जाने में सफल रहा। थरियांव थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी झल्लर का पुत्र गजराज आज सुबह अपनी बहन की ससुराल हुसैनगंज थाना क्षेत्र के चंदीपुर गांव जाने के लिए रोडवेज बस से आ रहा था। ज्वालागंज में चलती बस से उतरते समय अचानक पैर फिसल जाने से वह पिछले टायर की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से भाग जाने में सफल रहा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# पुलिस से मुठभेड़ में गो तस्कर जख्मी, लगी गोली

## गाजीपुर थाना क्षेत्र के देवलान गांव के पास हुई मुठभेड़, 1 फरार

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार**। गाजीपुर थाना क्षेत्र में गोकशी की सूचना पर पहुंची पुलिस की गो तस्करों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ में एक गो तस्कर के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरा तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। घायल गो तस्कर को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बुधवार देर रात गाजीपुर व ललौली थाने की पुलिस संयुक्त रूप से गाजीपुर क्षेत्र के चकसकरन गांव के फरार वांछितों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही थी। इस दौरान गाजीपुर पुलिस को औगासी रोड पर देवलान गांव के समीप महुआ के बाग में गोकशी की सूचना मिली। दोनों थानों की पुलिस ने घेरेबंदी कर गो तस्करों को आत्म समर्पण के लिए ललकारा, लेकिन गो तस्करों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। बचाव में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी।



घायल गो तस्कर को लेकर जाती पुलिस। अमृत विचार

पुलिस के मुताबिक मुठभेड़ में गो तस्कर हसीन पुत्र नसीम (42) निवासी कसौदा सातआना ललौली के पैर में गोली लगी, जिससे वह जमीन पर गिर गया, जबकि दूसरा गो तस्कर गुलाम हैदर निवासी शेखान थाना ललौली अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा।

घायल को पुलिस ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस को भुठभेड़ स्थल पर एक तमंचा, कारतूस, कुल्हाड़ी, चापड़, नकदी सहित गोवध में इस्तेमाल होने वाले औजार मिले हैं। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों पर गो वध के कई मुकदमे दर्ज हैं।



निरीक्षण करते एसडीम सुशील कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह।

# एसडीएम व सीओ ने यमुना के घाटों का किया निरीक्षण

संवाददाता, कालपी उरई

**अमृत विचार** । आगामी 15 नवंबर को मनाए जाने वाले कार्तिक पूर्णिमा पर्व तथा यमुना मैया में स्नानार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन के द्वारा पुख्ता इंतजाम करने की कवायद तेज कर दी गई है।

एसडीम सुशील कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सम्बंधित अधिकारियों के द्वारा यमुना नदी के घाटों तथा सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया। कमियां पाए जाने पर प्रशासन के द्वारा कार्यो गतिशीलता से शुरू कर दिया गया हैं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक, नगर पालिका परिषद कालपी के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला, पालिका के सफाई प्रभारी शिशुपाल सिंह यादव के साथ उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने यमुना नदी के प्राचीन महत्व के घाटों पीला घाट, ढोड़ेश्वर मंदिर घाट, बिहारी घाट का घूम-घूम कर निरीक्षण किया। पीला घाट में कुछ हिस्सा कई जगह छतिग्रस्त हो गया है। उप जिलाधिकारी ने घाटों के छतिग्रस्त हिस्से में मरम्मत करने के लिए पालिका के अधिशासी अधिकारी को जरूरी निर्देश दिया। कहा कि स्नान करने वालों की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिए बैरीकेडिंग की जाए।

## सार-संक्षेप

### ससुराली जनों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**कालपी**। से अतिरिक्त दहेज के रूप में कीमती सामान मांगने तथा उत्पीड़न करने के मामले को लेकर पीड़ित अधिवक्ता पिता ने कालपी कोतवाली में पति समेत ससुराली जनों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। उक्त मामले को लेकर वादी अधिवक्ता शीतला शरण एडवोकेट उर्फ सेवाराम निवासी मोहल्ला गणेशगंज कस्बा कालपी ने कोतवाली में अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि वादी की पुत्री प्रियंका उर्फ गुड़िया का विवाह 09 मई 2023 को राहुल के साथ संपन्न हुआ था। शादी में सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया गया था लेकिन दहेज से ससुरालीजन संतुष्ट नहीं थे। अतिरिक्त दहेज की मांग कर प्रियंका को पति समेत ससुरालीजन परेशान करने लगे पना करने पर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे। जानकारी होने पर कई बार समझौते का प्रयास किया गया। लेकिन ससुराल पक्ष के लोग नहीं मानो और दहेज में 10 लाख रुपये की मांग करते रहे। वहीं आरोपियों ने बेटी से पति राहुल, ससुर कल्याण तथा कुसुमा, रोशनी व शबनम ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने वादी की शिकायत पर ससुराल पक्ष के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में आग लगने से मचा हड़कंप

**कोंच उरई** । कोंच ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में बुधवार शाम संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिससे वहां अफरातफरी मच गई और परिसर में रह रहे कर्मचारी दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। डीएम राजेश कुमार पांडे, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार भी देर रात मौके पर पहुंचे और जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कस्बे में नदीगांव रोड स्थित विकास खंड कार्यालय व बीडीओ आवास के बीच कोंच ब्लॉक प्रमुख रानी देवी का कार्यालय बना हुआ है जिसमें बुधवार शाम अचानक हुई आगजनी की घटना से परिसर में अफरातफरी मच गई। इससे आवासों में रह रहे ब्लॉक कर्मचारियों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही सीओ अर्चना सिंह व कोतवाल अरुण कुमार राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल में जुट गए। रात में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे, एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार, एसडीएम ज्योति सिंह भी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने स्थानीय पुलिस अधिकारियों को जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए हैं। ब्लॉक प्रमुख रानी देवी का कहना है कि तीन लोग मुंह पर कपड़ा बांधकर आए और कार्यालय में आग लगा दी जिससे कार्यालय में सामान और कुछ कुर्सियां जल गईं, खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए और गाली गलौज कर मौके से भाग गए। सीओ का कहना है कि प्रथमदृष्ट्या मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, फिर भी मामले की गहराई से जांच की जा रही है, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ मानूलाल यादव की तहरीर पर अज्ञात लोगों मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पशु व्यापारी के साथ लूट का हुआ खुलासा

**फतेहपुर**। थरियांव थाना क्षेत्र में पिछले दिनों पशु व्यापारी के साथ हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। लुटेरों को थरियांव पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार किया है। लुटेरों के पास से लूटी गई रकम बरामद हुई हैं। थरियांव थाना क्षेत्र के हनुमानपुर मजरे रायपुर गांव के रहने वाले मोहम्मद रहीस पशु व्यापारी हैं। एक दिन पहले मोहम्मद रहीस और उनके साथियों के साथ हाईवे पर लूट हुई थी। लुटेरों ने कट्टा लगाकर पीड़ित से एक लाख 56 हजार रुपये और मोबाइल लूट लिया था। मोहम्मद रहीस ने थरियांव थाने में तहरीर दी थी। मोहम्मद रहीस ने बताया था कि कार सवार तीन-चार लुटेरों ने कट्टा लगाकर नकदी व मोबाइल लूटी है। लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई थीं। बुधवार देर रात पुलिस, एसओजी और सर्विलांस टीम ने सटीक सूचना पर चार लुटेरों को लूट के रुपयों, तमंचा व मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लुटेरों में मोहम्मद महताब निवासी पूरेलाल चौकी मोहनगंज जनपद प्रतापगढ़, तोएफ खान निवासी बुझवा जनपद प्रतापगढ़, संदीप कुमार निवासी दीनापट्टी जनपद प्रतापगढ़ और अरबाज निवासी हण्डौर शामिल हैं। आरोपियों के पास से 81,410 रुपये, दो मोबाइल, एक डायरी और घटना में इस्तेमाल की गई कार बरामद हुई है।

### डीएम ने मंडी स्थल के धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**फतेहपुर** । गुरुवार को जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने मण्डी स्थल में स्थापित धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिला खरीद अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जिला खाद्य विपणन अधिकारी, सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति उपस्थित रहे। मण्डी परिसर मे क्रय एजेन्सी खाद्य विभाग की विपणन शाखा के कुल चार धान क्रय केन्द्र क्रियाशील हैं। मौके पर सभी चार क्रय केन्द्र प्रभारी उपस्थित पाये गये। क्रय केन्द्र फतेहपुर मण्डी प्रथम का निरीक्षण किया गया। केन्द्र पर एक किसान रणधीर सिंह निवासी ग्राम फुलवामऊ द्वारा लगभग 25 कुन्टल धान विक्रय हेतु लाया गया था। केन्द्र प्रभारी ने बताया कि धान में नमी अधिक होने के कारण आज तौल नहीं करायी जा सकी है। धान में नमी की जांच कराए जाने पर मानक से अधिक 20 प्रतिशत नमी पायी गयी। सभी केन्द्र प्रभारियों को क्षेत्रीय किसानों से सम्पर्क कर धान खरीद कार्य प्रारम्भ किए जाने के निर्देश दिये।

# ट्रेन छूटने की बात कह कर घर में रुके थे दोस्त



प्रेम किशोर।



नौतक।



ललिता देवी।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। तीन साल पहले फजलगंज तिहरा हत्याकांड किसी दुश्मन ने नहीं, दोस्तों ने ही किया था।

एडीजीसी शिव भगवान गोस्वामी ने बताया कि उन्नाव के बीघापुर निवासी प्रेमकिशोर फजलगंज में परचून की दुकान चलाकर पत्नी ललिता और बेटे नैतिक की जिम्मेदारी निभा रहे थे। पिता फजलगंज फैक्ट्री एरिया में सिक्योरिटी गार्ड थे। बकेवर के गौरव शुक्ला अक्सर प्रेमकिशोर की दुकान में सामान लेने आया करता था। 1 अक्टूबर 2021 को गौरव मित्र हिमांशु के साथ प्रेमकिशोर के घर रात में पहुंचा और प्रेमकिशोर को बताया कि दिल्ली जा रहा था, ट्रेन छूट गई है। सुबह जाएगा। इस पर प्रेमकिशोर ने दोनों को घर में रुकवा लिया। रात में दोनों ने प्रेमकिशोर की चाकू से गोदकर हत्या करदी। बेटा नैतिक जग गया और मां को आवाज दी। इस पर दोनों ने मां और बेटेकी भी हत्या कर दी।

# फजलगंज तिहरे हत्याकांड में 2 को उम्र कैद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार**। फजलगंज के उचवां बस्ती में तीन साल पहले परचून दुकानदार, उसकी पत्नी व 12 वर्षीय बेटे के तिहरे हत्याकांड में इटावा निवासी दो अभियुक्तों को अपर जिला जज 14 की अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। डीजीसी व एडीजीसी ने न्यायालय से अभियुक्तों को फांसी की सजा देने की मांग की थी। पर कोर्ट ने दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

मूलरूप से उन्नाव के बीघापुर निवासी प्रेमकिशोर (45) अपनी पत्नी ललिता (40) और पुत्र नैतिक (12) के साथ फजलगंज स्थित उचवां बस्ती में रहते थे। प्रेम किशोर घर के बाहर ही परचून की दुकान किए थे। 2 अक्टूबर 2021 की सुबह जब सेल्समैन दूध देने प्रेमकिशोर की दुकान पहुंचा तो ताला लगा था। काफी देर तक दुकान न खुलने की सूचना



अभियुक्त गौरव शुक्ला व हिमांशु सिंह चौहान। अमृत विचार

पाकर मोहल्ले के राजेश सोनी ने प्रेमकिशोर के दूसरे भाई प्रेमकुमार और तीसरे राजकिशोर, राजकुमार को फोन पर इसकी सूचना दी। खबर पाकर भाई मौके पर पहुंचे और ताला तोड़ा गया। मोहल्ले वालों के साथ दोनों लोग घर के अंदर दाखिल हुए तो प्रेमकिशोर, उनकी पत्नी ललिता और बेटे नैतिक के रक्तरंजित शव पड़े थे। प्रेम किशोर के चौथे भाई राजकुमार ने फजलगंज थाने में तिहरे हत्याकांड की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने हत्याकांड की विवेचना के दौरान इटावा के बकेवर निवासी गौरव शुक्ला व महेवा निवासी हिमांशु सिंह चौहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। दोनों अभियुक्त प्रेम किशोर के करीबी मित्र थे और घर आते-जाते रहते थे। दोनों के पास से लूटी गई बाइक व रकम 11500 रुपये भी बरामद हुई थी। गवाहों और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने मंगलवार को गौरव शुक्ला और हिमांशु सिंह चौहान को दोषी करार दिया था। जिला शासकीय अधिवक्ता दिलीप अवस्थी और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता शिव भगवान गोस्वामी ने कहा कि तिहरे हत्याकांड की जघन्यता को फांसी की सजा देने की मांग की थी। गुरुवार को कोर्ट ने दोनों दोषियों को उम्रकैद की सजा और 80-80 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।

**मचा हड़कंप** | जिला अस्पताल व सहकारी समिति का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, डॉक्टरों के न मिलने पर जताई नाराजगी

# जिलाधिकारी के निरीक्षण में कई डॉक्टर मिले नदारद

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार** । पुरुष जिला अस्पताल में लगातार मिल रही शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी सुबह 8:10 बजे अस्पताल पहुंच गये और वहां के ओपीडी, पर्चा काउंटर, वार्ड, पैथोलॉजी, फिजियोथैरेपी वार्ड, इमरजेंसी सहित विभिन्न विभागों का जायजा लिया।

जिलाधिकारी के इतने सुबह अस्पताल पहुंचने की जानाकरी मिलते हीं अस्पताल में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान कई चिकित्सक, टेक्नीशियन और अन्य स्टाफ अनुपस्थित पाए गए, जिनमें डॉ. एसपी सिंह, डॉ. दीपक आर्य, डॉ. केपी सिंह, डॉ. शिवेश वर्मा, डॉ. संजीव अग्रवाल और रेडियोलॉजिस्ट सौरव कुमार का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। लगभग 30 मिनट बाद इन सभी डॉक्टरों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस पर जिलाधिकारी ने सीएमएस को निर्देशित किया कि देरी से आने वाले डॉक्टरों को चेतावनी दी जाए और उन्हें समय से कक्ष में उपस्थित होकर मरीजों का उपचार करने का आदेश दिया जाए। जिलाधिकारी ने अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे वार्ड में ताला लगे होने पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने सीएमएस को निर्देश दिया कि इन वार्डों में ताला न लगे और डॉक्टर समय से वार्ड में उपस्थित हों। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सफाई व्यवस्था की स्थिति भी ठीक नहीं पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने सफाई इंचार्ज और सीएमएस का स्पस्टीकरण के निर्देश दिए। साथ ही सीएमओ व सीएमएस को व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने की नसीहत दी।







अस्पताल में पर्चा काउंटर पर जानकारी करते व सहकारी समिति का निरीक्षण करते जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय।

अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरे भी संचालित नहीं मिलें, जिसके बाद जिलाधिकारी ने संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जन औषधि केंद्र भी बंद पाया गया। इसके इंचार्ज को फटकार लगाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश दिए गए। इसके अलावा, निरीक्षण के दौरान फिजियोथैरेपी वार्ड में सीसीटीवी कैमरा न होने पर सीएमएस को तत्काल कैमरा स्थापित करने को निर्देशित किया। इस मौके पर डॉ नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी पहुंचे सहकारी समिति, देखीं व्यवस्थाएं

- कुकरगांव क्षेत्रीय सहकारी समिति में 400 बोरी डीएपी व 450 बोरी यूरिया खाद मिली

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार** । डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने कुकरगांव क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड व उत्तरी उमरी साधन सहकारी समिति मानपुर का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां के उर्वरक भंडारण और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उत्तरी उमरी साधन सहकारी समिति मानपुर बंद मिलने पर सचिव के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कुकरगांव क्षेत्रीय सहकारी समिति लिमिटेड में 400 बोरी डीएपी और 450 बोरी यूरिया खाद उपलब्ध थी। जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों से संवाद करते हुए कहा कि उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धत है। इसलिये किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

उन्होंने किसानों से यह भी पूछा कि यदि खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी हो रही हो तो वे जरूर बताएं। समिति में लगभग 92 किसानों को टोकन वितरित किए जा चुके हैं, जिससे उन्हें आसानी से खाद मिल सके। इस मौके पर सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास व अन्य अधिकारी व तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

## कानपुर मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.) :** गेहूंदड़ा 2800-2850 आर.आर.21 2900-2950 गेहूंफारम 3050-3100 जौ 2300 -2400 ज्वार 2000-2700 बाजरा 2300-2350 मकाई 2400-2500 **दलहन (प्रति क्वि.) :** चना 6600 -6700 अरहर 7500-8000 मसूर 5500-5600 मटर 3300 -3400 उड़दहरा 11500 -12000 उड़दकाला 7500 -8500 मूंग 7500 -8000 **दाल (प्रति क्वि.) :** अरहरफूल 15100-15200 अरहरस्पेशल 11300-11400 चनादाल 8300-8400 मटरदाल 4100-4200 मसूरमलका 7150-7200 मसूरदाल 7350-7400 उड़ददाल 9000-13500 उड़द धोवा 10000-12500 मूंगदाल 8500-9700 मूंग धोवा 9500-11000 **चावल (प्रति क्वि.) :** अरवा 2800-4000 बासमती न01.10500-11000 सेला 3000-4000 बासमती न02. 7000-8000 **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.) :** आटा 1600-1700 मैदा 1700-1770 सूजी 1730-1780 **चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) :** शाहपसंद 1600-1630 **तिलहन (प्रति क्वि.) :** लाही 5700-5800 अलसी 4500 -4600 अण्डी 4600-4700 तिल्ली 10500-11600 मूंगफलीदानाषिवपुरी 8500-11000 बटाली 8000-11000 सेहुआं 4000-4500।

## सर्राफा




कानपुर

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 93,350 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 1,05,000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 1,10,000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 78,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 58750-58950 |

# शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी थमी

### निवेशकों ने सतर्कता बरती, सेंसेक्स 836 अंक टूटा, निफ्टी 285 अंक नीचे आया

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो दिन से जारी तेजी का रुख गुरुवार को थम गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के नीतिगत दर संबंधी निर्णय के पहले निवेशकों ने सतर्कता बरती जिससे सेंसेक्स 836 अंक टूट गया जबकि निफ्टी 285 अंक नीचे आ गया। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति चुनाव में विजयी होने को लेकर बना उत्साह फीका पड़ जाने से भी घरेलू बाजार की रफ्तार सुस्त पड़ गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 836.34 अंक यानी 1.04 प्रतिशत फिसलकर 79,541.79 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 958.79 अंक गिरकर 79,419.34 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 284.70 अंक यानी 1.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,199.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, जेएसडब्ल्यू स्टील, सन फार्मा, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई। सेंसेक्स की

- **सेंसेक्स की कंपनियों में से सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शेयर ही लाभ के साथ बंद हुआ**




कंपनियों में से सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का शेयर ही लाभ के साथ बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार पिछले दिन हासिल बढ़त को गंवा बैठा।

कंपनियों के दूसरी तिमाही के निराशाजनक नतीजों और विदेशी कोषों की लगातार बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। नायर ने कहा कि ट्रंप की चुनावी जीत को लेकर पैदा हुआ उत्साह धीमा पड़ गया। इसके अलावा अब निवेशकों की नजर फेडरल रिजर्व की आगामी बैठक के नतीजे पर टिक गई है। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.67 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि स्मॉलकैप सूचकांक में 0.44 प्रतिशत का नुकसान दर्ज किया गया। बाजार में चौतरफा बिकवाली रही और सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। सर्वाधिक 2.54 प्रतिशत की गिरावट धातु खंड में रही जबकि जिंस खंड में 1.65 प्रतिशत और रियल्टी खंड में 1.45 प्रतिशत की गिरावट रही। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, अमेरिकी चुनाव के बाद नजरें अब फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों और उसकी टिप्पणियों पर लगी हैं।

## आरसीईपी और सीपीटीपीपी का हिस्सा होना चाहिए भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने गुरुवार को कहा कि भारत को क्षेत्रीय वृहद आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) और प्रशांत-पारीय साझेदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते (सीपीटीपीपी) का हिस्सा होना चाहिए। भारत 2013 में वार्ता में शामिल होने के बाद 2019 में आरसीईपी से बाहर निकल गया था।

आरसीईपी में 10 आसियान समूह के सदस्य (ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, म्यांमा, सिंगापुर, थाइलैंड, फिलिपीन, लाओस और वियतनाम) और उनके छह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) साझेदार - चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा



- **नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम बोले**

आयोजित कार्यक्रम में सुब्रह्मण्यम ने कहा, भारत को आरसीईपी (क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी) और सीपीटीपीपी (प्रशांत पारीय भागीदारी के लिए व्यापक तथा प्रगतिशील समझौता) का हिस्सा होना चाहिए और इसका सदस्य बनना चाहिए। सीपीटीपीपी पांच महाद्वीपों में फैला एक मुक्त व्यापार संघ है, जो प्रशांत क्षेत्र के देशों कनाडा, मेक्सिको, पेरू, चिली, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और जापान से मिलकर बना है। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने चीन प्लस वन अवसर का लाभ उठाया है।

## स्विगी के आईपीओ को दो दिन में 35 प्रतिशत अभिदान

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खाने के सामान की आपूर्ति करने वाली प्रमुख कंपनी स्विगी लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को शेयर बिक्री के दूसरे दिन गुरुवार तक 35 प्रतिशत अभिदान मिला। एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, आरंभिक शेयर बिक्री में 16,01,09,703 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 5,56,98,652 शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। खुदरा व्यक्तिगत निवेशकों (आरआईआई) के कोटा को 84 प्रतिशत अभिदान प्राप्त हुआ, जबकि पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के खंड को 28 प्रतिशत अभिदान मिला। गैर-संस्थागत निवेशकों के हिस्से को 14 प्रतिशत अभिदान मिला। स्विगी ने एंकर (बड़े) निवेशकों से 5,085 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

## एचडीएफसी बैंक ने कर्ज पर ब्याज दर 0.05 प्रतिशत बढ़ाई

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने गुरुवार को चुनिंदा परिपक्वता अवधि के कर्ज पर कोष की सीमान्त लागत आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) 0.05 प्रतिशत बढ़ा दी। एचडीएफसी बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के अनुसार, एक साल की अवधि के लिए मानक एमसीएलआर दर को 9.45 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। हालांकि, एक दिन के लिए एमसीएलआर 9.10 प्रतिशत से बढ़कर 9.15 प्रतिशत हो गई है, जबकि एक महीने की दर 0.05 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 9.20 प्रतिशत हो गई है।

## सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी नहीं होगी : सिंधिया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि सैटेलाइट ब्रॉडबैंड के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी के बजाय उसका आवंटन किया जाएगा। भारतीय अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी और सुनील मित्तल इसकी नीलामी किए जाने की मांग कर रहे हैं, जबकि एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक ने इसके आवंटन की वकालत की है।

सिंधिया ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि हालांकि,



- **भारतीय उद्योगपति मुकेश अंबानी व सुनील मित्तल कर रहे मांग**

सैटेलाइट ब्रॉडबैंड स्पेक्ट्रम मुफ्त नहीं दिया जाएगा तथा भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) इसके लिए कीमत तय करेगा। सिंधिया ने कहा, हर देश को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का पालन करना होता है, जो अंतरिक्ष या उपग्रहों में स्पेक्ट्रम के लिए नीति निर्धारित करने वाला संगठन है। आईटीयू असाइनमेंट के आधार पर स्पेक्ट्रम दिए जाने के मामले में बेहद स्पष्ट रहा है। इसके अलावा, अगर आप आज दुनियाभर में देखें, तो मुझे एक भी ऐसा देश नहीं दिखता जो उपग्रह के लिए स्पेक्ट्रम की नीलामी करता हो। भारत डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) का सदस्य है। मस्क की स्टारलिंक और अमेजन के प्रोजेक्ट कुइपर जैसे वैश्विक प्रतिस्पर्धियों ने प्रशासनिक आवंटन का समर्थन किया है।

## जापानी कंपनी निसान ने 9,000 कर्मचारियों को किया बाहर

**टोक्यो।** जापान की वाहन विनिर्माता कंपनी निसान ने अपनी बिक्री में गिरावट तथा भंडारण की लागत बढ़ने के चलते 9,000 लोगों को नौकरी से निकाल दिया है। कंपनी को इस वजह से चालू वित्त वर्ष की ताजा तिमाही में घाटा हुआ है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मकोतो उचिदा ने कहा कि उन्होंने निराशाजनक नतीजों की जिम्मेदारी लेते हुए अपने वेतन में 50 प्रतिशत की कटौती की है। निसान मोटर कॉर्प ने वैश्विक स्तर पर 9,000 लोगों की छंटनी करने की घोषणा की है, जो कि उसके 1,33,000 का छह प्रतिशत है।

## भूटान के पीएम ने भारतीय निवेशकों को दिया निमंत्रण

**दरांगा (असम), एजेंसी**

भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे ने भारतीय निवेशकों को अपने देश में निजी उद्यम लगाने के अलावा संयुक्त उपक्रम लगाने के लिए गुरुवार को आमंत्रित किया। इसके साथ ही तोबगे ने पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पूर्वी भूटान और पूर्वोत्तर भारत को बाहरी दुनिया के सामने एक साथ दिखाने पर भी जोर दिया। उन्होंने असम के दरांगा में भारत-भूटान सीमा पर पहली एकीकृत चेक पोस्ट के उद्घाटन पर यह बात कही।

उन्होंने कहा, भूटान के लोगों को

- **असम के दरांगा में भारत-भूटान सीमा पर पहली एकीकृत चेक पोस्ट का किया उद्घाटन**

असम से होकर जाने के लिए पासपोर्ट की जरूरत नहीं होती थी लेकिन अन्य पर्यटकों को इसकी जरूरत पड़ती थी। इस चेक पोस्ट की शुरुआत से यह सुनिश्चित हो सकेगा कि दूसरे देशों के पर्यटक अब भारत में निर्बाध रूप से प्रवेश कर सकें। भूटानी प्रधानमंत्री ने कहा, हम भारत के साथ मिलकर समृद्ध होना चाहते हैं। हम बांग्लादेश को बोल्डर निर्यात करते हैं। कुछ निर्मित सामान भी निर्यात कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### रोहतास में चार लोगों की डूबकर गई जान

**डेहरी आन सोन।** बिहार के रोहतास जिले में महापर्व छठ के दिन आज चार लोगों की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के भानस थाना क्षेत्र के पिपरा गांव के दो युवक की चौसा नहर में डूबने से मौत हो गई। मृतक युवकों में पिपरा गांव निवासी रामजी सिंह का पुत्र आयुष कुमार (18) और तुर्की निवसी अभिषेक कुमार (22) शामिल है। वहीं इस घटना में पिपरा गांव निवासी शिक्षक सिकंदर सिंह के पुत्र प्रशांत कुमार को ग्रामीणों ने डूबने से बचा लिया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि आज शाम तिलौथू थाना क्षेत्र में सोन नदी के छठ घाट पर नहाने के दौरान एक ही गांव के चार लोग डूब गए, जिसमें से तीन एक ही परिवार के हैं।

### नौसेना की क्षमताओं का राष्ट्रपति ने अवलोकन किया

**पणजी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को गोवा तट पर विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार होकर भारतीय नौसेना के परिचालन प्रदर्शन को देखा। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रपति गोवा स्थित नौसेना वायु स्टेशन आईएनएस हंसा पहुंचीं जहां नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और पश्चिमी नौसेना कमान के 'फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस' एडमिरल संजय जे सिंह मौजूद थे। उन्होंने कहा, उनके आगमन पर 150 लोगों की एक औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर परेड भी आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि इसके बाद राष्ट्रपति स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सवार हुईं।

### रिटायर्ड जजों की पेंशन को लेकर शीर्ष अदालत हैरान

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को उच्च न्यायालय के कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों को 6,000 रुपये से 15,000 रुपये के बीच मामूली पेंशन मिलने पर हैरानी जताई। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिन्होंने कहा है कि उन्हें मात्र 15,000 रुपये पेंशन मिल रही है।

# जल्द लाएंगे राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति : शाह

### केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार देश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि सरकार आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए जल्द ही एक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति लाएगी। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार देश में आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है। शाह ने यह भी कहा कि कानून और व्यवस्था राज्य का विषय है, लेकिन आतंकवाद की कोई क्षेत्रीय सीमा नहीं होती, इसलिए सभी सुरक्षा एजेंसियों - केंद्रीय और राज्य - को निकट समन्वय के साथ काम करना चाहिए, संयुक्त रणनीति बनानी




नई दिल्ली में आतंकवाद विरोधी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान एक सभा को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। • एजेंसी

चाहिए और खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के रूप में एक मॉडल दृष्टिकोण पेश किया है, जिसे यदि अपनाया जाता है तो यह आतंकवाद की समस्या से निपटने के लिए एक साझा ढांचे और मंच के रूप में काम करेगा। गृह मंत्री ने यहां एक आतंकवाद-निरोधक सम्मेलन में कहा, आतंकवाद, आतंकवादियों और उनके पारिस्थितिकी तंत्र से लड़ने के लिए हमें मिलकर काम करना होगा, और इसीलिए हम जल्द ही एक नई राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति और रणनीति लाएंगे जिसमें आप सभी की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि नई नीति से राज्यों और केंद्रीय एजेंसियों को आतंकवाद से निपटने में निकट समन्वय से काम करने में मदद मिलेगी।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सपने के अनुसार 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हर किसी को सभी सुरक्षा चुनौतियों से निपटना होगा और आतंकवाद से लड़ने के लिए एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों को युवा अधिकारियों को प्रशिक्षित करना पड़ेगा और आतंकवाद से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करना होगा। शाह ने कहा, 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश आतंकवाद के खिलाफ ठोस रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है। हम आतंकवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गृह मंत्री ने कहा कि अब पूरी दुनिया ने आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की प्रधानमंत्री मोदी की नीति को स्वीकार कर लिया है।

## प्रज्ञा ठाकुर ने अपने सूजे हुए चेहरे की तस्वीर पोस्ट की

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के 2008 मालेगांव विस्फोट मामले की मुख्य आरोपी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने सूजे हुए चेहरे की एक तस्वीर पोस्ट की। साथ ही आरोप लगाया कि कांग्रेस की यातना के कारण उन्हें आजीवन घातक पीड़ा हुई और अगर वह जीवित रहीं तो अदालत में पेश होंगी।

मालेगांव विस्फोट मामले में सुनवाई कर रही एक विशेष अदालत द्वारा सुनवाई में शामिल न होने पर भोपाल की पूर्व भाजपा सांसद के खिलाफ जमानती वारंट जारी करने के दो दिन बाद उन्होंने यह फोटो पोस्ट की। ठाकुर और छह अन्य व्यक्ति विस्फोट में कथित संलिप्तता



- **मालेगांव विस्फोट मामले की मुख्य आरोपी हैं प्रज्ञा सिंह ठाकुर**

के मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं। जमानती वारंट जारी करते हुए विशेष अदालत के न्यायाधीश ए.के. लाहोटी ने मंगलवार को कहा कि मामले में अंतिम बहस चल रही है और आरोपियों की उपस्थिति आवश्यक है। वारंट के मुताबिक, 13 नवंबर तक ठाकुर को अदालत में पेश होना होगा। प्रज्ञा ठाकुर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस की यातना सिर्फ एटीएस की हिरासत तक ही नहीं, मेरे जीवन भर के लिए मृत्युदाई कष्ट का कारण हो गयी।

## अमेजन, फ्लिपकार्ट के लिए काम करने वाले विक्रेताओं के 19 परिसरों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी निवेश उल्लंघन जांच के तहत अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए काम करने वाले कुछ मुख्य विक्रेताओं के परिसरों पर गुरुवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कार्रवाई के तहत दिल्ली, गुरुग्राम और पंचकूला, हैदराबाद और बेंगलुरु में स्थित इन तरजीही विक्रेताओं के कुल 19 परिसरों की तलाशी ली गई।

सूत्रों ने बताया कि ईडी ने विदेशी

- **ईडी ने विदेशी निवेश उल्लंघन जांच के तहत की कार्रवाई**

मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत दो बड़ी ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ कई शिकायतों पर जांच शुरू की है। आरोप लगाया गया है कि ये कंपनियां प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से वस्तुओं या सेवाओं के बिक्री मूल्य को प्रभावित करके और सभी विक्रेताओं को समान अवसर प्रदान नहीं करके भारत के एफडीआई (प्रत्यक्ष विदेशी निवेश) नियमों का उल्लंघन कर रही हैं।

### नए भारत में कोई भी कानून से ऊपर नहीं : कैट

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों का संगठन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने ऑनलाइन मार्केटप्लेस अमेजन और फ्लिपकार्ट पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की कार्रवाई का स्वागत किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नए भारत में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में दो और लोग गिरफ्तार

**मुंबई।** राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या से संबंधित मामले में गुरुवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारी ने बताया कि पुणे शहर के कर्वेनगर इलाके के निवासी आदित्य गुलनकर (22) और रफीक नियाज शेख (22) को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि वे कथित साजिशकर्ताओं में से एक प्रवीण लोनकर और एक अन्य आरोपी रूपेश मोहोल के संपर्क में थे।

## वक्फ विवाद: पीसी अध्यक्ष ने कर्नाटक के पीड़ित किसानों से 500 से अधिक अर्जियां प्राप्त कीं

**हुबली/विजयपुरा, एजेंसी**

वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को गुरुवार को कर्नाटक के उत्तरी जिलों के उन किसानों से 500 से अधिक अर्जियां प्राप्त हुईं, जिन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी जमीन को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किया गया है। बेंगलुरु दक्षिण के सांसद और जेपीसी सदस्य तेजस्वी सूर्या भी उनके साथ थे। पाल ने अपनी यात्रा के दौरान हुबली, विजयपुरा और बेलगावी का दौरा



- **किसानों की जमीन वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित करने का है आरोप**

किया, इस दौरान उन्होंने किसानों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों से मुलाकात की, जिन्होंने शिकायत की थी कि राज्य वक्फ बोर्ड उनकी जमीन पर दावा कर रहा है।

बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या के कार्यालय ने एक बयान में कहा, जगदंबिका पाल और सूर्या को विजयपुरा, बीदर, कलबुर्गी, हुबली, बागलकोट और बेलगावी के किसानों की 500 से अधिक याचिकाएं प्राप्त हुईं, जिनमें कहा गया था कि उनकी कृषि भूमि पर वक्फ बोर्ड द्वारा वक्फ संपत्ति होने का दावा किया जा रहा है। पाल ने कहा कि वह तथ्य अन्वेषण और पीड़ितों से मिलने के लिए राज्य में आए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों और विभिन्न संगठनों ने उन्हें दस्तावेज और ज्ञापन सौंपे हैं। पाल ने कहा कि किसानों और संगठनों को आश्वासन दिया गया है कि उनके मुद्दे पर जेपीसी में चर्चा की जाएगी और रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा।

## टू-कॉलर इंडिया के कार्यालयों पर आयकर विभाग की छापेमारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आयकर विभाग ने गुरुवार को कर अपवंचना के मामले में वैश्विक कॉलर आईडी मंच टू-कॉलर के कार्यालयों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। स्टॉकहोम मुख्यालय वाली कंपनी ने कहा कि वह जांचकर्ताओं के साथ सहयोग कर रही है। कर अधिकारियों ने कहा कि तलाशी का उद्देश्य ट्रांसफर प्राइसिंग (टीपी) मुद्दों सहित कर चोरी के कुछ आरोपों

- **ट्रांसफर प्राइसिंग (टीपी) मुद्दों सहित कर चोरी के आरोप**

के संबंध में विस्तृत जानकारी एकत्र करना और दस्तावेजों की जांच करना था। कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, टू-कॉलर के भारत में बेंगलुरु, मुंबई और गुरुग्राम में कार्यालय हैं। कंपनी ने एक सार्वजनिक बयान में कहा, सात नवंबर गुरुवार को टू-कॉलर इंडिया के कार्यालयों में कर अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

## 257 गैर-हिंदू छात्रों के खिलाफ होगी कार्रवाई

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उन 257 छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करने का फैसला किया है जो हिंदू धर्म की जगह अन्य धर्म का अनुसरण कर रहे थे, लेकिन हिंदू आदिवासी अभ्यर्थी के रूप में आरक्षण का लाभ प्राप्त कर रहे थे। पहले राज्य सरकार की विशेष समिति द्वारा की गई जांच में पता चला था कि एसटी श्रेणी के तहत पंजीकरण कराने वाले 13,858 छात्रों में 257 हिंदू धर्म का नहीं बल्कि अन्य धर्म का अनुसरण कर रहे थे।

## परमार्थ कार्यों में सबसे आगे हैं शिव नादर

**मुंबई, एजेंसी**

एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शिव नादर वित्त वर्ष 2023-24 में परोपकार के मामले में एक बार फिर देश के सबसे अमीर लोगों को पीछे छोड़ दिया है। एडेलगिव-हुरुन इंडिया की परमार्थ सूची के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में परोपकारी कामों में में नादर की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत बढ़कर 2,153 करोड़ रुपये हो गई। देश के सबसे अमीर भारतीय गौतम अडाणी के 330 करोड़ रुपये और दूसरे सबसे



- **अमीरों में अंबानी को दूसरा तो अडाणी को पांचवां स्थान**

अमीर रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी के 407 करोड़ रुपये की तुलना में यह राशि बहुत अधिक है। इस सची में अंबानी दूसरे और अडाणी पांचवे स्थान पर हैं।

मोटर वाहन और फाइनेंस क्षेत्र में रुचि रखने वाले बजाज परिवार ने सालाना आधार पर 33 प्रतिशत अधिक 352 करोड़ रुपये परमार्थ कार्यों के लिए दिया और सूची में तीसरे स्थान पर जगह बनाई। कुमारमंगलम बिड़ला और उनका परिवार 334 करोड़ रुपये के कुल दान के साथ चौथे स्थान पर रहा, जो सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि है। हुरुन की अमीरों की सूची के अनुसार, कुल मिलाकर 203 ऐसे व्यक्ति थे जिन्होंने पांच करोड़ रुपये से अधिक परमार्थ कार्य पर खर्च किया। 1,539 लोगों की कुल संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से अधिक थी और इस साल उनकी कुल संपत्ति में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई। दिलचस्प बात यह है कि सूची में शामिल 203 दानदाताओं द्वारा दिया गया औसत दान 2023 की सूची में शामिल 119 दानदाताओं द्वारा दिए गए 71 करोड़ रुपये से घटकर 43 करोड़ रुपये रह गया है। नादर 3.14 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ अमीरों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं, जबकि अडाणी की संपत्ति 11.6 लाख करोड़ रुपये और अंबानी की 10.14 लाख करोड़ रुपये है।

## आईपीएल से खेल के बारे में ज्ञान बढ़ाना है : जेम्स

लंदन, एजेंसी



• इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज एंडरसन ने मेगा नीलामी के लिए कराया पंजीकरण आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपये रखा

इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा कि उन्होंने खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की आगामी मेगा नीलामी के लिए पंजीकरण कराया है। एंडरसन (42 वर्ष) ने साल के शुरु में टेस्ट क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाज के रूप में अपना अंतर्राष्ट्रीय करियर समाप्त किया था।

उन्होंने आखिरी बार 2014 में अपना अंतिम टी-20 मैच खेला था। वह आईपीएल में कभी नहीं खेले हैं। उन्होंने 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली नीलामी के लिए खुद को पंजीकृत किया और अपना आधार मूल्य 1.25 करोड़ रुपये रखा है। एंडरसन ने साल के शुरु में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया और इंग्लैंड के लिए 188 मैच में 704 विकेट लिए। इससे वह श्रीलंका के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के स्पिन जादूगर शेन वार्न (708) के बाद तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। एंडरसन ने बीबीसी रेडियो 4 टुडे से बताया मेरे अंदर अब भी कुछ ऐसा है जिसे लगता है कि मैं अब भी खेल सकता हूं। मैंने कभी आईपीएल नहीं खेला है। मैंने कभी इसका अनुभव नहीं किया है और कई कारणों से मुझे लगता है कि एक खिलाड़ी के तौर पर मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है।

उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी टी-20 लीग में खेलकर वह बतौर गेंदबाज अपना ज्ञान ही नहीं बढ़ाना चाहते बल्कि बतौर कोच और अनुभव और ज्ञान हासिल करना चाहते हैं। मैंने गर्मियों में अपना करियर खत्म करने के बाद से थोड़ी बहुत कोचिंग की है। मैं इंग्लैंड की टीम के साथ थोड़ा बहुत मेंटोर के तौर पर भी काम कर रहा हूं। मुझे लगता है कि इस तरह की लीग में खेलने और उसका अनुभव हासिल करने से शायद मुझे खेल के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाने में मदद मिले जिससे आगे चलकर मुझे फायदा मिलेगा। एंडरसन ने आखिरी बार टी-20 मैच अपनी काउंटी टीम लंकाशर के लिए अगस्त 2014 में खेला था जबकि इंग्लैंड के लिए इस प्रारूप में उनका आखिरी मुकाबला नवंबर 2009 में था।

## भारत खराब टीम नहीं बनी है, वे चीजें बदल देंगेः लैथम

**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम हाल ही में भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने के बावजूद विनम्र बने हुए हैं और कहा कि रोहित की अगुवाई वाली टीम जल्द से जल्द शानदार वापसी करने की क्षमता रखती है।

लैथम के नेतृत्व में कीवी टीम बेंगलुरु, पुणे और मुंबई टेस्ट जीतकर भारत के खिलाफ उसकी धरती पर तीन या इससे अधिक मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने वाली पहली मेहमान टीम बन गई। लैथम ने भारत से यहां पहुंचने के बाद कहा भारतीय क्रिकेट वास्तव में खास है। हमने उनके खिलाफ काफी क्रिकेट खेली है। हमारे खिलाड़ी आईपीएल में उनके साथ खेलते हैं। वे इस हार से निश्चित तौर पर निराश थे लेकिन उनकी टीम अब भी बहुत अच्छी है। एक श्रृंखला में हार से वह रातों-रात खराब टीम नहीं बन जाती। न्यूजीलैंड अब घरेलू मैदान पर तीन मैचों की श्रृंखला में इंग्लैंड से भिड़ेगा और लैथम ने कहा कि क्रिकेट के बैजबॉल ब्रांड का सामना करना उनकी टीम के लिए अलग चुनौती होगी।

## राइट आदर्श कोच थे, चैपल, कुंबले के विपरीत खिलाड़ियों को दी छूट : संदीप

मुंबई, एजेंसी



• चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष बोले- जॉन के समय नहीं था सीनियर या जूनियर जैसा कोई मामला

भारत की 1983 की विश्व चैंपियन टीम के सदस्य और चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष संदीप पाटिल का मानना है कि जॉन राइट भारतीय कोच के रूप में इसलिए सफल रहे क्योंकि उन्होंने खिलाड़ियों को खुली छूट दी जबकि उनके उत्तराधिकारी ग्रेग चैपल और अनिल कुंबले ऐसा करने में असफल रहे।

पाटिल ने यह आकलन अपनी आत्मकथा बियॉन्ड बाउंड्रीज में किया है जिसका बुधवार को विमोचन किया गया। पाटिल को उथल-पुथल वाले चैपल युग की कई घटनाओं की जानकारी थी क्योंकि वह भारत ए के तत्कालीन कोच के रूप में चयन और बोर्ड बैठकों में भाग लेते थे। पाटिल ने लिखा है भारत में 2000 के बाद विदेशी कोच और सहायक स्टाफ रखने का चलन शुरू हुआ। इससे काफी लाभ हुआ, क्योंकि भारत का विदेशी रिकॉर्ड लगातार बेहतर हुआ है। यह सब जॉन राइट के भारत के पहले विदेशी कोच बनने के साथ शुरू हुआ। मुझे लगता है कि जॉन भारत के लिए आदर्श कोच थे। वह शायद ही कभी खबरों में रहे जबकि ग्रेग चैपल इसके विपरीत थे। पाटिल का मानना है कि राइट के लिए प्रत्येक खिलाड़ी बराबर था और उनके लिए टीम सर्वोपरि थी।

## खेल डायरी

### विशाखापट्टनम में अकादमी स्थापित करेगी सिंधु

**विशाखापट्टनम।** ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधु की स्वप्निल परियोजना बैडमिंटन और खेल उत्कृष्टता के लिए पीवी सिंधु केंद्र विशाखापट्टनम में स्थापित किया जाएगा। इस केंद्र में बैडमिंटन के अलावा अन्य खेलों के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसे आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से स्थापित किया जाएगा। सिंधु ने इसके लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का आभार व्यक्त किया। सिंधु ने यहां जारी बयान में कहा मैं विशाखापट्टनम के लोगों के लिए इस केंद्र को स्थापित करने के लिए वास्तव में आभार व्यक्त करती हूं। इस खेल केंद्र की स्थापना के लिए इससे बेहतर स्थान नहीं हो सकता। यह केंद्र ऐसा स्थान होगा जिसकी सभी स्तर के खिलाड़ी सेवाएं ले सकेंगे।

### दशक की डब्ल्यूबीबीएल टीम के लिए सूची में हरमनप्रीत

**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) की दशक की टीम के लिए 50 खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया गया है। इस सूची को गुरुवार को जारी किया गया जिसमें जगह बनाने वाली हरमनप्रीत एकमात्र भारतीय क्रिकेटर हैं। इस सूची में उन्हीं खिलाड़ियों को जगह दी गई है जिन्होंने वर्तमान सत्र से पहले डब्ल्यूबीबीएल में कम से कम 60 मैच खेले हैं। सार्वजनिक मतदान के बाद विशेषज्ञों का एक विशेष चैनल इस सूची में से अंतिम 12 खिलाड़ियों का चयन करेगा। सार्वजनिक मतदान 11 से 24 नवंबर के बीच किया जा सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के निदेशक क्ली स्मिथ चयन पैनल के अध्यक्ष हैं। इसमें मेल जोन्स, लिसा स्टालेकर, मैथ्यू मॉट, क्वेंटिन हल, लौरा जॉली और एलिस्टेयर डॉब्सन भी शामिल हैं। टीम की घोषणा एक दिसंबर को की जाएगी जिसमें अधिकतम तीन विदेशी खिलाड़ियों को जगह मिलेगी।

### डब्ल्यूपीएल की फ्रेंचाइजी ने बड़े नामों को रिटेन किया



**नई दिल्ली।** स्मृति मंधाना, एलिस पैरी, शेफाली वर्मा, मेग लेनिंग और हरमनप्रीत कौर कुछ बड़े नाम है जिन्हें उनकी फ्रेंचाइजी ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट के अगले सत्र के लिए रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने बृहस्पतिवार को 14 खिलाड़ियों को रिटेन करने की घोषणा की जिसमें छह विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं। कप्तान स्मृति, स्टार बल्लेबाज पैरी और विकेटकीपर रिचा घोष को डब्ल्यूपीएल चैंपियन टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है। दिल्ली कैपिटल्स ने शेफाली के अलावा जेमिमा रोड्रिग्स, राधा यादव और अरुंधति रेड्डी जैसी खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़े रखा है। विदेशी खिलाड़ियों में लेनिंग, दक्षिण अफ्रीका की मारिजेन कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी और एनाबेल सदरलैंड को टीम ने अपने साथ बरकरार रखा है। डब्ल्यूपीएल 2025 से पहले मुंबई इंडियन्स ने 14 खिलाड़ियों को अपने साथ बरकरार रखा है। मुंबई ने कप्तान हरमनप्रीत, नैट स्किवर ब्रंट, हेली मैथ्यूज, सजना सजीवन, सेइका इशाक जैसी खिलाड़ियों को रिटेन किया है। रिटेन खिलाड़ियों की सूची में दिल्ली कैपिटल्स ने जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली, राधा, अरुंधति, शिखा पांडे, तानिया, मीनू, स्नेहा, टिटास साधु, मेग लेनिंग, मारिजेन कैप, जेस जोनासेन, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड को रिटेन किया। वहीं, आरसीबी ने मंधाना, रिचा, मेघना, श्रेयंका पाटिल, आशा शोभना, रेणुका सिंह, एकता बिष्ट, कनिका आहूजा शामिल हैं। वहीं, मुंबई इंडियंस ने हरमनप्रीत कौर, शबनिम, यस्तिका, पूजा वस्त्राकर, सजना सजीवन, सेइका इशाक, अमनजोत कौर, जिंतिमनी कलीता, कीर्तना बालाकृष्णन और अमनदीप कौर, नेट स्काइवर-ब्रंट, हेली मैथ्यूज, अमेलिया केर, शब्निम इस्माइल, क्लो ट्रायोन के नाम शामिल हैं।

# 17 साल बाद डरबन में जीतने पहुंचा भारत

## 2007 में किंग्समीड पर खेला था टी-20 मैच, दोनों टीमों ने अब तक खेले 27 मुकाबले

नई दिल्ली, एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका दौरे पर शुक्रवार से शुरु हो रही चार टी-20 मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम जीत के लक्ष्य के साथ 17 साल बाद डरबन के किंग्समीड मैदान पर उतरेगी। किंग्समीड मैदान पर वर्ष 2007 में भारत ने एकमात्र टी-20 मैच खेला है।

17 साल पहले खेले गए इस मैच में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 37 रनों से शिकस्त दी थी। इस मुकाबले में रोहित शर्मा ने अर्धशतक लगाया था और आरपी सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए चार ओवरों में महज 13 रन देकर चार विकेट झटके थे। सीरीज का पहला मैच डरबन के किंग्समीड मैदान पर होगा। इस मैदान की पिच का मिजाज समझना बड़ा ही मुश्किल रहा है। इस मैदान पर 18 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले हो चुके है। ऐसा देखा गया है कि यह एक हाई-स्कोरिंग मैदान रहा है, इस मैदान में पहली पारी में औसत स्कोर 153 रन और दूसरी पारी में औसत स्कोर 135 रन पर आ जाता है। इस मैदान पर नौ बार पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने जीत हासिल की है और आठ बार दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम ने बाजी मारी है। एक मुकाबले का कोई परिणाम नहीं निकल सका। पिछले वर्ष ऑस्ट्रेलिया ने इसी मैदान पर 191 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल कर दक्षिण अफ्रीका को हराया था।

अगर रिकार्ड को देखा जाए तो भारतीय टीम यहां पिछली पांच टी-20 श्रृंखला में एक भी बार नहीं हारी है। इस दौरान तीन श्रृंखला ड्रा रही हैं। दोनों देशों के अबतक बीच नौ द्विपक्षीय टी-20 श्रृंखला खेली गईं हैं। इनमें से चार में भारत ने और दो में अफ्रीका ने जीत दर्ज की है। भारत आखिरी बार नौ साल पहले अक्टूबर 2015 में दक्षिण अफ्रीका से टी-20 सीरीज हारा था। टी-20 विश्वकप सेमीफाइनल के बाद यह पहली बार होगा जब भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आमाने-सामने होगीं।



**मैच : रात 8:30 बजे**

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशक। आवेश खान, यश दयाल।

**दक्षिण अफ्रीका :** एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएत्जी, डोनोवन फरेरा, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को जानसन, हेनरिक क्लासेन, पैट्रिक क्रुगर, केशव महाराज, डेविड मिलर, मिहलाली मपोंगवाना, नकाबा पीटर, रयान रिकेल्टन, एंडिले सिमलेन, लूथो सिपम (तीसरा और चौथा मैच), और ट्रिस्टन स्टब्स।

अब तक दोनों टीमों के बीच 27 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 11 मैच में दक्षिण अफ्रीका और 15 मैच भारतीय टीम की जीत मिली हैं। इनमें से दक्षिण अफ्रीका की सरजमीं पर खेले गए नौ मैचों में से भारतीय टीम ने छह मैच जीते और तीन में उसे हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी अर्शदीप की अगुवाई में आवेश, वैशाख और यश जैसे खिलाड़ी पर होगी।

## भारतीय हॉकी के 100 साल पूरे, मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को भारतीय हॉकी की 100 साल पूरा होने के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले एक भव्य जश्न की शुरुआत की घोषणा की। आज के ही दिन सात नवंबर 1925 में ग्वालियर शहर में हॉकी के लिए एक राष्ट्रीय निकाय की आधिकारिक तौर पर स्थापना की गई थी। इस निर्णायक क्षण ने विजय और गौरव की एक यात्रा की जोत जलाई, जिसने भारत को खेल में एक शक्तिशाली देश के रूप में मजबूती से स्थापित किया।



• 1925 में ग्वालियर में हॉकी के लिए राष्ट्रीय निकाय की आधिकारिक तौर हुई थी स्थापना

पिछले 99 वर्षों में भारतीय हॉकी आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक, एक रजत और चार कांस्य पदक और एक हॉकी विश्व कप ट्रॉफी जीती है। 52 साल के इंतजार के बाद भारतीय पुरुष हॉकी टीम का लगातार दो ओलंपिक पदक जीतना और टोक्यो ओलंपिक में महिला हॉकी टीम का प्रभावशाली चौथा स्थान हासिल करना, साथ ही उनकी एफआईएच नेशंस कप जीत, इस पुनरुद्धार के प्रमाण हैं। हॉकी इंडिया लीग की वापसी, जो इस स्मारकीय वर्षगांठ के साथ मेल खाती है, हॉकी इंडिया की हमारे शानदार अतीत को संरक्षित करने और आगे के रोमांचक भविष्य को अपनाने की प्रतिबद्धता का एक जीवंत प्रमाण है। भारत ने कई प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफलतापूर्वक मेजबानी की है और कृत्रिम टर्फ के साथ विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे का विकासित किया है। हॉकी इंडिया ने सदस्य इकाई पोर्टल और ऑनलाइन खिलाड़ी पंजीकरण प्रणाली जैसी डिजिटल पहलों के साथ नवाचार को अपनाया है।

## किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

इक्सान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी

• 41वें स्थान पर मौजूद किरण ने 1.15 घंटे तक चले रोमांचक मैच में ची यू जेन को दी मात

भारतीय शटलर किरण जॉर्ज ने गुरुवार को पुरुष एकल मुकाबले में चीनी ताईपे के ची यू जेन को हराकर कोरिया मास्टर्स टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गए 16 राउंड मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में 41वें स्थान पर मौजूद किरण ने एक घंटा और 15 मिनट तक चले बेहद ही रोमांचक मैच में चीनी ताइपे के 31वीं रैंक वाले ची यू जेन को 21-17, 19-21, 21-17 से हराया।

मैच की शुरुआत में किरण ने शुरूआती बढ़त हासिल करते हुए स्कोर 5-1 से अपने पक्ष में कर लिया। इसके बाद ची यू जेन ने पलटवार करते हुए कुछ शानदार शॉट्स लगाए और एक समय स्कोर 12-11 से अपने हक में कर लिया। किरण ने चीनी ताइपे के खिलाड़ी पर दबाव बनाना शुरू किया और गेम को आखिर में 21-17 से अपने नाम कर लिया। क्वार्टरफाइनल में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी का सामना जापान के 34वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी ताकुमा ओबायाशी से होगा।

## बार्सिलोना-मिलान फिर जीते, एस्टन का विजय रथ थमा

**चैंपियंस लीग**

पेरिस, एजेंसी

बार्सिलोना और इंटर मिलान ने चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक और जीत दर्ज की लेकिन पेनल्टी के अजीबोगरीब फैसले के कारण एस्टन विला का विजय अभियान थम गया। एस्टन विला ने सप्ताह की शुरुआत 36-टीमों की तालिका में शीर्ष पर की थी, लेकिन उसकी जीत का सिलसिला क्लब ब्रुग से 1-0 की हार के साथ थम गया।

एस्टन विला के डिफेंडर टायरोन मिंग्स ने क्लब ब्रुग के क्षेत्र में गेंद उठाई। रेफरी ने इस फाउल करार देकर विरोधी टीम को पेनल्टी दे दी। ब्रुग के कप्तान हंस वानाकेन ने 52वें मिनट में इस पर गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। एस्टन विला इस हार से तालिका में आठवें स्थान पर लुढ़क गया। स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबापे के बिना अपना पहला सत्र खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन को एटलेटिको मैड्रिड ने 2-1 से हराया। इस पराजय से फ्रांस का क्लब तालिका में 25वें स्थान पर खिसक गया।



मुकाबले करते बार्सिलोना-रेड स्टार बेलग्रेड के खिलाड़ी।

• लेवांडोव्स्की के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने रेड स्टार बेलग्रेड को हराया

• इंटर मिलान ने आर्सेनल को 1-0 से दी मात, म्यूनिख भी जीता

बार्सिलोना ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उसने रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के दो गोल की मदद से रेड स्टार बेलग्रेड पर 5-2 की बड़ी जीत दर्ज की। इससे बार्सिलोना तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया है।

इंटर मिलान ने सैन सिरो में आर्सेनल को 1-0 से हराया। उसकी तरफ से हाकन अलहानोग्लू ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल किया। चैंपियंस लीग में पहली बार खेल रहे फ्रांस के क्लब ब्रेस्ट ने स्पार्टा प्राग को 2-1 से पराजित करके अपना अजेय अभियान जारी रखा। ब्रेस्ट की टीम अभी चौथे स्थान पर है और उसका नॉकआउट चरण में पहुंचना तय है। अन्य मैचों में अटलांटा ने स्टटगार्ट को 2-0 से, साल्जबर्ग ने फेनोर्ड को 3-1 से और बायर्न म्यूनिख ने बेनफिका को 1-0 से हराया।

## बॉलीवुड हलचल

### ठग लाइफ 5 जून को होगी रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगास्टार कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ 5 जून 2025 को रिलीज होगी। कमल हासन के जन्मदिन पर उनकी 234वीं फिल्म, ठग लाइफ के निर्माताओं ने टीजर और रिलीज की तारीख का खुलासा करके उत्साह की लहर जगा दी है। ठग लाइफ भारतीय सिनेमा के दो दिग्गजों निर्देशक मणिरत्नम और महान कलाकार कमल हासन के बीच सहयोग है। कमल हासन, मणि रत्नम, आर. महेंद्रन और शिव अनंत द्वारा निर्मित और मणि रत्नम द्वारा निर्देशित और ए.आर. रहमान द्वारा संगीतबद्ध, ठग लाइफ में कमल, सिलंबरासन टीआर, त्रिशा, अभिरामी और नासिर की अहम भूमिका है।

### 70 के हुए कमल हासन, 1960 में बाल कलाकार के रूप में शुरू किया फिल्मों का सफर

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के मेगा स्टार कमल हासन आज 70 वर्ष के हो गए। कमल हासन का जन्म 7 नवंबर 1954 को तमिलनाडु के परमकुडी में हुआ था। उनके पिता चाहते थे कि उनके तीन बच्चों में कम से कम एक बच्चा अभिनेता बने। अपनी इसी चाहत को पूरा करने के लिये उन्होंने कमल हासन को अभिनेता बनाने का निश्चय किया। कमल हासन ने अपने सिने करियर की शुरूआत बतौर बाल कलाकार 1960 में प्रदर्शित फिल्म कलाथुर कनम्मा से की। ए. भीम सिंह के निर्देशन में बनी इस फिल्म में उन्होंने अपने दमदार अभिनय से न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता बल्कि वह राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। फिल्म कलाथुर कनम्मा की सफलता के बाद कमल हासन ने कुछ फिल्मों में बतौर बाल कलाकार काम किया। इसके बाद उन्होंने लगभग नौ वर्षों तक फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। 70 के दशक में अपने पिता के जोर देने पर उन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और अपना ध्यान फिल्म इंडस्ट्री की ओर लगा दिया। इस बीच अपने पिता के कहने पर उन्होंने नृत्य की भी शिक्षा हासिल की और कुछ फिल्मों में सहायक नृत्य निर्देशक के रूप में भी काम किया। वर्ष 1973 में कमल हसन को दक्षिण भारत के जाने फिल्मकार के. बालचंद्र की फिल्म अरंगेतरम में काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1975 में प्रदर्शित फिल्म अपूर्वा रंगानगल मुख्य अभिनेता के रूप में उनको सिने करियर की पहली हिट साबित हुई। वर्ष 1977 में प्रदर्शित फिल्म 16 भयानिथनिले की व्यावसायिक सफलता के बाद कमल हसन स्टार कलाकार बन गए। वर्ष 1981 में कमल हसन ने हिंदी फिल्मों की ओर भी अपना रूख कर लिया और निर्माता एल. प्रसाद की फिल्म एक दूजे के लिए में अभिनय किया। वर्ष 1982 में कमल हसन की एक और सुपरहिट तमिल फिल्म मुंदरम पिरई रिलीज हुई जिसके लिए वह अपने सिने करियर में पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए गए। बाद में वर्ष 1983 में सदमा शीर्षक से यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई।

### डिज्नी+हॉटस्टार पर 22 को रिलीज होगी ठुकरा के मेरा प्यार

**मुंबई।** श्रद्धा पासी जयरथ द्वारा निर्देशित और बॉम्बे शो स्टूडियोज एलएलपी द्वारा निर्मित शो ठुकरा के मेरा प्यार 22 नवंबर से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। डिज्नी+हॉटस्टार के नए रोमांटिक शो ठुकरा के मेरा प्यार में दर्शकों को प्यार, धोखा और बदला सब कुछ देखने को मिलेगा। इस सीरीज में पेचीदा किरदारों तथा दिल को झकझोर देने वाली कहानी का ताना-बाना है। शो में कुलदीप (धवल ठाकुर) और शानविका (संचिता बसु) नाम के दो किशोरों की कहानी है, जो एक-दूसरे से बहुत प्यार करते हैं लेकिन जाति और वर्ग की वजह से उनके रास्ते अलग हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है इस दिलचस्प कहानी में प्यार, धोखे, और बदले का एक जटिल जाल बिछा हुआ है। ठुकरा के मेरा प्यार का निर्माण बॉम्बे शो स्टूडियोज एलएलपी ने और निर्देशन श्रद्धा पासी जयरथ ने किया है। इस सीरीज के साथ प्रतिभाशाली धवल ठाकुर और संचिता बसु डेब्यू कर रहे हैं और गोविंदा पांडे के साथ महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आयेंगे। शो की निर्देशक श्रद्धा पासी जयरथ ने कहा ठुकरा के मेरा प्यार सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि धोखेबाजी, पूर्वाग्रह तथा मानवीय भावनाओं की पेचीदगी जैसे विषयों की गहराई में जाती है। इस सीरीज में हम कॉलेज के क्लासिक रोमांस को आधुनिक नजरिए से मिलाना चाहते थे।




## कार्टी-किंग के शतक, वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड से जीती वनडे श्रृंखला



शतकीय साझेदारी के दौरान विकेटों के बीच दौड़ लगाते

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** कीसी कार्टी और ब्रैंडन किंग के शतकों की मदद से वेस्टइंडीज ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को सात ओवर शेष रहते हुए आठ विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 2-1 से जीती। सलामी बल्लेबाज किंग ने 117 गेंद पर 102 रन बनाए जबकि कार्टी ने 114 गेंद पर नाबाद 128 रन बनाए। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 209 रन की साझेदारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 43 ओवर में दो विकेट पर 267 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट 24 रन पर गंवाने के बावजूद अच्छी वापसी करके आठ विकेट पर 263 रन बनाए थे। इंग्लैंड की तरफ से सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (74) और डैन मूसली (57) ने अर्धशतक जमाए। सैम कुरेन ने 40 रन का योगदान दिया जबकि जेमी ओवरटन ने 21 गेंदों में 32 और जोफ्रा आर्चर ने 17 गेंदों में नाबाद 38 रन बनाए। इससे इंग्लैंड ने अंतिम 10 ओवरों में 100 रन जोड़े।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### कनाडा में टिकटॉक को बंद करने का आदेश

**टोरंटो।** कनाडा ने बुधवार को टिकटॉक के कनाडाई कारोबार को बंद करने की घोषणा की। चीन की कंपनी की राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा के बाद कनाडा ने यह घोषणा करते हुए कहा कि वह इस ऐप तक पहुंच को ब्लॉक नहीं करेगा। उद्योग मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन ने कहा कि इसका उद्देश्य टिकटॉक टेक्नोलॉजी कनाडा इंक द्वारा स्थापित बाइटडांस से संबंधित जोखिमों को दूर करना है। शैम्पेन ने कहा सरकार कनाडाई लोगों की टिकटॉक एप्लिकेशन तक पहुंच या उनकी कंटेंट बनाने की क्षमता को ब्लॉक नहीं कर रही है। सोशल मीडिया एप्लिकेशन या मंच का उपयोग करने का निर्णय एक व्यक्तिगत पसंद है।

### दक्षिणी कैलिफोर्निया में फैल रही जंगल की आग

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य का दक्षिणी हिस्सा इन दिनों भीषण जंगल की आग की चपेट में है और भयंकर हवाओं के कारण खतरनाक रूप से अनियंत्रित होकर तेजी से फैल रही जंगल की आग के कारण हजारों निवासी पलायन को मजबूर हो गये हैं। यहां पहाड़ के जंगलों में आग लॉस एंजिल्स से 60 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में वेंचुरा काउंटी के मूरपार्क में बुधवार सुबह लगी और दोपहर तक 10,400 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल गई। वेंचुरा काउंटी फायर डिपार्टमेंट ने कहा, आग की लपटें कैमारिलो शहर के एक उपनगर तक पहुंच गई हैं, जहां लगभग 70,000 लोग रहते हैं।

### बोको हराम के तीन आतंकवादियों की मौत

**याउंडे (कैमरून)।** कैमरून के सुदूर उत्तर क्षेत्र में बोको हराम आतंकवादी समूह के कम से कम तीन सदस्य मारे गए हैं। यह जानकारी सुरक्षा सूत्रों ने गुरुवार को दी। क्षेत्र के एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी ने कहा कि क्षेत्र के वालासा इलाके में बुधवार रात आतंकवादी समूह के खिलाफ एक सैन्य अभियान चलाया गया जिसमें ये आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि जब हमारे सैनिकों ने हमला किया तो उन्होंने (बोको हराम) जवाबी कार्रवाई करने की कोशिश की, लेकिन वे नाकाम रहे। उनमें से कई घायल होकर भाग गए। सैन्य अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि हमारे बल क्षेत्र को सुरक्षित करना जारी रखेंगे।

### ब्रिटेन में सरदार पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की

**लंदन।** ब्रिटेन की नवनियुक्त शैडो विदेश मंत्री प्रीति पटेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की और भारत के पहले गृह मंत्री के महत्वपूर्ण विरासत का संदर्भ दिया, जिसका अनुसरण उन्होंने 2019 में भारतीय मूल की ब्रिटेन की पहली गृह मंत्री नियुक्त होने के बाद किया था। शैडो कैबिनेट में विपक्ष एक मंत्रिमंडल बनाता है। इसमें शामिल नेताओं को केंद्रीय मंत्रियों के तरह ही विभाग या मंत्रालय दिए जाते हैं। उनका काम सरकार के कामकाज में खामियां तलाशना और उन्हें उजागर करना होता है। राष्ट्रीय एकता दिवस पर भारतीय उच्चायोग में भाषण देते हुए गुजराती मूल की ब्रिटिश संसद सदस्य ने एकता और सशक्तीकरण के प्रणेता के रूप में भारत के लौह पुरुष की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

## विस्फोट...



इंडोनेशिया के पूर्वी फ्लोरेस जिले में माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी नामक ज्वालामुखी फट गया, जिससे राख का गुबार दो किमी तक आसमान में फैल गया और ज्वालामुखी का मलबा कई गांवों में बिखर गया। एजेंसी

## कनाडा में हिंसक बयानबाजी के आरोप में पुजारी निलंबित

**ओटावा।** कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में एक हिंदू मंदिर के पुजारी को हाल ही में खालिस्तानी झंडे लिए प्रदर्शनकारियों और वहां मौजूद लोगों के बीच हुई झड़पों के दौरान हिंसक बयानबाजी करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। ब्रैम्पटन में तीन नवंबर को हिंदू सभा मंदिर में विरोध प्रदर्शन हुआ था और सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ अपुष्ट वीडियो में प्रदर्शनकारी खालिस्तान समर्थक बैनर लिए हुए थे। वीडियो में लोगों के बीच हाथापाई और मंदिर के आस-पास के मैदान में एक-दूसरे पर डंडे से वार करते हुए दिखाया गया। खालिस्तानी झंडे लेकर आए प्रदर्शनकारियों के साथ झड़प हुई और उन्होंने मंदिर प्राधिकारियों और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित वाणिज्य दूतावास के एक कार्यक्रम में भी बाधा पहुंचाई।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पाखंड कर रहा कनाडा

नई दिल्ली, एजेंसी

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कनाडा सरकार को दिखाया आईना



भारत ने कनाडा द्वारा ऑस्ट्रेलिया के भारतवंशी समुदाय के मीडिया प्लेटफॉर्म ऑस्ट्रेलिया टुडे को कनाडा में प्रतिबंधित किये जाने की निंदा की है और इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कनाडा सरकार का पाखंड का उदाहरण बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे जाने पर कहा विदेश मंत्री आज सिडनी में हैं। कुछ समय पहले वे व्यापारिक समुदाय और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों से बात कर रहे थे।

उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री के साथ भी बैठक की, जहां उन्होंने 15वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया रूपरेखा वार्ता में भाग लिया। विदेश मंत्री ने ऑस्ट्रेलिया के साथ हमारी सभी सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा की। ऑस्ट्रेलिया टुडे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कनाडा में ब्लॉक किये जाने के संबंध में प्रवक्ता ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया टुडे भारत वंशियों का एक प्रमुख मीडिया मंच है। यह अब कनाडा में देखने के लिए उपलब्ध नहीं है। इसने विदेश मंत्री एस जयशंकर का इंटरव्यू किया और विदेश मंत्री पेनी वोंग के साथ प्रेस ब्रीफिंग को भी कवर किया था। विदेश मंत्री ने हमारे कनाडा के साथ संबंधों के तीन बिन्दुओं पर चर्चा की है। पहला कनाडा सरकार के शीर्ष से बिना सबूत के आरोप लगाने की आदत, दूसरा- हमारे राजनयिकों की निगरानी और तीसरा उग्रवादियों को राजनीतिक स्थान दिया जाना। प्रवक्ता ने कहा कि कनाडा सरकार का इस मीडिया मंच को प्रतिबंधित करना, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर कनाडा सरकार के पाखंड को उजागर करता है। कनाडा में टोरंटों में भारतीय वाणिज्य दूतावास के कौंसुलर कैम्प को रद्द किये जाने के बारे में पूछे जाने पर जायसवाल ने कहा, आपने टोरंटो में हमारे वाणिज्य दूतावास द्वारा पोस्ट किए गए संदेश को देखा होगा कि उन्हें सप्ताहांत में आयोजित होने वाले वाणिज्य दूतावास शिविर को रद्द करना पड़ा है।

### भारतीय वाणिज्य दूतावास ने सुरक्षा कारणों से प्रस्तावित शिविर रद्द किए

**टोरंटो।** नाडा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अपने कुछ निर्धारित वाणिज्य दूतावास शिविरों को रद्द कर रहा है, क्योंकि कनाडाई सुरक्षा अधिकारियों ने इसके आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की है। यह घोषणा ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर और भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक वाणिज्य दूतावास कार्यक्रम में खालिस्तानी झंडे लेकर पहुंचे प्रदर्शनकारियों द्वारा हिंसक व्यवधान डालने की घटना के कुछ दिनों बाद की गई है। दूतावास ने एक्स पर कहा सुरक्षा एजेंसियों द्वारा शिविर आयोजकों को न्यूनतम सुरक्षा प्रदान करने में असमर्थता व्यक्त करने के मद्देनजर, कार्यक्रम शिविरों को रद्द करने का निर्णय लिया है।

# संबंधों को और मजबूत करेंगे मोदी-ट्रंप

## विदेश मंत्रालय ने कहा- दोनों नेताओं ने मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच कल, बुधवार को फोन पर बातचीत हुई थी। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं के बीच बातचीत पर एक बयान जारी करके कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बात को रेखांकित किया कि चुनाव में अमेरिकी नेता की शानदार और उल्लेखनीय जीत उनके नेतृत्व और दृष्टिकोण में अमेरिकी लोगों के गहरे भरोसे को दर्शाती है।

बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में उनके (ट्रंप के) पुनः निर्वाचित होने तथा चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की सफलता के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी। बयान में कहा गया है, उन्होंने प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और कई अन्य क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर रिपब्लिकन पार्टी के नेता डोनाल्ड ट्रंप को बुधवार को फोन पर बधाई दी और इस दौरान दोनों नेताओं ने विश्व शांति के लिए मिलकर काम करने का संकल्प जताया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। उनकी शानदार जीत पर उन्हें बधाई दी। प्रौद्योगिकी, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और कई अन्य क्षेत्रों में भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक बार फिर साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। विदेश मंत्रालय ने दोनों नेताओं की बातचीत के कुछ मुख्य बिंदु साझा किए। दोनों नेताओं ने वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के महत्व को दोहराया।

### बाइडन ने ट्रंप को व्हाइट हाउस में किया आमंत्रित

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडेन ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी जीत पर बधाई देने के लिए फोन किया है और प्रशासन में परिवर्तन पर चर्चा के लिए उन्हें व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया है। मीडिया रिपोर्टों में ट्रम्प के अभियान के हवाले से गुरुवार को यह जानकारी दी गई। ट्रंप के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने 'बीबीसी' को दिए एक बयान में कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही होने वाली बैठक का इंतजार कर रहे हैं।



### भारतीय अमेरिकियों ने ट्रंप के पुनः राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर जताई प्रसन्नता

**वाशिंगटन।** प्रतिष्ठित भारतीय अमेरिकियों ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की और अमेरिका-भारत संबंधों में महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनके साथ मिलकर काम करने का आश्वासन दिया। गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई ने बुधवार को कहा राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी निर्णायक जीत पर बधाई। हम अमेरिकी नवाचार के स्वर्णिम युग में हैं और सभी को लाभ पहुंचाने में मदद करने के लिए उनके प्रशासन के साथ काम करने के वास्ते प्रतिबद्ध हैं। दक्षिण कैरोलाइना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली ने कहा कि अमेरिकी लोगों ने अपना निर्णय बता दिया है। उन्होंने कहा राष्ट्रपति ट्रंप को शानदार जीत के लिए बधाई। अब समय आ गया है कि अमेरिकी लोग एकजुट हों, अपने देश के लिए प्रार्थना करें और शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करें। लुइसियाना के पूर्व गवर्नर बॉबी जिंदल ने इसे अमेरिका के लिए महान दिन बताया। जिंदल ने कहा आइए, जश्न मनाने के लिए कुछ पल निकालें। फिर हमारे देश को वापस पटरी पर लाने के लिए कड़ी मेहनत शुरू होगी। उद्यमी से राजनेता बने विवेक रामास्वामी ने कहा अमेरिका में लगभग सुबह हो चुकी है। चलिए, देश को बचाने चलें। सामुदायिक सहभागिता मंच इंडियास्पोरा के संस्थापक एम आर रंगास्वामी ने कहा राष्ट्रपति ट्रंप को बधाई।

### संबंधों पर पड़ने वाले असर का आकलन करेंगे 50 यूरोपीय नेता

**बुडापेस्ट(हंगरी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और नाटो महासचिव मार्क रूट सहित लगभग 50 यूरोपीय नेता अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद संबंधों पर पड़ने वाले असर का आकलन करेंगे। पहले से ही जटिल आर्थिक स्थिति को और मुश्किल बनाते हुए, यूरोप की आर्थिक महाशक्ति जर्मनी, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज द्वारा अपने वित्त मंत्री को बर्खास्त करने के बाद राजनीतिक संकट में फंस गई है। यह घटनाक्रम कुछ महीनों में चुनाव होने और यूरोप में कट्टर दक्षिणपंथी और प्रमुख राजनीतिक दलों के बीच एक और गतिरोध की आशंका को बढ़ाता है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा कि इन दो घटनाओं ने साथ मिलकर स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

# मैं इस चुनाव में हार को स्वीकार करती हूं : हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी

- हॉवर्ड विश्वविद्यालय में कमला हैरिस ने दिया भावुक संबोधन



राष्ट्रपति पद की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप से हार स्वीकार करने के तुरंत बाद उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने समर्थकों से चुनाव परिणामों को स्वीकार करने का आग्रह किया और रिपब्लिकन पार्टी के नेता को सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण सुनिश्चित करने का वचन दिया। हॉवर्ड विश्वविद्यालय की पूर्व छात्रा रहीं हैरिस (60) ने विश्वविद्यालय में एक भावुक संबोधन में कहा कि अमेरिका के लिए किए गए वादे की रोशनी हमेशा जलती रहेगी और उन्होंने इस अभियान को बढ़ावा देने वाली लड़ाई को जारी रखने का संकल्प लिया। अपने समर्थकों का उत्साह बढ़ाने के प्रयास में उन्होंने कहा आज मेरा दिल भरा हुआ है।

आपने मुझ पर जो विश्वास जताया है उसके लिए मैं बहुत आभारी हूं। मेरे दिल में अपने देश के लिए प्रेम और दृढ़ संकल्प है। उन्होंने कहा, इस चुनाव का नतीजा वह नहीं है जो हम चाहते थे, न ही वह जिसके लिए हमने लड़ाई लड़ी थी और न ही वह जिसके लिए हमने वोट दिया था। लेकिन जब मैं आपसे कहती हूं तो मेरी बात सुनिए तो अमेरिका के लिए किए गए मेरे वादे की लौ हमेशा जगमगाती रहेगी। उन्होंने कहा, मैं जानती हूं कि लोग इस समय कई तरह की भावनाओं को महसूस कर रहे हैं। मैं समझती हूं।

### असाधारण परिस्थितियों में हैरिस ने अभियान का नेतृत्व किया: बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान असाधारण परिस्थितियों में ऐतिहासिक अभियान का नेतृत्व करने के लिए बुधवार को उपराष्ट्रपति कमला हैरिस की सराहना की। बाइडन ने एक बयान में कहा अमेरिका ने आज जिन्हें देखा वह वो कमला हैरिस थीं जिन्हें मैं जानता हूं और जिनकी मैं बहुत प्रशंसा करता हूं। वह एक जबरदस्त साथी और ईमानदार हैं।

## हवाई अड्डे के पास विमान दुर्घटनाग्रस्त पांच लोगों की मौत

**मेसा (एरिजोना)।** फीनिक्स के उपनगर में स्थित एक हवाई अड्डे के पास एक छोटे व्यवसायिक विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पांच लोगों की मौत हो गई, जिसमें 12 वर्षीय एक बच्चा भी शामिल था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक जानकारी से पता चला है कि छह सीटों वाला ''होंडाजेट एचए-420 विमान'' यूटा के प्रोवो की ओर जा रहा था। मंगलवार दोपहर को मेसा के फाल्कन फील्ड हवाई अड्डे से इसने उड़ान भरी। अधिकारियों के अनुसार, विमान हवाई अड्डे की धातु की बाड़ को तोड़कर पश्चिमी हिस्से में सड़क पर जा रहे एक वाहन से टकरा गया।

## अमेरिकी सांसद ने की बांग्लादेश में हिंदूओं की सुरक्षा की मांग

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिकी विदेश विभाग से सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए किया आग्रह



भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने अमेरिकी विदेश विभाग से बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए काम करने का आग्रह किया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं की संपत्तियों के साथ ही मंदिरों में तोड़-फोड़ की कई घटनाएं हुई हैं। बांग्लादेश में छात्रों के नेतृत्व वाले आंदोलन के दौरान और उसके बाद ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

विदेश विभाग ने कृष्णमूर्ति को बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। मंत्रालय ने इस बात पर जोर दिया कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस मुद्दे पर बांग्लादेश सरकार के साथ राजनयिक बैठक में चर्चा करते हैं।

## 1,270 पर्वतारोहियों को दी 45 चोटियों पर चढ़ने की अनुमति

**काठमांडू।** नेपाल के पर्यटन विभाग ने गुरुवार को घोषणा की कि पतझड़ के मौसम में नेपाल में 45 पर्वतों पर चढ़ने के लिए 1,270 पर्वतारोहियों को परमिट मिले हैं। कुल में से 463 को माउंट अमा डबलम, 308 को माउंट मनास्लू और 144 को माउंट हिमलुंग हिमाल पर चढ़ने की अनुमति है। पर्वतारोही, जिनमें 289 महिलाएं शामिल हैं, 73 देशों और क्षेत्रों से हैं। विभाग के निदेशक राकेश गुरुंग ने मीडिया को बताया हमसे लोग अब भी पर्वतारोहण को लेकर जानकारी मांग रहे हैं।आने वाले हफ्तों में संख्या में थोड़ी वृद्धि होगी।

## 16 की उम्र से पहले इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे सोशल मीडिया

मेलबर्न, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया सरकार ने बच्चों के लिए कानून की घोषणा

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया का उपयोग शुरू करने की आयु सीमा 16 वर्ष निर्धारित करने को लेकर बृहस्पतिवार को एक कानून की घोषणा की और इसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्लेटफॉर्मों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा, सोशल मीडिया हमारे बच्चों को नुकसान पहुंचा रहा है और मैं इस पर रोक लगाना चाहता हूं। अल्बनीज ने संवाददाताओं से कहा कि इस साल 18 नवंबर से शुरू हो रहे संसद सत्र के अंतिम दो सप्ताहों के दौरान यह कानून पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कानून पारित होने के 12 महीने बाद आयु सीमा लागू होगी। एक्स, टिकटॉक, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे प्लेटफॉर्म को उस साल यह तय करना होगा कि 16 साल से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई बच्चों को उनसे कैसे बाहर रखा जाए। अल्बनीज ने कहा, मैंने हजारों अभिभावकों, बच्चों के दादा-दादी, चाचा-चाची से बात की है। वे भी मेरी तरह अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

## जर्मनी चांसलर ने वित्त मंत्री को किया बर्खास्त खतरे में गठबंधन सरकार

**बर्लिन।** जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने बुधवार को कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री क्रिस्टियन लिंडनर को बर्खास्त कर दिया है। शोल्ज की यह घोषणा सत्तारूढ़ त्रिदलीय गठबंधन टूटने का संकेत है जिसे लिंडनर की पार्टी का भी समर्थन प्राप्त है। देश की बीमारू अर्थव्यवस्था में नई जान डालने के तरीकों पर गठबंधन सहयोगियों के बीच कई सप्ताह तक चले विवाद के बाद शोल्ज ने संवाददाता सम्मेलन में इस कदम की घोषणा की। वह जनवरी में विश्वास मत का प्रस्ताव रखेंगे। आम चुनाव अगले साल होने हैं लेकिन शोल्ज के कदम से मध्यावधि चुनाव की संभावना बढ़ गई है।

## लेबनान पर इजरायली हवाई हमले में 57 लोगों की मौत

बेरूत, एजेंसी

लेबनान में बुधवार को इजराइली हवाई हमलों में कम से कम 57 लोग मारे गए और 50 से अधिक घायल हो गए। राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) और स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी। जदीद टीवी ने बताया कि पूर्वी लेबनान के बेका और बाल्बेक-हर्मेल क्षेत्रों में कस्बों और गांवों को निशाना बनाकर किए गए 33 इजराइली हवाई हमलों की श्रृंखला में 55 से अधिक लोग मारे गए और 50 से अधिक घायल हो गए।

बालबेक के मेयर मुस्तफा अल-शाल के अनुसार, हमलों में बालबेक में आवासीय पड़ोस और ऐतिहासिक अल-मंशिया इमारत शामिल थी, जो पूरी तरह से नष्ट हो गई। बाल्बेक रोमन साम्राज्य में एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र था और यह बृहस्पति और बैचस को समर्पित अपने मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है, दोनों को कई विशिष्ट मेगालिथ के साथ यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

### इजराइल ने हमलावरों के परिजनों को निर्वासित करने के लिए कानून पारित किया

**यरुशलम।** इजराइल की संसद ने गुरुवार को एक कानून पारित किया, जिसके जरिये फिलिस्तीनी हमलावरों के परिवार के सदस्यों को युद्ध प्रभावित गाजा पट्टी और अन्य स्थानों पर निर्वासित किया जाएगा। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के सदस्यों और उनके धुर दक्षिणपंथी सहयोगियों ने इस कानून की पैरोकारी की थी। यह कानून 41 के मुकाबले 61 मतों से पारित किया गया लेकिन इसे अदालत में चुनौती दिये जाने की संभावना है।

**ज्ञान-विज्ञान** | पृथ्वी से 16 मिलियन प्रकाश दूर है यह विनाशकारी क्वासर

# दूर के क्वासर ने रोका तारों का निर्माण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** क्वासर ब्रह्माण्ड की वह महाशक्ति है, जो अपने आस-पास की सभी आकाशगंगाओं को नष्ट करने की ताकत रखता है। इधर खोजा गया नया क्वासर पृथ्वी से 16 मिलियन प्रकाश वर्ष है, जिसने तारों का निर्माण बंद कर दिया है। यह क्वासर अपनी आकाशगंगा के केंद्र में अतिविशाल ब्लैक होल में स्थित है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि यह अभी तक ज्ञात क्वासरों में से बहुत दूर है और इसने अपने आसपास की सभी आकाशगंगाओं में नये तारों के निर्माण को बंद कर दिया है। बतादें कि क्वासर प्रकाश का शक्तिशाली स्रोत होता है, जो आकाशगंगा के केंद्र में एक विशाल ब्लैक होल की परिक्रमा करने वाली तीव्र गैस द्वारा बना होता है। इस क्वासर का नाम वीआईकेजे 2348-3054 है। एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स में यह शोध प्रकाशित हुआ है। इसकी रोशनी को हम तक पहुँचने में 13 बिलियन वर्ष लग गए। यह क्वासर तब अस्तित्व में आया, जब ब्रह्मांड की आयु 770 मिलियन वर्ष थी। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह क्वासर अपनी आकाशगंगा ब्रह्मांड के एक घने हिस्से में स्थित मौजूद है। खोजकर्ता वैज्ञानिक डिएगो पोर्टल्स के लैम्बर्ट कहते हैं, यह खोज चौंकाने वाली है। 16.8 मिलियन प्रकाश वर्ष दूर यह हमारी मिल्की वे और पड़ोसी आकाशगंगा एंड्रोमेडा के बीच की दूरी से छह गुना अधिक दूर है। इसके विकिरण ने पड़ोसी आकाशगंगाओं में तारों का निर्माण रोक दिया है। यह खोज तारा निर्माण आकाशगंगाओं के अतीत की खोज के दौरान हुई।



ब्लैक होल से निकलते क्वासर की तस्वीर।

### बेहद हिंसक है यह क्वासर

**नैनीताल :** यह क्वासर बेहद हिंसक प्रकृति का हैं। यह ऊर्जा से भरा हुआ हैं और यही ऊर्जा आस-पास की आकाशगंगाओं को नष्ट कर रही है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। इस क्वासर से हमारे सौरमंडल को कोई नुकसान नहीं पहुंच सकता है। यह खोज क्वासर की प्रकृति को समझने के लिए बेहद मददगार साबित होगी।

## जयशंकर ऑस्ट्रेलिया में सीईओ व व्यापार जगत की हस्तियों से मिले



सिडनी, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) और व्यापार जगत की प्रमुख हस्तियों से मुलाकात की और एक-दूसरे के विकास में सहयोग के लिए दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला।

मंत्री ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सिडनी में सीईओ और व्यापार जगत की हस्तियों से मुलाकात कर दिन की अच्छी शुरुआत हुई। डिजिटल, बुनियादी ढांचे, विनिर्माण और कौशल में भारत में जारी बदलावों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, हमारे मजबूत व्यापार और निवेश संबंध हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी के प्रमुख घटक हैं। जयशंकर ने सिडनी में न्यू साउथ वेल्स की संसद में प्रवासी समुदाय के सदस्यों, सांसदों और भारत के मित्रों से भी मुलाकात की।